तकदीर पर ईमान लाने का बयान • بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٧٩ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَتَبَ اللَّهُ مقادير الْخَلَائق قبل أَن يخلق السَّمَوَات وَالْأَرْضَ بِخَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ» قَالَ: «وَكَانَ عَرْشُهُ على المَاء» . رَوَاهُ مُسلم

79. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने ज़मीन व आसमान की तखलीक से पचास हज़ार साल पहले मखलूक की तकदीर लिखी, और उस का अर्श पानी पर था"। (सहीह)

رواه مسلم (16 / 2653)، (6748) [و الخطيب فى تاريخ بغداد (2 / 252)]

٨٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ شَيْءٍ بِقَدَرٍ حَتَّى الْعَجز والكيس» . رَوَاهُ مُسلم

80. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर चीज़ हत्ता कि आजिज़ी व दानाई तकदीर के मुताबिक है"। (सहीह)

رواه مسلم (18 / 2655)، (6751)

٨١ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «احْتَجَّ آدَمُ وَمُوسَى عَلَيْهِمَا السَّلَام عِنْدَ رَبِّهِمَا فَحَجَّ آدَمُ مُوسَى قَالَ مُوسَى أَنْتَ آدَمُ الَّذِي خَلَقَكَ اللَّهُ بِيَدِهِ وَنَفَخَ فِيكَ مِنْ رُوحِهِ وَأَسْجَدَ لَكَ مَلَائِكَتَهُ وَأَسْكَنَكَ فِي جَنَّتِهِ ثُمَّ أَهْبَطْتَ النَّاسَ بِخَطِيئَتِكَ إِلَى الأَرْض فَقَالَ آدَمُ أَنْتَ مُوسَى الَّذِي اصْطَفَاكَ اللَّهُ بِرِسَالَتِهِ وَبِكَلَامِهِ وَأَعْطَاكَ الْأَلْوَاحَ فِيهَا تِبْيَانُ كُلِّ شَيْءٍ وَقَرَّبَكَ نَجِيًّا فَبِكَمْ وَجَدتِ اللَّهِ كَتَبَ التَّوْرَاةَ قَبْلَ أَنْ أُخْلَقَ قَالَ مُوسَى بِأَرْبَعِينَ عَامًا قَالَ آدَمُ فَهَلْ وَجَدْتَ فِيهَا (وَعَصَى آدَمُ ربه فغوى)»» قَالَ نَعَمْ قَالَ أَفَتَلُومُنِي عَلَى أَنْ عَمِلْتُ عَمَلًا كَتَبَهُ اللَّهُ عَلَيَّ أَنْ أَعْمَلَهُ قَبْلَ أَنْ يَخْلُقَنِي بِأَرْبَعِينَ سَنَةً قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَجَّ آدَمُ مُوسَى» . رَوَاهُ مُسلم

81. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदम और मूसा अलैहिस्सलाम ने अपने रब के यहाँ मुनाज़रा व मुबाहशा किया, तो आदम (अस), मूसा अलैहिस्सलाम पर ग़ालिब रहे, मूसा अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: आप आदम अलैहिस्सलाम है जिन्हें अल्लाह ने अपने हाथ से तखलीक फ़रमाया, उस में अपनी रूह फूंकी, अपने फरिश्तो से आप को सजदाह कराया, आप को अपनी जन्नत में बसाया फिर आप ने अपनी गलती से लोगों को ज़मीन पर उतारा, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: आप मूसा अलैहिस्सलाम है जिन्हें अल्लाह ने अपनी रिसालत और अपने कलाम के लिए मुन्तखब फ़रमाया, आप को तख्तिया अता की जिन में हर चिज़ का बयान है, आप को किसी वास्ते के बगैर सरगोशी

का सोभाग्य (सम्मान) बख्शा, आप के ख्याल में मेरी तखलीक से कितना अरसा कबल अल्लाह तआला ने तौरात लिखी होगी? मूसा अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: चालीस बरस, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या आप ने उस में यह चीज़ भी पाई: आदम अलैहिस्सलाम ने अपने रब की नाफ़रमानी की तो वह भटक गए? उन्होंने ने फ़रमाया: जी हाँ, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या आप मुझे ऐसे अमल करने पर मलामत करते हैं जिस का करना अल्लाह ने मुझे पैदा करने से भी चालीस बरस पहले मुझ पर लाज़िम कर दिया था", रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदम अलैहिस्सलाम मूसा अलैहिस्सलाम पर ग़ालिब गए"। (सहीह)

رواه مسلم (15 / 2652)، (6744) [و البخارى (6614 وغيره) مختصرًا]

٨٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عبد الله بن مَسْعُود قَالَ: حَدَّثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ الصَّادِق المصدوق: «إِن أحدكُم يجمع خلقه فِي بطن أمه أَرْبَعِينَ يَوْمًا ثمَّ يكون فِي ذَلِك علقَة مثل ذَلِك ثمَّ يكون فِي ذَلِك مُضْغَة مثل ذَلِك ثمَّ يُرْسل الْملك فينفخ فِيهِ الرّوح وَيُؤمر بِأَرْبَع كَلِمَات بكتب رزقه وأجله وَعَمله وشقي أَو سعيد فوالذي لَا إِلَه غَيره إِن أحدكُم لَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ حَتَّى مَا يَكُونُ بَيْنَهُ وَبَيْنَهَا إِلَّا ذِرَاعٌ فَيَسْبِقُ عَلَيْهِ الْكِتَابُ فَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ فَيَدْخُلُهَا وَإِنَّ أَحَدَكُمْ لَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ حَتَّى مَا يَكُونُ بَيْنَهُ وَبَيْنَهَا إِلَّا ذِرَاعٌ فَيَسْبِقُ عَلَيْهِ الْكِتَابُ فَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ فَيَدْخُلُهَا»

82. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जो के सच्चे और मुखलिस है, फ़रमाया: "तुम में से हर एक की तखलीक उसकी माँ के पेट में इस तरह मुकम्मल की जाती है के वह चालीस रोज़ तक नुत्फा रहता है, फिर इतनी मुद्दत जमा हुआ खून रहता है, फिर उतनी ही मुद्दत गोश्त का लोथड़ा रहता है, फिर अल्लाह चार बाते लिखने के लिए उसकी तरफ एक फ़रिश्ता भेजता है, पस वह उस का अमल, उसकी उमर, उस का रिज़क़ और उस का बदनसीब या सआदत मंद होना लिखता है, फिर उस में रूह फूंक दी जाती है, पस उस ज़ात की क़सम जिसके सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, बेशक तुम में से कोई शख़्स अहल ए जन्नत के से अमल करता रहता है, हत्ता कि उस के और जन्नत के दरमियान में सिर्फ एक हाथ का फासला रह जाता है, तो वह लिखी हुई तकदीर उस पर ग़ालिब आ जाती है तो वह जहन्नुमियो का सा कोई अमल कर बैठता है, तो वह उस में दाखिल हो जाता है, और (इसी तरह) तुम में से कोई जहन्नुमियो के से अमल करता रहता है, हत्ता कि उस के और जहन्नम के दरमियान सिर्फ एक हाथ का फासला रह जाता है, तो वह लिखी हुई तकदीर उस पर ग़ालिब जाती है और वह अहल ए जन्नत का सा अमल कर लेता है, तो वह उस में दाखिल हो जाता है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6594) و مسلم (1 / 2643)، (6723) [و ابوداؤد (4708)]

٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سهل بن سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَبْدَ لَيَعْمَلُ عَمَلَ أَهْلِ النَّارِ وَإِنَّهُ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَيَعْمَلُ عَمَلَ أَهْلِ الْجنَّة وَإِنَّهُ من أهل النَّار وَإِنَّمَا الْعمَّال بالخواتيم»

83. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' बंदा जहन्नुमियो के से अमल करता रहता है हालांकि वह जन्नती होता है, दूसरा आदमी जन्नतियो वाले अमल करता रहता है,

हालाँकि वह जहन्नमी होता है, आमाल तो वह काबिले एतबार है जो आखिरी है" | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6607 و اللفظ له) و مسلم (179 / 112)، (306)

٨٤ - (صَحِيح) عَن عَائِشَة أم الْمُؤمنِينَ قَالَتْ: «دُعِيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى جِنَازَةِ صَبِيٍّ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ طُوبَى لِهَذَا عُصْفُورٌ مِنْ عَصَافِيرِ الْجَنَّةِ لَمْ يَعْمَلِ السُّوءَ وَلَمْ يُدْرِكْهُ قَالَ أَوَ غَيْرُ ذَلِكِ يَا عَائِشَةُ إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ لِلْجَنَّةِ أَهْلًا خَلَقَهُمْ لَهَا وَهُمْ فِي أَصْلَابِ آبَائِهِمْ وَخَلَقَ لِلنَّارِ أَهْلًا خَلَقَهُمْ لَهَا وهم فِي أصلاب آبَائِهِم» . رَوَاهُ مُسلم

84. आइशा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसुलुल्लाह ﷺ को एक अंसारी बच्चे के जनाज़े की दावत दी गई, तो मैंने कहा: अल्लाह के रसूल! जन्नत की इस चिड़िया के लिए बशारत है, इस ने कोई बुराई की ना इस का वक़्त पाया, आप ﷺ ने फ़रमाया: आइशा! क्या इसी के अलावा कोई बात है, बेशक अल्लाह ने जन्नत के लिए कुछ लोग पैदा फरमाए, उन्हें जन्नत ही के लिए पैदा फ़रमाया, जबकि वह अपने आबाओ के पुष्ट मैं थे और (इसी तरह) जहन्नम के लिए कुछ लोग पैदा किए, उन्हें जहन्नम ही के लिए पैदा फ़रमाया जबकि वह अपने आबाओ के सलब में थे| (सहीह)

رواه مسلم (31 / 2662)، (6768)

٨٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عَليّ رَضِي الله عَنهُ قَالَ كُنَّا فِي جَنَازَة فِي بَقِيع الْغَرْقَد فَأَتَانَا النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقعدَ وقعدنا حوله وَمَعَهُ مخصرة فَنَكس فَجعل ينكت بمخصرته ثمَّ قَالَ مَا مِنْكُم من أحد مَا من نفس منفوسة إِلَّا كتب مَكَانهَا من الْجنَّة وَالنَّار وَإِلَّا قد كتب شقية أَو سعيدة فَقَالَ رجل يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا نَتَّكِلُ عَلَى كِتَابِنَا وَنَدع الْعَمَل فَمن كَانَ منا من أهل السَّعَادَة فسيصير إِلَى عمل أهل السَّعَادَة وَأما من كَانَ منا من أهل الشقاوة فسيصير إِلَى عمل أهل الشقاوة قَالَ أما أهل السَّعَادَة فييسرون لعمل السَّعَادَة وَأما أهل الشقاوة فييسرون لِعَمَلِ الشَّقَاوَةِ ثُمَّ قَرَأَ ص:٣ (فَأَمَّا مَنْ أَعْطَى وَاتَّقَى وَصدق بِالْحُسْنَى)»» الْآيَة

85. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम में से हर एक की जहन्नम में और जन्नत में जगह लिख दी गई है'', उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम फिर अपने लिखी हुई तकदीर पर भरोसा कर ले और अमल करना छोड़ दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: "अमल करते रहो, हर एक को जिसके लिए इसे पैदा किया गया है, मयस्सर कर दिया जाता है, जो शख़्स सआदतमंदो में से होगा तो उस के लिए अहले सआदत के अमल आसान कर दिए जाएँगे और जो शख़्स बदनसीबो में से हुआ तो उस के लिए बदनसीबी वाले अमल आसान कर दिए जाएँगे, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: "जिस किसी ने अल्लाह की राह में दिया और डरता रहा और अच्छी बात की तस्दीक की तो हम बहोत जल्द उस के लिए नेकी की राहे आसान कर देंगे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1362) و مسلم (6 / 2647)، (6731) [و البيهقى فى كتاب القضاء و القدر (47)]

٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَى ابْنِ آدَمَ حَظَّهُ مِنَ الزِّنَا أَدْرَكَ ذَلِكَ لَا مَحَالَةَ فَزِنَا الْعَيْنِ النَّظَرُ وَزِنَا اللِّسَانِ الْمَنْطِقُ وَالنَّفْسُ تَمَنَّى وَتَشْتَهِي وَالْفَرْجُ يصدق ذَلِك كُله ويكذبه»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ: «كُتِبَ عَلَى ابْنِ آدَمَ نَصِيبُهُ مِنَ الزِّنَا مُدْرِكٌ ذَلِكَ لَا محَالة فالعينان زِنَاهُمَا النَّظَرُ وَالْأُذُنَانِ زِنَاهُمَا الِاسْتِمَاعُ وَاللِّسَانُ زِنَاهُ الْكَلَامُ وَالْيَدُ زِنَاهَا الْبَطْشُ وَالرِّجْلُ زِنَاهَا الْخُطَا وَالْقَلْبُ يَهْوَى وَيَتَمَنَّى وَيُصَدِّقُ ذَلِكَ الْفَرْجُ وَيُكَذِّبُهُ»

86. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने औलाद ए आदम पर उस के ज़िना का हिस्सा लिख दिया है, जिसे वह ज़रूर पा कर रहेगा, आँख का ज़िना देखना है, ज़ुबान का ज़िना बोलना है, जबकि नफ्स तमन्ना और आरज़ू करता है, और शर्मगाह उसकी तस्दीक या तकज़ीब करती है”। और मुस्लिम की रिवायत में है: “अल्लाह ने इब्ने आदम पर उस के ज़िना का हिस्सा लिख दिया है, जिसे वह ज़रूर पा कर रहेगा, आँख का ज़िना देखना है, कानों का ज़िना सुनना है, ज़ुबान का ज़िना बात करना है, हाथ का ज़िना पकड़ना है, टांग का ज़िना चल कर जाना है, जबकि नफ्स तमन्ना और आरज़ू करता है और शर्मगाह उसकी तस्दीक या तकज़ीब करती है” | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6612 ، 6243) و مسلم (20 / 2657)، (6754)

٨٧ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حضين: إِن رجلَيْنِ من مزينة أَتَيَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَا يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ مَا يَعْمَلُ النَّاسُ الْيَوْمَ وَيَكْدَحُونَ فِيهِ أَشِيءٌ قُضِيَ عَلَيْهِمْ وَمَضَى فيهم من قدر قد سَبَقَ أَوْ فِيمَا يَسْتَقْبِلُونَ بِهِ مِمَّا أَتَاهُمْ بِهِ نَبِيُّهُمْ وَثَبَتَتِ الْحُجَّةُ عَلَيْهِمْ فَقَالَ لَا بَلْ شَيْءٌ قُضِيَ عَلَيْهِمْ وَمَضَى فِيهِمْ وَتَصْدِيقُ ذَلِكَ فِي كِتَابِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ (وَنَفْسٍ وَمَا سواهَا فألهمها فجورها وتقواها)»» رَوَاهُ مُسلم

87. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के मज़िना कबिले के दो आदमियों ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! लोग जो आज अमल कर रहे हैं और उस के लिए मेहनत व कोशिश कर रहे हैं, क्या यह ऐसी चीज़ है जिस का फैसला किया जा चुका है और पहले से जो तकदीर है के नाफ़िज़ हो चुकी है, या वह इस चीज़ की तरफ जा रहे हैं जो उन के नबी उन के पास लेकर आए और उन के खिलाफ हुज्जत कायम की? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्कि यह एक ऐसी चीज़ है जिस का उन के मुतल्लिक फैसला हो चूका है और इन के बारे में नाफ़िज़ हो चुकी, और उसकी तस्दीक अल्लाह अज्ज़वजल की किताब में है: “और नफ्स की क़सम और उसकी जो कुछ उस ने दुरुस्त किया, फिर बदकारी और परहेज़गारी दोनों की इसे समझ अता की”। (सहीह)

رواه مسلم (10 / 2650)، (6739)

٨٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي رَجُلٌ شَابٌّ وَأَنَا أَخَافُ عَلَى نَفْسِي الْعَنَتَ وَلَا أَجِدُ مَا أَتَزَوَّجُ بِهِ النِّسَاءَ كَأَنَّهُ يَسْتَأْذِنُهُ فِي الِاخْتِصَاءِ قَالَ: فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا هُرَيْرَةَ جَفَّ الْقَلَمُ بِمَا أَنْتَ لَاقٍ فَاخْتَصِ ص:٣ على ذَلِك أَو ذَر» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

88. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं जवान आदमी हूँ और मुझे अपने मुतल्लिक ज़िना का अंदेशा है, जबकि मेरे पास शादी करने के लिए कुछ भी नहीं, गोया के वह आप से खस्सी होने की इजाज़त तलब करते हैं, रावी बयान करते हैं, आप ने मुझे कोई जवाब न दिया, फिर मैंने वही बात अर्ज़ की, आप फिर ख़ामोश रहे, मैंने फिर वही अर्ज़ किया, आप फिर ख़ामोश रहे, कोई जवाब न दिया, मैंने फिर वही बात अर्ज़ की तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अबू हुरैरा तुमने जो कुछ करना है या तुम्हारे साथ जो कुछ होना है उस के मुतल्लिक कलम लिख कर खुश्क हो चूका, अब उस के बावजूद तुम खस्सी हो जाओ या छोड़ दो"| (सहीह)

رواه البخارى (5076)

٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَقُول إِنَّ قُلُوبَ بَنِي آدَمَ كُلِّهَا بَيْنَ أُصْبُعَيْنِ من أَصَابِع الرَّحْمَن كقلب وَاحِد يصرفهُ حَيْثُ يَشَاءُ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الله مُصَرِّفَ الْقُلُوبِ صَرِّفْ قُلُوبَنَا عَلَى طَاعَتِكَ» . رَوَاهُ مُسلم

89. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "औलाद ए आदम के तमाम कुलूब, कल्बे वाहिद (अकेले दिल) की तरह रहमान की दो उंगलियों में है, वह जिसे चाहता है उसे बदलता रहता है", फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह दिलों को फेरने वाले हमारे दिलों को अपने इताअत पर फेर देना (यानी साबित कदम)"| (सहीह)

رواه مسلم (17 / 2654)، (6750)

٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ كَانَ يحدث قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مَوْلُودٍ إِلَّا يُولَدُ عَلَى الْفِطْرَةِ فَأَبَوَاهُ يُهَوِّدَانِهِ أَوْ يُنَصِّرَانِهِ أَوْ يُمَجِّسَانِهِ كَمَا تُنْتَجُ الْبَهِيمَةُ بَهِيمَةً جَمْعَاءَ هَلْ تُحِسُّونَ فِيهَا مِنْ جَدْعَاءَ ثُمَّ يَقُول أَبُو هُرَيْرَة رَضِي الله عَنهُ (فطْرَة الله الَّتِي فطر النَّاس عَلَيْهَا)»» الْآيَة»

90. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर पैदा होने वाला बच्चा फितरत (इस्लाम) पर पैदा किया जाता है, पस उस के वालिदेन इसे यहूदी बना देते है, या इसे नसरानी बना देते है, या इसे मजूसी बना देते है, जैसे जानवर सहीह सालिम जानवर को जन्म देता है, क्या तुम उस में से किसी का कान कटा हुआ महसूस करते हो? फिर उन्होंने यह आयत पढ़ी: "ये वह फितरत है, जिस पर अल्लाह ने लोगों को पैदा किया है, और अल्लाह की इस बनाई हुई चीज़ में कोई तबदीली न करो यही दुरुस्त दीन है" | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1358) و مسلم (22 / 2658)، (6755)

٩١ - (صَحِيح) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ قَامَ فِينَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِخَمْسِ كَلِمَاتٍ فَقَالَ: «إِنَّ اللَّهَ عز وَجل لَا

يَنَامُ وَلَا يَنْبَغِي لَهُ أَنْ يَنَامَ يَخْفِضُ الْقِسْطَ وَيَرْفَعُهُ يُرْفَعُ إِلَيْهِ عَمَلُ اللَّيْلِ قَبْلَ عَمَلِ النَّهَارِ وَعَمَلُ النَّهَارِ قَبْلَ عَمَلِ اللَّيْلِ حجابه النُّور» . رَوَاهُ مُسلم

91. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ ने खड़े हो कर हमें पांच चीजों के मुतल्लिक खबर देते हुए फ़रमाया: "बेशक अल्लाह न सोता है न यह उसकी शान के लायक है के वह सो जाए, वह मीज़ान को ऊपर नीचे करता रहता है, रात का अमल दिन के अमल से पहले और दिन का अमल रात के अमल से पहले, उसकी तरफ पहुंचा दिया जाता है, उस का हिजाब नूर है, अगर वह इस हिजाब को उठा दे तो उस के चेहरे के अनवार वहां तक इस मखलूक को जला दे जहाँ तक उसकी निगाह पहुँचती है"। (सहीह)

رواه مسلم (293 / 179)، (445)

٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَدُ اللَّهِ مَلْأَى لَا تَغِيضُهَا نَفَقَةٌ سَحَّاءُ اللَّيْلَ وَالنَّهَارَ أَرَأَيْتُمْ مَا أَنْفَقَ مُذْ خَلَقَ السَّمَاءَ وَالْأَرْضَ؟ فَإِنَّهُ لَمْ يَغِضْ مَا فِي يَدِهِ وَكَانَ عَرْشُهُ عَلَى الْمَاءِ وَبِيَدِهِ الْمِيزَانُ يَخْفِضُ وَيَرْفَع» ص:٣»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «يَمِينُ اللَّهِ مَلْأَى قَالَ ابْنُ نُمَيْرٍ مَلْآنُ سَحَّاءُ لَا يُغِيضُهَا شَيْءٌ اللَّيْل والنهار»

92. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह का हाथ भरा हुआ है, रात दिन की सखावत इसे कम नहीं करती, तुमने देखा के उस ने ज़मीन व आसमान की तखलीक के वक्त से जो खर्च किया उस ने उस के हाथ के खज़ाने में कोई कमी नहीं की और उस का अर्श पानी पर है और मीज़ान उस के हाथ में है वह इसे पस्त करता और बुलंद करता है"। # और मुस्लिम की रिवायत में है: "अल्लाह का दायाँ हाथ भरा हुआ है", इब्ने नमीर ने कहा: "दोनों हाथ भरे हुए हैं रात और दिन की सखावत उसमें कोई कमी नहीं करती''। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4684) و مسلم (37 / 993)، (2308 و 2309)0 يمين الله ملاى الخ ، رواه مسلم (36 / 993)

٩٣ - وَعَنْهُ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَرَارِيِّ الْمُشْرِكِينَ قَالَ: «اللَّهُ أعلم بِمَا كَانُوا عاملين»

93. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से मुशरिकीन की औलाद के बारे में दरियाफ्त किया गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "उन के आमाल के मुतल्लिक अल्लाह बेहतर जानता है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1384) و مسلم (27 / 2659)، (6763)

तकदीर पर ईमान लाने का बयान • بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٩٤ - (ضَعِيف) وَعَن عبَادَة بن الصَّامِت قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول «إِنَّ أَوَّلَ مَا خَلَقَ اللَّهُ الْقَلَمَ فَقَالَ اكْتُبْ فَقَالَ مَا أَكْتُبُ قَالَ اكْتُبِ الْقَدَرَ مَا كَانَ وَمَا هُوَ كَائِنٌ إِلَى الْأَبَدِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ إِسْنَادًا

94. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने सबसे पहले कलम को पैदा फ़रमाया तो उसे फ़रमाया: "लिखो उस ने अर्ज़ किया, क्या लिखू? फ़रमाया : तकदीर लिखो उस ने जो कुछ हो चूका था और जो कुछ होना था सब लिख दिया"। तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया, यह हदीस सनद के लिहाज़ से ग़रीब है। (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3319 وقال : حسن غريب ، 2155) * و للحديث المرفوع طرق وهو بها صحيح روى ابو يعلى فى مسنده عن ابن عباس عن النبى صلى الله عليه و آله وسلم قال : ان اول شئى خلقه الله القلم و امره فكتب كل شى ، (2329 و اسنده صحيح)

٩٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُسلم بن يسَار قَالَ سُئِلَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ هَذِهِ الْآيَةِ (وَإِذْ أَخَذَ رَبُّكَ مِنْ بَنِي آدَمَ مِنْ ظُهُورهمْ)»» قَالَ عُمَرُ ص:٣ بْنُ الْخَطَّابِ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يسْأَل عَنْهَا فَقَالَ: «خلق آدم ثمَّ مسح ظَهره بِيَمِينِهِ فأستخرج مِنْهُ ذُرِّيَّةً فَقَالَ خَلَقْتُ هَؤُلَاءِ لِلْجَنَّةِ وَبِعَمَلِ أهل الْجنَّة يعْملُونَ ثمَّ مسح ظَهره فَاسْتَخْرَجَ مِنْهُ ذُرِّيَّةً فَقَالَ خَلَقْتُ هَؤُلَاءِ لِلنَّارِ وبعمل أهل النَّار يعْملُونَ فَقَالَ رجل يَا رَسُول الله فَفِيمَ الْعَمَل يَا رَسُول الله قَالَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّ اللَّهَ إِذَا خَلَقَ الْعَبْدَ لِلْجَنَّةِ اسْتَعْمَلَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ حَتَّى يَمُوتَ عَلَى عَمَلٍ من أَعمال أهل الْجنَّة فيدخله الله الْجَنَّةَ وَإِذَا خَلَقَ الْعَبْدَ لِلنَّارِ اسْتَعْمَلَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ حَتَّى يَمُوتَ عَلَى عَمَلٍ مِنْ أَعمال أهل النَّار فيدخله الله النَّار» . رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

95. मुस्लिम बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से इस आयत के बारे में पूछा गया: "जब तेरे रब ने बनी आदम की पुश्त से उनकी औलाद को पैदा किया", तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को जब उन से इस आयत के बारे में दरियाफ्त किया गया तो फरमाते हुए सुना: "बेशक अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया, फिर अपना दायाँ हाथ उनकी पुश्त पर फेरा तो उन से कुछ औलाद निकाली और फ़रमाया मैंने उन्हें जन्नत के लिए पैदा किया है और वह अहल ए जन्नत के से अमल करेंगे, फिर उनकी पुश्त पर हाथ फेरा तो उन से कुछ औलाद निकाली तो फ़रमाया मैंने उन्हें जहन्नम के लिए पैदा किया है, और वह अहल ए जहन्नम से अमल करेंगे, (ये सुन कर) किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! तो फिर अमल किस लिए करना है? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह किसी बंदे को जन्नत के लिए पैदा फरमाता है तो इसे अहल ए जन्नत के आमाल पर लगा देता है, हत्ता कि वह अहल ए जन्नत के से आमाल पर ही फौत होता है, अल्लाह तआला इस वजह से इसे जन्नत में दाखिल फरमा देता है, और जब वह किसी बंदे को जहन्नम के लिए पैदा फरमाता है तो इसे जहन्नुमियो वाले आमाल पर लगा देता है, हत्ता कि वह जहन्नुमियो वाले आमाल पर ही फौत होता है, तो वह

इस वजह से उस को जहन्नम में दाखिल कर देता है”। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالک فی الموطا (2 / 898 ح 1726) و الترمذی (3075 وقال : حسن و مسلم [بن يسار] لم يسمع من عمر) و ابوداؤد (4703) [و البغوی فی شرح السنة (1 / 138 ، 139 ح 77)] * مسلم بن يسار سمعه من نعيم بن ربيعة وهو رجل مجهول ، وثقه ابن حبان وحده و لبعض الحديث شواهد معنوية : انظر الاستذكار (8 / 261)

٩٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَفِي يَده كِتَابَانِ فَقَالَ: «أَتَدْرُونَ مَا هَذَانِ الكتابان فَقُلْنَا لَا يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا أَنْ تُخْبِرَنَا فَقَالَ لِلَّذِي فِي يَدِهِ الْيُمْنَى هَذَا كِتَابٌ مِنْ رَبِّ الْعَالَمِينَ فِيهِ أَسْمَاءُ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَأَسْمَاء آبَائِهِم وقبائلهم ثمَّ أجمل على آخِرهم فَلَا يُزَادُ فِيهِمْ وَلَا يُنْقَصُ مِنْهُمْ أَبَدًا ثُمَّ قَالَ لِلَّذِي فِي شِمَالِهِ هَذَا كِتَابٌ مِنْ رَبِّ الْعَالَمِينَ فِيهِ أَسْمَاءُ أَهْلِ النَّارِ وَأَسْمَاء آبَائِهِم وقبائلهم ثمَّ أجمل على آخِرهم فَلَا يُزَادُ فِيهِمْ وَلَا يُنْقَصُ مِنْهُمْ أَبَدًا فَقَالَ أَصْحَابُهُ فَفِيمَ الْعَمَلُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنْ كَانَ أَمْرٌ قَدْ فُرِغَ مِنْهُ فَقَالَ سَدِّدُوا وَقَارِبُوا فَإِنَّ صَاحِبَ الْجَنَّةِ يُخْتَمُ لَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَإِنْ عَمِلَ أَيَّ عَمَلٍ وَإِنَّ صَاحِبَ النَّارِ يُخْتَمُ لَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ وَإِنْ عَمِلَ أَيَّ عَمَلٍ ص:٣ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدَيْهِ فَنَبَذَهُمَا ثُمَّ قَالَ فَرَغَ رَبُّكُمْ مِنَ الْعِبَادِ فريق فِي الْجنَّة وفريق فِي السعير» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ صَحِيح

96. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ के हाथो में दो किताबे थी, आप ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के यह दो किताबे क्या है?“ हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! जब तक आप न बताए, हम नहीं जानते, तो आप ﷺ ने अपने दाएँ हाथ वाली किताब के बारे में फ़रमाया: “ये किताब रब्बुल आलमीन की तरफ से है, उस में जन्नतियो, उन के आबाअ और उन के क़बीलो के नाम है, फिर उन के आख़िर पर पूरा हिसाब कर दिया गया है, लिहाज़ा उनमें कोई कमी बेशी नहीं की जा सकती”, फिर आप ने अपनी बाएँ हाथ वाली किताब के बारे में फ़रमाया: “ये किताब रब्बुल आलमीन की तरफ से है उस में जह्न्नुमियो, उन के आबाअ और उन के क़बीलो के नाम है, फिर उन के आख़िर पर पूरा हिसाब कर दिया गया है, लिहाज़ा उस में कोई कमी बेशी नहीं की जा सकती”, तो आप के सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जब फैसला हो चुका है तो फिर अमल किस लिए करना है? आप ने फ़रमाया: “मियाने रिवाय से दुरुस्त आमाल करते रहो, क्योंकि जन्नती शख़्स से आखिरी अमल जन्नतियो वाला कराया जाएगा, अगरचे पहले उस ने कैसे भी अमल किए हो, और जहन्नमी से आखिरी अमल जह्न्नुमियो वाला कराया जाएगा ख्वाह उस से पहले उस ने कैसे भी अमल किए हो”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने हाथो से वह किताबे रख कर फ़रमाया: “तुम्हारा रब बंदो (के मुआमले) से फारिग़ हो चूका, पस एक गिरोह जन्नत में और एक गिरोह जहन्नम में जाएगा”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2141 وقال : هذا حديث حسن صحيح غريب)

٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي خزامة عَن أَبِيه قَالَ سَأَلَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ رُقًى نَسْتَرْقِيهَا وَدَوَاءً نَتَدَاوَى بِهِ وَتُقَاةً نَتَّقِيهَا هَلْ تَرُدُّ مِنْ قَدَرِ اللَّهِ شَيْئًا قَالَ: «هِيَ مِنْ قَدَرِ الله» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

97. अबू खुज़ामा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! रहनुमाई फरमाइए, दम, जिसके ज़रिए हम दम कराते है, दवाई, जिसके ज़रिए हम इलाज करते हैं, और बचाव की चीज़े (मसलन ढाल वगैरा) जिन के ज़रिए हम बचाव करते हैं, क्या यह अल्लाह की तकदीर से कुछ रोक सकती है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो असबाब इख़्तियार करना भी अल्लाह की तकदीर में से है"। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 421 ح 1555115554) و الترمذى (2065 وقال : هذا حديث حسن) و ابن ماجه 3437) * ابن ابى خزامة مجهول الحال ، وثقه الترمذى وحده و لبعض الحديث شواهد ، انظر الحديث الآتى (99)

٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ نَتَنَازَعُ فِي الْقَدَرِ فَغَضِبَ حَتَّى احْمَرَّ وَجْهُهُ حَتَّى كَأَنَّمَا فُقِئَ فِي وجنتيه الرُّمَّانِ فَقَالَ أَبِهَذَا: «أُمِرْتُمْ أَمْ بِهَذَا أُرْسِلْتُ إِلَيْكُمْ إِنَّمَا هَلَكَ مَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ حِينَ تنازعوا فِي هَذَا الْأَمر عزمت عَلَيْكُم أَلا تتنازعوا فِيهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ هَذَا الْوَجْهِ من حَدِيث صَالح المري وَله غرائب يتفرد بهَا لَا يُتَابع عَلَيْهَا قلت: لَكِن يشْهد لَهُ الَّذِي بعده

98. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम तकदीर के बारे में बहस कर रहे थे, इसी दौरान रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास तशरीफ़ ले आए और आप सख्त नाराज़ हुए हत्ता कि आप का चेहरा मुबारक सुर्ख हो गया, गोया आप के रुखसारो पर अनार के दाने निचोड़ दिए गए है, तो आप ने फ़रमाया: "क्या तुम्हें इस (तक़दीर के मसअले पर बहस करने) का हुक्म दिया गया? क्या मुझे इस चीज़ के साथ तुम्हारी तरफ भेजा गया है? तुम से पहली कौमो ने इस मुआमले में बहस व तनाज़ा किया तो वह हलाक हो गई, मैं तुम्हें क़सम देता हूँ और तुम पर वाजिब करता हूँ कि तुम इस मसअले पर बहस व तनाज़ा न करो"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2133 وقال : هذا حديث غريب ، الخ) * صالح المرى ضعيف ، و انظر الحديث الآتى (99) فهو شاهد لبعضه

٩٩ - (حسن) وروى ابْن مَاجَه فِي الْقدر نَحْوَهُ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ

99. इब्ने माजा ने अम्र बिन शुऐब अन अबी अन जदह की सनद से इसी तरह रिवायत किया है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (85)

١٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ آدَمَ مِنْ قَبْضَةٍ قَبَضَهَا مِنْ جَمِيعِ الْأَرْضِ فَجَاءَ بَنُو آدَمَ عَلَى قَدْرِ الْأَرْضِ مِنْهُمُ الْأَحْمَرُ وَالْأَبْيَضُ ص:٣ وَالْأَسْوَدُ وَبَيْنَ ذَلِكَ وَالسَّهْلُ وَالْحَزْنُ وَالْخَبِيثُ وَالطَّيِّبُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

100. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को एक मुठ्ठी (भर मिट्टी) से जो उस ने सारी सतह ज़मीन से हासिल की थी, पैदा

फ़रमाया, आदम अलैहिस्सलाम की औलाद ज़मीन (की रंगत) की माकूल से पैदा हुई, उनमें से कुछ सुर्ख है, कुछ सफ़ेद और कुछ काले और कुछ सुर्ख व सफ़ेद के दरमियानमें, कुछ नरम मिज़ाज और कुछ सख्त मिज़ाज, कुछ बुरी आदत वाले और कुछ पाकिज़ा सिफात वाले"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 400 ح 19811) و الترمذى (2955 وقال : هذا حديث حسن صحيح) و ابوداؤد (4693) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2083) و الحاكم (2 / 261 ، 262) و وافقه الذهبى]

١٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ خَلْقَهُ فِي ظُلْمَةٍ فَأَلْقَى عَلَيْهِمْ مِنْ نُورِهِ فَمَنْ أَصَابَهُ مِنْ ذَلِكَ النُّورِ اهْتَدَى وَمَنْ أَخْطَأَهُ ضَلَّ فَلذَلِك أَقُول: جف الْقلب على علم الله ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

101. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूल अल्लाह को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह ने अपने मखलूक को अंधेरे में पैदा फ़रमाया, फिर इन पर अपना नूर डाला, पस जिस को यह नूर मयस्सर गया वह हिदायत पा गया और जो उस से महरूम रहा वह गुमराह हो गया, पस मैं इसीलिए कहता हूँ, अल्लाह के इल्म पर कलम खुश्क हो चूका है"। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (2 / 176 ح 6644 ب) و الترمذى (2642 وقال : هذا حديث حسن) [و صححه ابن حبان (الموارد : 1812) و الحاكم (1 / 30) و وافقه الذهبى]

١٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُكْثِرُ أَنْ يَقُولَ: «يَا مُقَلِّبَ الْقُلُوبِ ثَبِّتْ قَلْبِي عَلَى دِينِكَ» فَقُلْتُ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ آمَنَّا بِكَ وَبِمَا جِئْتَ بِهِ فَهَلْ تَخَافُ عَلَيْنَا؟ قَالَ: «نَعَمْ إِنَّ الْقُلُوبَ بَيْنَ أُصْبُعَيْنِ مِنْ أَصَابِعِ اللَّهِ يُقَلِّبُهَا كَيْفَ يَشَاءُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

102. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ कसरत के साथ यह दुआ किया करते थे: दिलों को बदलने वाले! मेरा दिल को अपने दीन पर साबित रखना, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! हम आप पर और आप की शरियत पर ईमान ला चुके, तो क्या आप को हमारे बारे में अंदेशा है? आप ने फ़रमाया: हाँ, क्योकि दिल अल्लाह की दो उंगलियों के दरमियान है, वह जिस तरह चाहता है इन्हें बदलता रहता है"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2140 وقال : هذا حديث حسن) و ابن ماجه (3834) [و صححه الحاكم (1 / 526) و وافقه الذهبى] * فى سند الترمذى : الاعمش مدلس و عنعن وفى سند ابن ماجه : يزيد بن ابان الرقاشى ضعيف و حديث مسلم (2654)، (6750) يغنى عنه و انظر الحديث السابق (89)

١٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الْقَلْبِ كَرِيشَةٍ بِأَرْضٍ فَلَاةٍ يُقَلِّبُهَا الرِّيَاحُ ظَهْرًا لِبَطْنٍ» . رَوَاهُ أَحْمد

103. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: दिल की मिसाल ऐसे है जैसे किसी बियाबान में कोई (परिंदे का) पर हो, जिसे हवाए हर वक़्त उलट पलट करती हो"। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 408 ح 19895) [و ابن ماجه (88) و البغوى فى شرح السنة (1 / 164 ح 87 و اللفظ له)] * يزيد الرقاشى ضعيف وقال ابو موسى الاشعرى رضى الله عنه : انما سمى القلب قلبًا لتقلبه و انما مثل القلب مثل ريشة بفلاة من الارض ، (مسند على بن الجعد : 1450 و سنده صحيح)

١٠٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يُؤْمِنُ عَبْدٌ حَتَّى يُؤْمِنَ بِأَرْبَعٍ: يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ بَعَثَنِي بِالْحَقِّ وَيُؤْمِنُ بِالْمَوْتِ وَالْبَعْثِ بَعْدَ الْمَوْتِ وَيُؤْمِنُ بِالْقَدَرِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

104. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कोई बंदा मोमिन नहीं हो सकता हत्ता कि वह चार चीजों पर ईमान ले आए, वह गवाही दे की अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और मैं अल्लाह का रसूल हूँ, उस ने मुझे हक़ के साथ मबउस किया है, वह मौत और मौत के बाद जिंदा किए जाने पर ईमान रखता हो और वह तकदीर पर ईमान रखता हो"। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (2145) و ابن ماجه (81) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 178) و الحاكم (1 / 33) و وافقه الذهبى] * رواه ربعى عن رجل عن على رضى الله عنه فالسند معلل

١٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " صِنْفَانِ مِنْ أُمَّتِي لَيْسَ لَهُمَا فِي الْإِسْلَامِ نَصِيبٌ: الْمُرْجِئَةُ وَالْقَدَرِيَّةُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

105. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत के दो गिरोह ऐसे है जिन का इस्लाम में कोई हिस्सा नहीं यानी मरजिया और कदरिया"। तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2149 وقال : هذا حديث حسن غريب) [و ابن ماجه (62)] * نزار ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

١٠٦ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يَكُونُ فِي أُمَّتِي خَسْفٌ وَمَسْخٌ وَذَلِكَ فِي الْمُكَذِّبِينَ بِالْقَدَرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وروى التِّرْمِذِيّ نَحوه

106. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मेरी उम्मत में ज़मीन में धंस जाना और सूरते बदल जाना होगा और यह हाल तकदीर को झुठलाने वालो में होगा"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4613) و الترمذى (2153 و اللفظ له و 2152 و حسنه) [و ابن ماجه (4061) و سياتى طرفه (116)]

١٠٧ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْقَدَرِيَّةُ مَجُوسُ هَذِهِ الْأُمَّةِ إِنْ مَرِضُوا فَلَا تَعُودُوهُمْ وَإِنْ مَاتُوا فَلَا تشهدوهم» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

107. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कदरिया इस उम्मत के मजूसी है, पस अगर वह बीमार हो जाए तो उनकी इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) न करो और अगर वह फौत हो जाए तो उन के जनाज़े में न जाओ"। (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف و الحديث صحيح ، رواه احمد (2 / 86 ح 5584 ، 2 / 125 ح 6077) و ابوداؤد (4691 و اللفظ له) * ابو حازم سلمة بن دينار لم يسمع من ابن عمر رضى الله عنه فالسند منقطع وله شاهد صحيح عند الطبرانى فى الاوسط (5 / 114 ح 4217)

١٠٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُجَالِسُوا أَهْلَ الْقَدَرِ وَلَا تفاتحوهم» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

108. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कदरियो को अपने मजलिसो में ना बिठाओ न उन्हें सलाम करने में पहल करो। (और न उन से फैसले कराओ और ना ही उन से मुनाज़रा करो)"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4710 ، 4720) [و صححه ابن حبان : الموارد 1825] * حكيم بن شريک مجهول الحال وثقه ابن حبان وحده و سكت الحاكم على حديثه (1 / 85) ولم يصححه

١٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " سِتَّةٌ لَعَنْتُهُمْ وَلَعَنَهُمُ اللَّهُ وَكُلُّ نَبِيٍّ يُجَابُ: الزَّائِدُ فِي كِتَابِ اللَّهِ وَالْمُكَذِّبُ بِقَدَرِ اللَّهِ ص:٣ وَالْمُتَسَلِّطُ بِالْجَبَرُوتِ لِيُعِزَّ مَنْ أَذَلَّهُ اللَّهُ وَيُذِلَّ مَنْ أَعَزَّهُ اللَّهُ وَالْمُسْتَحِلُّ لِحَرَمِ اللَّهِ وَالْمُسْتَحِلُّ مِنْ عِتْرَتِي مَا حَرَّمَ اللَّهُ وَالتَّارِكُ لِسُنَّتِي ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي الْمدْخل ورزين فِي كِتَابه

109. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "छे किस्म के लोगों पर मैंने लानत की और अल्लाह ने भी इन पर लानत की, और हर नबी की दुआ कबूल होती है, अल्लाह की किताब में इज़ाफा करने वाला, अल्लाह की तकदीर को झुठलाने वाला, ताकत के बल कुर्सी पर मुसल्लत होने वाला शख़्स ताकि वह किसी ऐसे शख़्स को मुअज्ज़ज़ बनाए जिसे अल्लाह ने ज़लील बनाया हो, और किसी ऐसे शख़्स को ज़लील बना दे जिसे अल्लाह ने मुअज्ज़ज़ बनाया हो, अल्लाह के हरम की बेहुरमती करने वाला, मेरी औलाद की बेहुरमती करने वाला और मेरी सुन्नत को तर्क करने वाला"। (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى المدخل (لم اجده ، و رواه فى شعب الايمان : 4010 ، 4011) و رزين فى كتابه (لم اجده) [و الترمذى (2154) و صححه ابن حبان (الموارد : 52) و الحاكم (1 / 36 على اختلاف فى السند) و وافقه الذهبى]

١١٠ - (صَحِيح) وَعَن مطر بن عكام قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قَضَى اللَّهُ لِعَبْدٍ أَنْ يَمُوتَ بِأَرْضٍ جَعَلَ لَهُ إِلَيْهَا حَاجَةً» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ

110. मतर बिन उकामस बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह किसी बंदे के मुतल्लिक फैसला फरमाता है के इसे फलां जगह मौत आ जाए तो वह इस शख़्स के लिए इस जगह कोई ज़रूरत पैदा कर देता है"। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 227 ح 22332) و الترمذى (2146 وقال : هذا حديث حسن غريب و 2147) [و صححه الحاكم على شرط الشيخين (1 / 42 ، 347) و وافقه الذهبى]

١١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ذَرَارِيُّ الْمُؤْمِنِينَ؟ قَالَ: «مِنْ آبَائِهِمْ» . فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ بِلَا عَمَلٍ؟ قَالَ: «اللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا كَانُوا عَامِلِينَ» . قُلْتُ فذاراري الْمُشْرِكِينَ؟ قَالَ: «مِنْ آبَائِهِمْ» . قُلْتُ: بِلَا عَمَلٍ؟ قَالَ: «اللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا كَانُوا عَامِلِينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

111. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मोमिनो के बच्चे (इन के बारे में क्या हुक्म है)? आप ﷺ ने फ़रमाया: "अपने आबाअ के साथ होंगे", मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अमल के बगैर ही आप ने फ़रमाया: "उन्होंने जो करना था अल्लाह उस से बखूबी वाकिफ़ है", मैंने अर्ज़ किया: तो मुशरिकीन के बच्चे? आप ने फ़रमाया: "वो भी अपने आबाअ के साथ, मैंने अर्ज़ किया: अमल के बगैर ही, आप ने फ़रमाया: "उन्होंने जो करना था अल्लाह उस से बखूबी वाकिफ़ था"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4712) [و الاجرى فى الشريعة ص 195 ح 405] * بقية : صرح بالسماع و تابعه محمد بن حرب ، و للحديث طريق آخر عند احمد (4 / 76)

١١٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: الوائدة والموؤدة فِي النَّار ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

112. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिंदा दफ़नाने वाली और जिस की खातिर जिंदा दफनाया गया जहन्नमी है"। (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4717) [و ابن حبان ، الموارد : 67] * و للحديث شواهد

तकदीर पर ईमान लाने का बयान • بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١١٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي الدرداد قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ فَرَغَ إِلَى كُلِّ عَبْدٍ مِنْ خَلْقِهِ مِنْ خَمْسٍ: مِنْ أَجَلِهِ وَعَمَلِهِ وَمَضْجَعِهِ وَأَثَرِهِ وَرِزْقِهِ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ

113. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह अज़्ज़वजल

हर बंदे की तखलीक से मुतल्लिक उसकी पांच चीजों, उसकी उमर, उस के अमल, उस के मरने और दफन होने की जगह, उस के नुक्स और उस के रिज़क़ से फारिग़ हो चूका"। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 197 ح 22066 و 22065) [و ابن ابی عاصم فی السنة : 303 و صححه ابن حبان ، الموارد : 1811] * فرج بن فضالة : تابعه مروان بن محمد و للحديث طرق

١١٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ تَكَلَّمَ فِي شَيْءٍ مِنَ الْقَدَرِ سُئِلَ عَنْهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنْ لَمْ يَتَكَلَّمْ فِيهِ لم يسْأَل عَنهُ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

114. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस ने तकदीर के मुतल्लिक ज़रा भी बात की तो रोज़ ए कियामत उस से उस के मुतल्लिक पूछताछ होगी और जिस ने उस के मुतल्लिक कोई बात न की उस से पूछताछ नहीं होगी"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (84) * وقال : البوصيری :'' هذا اسناد ضعيف لا تفاقهم على ضعف يحيى بن عثمان ، و شيخه (يحيى بن عبدالله بن ابی مليكة) لين الحديث ''

١١٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ الدَّيْلَمِيِّ قَالَ: أَتَيْتُ أَبَيَّ بْنَ كَعْبٍ فَقُلْتُ لَهُ: قَدْ وَقَعَ فِي ص:٤ نَفْسِي شَيْء من الْقدر فَحَدثني بِشَيْء لَعَلَّ الله أَن يذهبه من قلبِي قَالَ لَو أَن الله عَذَّبَ أَهْلَ سَمَاوَاتِهِ وأَهْلَ أَرْضِهِ عَذَّبَهُمْ وَهُوَ غَيْرُ ظَالِمٍ لَهُمْ وَلَوْ رَحِمَهُمْ كَانَتْ رَحْمَتُهُ خَيْرًا لَهُمْ مِنْ أَعْمَالِهِمْ وَلَوْ أَنْفَقْتَ مِثْلَ أُحُدٍ ذَهَبًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَا قَبِلَهُ اللَّهُ مِنْكَ حَتَّى تُؤْمِنَ بِالْقَدَرِ وَتَعْلَمَ أَنَّ مَا أَصَابَكَ لَمْ يَكُنْ لِيُخْطِئَكَ وَأَنَّ مَا أَخْطَأَكَ لَمْ يَكُنْ لِيُصِيبَكَ وَلَوْ مُتَّ عَلَى غَيْرِ هَذَا لَدَخَلْتَ النَّارَ قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ مَسْعُودٍ فَقَالَ مِثْلَ ذَلِكَ قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ حُذَيْفَةَ بْنَ الْيَمَانِ فَقَالَ مثل ذَلِك قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ زَيْدَ بْنَ ثَابِتٍ فَحَدَّثَنِي عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَ ذَلِكَ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

115. इब्ने दयल्मि रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं उबई बिन काब के पास आया तो मैंने उन्हें कहा: मेरे दिल में तकदीर के मुतल्लिक कुछ शुबा सा है, पस आप मुझे कोई हदीस सुनाइए, उम्मीद है अल्लाह इसे मेरे दिल से दूर कर दे, तो उन्होंने ने फ़रमाया: अगर अल्लाह अज्ज़वजल आसमान और ज़मीन वालो को अज़ाब देना चाहे तो वह उन्हें अज़ाब देने में ज़ालिम नहीं होगा, और अगर वह इन पर रहम फरमाए, तो इन के लिए उसकी रहमत उन के आमाल से बेहतर होगी, और अगर तुम ओहद पहाड़ के बराबर सोना अल्लाह की राह में खर्च कर दो तो अल्लाह इसे कबूल नहीं करेगा, हत्ता कि तुम तकदीर पर ईमान ले आओ और तुम जान लो के जो कुछ तुम्हें पहुंचा वह तुम से दूर नहीं हो सकता था, और कुछ तुम से दूर हो गया वह तुम्हें पहुँच नहीं सकता था, और अगर तुम इस अकीदे के अलावा किसी और अकीदे पर फौत हो गए तो तुम जहन्नम में जाओगे, इब्ने दयल्मि बयान करते हैं, फिर मैं इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु के पास आया तो उन्होंने भी इसी तरह फ़रमाया, फिर मैं हुज़ैफ़ा बिन यमान रदियल्लाहु अन्हु की खिदमत में आया तो

उन्होंने भी यही फ़रमाया, फिर मैं ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु के पास आया तो उन्होंने मुझे इसी की मिस्ल नबी ﷺ से हदीस बयान की"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 182 ، 183 ح 21922 و 5 / 185 ح 21947 و 5 / 189 ح 21992) و ابوداؤد (4699) و ابن ماجه (77) [و البيهقى فى كتاب القضاء و القدر (200) و صححه ابن حبان (الموارد : 1817)]

١١٦ - (حسن) عَن نَافِع أَن ابْن عمر جَاءَهُ رجل فَقَالَ إِنَّ فُلَانًا يَقْرَأُ عَلَيْكَ السَّلَامَ فَقَالَ لَهُ إِنَّهُ بَلَغَنِي أَنَّهُ قَدْ أَحْدَثَ فَإِنْ كَانَ قَدْ أَحْدَثَ فَلَا تُقْرِئْهُ مِنِّي السَّلَامَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول يكون فِي هَذِه الْأمة أَو فِي أمتِي الشَّك مِنْهُ خَسْفٌ أَوْ مَسْخٌ أَوْ قَذْفٌ فِي أَهْلِ الْقَدَرِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ

116. नाफेअ से रिवायत है के एक आदमी इब्ने उमर के पास आया तो उस ने कहा: फलां शख़्स आप को सलाम कहता है, तो उन्होंने कहा: मुझे पता चला है के उस ने बिदअत इजाद की, पस अगर तो उस ने बिदअत इजाद की है तो फिर मेरी तरफ से इसे सलाम न कहना, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मेरी उम्मत में या इस उम्मत में, ज़मीन में धंसना, सूरते मसख हो जाना या आसमान से हथोड़ो की बारिश होना होगा"। तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा इमाम तिरमिज़ी ने कहा यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2152) و ابوداؤد 4613) و ابن ماجه (4061) [و تقدم طرفه : 106]

١١٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَلِيّ رَضِي الله عَنهُ قَالَ سَأَلت خَدِيجَة النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ وَلَدَيْنِ مَاتَا لَهَا فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " هُمَا فِي النَّارِ قَالَ فَلَمَّا رأى الْكَرَاهِيَة فِي وَجْهِهَا قَالَ لَوْ رَأَيْتِ مَكَانَهُمَا لَأَبْغَضْتِهِمَا قَالَتْ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَوَلَدِي مِنْكَ قَالَ فِي الْجنَّة قَالَ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّ الْمُؤْمِنِينَ وَأَوْلَادَهُمْ فِي الْجَنَّةِ وَإِنَّ الْمُشْرِكِينَ وَأَوْلَادَهُمْ فِي النَّارِ ثُمَّ قَرَأَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ (وَالَّذِينَ آمَنُوا وَاتَّبَعَتْهُمْ ذُرِّيَّتُهُمْ بِإِيمَانٍ أَلْحَقْنَا بِهِمْ ذرياتهم)

117. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खदीजा रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से ज़माने जाहिलियत में वफात पाने वाले अपने दो बच्चो के बारे में दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "वो जहन्नम में है", रावी बयान करते हैं, जब आप ने उन के चेहरे पर नागवारी के असरात देखा तो फ़रमाया: "अगर आप इन दोनों की जगह देख ले तो आप उन से बुग्ज़ रखे", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप से जो मेरी औलाद पैदा हुई है? आप ने फ़रमाया: "जन्नत में", फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मोमिन और उनकी औलाद जन्नत में, मुशरिक और उनकी औलाद जहन्नम में", फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: "और जो लोग ईमान लाए और उनकी औलाद ने ईमान लाने मैं इन की पैरवी की तो हम उनकी औलाद को भी उन के साथ मिला देंगे"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه [عبدالله بن] احمد (فى زوائد المسند 1 / 134 ، 135 ح 1131) * محمد بن عثمان : مجهول لم يوثقه غير ابن حبان ، وللحديث شواهد ضعيفة

١١٨ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ آدم مسح ظَهره فَسقط من ظَهْرِهِ كُلُّ نَسَمَةٍ هُوَ خَالِقُهَا مِنْ ذُرِّيَّتِهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَجَعَلَ بَيْنَ عَيْنَيْ كُلِّ إِنْسَانٍ مِنْهُمْ وَبِيصًا مِنْ نُورٍ ثُمَّ عَرَضَهُمْ عَلَى آدَمَ فَقَالَ أَيْ رَبِّ مَنْ هَؤُلَاءِ قَالَ هَؤُلَاءِ ذُرِّيَّتُكَ فَرَأَى رَجُلًا مِنْهُمْ فَأَعْجَبَهُ وَبِيصُ مَا بَين عَيْنَيْهِ فَقَالَ أَي رب من هَذَا فَقَالَ هَذَا رجل من آخر الْأُمَم من ذريتك يُقَال لَهُ دَاوُدُ فَقَالَ رَبِّ كَمْ جَعَلْتَ عُمُرَهُ قَالَ سِتِّينَ سنة قَالَ أَي رب زده من عمري أَرْبَعِينَ سنة فَلَمَّا قضي عمر آدم جَاءَهُ ملك الْمَوْت فَقَالَ أَوَلَمْ يَبْقَ مِنْ عُمُرِي أَرْبَعُونَ سَنَةً قَالَ أولم تعطها ابْنك دَاوُد قَالَ فَجحد آدم فَجحدت ذُرِّيَّته وَنسي آدم فنسيت ذُرِّيَّته وخطئ آدم فخطئت ذُرِّيَّته» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

118. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा किया तो उनकी पुश्त पर हाथ फेरा तो उनकी पुश्त से वह तमाम रूहें, जिन्हें उस ने उनकी औलाद से रोज़ ए कियामत तक पैदा करना था, निकल आई और उनमें से हर इंसान की पेशानी पर नूर का एक निशान लगा दिया, फिर उन्हें आदम अलैहिस्सलाम पर पेश किया तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार! यह कौन है? फ़रमाया: तुम्हारी औलाद, पस उन्होंने उनमें एक शख़्स को देखा तो उसकी पेशानी का निशान उन्हें बहोत अच्छा लगा, तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार! यह कौन है? फ़रमाया: दाउद अलैहिस्सलाम तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार आप ने उसकी कितनी उमर मुकर्रर की है? फ़रमाया: साठ साल, उन्होंने अर्ज़ किया, परवरदिगार मेरी उमर से चालीस साल इसे मज़ीद अता फरमा दें”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब आदम अलैहिस्सलाम की उमर के चालीस बरस बाकी रह गई तो मलिकुल मौत उन के पास आया तो आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या मेरी उमर के चालीस बरस बाकी नहीं रहती? उस ने जवाब दिया, क्या आप ने वह अपने बेटे दाऊद (अ) को नहीं दी थी? आदम अलैहिस्सलाम ने इनकार कर दिया, इसी तरह उसकी औलाद ने भी इनकार किया, आदम अलैहिस्सलाम भूल गए और इस दरख्त से कुछ खा लिया, तो अब उसकी औलाद भी भूल जाती है, और आदम अलैहिस्सलाम ने गलती की और उसकी औलाद भी खताकार है”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3076 وقال : هذا حديث حسن صحيح) [و صححه الحاكم 2 / 586]

١١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَلَقَ اللَّهُ آدَمَ حِينَ خَلَقَهُ فَضَرَبَ كَتِفَهُ الْيُمْنَى فَأَخْرَجَ ذُرِّيَّةً بَيْضَاءَ كَأَنَّهُمُ الذَّرُّ وَضَرَبَ كَتِفَهُ الْيُسْرَى فَأَخْرَجَ ذُرِّيَّةً سَوْدَاءَ كَأَنَّهُمُ الْحُمَمُ فَقَالَ لِلَّذِي فِي يَمِينِهِ إِلَى الْجَنَّةِ وَلَا أُبَالِي وَقَالَ للَّذي ص:٤ فِي كَفه الْيُسْرَى إِلَى النَّارِ وَلَا أُبَالِي» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

119. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया, जब उन्हें पैदा फ़रमाया तो अल्लाह तआला ने उन के दाएँ कंधे पर मारा और सफ़ेद औलाद को निकाला, जैसे चीटियाँ हो, और उस ने उन के बाएँ कंधे पर मारा तो कालि औलाद निकाली जैसे कोयला हो, तो अल्लाह ने उनकी दाएँ तरफ वालो के मुतल्लिक फ़रमाया: यह जन्नती है और मुझे कोई परवाह नहीं, और जो उन के बाएँ कंधे की तरफ थे उन के मुतल्लिक फ़रमाया: यह जहन्नमी है, और मुझे कोई परवाह नहीं“। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 441 ح 28036)

١٢٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي نَضرة أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَالُ لَهُ أَبُو عَبْدِ اللَّهِ دَخَلَ عَلَيْهِ أَصْحَابُهُ يَعُودُونَهُ وَهُوَ يَبْكِي فَقَالُوا لَهُ مَا يُبْكِيكَ أَلَمْ يَقُلْ لَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خُذْ مِنْ شَارِبِكَ ثُمَّ أَقِرَّهُ حَتَّى تَلْقَانِي قَالَ بَلَى وَلَكِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ قَبَضَ بِيَمِينِهِ قَبْضَةً وَأُخْرَى بِالْيَدِ الْأُخْرَى وَقَالَ هَذِهِ لِهَذِهِ وَهَذِهِ لهَذِهِ وَلَا أُبَالِي فَلَا أَدْرِي فِي أَيِّ الْقَبْضَتَيْنِ أَنَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

120. अबू नजरह से रिवायत है के नबी ﷺ के अबू अब्दुल्लाह नामी सहाबी बीमार हो गए तो उनके साथी उनकी इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए आए तो वह रो रहे थे, उन्होंने कहा: आप क्यों रो रहे हैं? क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने आप से यह नहीं फरमाया अपनी मूंछे कतराओ, फिर उस पर कायम रहो हत्ता कि तुम (होज़े कौसर) पर मुझ से आ मिलो? उन्होंने कहा: क्यों नहीं! ज़रूर फ़रमाया था, लेकिन मैंने रसूल अल्लाह को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह अज्ज़वजल ने अपने दाएँ हाथ से मुठ्ठी भरी, और दूसरे हाथ से दूसरी, और फ़रमाया यह इस (जन्नत) के लिए है, और यह इस (जहन्नम) के लिए है, और मुझे कोई परवाह नहीं", जबकि मुझे मालुम नहीं, की मैं इन दो मुट्ठियों में से किस में हूँ"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 68 ح 20944 ، 4 / 176 ح 17736)

١٢١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أخذ الله الْمِيثَاق من ظهر آدم بنعمان يَعْنِي عَرَفَة فَأخْرج من صلبه كل ذُرِّيَّة ذَرَاهَا فَنَثَرَهُمْ بَيْنَ يَدَيْهِ كَالذَّرِّ ثُمَّ كَلَّمَهُمْ قِبَلًا قَالَ: (أَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ قَالُوا بَلَى شَهِدْنَا أَنْ تَقُولُوا يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِنَّا كُنَّا عَنْ هَذَا غافلين أَوْ تَقُولُوا إِنَّمَا أَشْرَكَ آبَاؤُنَا مِنْ قَبْلُ وَكُنَّا ذُرِّيَّةً مِنْ بَعْدِهِمْ أَفَتُهْلِكُنَا بِمَا فَعَلَ المبطلون)»» رَوَاهُ أَحْمد

121. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह ने अरफा के नज़दीक मक़ाम ए नअमान पर औलाद ए आदम से अहद लेने का इरादा फ़रमाया तो उनकी सलब से (उन की) तमाम औलाद को" जिसे पैदा करना था" निकाली तो उन्हें इन के सामने बिखेर दिया, जैसे चीटियाँ हो, फिर उन से बराएरास्त ख़िताब किया तो फ़रमाया: "क्या मैं तुम्हारा रब नहीं हूँ? सब ने कहा, क्यों नहीं! हम उस पर गवाह है (ये इकरार इसलिए लिया गया) के कहीं कियामत के दिन तुम यह कहो के हम तो इस हकीक़त से महज़ बेखबर थे, या यूँ कहो के शिर्क तो हमारे आबाअ ने किया था, हम तो उनकी औलाद है जो उन के बाद आए, क्या तू हमें उन गलत कारो के कामो पर हलाक कर देगा"। (हसन)

سنده حسن ، رواه احمد (1 / 272 ح 2455) [و النسائى فى الكبرى (6 / 347 ح 11191) و صححه الحاكم (1 / 27 ، 2 / 544) و وافقه الذهبى] * و للحديث شواهد منها ما رواه الطبرى فى تفسيره (9 / 75 ، 76) بسند صحيح عن ابن عباس موقوفًا وله حكم المرفوع

١٢٢ - (حسن) عَن أبي بن كَعْب فِي قَوْلِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ (وَإِذْ أَخَذَ رَبُّكَ مِنْ بَنِي آدَمَ مِنْ ظُهُورهمْ ذرياتهم وأشهدهم على أنفسهم)»» الْآيَة قَالَ جمعهم فجعلهم أرواحا ثُمَّ صَوَّرَهُمْ فَاسْتَنْطَقَهُمْ فَتَكَلَّمُوا ثُمَّ أَخَذَ ص:٤ عَلَيْهِمُ الْعَهْدَ وَالْمِيثَاقَ وَأَشْهَدَهُمْ عَلَى أَنْفُسِهِمْ أَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ قَالَ فَإِنِّي أشهد عَلَيْكُم السَّمَوَات السَّبْعَ وَالْأَرَضِينَ السَّبْعَ وَأُشْهِدُ عَلَيْكُمْ أَبَاكُمْ آدَمَ عَلَيْهِ السَّلَام أَنْ تَقُولُوا يَوْمَ الْقِيَامَةِ لَمْ نَعْلَمْ بِهَذَا اعْلَمُوا أَنَّهُ لَا إِلَهَ غَيْرِي وَلَا رَبَّ غَيْرِي فَلَا تُشْرِكُوا بِي شَيْئا وَإِنِّي سَأُرْسِلُ إِلَيْكُمْ رُسُلِي يُذَكِّرُونَكُمْ عَهْدِي وَمِيثَاقِي وَأُنْزِلُ عَلَيْكُمْ كُتُبِي قَالُوا شَهِدْنَا بِأَنَّكَ رَبُّنَا وَإِلَهُنَا لَا رب لَنَا غَيْرُكَ فَأَقَرُّوا بِذَلِكَ وَرُفِعَ

عَلَيْهِمْ آدَمُ يَنْظُرُ إِلَيْهِمْ فَرَأَى الْغَنِيَّ وَالْفَقِيرَ وَحَسَنَ الصُّورَةِ وَدُونَ ذَلِكَ فَقَالَ رَبِّ لَوْلَا سَوَّيْتَ بَيْنَ عِبَادِكَ قَالَ إِنِّي أَحْبَبْتُ أَنْ أَشْكُرَ وَرَأَى الْأَنْبِيَاءَ فِيهِمْ مِثْلَ السُّرُجِ عَلَيْهِمُ النُّورُ خُصُّوا بِمِيثَاقٍ آخَرَ فِي الرِّسَالَةِ وَالنُّبُوَّةِ وَهُوَ قَوْلُهُ تَعَالَى (وَإِذ أَخذنَا من النَّبِيين ميثاقهم)»» إِلَى قَوْله (عِيسَى ابْن مَرْيَم)»» كَانَ فِي تِلْكَ الْأَرْوَاحِ فَأَرْسَلَهُ إِلَى مَرْيَمَ فَحُدِّثَ عَنْ أُبَيٍّ أَنَّهُ دَخَلَ مِنْ فِيهَا. رَوَاهُ أَحْمد

122. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु ने अल्लाह अज्ज़वजल के फरमान: “जब आप के रब ने बनी आदम से उनकी पुश्त से उनकी नसल को निकाला‘‘ की तफसीर में फ़रमाया: उस ने इनको जमा किया तो उनकी मुख्तलिफ किस्म बना दी, फिर उनकी तस्वीर कशी की, उन्हें बोलने को कहा तो उन्होंने कलाम किया, फिर उन से अहद व मिशाक लिया और उन्हें उनकी जानो पर गवाह बनाया: “क्या मैं तुम्हारा रब नहीं हूँ?” उन्होंने कहा: क्यों नहीं!” फिर अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैं सातों आसमानों, सातों ज़मीनों और तुम्हारे बाप आदम अलैहिस्सलाम को तुम पर गवाह बनाता हूँ, के कहीं तुम रोज़ ए कियामत यह न कहो: हमें उस का पता नहीं, जान लो के मेरे सिवा ना कोई माबूद ए बरहक़ है न कोई रब, मेरे साथ, किसी को शरीक न बनाना, मैं अपने रसूल तुम्हारी तरफ भेजूंगा, वह मेरा अहद व मिशाक तुम्हें याद दिलाते रहेंगे, और मैं अपने किताबे तुम पर नाज़िल फर्माऊंगा, तो उन्होंने कहा: हम गवाही देते हैं की, तू हमारा रब है और हमारा माबूद है, ना तेरे सिवा हमारा कोई रब है न माबूद, उन्होंने उस का इकरार कर लिया, और आदम अलैहिस्सलाम को इन पर ज़ाहिर किया गया, वह उन्हें देखने लगी तो उन्होंने गनी व फ़क़ीर और खुबसूरत व बदसूरत को देखा तो अर्ज़ किया, परवरदिगार! तूने अपने बंदो में बराबरी क्यों नहीं की? अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैं पसंद करता हूँ, के मेरा शुक्र किया जाए, और उन्होंने अंबिया अलैहिस्सलाम को देखा, उनमें चिरागो की तरह थे, इन पर नूर (बरस रहा) था, और उन से रिसालत व नबूवत के बारे में खुसूसी अहद लिया गया, अल्लाह तआला के फरमान से यही अहद मुराद है “और जब हमने तमाम नबियों से, आप से, नुह, इब्राहीम, मूसा, और इसा बिन मरयम अलैहिस्सलाम से अहद लिया था”, इसा अलैहिस्सलाम इन अरवाह में थे, तो अल्लाह ने उन्हें मरयम (अहस) की तरफ भेजा, अबी रदियल्लाहु अन्हु से बयान किया गया के इस (रूह) को मरयम (अहस) के मुंह के ज़रिए दाखिल किया गया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه [عبدالله بن] احمد (5 / 135 ح 21552) [و الفريابى فى كتاب القدر : 52] * سليمان التيمى مدلس و عنعن و باقى السند حسن و للحديث شاهد ضعيف عند الحاكم (2 / 323324 ح 3255)

١٢٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ بَيْنَمَا نَحْنُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَتَذَاكَرُ مَا يَكُونُ إِذْ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» إِذَا سَمِعْتُمْ بِجَبَلٍ زَالَ عَن مَكَانَهُ فصدقوا وَإِذَا سَمِعْتُمْ بِرَجُلٍ تَغَيَّرَ عَنْ خُلُقِهِ فَلَا تصدقوا بِهِ وَإِنَّهُ يَصِيرُ إِلَى مَا جُبِلَ عَلَيْهِ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ

123. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के पासबैठे मुस्तकबिल में पेश आने वाले वाकिअत के बारे में बाहम बात चित कर रहे थे की अचानक रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम किसी पहाड़ के बारे में सुनो के वह अपने जगह से हट गया है तो इस बात की तस्दीक कर दो और जब तुम किसी आदमी के बारे में सुनो, उस ने अपनी आदत बदल ली है तो उस के मुतल्लिक बात की तस्दीक न

करो, क्योंकि वह अपने जिबिल्लत (स्वाभाविकता-आदत) पर कारबंद रहेगा"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 443 ح 28047) * الزهرى عن ابى الدرداء رضى الله عنه : منقطع

١٢٤ - (ضَعِيف) وَعَن أم سَلمَة يَا رَسُول الله لَا يزَال يصيبك كُلّ عَام وَجَعٌ مِنَ الشَّاةِ الْمَسْمُومَةِ الَّتِي أَكَلْتَ قَالَ: «مَا أَصَابَنِي شَيْءٌ مِنْهَا إِلَّا وَهُوَ مَكْتُوبٌ عَلَيَّ وَآدَمُ فِي طِينَتِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

124. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने जो ज़हर आलूद बकरी खाई थी, उसकी वजह से आप हर साल तकलीफ महसूस करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे उस से जो भी तकलीफ पहुंची है, वह तो मेरे मुतल्लिक इस वक़्त लिख दी गई थी, जब आदम अलैहिस्सलाम अभी मिट्टी की सूरत में थे"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3546) * ابوبكر العنسى مجهول كما قال ابن عدى وقال الحافظ ابن حجر فى تقريب التهذيب :'' وانا احسب انه ابن ابى مريم الذى تقدم '' و ابوبكر بن ابى مريم ضعيف مختلط

अज़ाब ए कब्र का बयान • بَاب إِثْبَات عَذَاب الْقَبْر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٢٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " الْمُسْلِمُ إِذَا سُئِلَ فِي الْقَبْرِ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ فَذَلِكَ قَوْلُهُ (يُثَبِّتُ اللَّهُ الَّذِينَ آمَنُوا بِالْقَوْلِ الثَّابِتِ فِي الْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَفِي الْآخِرَةِ)»» وَفِي رِوَايَةٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: (يُثَبِّتُ اللَّهُ الَّذِينَ آمَنُوا بِالْقَوْلِ الثَّابِت)»» نَزَلَتْ فِي عَذَابِ الْقَبْرِ يُقَالُ لَهُ: مَنْ رَبك؟ فَيَقُول: رَبِّي الله ونبيي مُحَمَّد

125. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब मुसलमान से कब्र में (इस के रब नबी और दीन के बारे में) सवाल किया जाए और वह गवाही देता है के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और यह कि मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल! है, यह कहना अल्लाह के इस फरमान के मुताबिक है। " अल्लाह उन लोगों को जो इमान लाते है सच्ची बात पर दुनिया व आखिरत में साबित कदम रखता है", और एक रिवायत में नबी ﷺ से मरवी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "(يُثَبِّتُ اللهُ الَّذِيْنَ امَنُوا بِالْقَوْلِ الثَّبِتِ فِى الْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَ فِى الْاٰخِرَةِ) "अज़ाब ए कब्र के बारे में नाज़िल हुई, पूछा जाएगा तेरा रब कौन है? तो वह कहेगा मेरा रब अल्लाह है और मेरे नबी मुहम्मद ﷺ है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4699) و مسلم (2871 / 73)، (7219) و الرواية الثانية له

١٢٦ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنه حَدثهمْ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْعَبْدَ إِذَا وُضِعَ

فِي قَبْرِهِ وَتَوَلَّى عَنْهُ أَصْحَابُهُ وَإِنَّهُ لَيَسْمَعُ قَرْعَ نِعَالِهِمْ أَتَاهُ مَلَكَانِ فَيُقْعِدَانِهِ فَيَقُولَانِ مَا كُنْتَ تَقُولُ فِي هَذَا الرَّجُلِ لِمُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَّا الْمُؤْمِنُ فَيَقُولُ أَشْهَدُ أَنَّهُ عَبْدُ اللَّهِ وَرَسُولُهُ فَيُقَالُ لَهُ انْظُرْ إِلَى مَقْعَدِكَ مِنَ النَّارِ قَدْ أَبْدَلَكَ اللَّهُ بِهِ مَقْعَدًا مِنَ الْجنَّة فَيَرَاهُمَا جَمِيعًا قَالَ قَتَادَة وَذكر لنا أَنه يفسح لَهُ فِي قَبره ثمَّ رَجَعَ إِلَى حَدِيث أنس قَالَ وَأَمَّا الْمُنَافِقُ وَالْكَافِرُ فَيُقَالُ لَهُ مَا كُنْتَ تَقُولُ فِي هَذَا الرَّجُلِ فَيَقُولُ لَا أَدْرِي كُنْتُ أَقُولُ مَا يَقُولُ النَّاسُ فَيُقَالُ لَا دَرَيْتَ وَلَا تَلَيْتَ وَيُضْرَبُ بِمَطَارِقَ مِنْ حَدِيدٍ ضَرْبَةً فَيَصِيحُ صَيْحَةً يَسْمَعُهَا مَنْ يَلِيهِ غَيْرَ الثقلَيْن» وَلَفظه للْبُخَارِيّ

126. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब बंदे को उसकी कब्र में रख दिया जाता है, और उस के साथी वापस चले जाते हैं, तो वह उन के जूतो की आवाज़ सुनता है, (इसी असना में) दो फ़रिश्ते उस के पास आते है तो वह इसे बिठाकर पूछते है: तुम इस शख़्स मुहम्मद ﷺ के बारे में क्या कहा करते थे? जो मोमिन है, तो वह कहता है: मैं गवाही देता हूँ कि वह अल्लाह के बंदे और उस के रसूल हैं, इसे कहा जाता है: जहन्नम में अपने ठिकाने को देख लो, अल्लाह ने उस के बदले में तुम्हें जन्नत में ठिकाना दे दिया है, वह इन दोनों को एक साथ देखता है, रहा मुनाफ़िक व काफ़िर शख्स, तो उसे भी कहा जाता है तुम इस शख़्स के बारे में क्या कहा करते थे? तो वह कहता है: मैं नहीं जानता, मैं वही कुछ कहता था जो लोग कहा करते थे, इसे कहा जाएगा: ना तुमने (हक़ बात) समझने की कोशिश की न पढ़ने की, इसे लोहे के हथोड़े के साथ एक साथ मारा जाएगा तो वह चीखता चिल्लाता है, जिसे जिन्न व इन्स के सिवा उस के करीब हर चीज़ सुनती है"| बुखारी, मुस्लिम, और यह अल्फाज़ बुखारी के हैं | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1374) و مسلم (2870 / 70)، (7216)

١٢٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «إِنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا مَاتَ عُرِضَ عَلَيْهِ مَقْعَدُهُ بِالْغَدَاةِ وَالْعَشِيِّ إِنْ كَانَ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ فَمِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَإِنْ كَانَ مِنْ أَهْلِ النَّارِ فَمِنْ أَهْلِ النَّارِ فَيُقَالُ هَذَا مَقْعَدُكَ حَتَّى يَبْعَثك الله يَوْم الْقِيَامَة»

127. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई शख़्स फौत हो जाता है, तो सुबह व शाम उस का ठिकाना इसे दिखाया जाता है, अगर तो वह जन्नती है तो वह अहल ए जन्नत से है, और अगर वह जहन्नमी है तो फिर वह अहल ए जहन्नम में से, पस इसे कहा जाएगा: यह तुम्हारा ठिकाना है, हत्ता कि अल्लाह कियामत के दिन तुम्हें उस के लिए दोबारा जिंदा करेगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1379) و مسلم (65 / 2866)، (7211)

١٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ يَهُودِيَّةً دَخَلَتْ عَلَيْهَا فَذَكَرَتْ عَذَابَ الْقَبْرِ فَقَالَتْ لَهَا أَعَاذَكِ اللَّهُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ فَسَأَلَتْ عَائِشَةُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَذَابِ الْقَبْرِ فَقَالَ: «نَعَمْ عَذَابُ الْقَبْرِ قَالَت عَائِشَة رَضِي الله عَنْهَا فَمَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بعد صلى صَلَاة إِلَّا تعوذ من عَذَاب الْقَبْر»

128. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के एक यहूदी औरत उन के पास आई तो उस ने अज़ाब ए कब्र का ज़िक्र किया और उन से कहा: अल्लाह आप को अज़ाब ए कब्र से बचाए, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने अज़ाब ए कब्र के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ने फ़रमाया: हाँ, अज़ाब ए कब्र है" आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने देखा के आप उस के बाद जब भी नमाज़ पढ़ते तो अज़ाब ए कब्र से अल्लाह की पनाह तलब करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1372) و مسلم (125 / 586)، (1321)

١٢٩ - (صَحِيح) عَن زيد بن ثَابت قَالَ بَيْنَمَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَائِطٍ لِبَنِي النَّجَّارِ عَلَى بَغْلَةٍ لَهُ وَنَحْنُ مَعَهُ إِذْ حَادَتْ بِهِ فَكَادَتْ تُلْقِيهِ وَإِذَا أَقْبُرُ سِتَّةٍ أَو خَمْسَة أَو أَرْبَعَة قَالَ كَذَا كَانَ يَقُول الْجريرِي فَقَالَ: «من يعرف أَصْحَاب هَذِه الأقبر فَقَالَ رجل أَنا قَالَ فَمَتَى مَاتَ هَؤُلَاءِ قَالَ مَاتُوا فِي الْإِشْرَاك فَقَالَ إِنَّ هَذِهِ الْأُمَّةَ تُبْتَلَى فِي قُبُورِهَا فَلَوْلَا أَنْ لَا تَدَافَنُوا لَدَعَوْتُ اللَّهَ أَنْ يُسْمِعَكُمْ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ الَّذِي أَسْمَعُ مِنْهُ ثُمَّ أَقْبَلَ عَلَيْنَا بِوَجْهِهِ فَقَالَ تَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنْ عَذَابِ النَّارِ قَالُوا نَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ عَذَاب النَّار فَقَالَ تَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ قَالُوا نَعُوذُ بِاللَّه من عَذَاب الْقَبْر قَالَ تَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنَ الْفِتَنِ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ قَالُوا نَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الْفِتَنِ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ قَالَ تَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنْ فِتْنَةِ الدَّجَّالِ قَالُوا نَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ فِتْنَةِ الدَّجَّالِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

129. ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस असना में के रसूलुल्लाह ﷺ अपने खच्चर पर सवार बनू नजार के बाग़ में थे जबकि हम भी आप के साथ थे की अचानक खच्चर बिदका, करीब था के वह आप को गिरा देता, वहां पांच छे कबरे थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उन क़बरो वालो को कौन जानता है?" एक आदमी ने अर्ज़ किया: मैं, आप ने फ़रमाया: "वो कब फौत हुए थे? उस ने कहा: हालत ए शिर्क में, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बेशक इस उम्मत के लोगों का उनकी क़बरो में इम्तिहान लिया जाएगा, अगर ऐसे न होता की तुम दफन करना छोड़ दोगे तो मैं अल्लाह से दुआ करता के वह अज़ाब ए कब्र तुम्हें सुना दे जो मैं सुन रहा हूँ, फिर आप ﷺ ने अपना रूखे अनवर (चेहरा) हमारी तरफ करते हुए फ़रमाया: "जहन्नम के अज़ाब से अल्लाह की पनाह तलब करो", उन्होंने अर्ज़ किया: हम अज़ाब ए जहन्नम से अल्लाह की पनाह तलब करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अज़ाब ए कब्र से अल्लाह की पनाह तलब करो", उन्होंने कहा: हम अज़ाब ए कब्र से अल्लाह की पनाह तलब करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ज़ाहिर व बातिनी फ़ितनो से अल्लाह की पनाह तलब करो", उन्होंने कहा: हम ज़ाहिर व बातिनी फ़ितनो से अल्लाह की पनाह चाहते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "दज्जाल के फितने से अल्लाह की पनाह तलब करो", उन्होंने कहा: हम दज्जाल के फितने से अल्लाह की पनाह चाहते है"| (सहीह)

رواه مسلم (67 / 2867)، (7213)

अज़ाब ए कब्र का बयान • بَاب إِثْبَات عَذَاب الْقَبْر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٣٠ - (حسن) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قُبِرَ الْمَيِّتُ أَتَاهُ مَلَكَانِ ص:٤ أَسْوَدَانِ أَزْرَقَانِ يُقَالُ لِأَحَدِهِمَا الْمُنْكَرُ وَالْآخَرُ النَّكِيرُ فَيَقُولَانِ مَا كُنْتَ تَقُولُ فِي هَذَا الرجل فَيَقُول مَا كَانَ يَقُول هُوَ عَبْدُ اللَّهِ وَرَسُولُهُ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ فَيَقُولَانِ قَدْ كُنَّا نَعْلَمُ أَنَّكَ تَقُولُ هَذَا ثُمَّ يُفْسَحُ لَهُ فِي قَبْرِهِ سَبْعُونَ ذِرَاعًا فِي سَبْعِينَ ثُمَّ يُنَوَّرُ لَهُ فِيهِ ثُمَّ يُقَالُ لَهُ نَمْ فَيَقُولُ أَرْجِعُ إِلَى أَهْلِي فَأُخْبِرُهُمْ فَيَقُولَانِ نَمْ كَنَوْمَةِ الْعَرُوسِ الَّذِي لَا يُوقِظُهُ إِلَّا أَحَبُّ أَهْلِهِ إِلَيْهِ حَتَّى يَبْعَثَهُ اللَّهُ مِنْ مَضْجَعِهِ ذَلِكَ وَإِنْ كَانَ مُنَافِقًا قَالَ سَمِعت النَّاس يَقُولُونَ فَقُلْتُ مِثْلَهُ لَا أَدْرِي فَيَقُولَانِ قَدْ كُنَّا نَعْلَمُ أَنَّكَ تَقُولُ ذَلِكَ فَيُقَالُ لِلْأَرْضِ الْتَئِمِي عَلَيْهِ فتلتئم عَلَيْهِ فتختلف فِيهَا أَضْلَاعُهُ فَلَا يَزَالُ فِيهَا مُعَذَّبًا حَتَّى يَبْعَثَهُ الله من مضجعه ذَلِك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

130. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब मय्यत को कब्र में दफन कर दिया जाता है, तो सियाह फाम नीली आंखो वाले दो फ़रिश्ते उस के पास आते है, उनमें से एक को मुनकर और दूसरे को नकिर कहते, पस वह कहते हैं, तुम इस शख़्स के बारे में क्या कहा करते थे? तो वह कहता है: वह अल्लाह के बंदे और उस के रसूल हैं, मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और यह कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं, वह दोनों फ़रिश्ते कहते हैं: हमें पता था के तुम यही कहोगे, फिर उसकी कब्र को टूल व अर्ज़ में सत्तर सत्तर हाथ कुशादा कर दिया जाता है, फिर उस के लिए उस में रोशनी कर दी जाती है, फिर इसे कहा जाता है, सो जाओ वह कहता है: मैं अपने घरवालो के पास वापस जाना चाहता हूँ ताकि उन्हें बताऊँ, लेकिन वह कहते हैं, दुल्हन की तरह सो जा, जिसे उस के घर का अज़ीज़ तरीन फर्द ही बेदार करता है, हत्ता कि अल्लाह इसे उसकी ख्वाबगाह से बेदार करेगा, और अगर वह मुनाफ़िक़ हुआ, तो वह कहेगा: मैंने लोगों को एक बात करते हुए सुना तो मैंने भी वैसे ही कह दिया, मैं कुछ नहीं जानता, वह फ़रिश्ते कहते हैं: हमें पता था के तुम यही कहोगे पस, ज़मीन से कहा जाता है: उस पर तंग हो जा, वह उस पर तंग हो जाती है, उस से उसकी इधर की पसलिया उधर आ जाएगी, पस इसे उस में मुसलसल अज़ाब होता रहेगा हत्ता कि अल्लाह उसकी इस ख्वाबगाह से इसे दोबारा जिंदा करेगा"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1071 وقال : حسن غريب) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 3107)]

١٣١ - (صَحِيح) عَن الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «وَيَأْتِيهِ مَلَكَانِ فَيُجْلِسَانِهِ فَيَقُولَانِ لَهُ مَنْ رَبُّكَ فَيَقُولُ رَبِّيَ اللَّهُ فَيَقُولَانِ لَهُ مَا دِينُكَ فَيَقُولُ ديني الْإِسْلَام فَيَقُولَانِ لَهُ مَا هَذَا الرَّجُلُ الَّذِي بُعِثَ فِيكُمْ قَالَ فَيَقُول هُوَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَقُولَانِ وَمَا يُدْرِيكَ فَيَقُولُ قَرَأْتُ كِتَابَ اللَّهِ فَآمَنْتُ بِهِ وَصَدَّقْتُ زَاد فِي حَدِيث جرير فَذَلِك قَول الله عز وَجل (يثبت الله الَّذين آمنُوا بالْقَوْل الثَّابِت)»» الْآيَة ثمَّ اتفقَا قَالَ فينادي مُنَاد من السَّمَاء أَن قد صدق عَبدِي فأفرشوه مِنَ الْجَنَّةِ وَافْتَحُوا لَهُ بَابًا إِلَى الْجَنَّةِ وألبسوه من الْجنَّة قَالَ فيأتيه من روحها وطيبها قَالَ وَيفتح لَهُ فِيهَا مد بَصَره قَالَ وَإِن الْكَافِر فَذكر مَوته قَالَ وتعاد رُوحُهُ فِي جَسَدِهِ وَيَأْتِيهِ مَلَكَانِ فَيُجْلِسَانِهِ فَيَقُولَانِ لَهُ مَنْ رَبُّكَ فَيَقُولُ

هَاهْ هَاهْ لَا أَدْرِي ص:٤ فَيَقُولَانِ لَهُ مَا دِينُكَ فَيَقُولُ هَاهْ هَاهْ لَا أَدْرِي فَيَقُولَانِ مَا هَذَا الرَّجُلُ الَّذِي بُعِثَ فِيكُمْ فَيَقُولُ هَاهْ هَاهْ لَا أَدْرِي فَيُنَادِي مُنَادٍ مِنَ السَّمَاءِ أَنَّ كَذَبَ فَأَفْرِشُوهُ مِنَ النَّارِ وَأَلْبِسُوهُ مِنَ النَّارِ وَافْتَحُوا لَهُ بَابًا إِلَى النَّارِ قَالَ فَيَأْتِيهِ مِنْ حَرِّهَا وَسَمُومِهَا قَالَ وَيُضَيَّقُ عَلَيْهِ قَبْرُهُ حَتَّى تَخْتَلِفَ فِيهِ أَضْلَاعُهُ ثمَّ يقيض لَهُ أعمى أبكم مَعَهُ مِرْزَبَّةٌ مِنْ حَدِيدٍ لَوْ ضُرِبَ بِهَا جبل لصار تُرَابا قَالَ فَيَضْرِبُهُ بِهَا ضَرْبَةً يَسْمَعُهَا مَا بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمغْرب إِلَّا الثقلَيْن فَيصير تُرَابا قَالَ ثمَّ تُعَاد فِيهِ الرّوح» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

131. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दो फ़रिश्ते उस के पास आते है तो उसे बिठाकर पूछते है: तेरा रब कौन है? तो वह कहता है: मेरा रब अल्लाह है, फिर वह पूछते है: तेरा दीन क्या है? तो वह कहता है: मेरा दीन इस्लाम है, फिर वह पूछते है: यह आदमी जो तुम में मबउस किए गए थे वह कौन थे? वह जवाब देगा: वह अल्लाह के रसूल! है, वह दोनों फ़रिश्ते कहते हैं तुम्हें किस ने बताया, वह कहता है: मैंने अल्लाह की किताब पढ़ी, तो मैं उस पर ईमान ले आया और तस्दीक की, उस का यह जवाब देना अल्लाह तआला के इस फरमान के मुताबिक है, “अल्लाह उन लोगों को जो इमान लाते है, सच्ची बात पर साबित कदम रखता है”, फ़रमाया आसमान से आवाज़ देने वाला आवाज़ देता है, मेरे बंदे ने सच कहा, इसे जन्नती बिछोना बिछादो, जन्नती लिबास पहना दो और उस के लिए जन्नत की तरफ एक दरवाज़ा खोल दो, वह खोल दिया जाता है, वहां से इत्र जैसी खुश्बू उस के पास आती है और उसकी हद्दे निगाह तक उसकी कब्र कुशादा कर दी जाती है, फिर आप ﷺ ने काफ़िर की मौत का ज़िक्र करते हुए फ़रमाया, उसकी रूह को उस के जिस्म में लौटाया जाता है, दो फ़रिश्ते उस के पास आते है तो वह इसे बिठाकर पूछते है: तेरा रब कौन है? वह कहता है: हाए! हाए! मैं नहीं जानता, फिर वह पूछते है: तेरा दीन क्या है? वह जवाब देता है, हाए! हाए! मैं नहीं जानता, फिर वह पूछते है: वह शख़्स जो तुम में मबउस किए गए थे कौन थे? फिर वही जवाब देता है, हाए! हाए! मैं नहीं जानता, आसमान से आवाज़ देने वाला आवाज़ देता है, उस ने झूठ बोला, लिहाज़ा इसे जहन्नम से बिस्तर बिछादो, जहन्नम से लिबास पहना दो और उस के लिए जहन्नम की तरफ एक दरवाज़ा खोल दो, फ़रमाया जहन्नम की हरारत और वहां की गरम लौ उस तक पहुंचेगी, फ़रमाया उसकी कब्र उस पर तंग कर दी जाती है, हत्ता कि उसकी इधर की पसलिया इधर निकल जाती है, फिर एक अंधा और बहरा दारोगा उस पर मुसल्लत कर दिया जाता है, जिसके पास लोहे का बड़ा हथोड़ा होता है, अगर इसे पहाड़ पर मारा जाए तो वह मिट्टी हो जाए, वह उस के साथ इसे मारता है तो जिन्न व इन्स के सिवा, मशरिक व मगरिब के दरमियान में मौजूद हर चीज़ इस मार को सुनती है, वह मिट्टी हो जाता है तो फिर रूह को दोबारा उस में लौटा दिया जाता है”। (हसन)

حسن ، دون قوله :’’ فيصير ترابًا ثم يعاد فيه الروح ‘‘ لان فيه الاعمش مدلس ولم يصرح بالسماع فى هذا اللفظ رواه احمد (4 / 287 ، 288 ح 18733) و ابوداؤد (3212 ، 4753) [و رواه الحاكم (1 / 3738 ح 107) و الطبرانى فى الاحاديث الطوال (المعجم الكبير 25 / 238240 ح 25) و سنده حسن و صححه البيهقى فى شعب الايمان : 395]

١٣٢ - (حسن) وَعَن عُثْمَان رَضِي الله عَنهُ أَنه إِذَا وَقَفَ عَلَى قَبْرٍ بَكَى حَتَّى يَبُلَّ لِحْيَتَهُ فَقِيلَ لَهُ تُذْكَرُ الْجَنَّةُ وَالنَّارُ فَلَا تَبْكِي وَتَبْكِي مِنْ هَذَا فَقَالَ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْقَبْرَ أَوَّلُ مَنْزِلٍ مِنْ مَنَازِلِ الْآخِرَةِ فَإِنْ نَجَا مِنْهُ فَمَا بَعْدَهُ أَيْسَرُ مِنْهُ وَإِنْ لَمْ يَنْجُ مِنْهُ فَمَا بَعْدَهُ أَشَدُّ مِنْهُ قَالَ وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا رَأَيْت منْظرًا قطّ إِلَّا الْقَبْر أَفْظَعُ مِنْهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيث غَرِيب

132. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है जब आप किसी कब्र के पास खड़े होते तो वहां इस क़दर रोते के आप की दाढ़ी तर हो जाती, आप से पूछा गया आप जन्नत और जहन्नम का तज़किरह करते हुए नहीं रोते, मगर कब्र का ज़िक्र कर के रोते हो, तो उन्होंने बताया की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक कब्र आखिरत की मंजिलो में से पहली मंजिल है, पस अगर उस से बच गए तो उस के बाद जो मनाज़िल है वह उस से आसान तर है, और अगर उस से निजात न हुई तो उस के बाद जो मनाज़िल है वह उस से ज़्यादा सख्त है", रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैंने कब्र से ज़्यादा सख्त और बुरा मंजर कभी नहीं देखा"। तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2308 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (4267) [و صححه الحاكم و الذهبى فى تلخيص المستدرک (1 / 371 ، 4 / 330331)]

١٣٣ - (صَحِيح) وَعَن عُثْمَان رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا فَرَغَ مِنْ دَفْنِ الْمَيِّتِ وَقَفَ عَلَيْهِ فَقَالَ: «اسْتَغْفِرُوا لِأَخِيكُمْ ثُمَّ سَلُوا لَهُ بِالتَّثْبِيتِ فَإِنَّهُ الْآنَ يُسْأَلُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

133. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ मय्यत को दफन करने से फारिग़ होते तो उस के पास खड़े हो कर फरमाते: "अपने भाई के लिए मगफिरत तलब करो, उस के लिए सवाब व जवाब के मौके पर साबित कदमी की दरख्वास्त करो, क्योंकि अब उस से सवाल किया जाएगा"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3221) [و صححه الحاكم 1 / 37 و وافقه الذهبى]

١٣٤ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «يُسَلط عَلَى الْكَافِرِ فِي قَبْرِهِ تِسْعَةٌ وَتِسْعُونَ تِنِّينًا تنهشه وتلدغه حَتَّى تقوم السَّاعَة وَلَو أَنَّ تِنِّينًا مِنْهَا نَفَخَ ص:٤ فِي الْأَرْضِ مَا أَنْبَتَتْ خَضِرًا» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ نَحْوَهُ وَقَالَ: «سَبْعُونَ بدل تِسْعَة وَتسْعُونَ»

134. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "काफ़िर पर उसकी कब्र में निन्यानवेअज़दहा मुसल्लत कर दिए जाते हैं, वह कयामे कियामत तक इसे दसते रहेंगे, अगर उनमें से एक अज़दहा ज़मीन पर फूंक मार दे, तो ज़मीन किसी किस्म का सब्ज़ा (हरियाली) न उगाए"। दारमी इमाम तिरमिज़ी ने इस तरह रिवायत किया है, उन्होंने निन्यानवेके बजाए सत्तर अज़दहा का ज़िक्र किया है। (हसन)

حسن ، رواه الدارمى (1 / 331 ح 2818 و سنده حسن) و الترمذى (2460 وقال : غريب) و سنده ضعيفانظر انوار الصحيفة (ص 258) و حديث الدارمى يغنى عنه ، قلت : دراج صدوق و حديثه عن ابى الهيثم حسن لذاته

अज़ाब ए कब्र का बयान • بَاب إِثْبَات عَذَاب الْقَبْر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٣٥ - (ضَعِيف) عَن جَابر بن عبد الله قَالَ خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى سَعْدِ بْنِ مُعَاذٍ حِينَ توفّي قَالَ فَلَمَّا صَلَّى عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَوُضِعَ فِي قَبْرِهِ وَسُوِّيَ عَلَيْهِ سَبَّحَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَبَّحْنَا طَوِيلًا ثُمَّ كَبَّرَ فَكَبَّرْنَا فَقِيلَ يَا رَسُولَ اللَّهِ لِمَ سَبَّحْتَ ثُمَّ كَبَّرْتَ قَالَ: «لقد تضايق على هَذَا العَبْد الصَّالح قَبره حَتَّى فرجه الله عز وَجل عَنهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

135. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब सईद बिन मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु ने वफात पाई तो हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ उन के जनाज़े के लिए गए, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उनकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ी और उन्हें कब्र में रख कर ऊपर मिट्टी डाल दी गई, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने तस्बीह बयान की और हमने भी तवील तस्बीह बयान की, फिर आप ने (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर पढ़ा तो हमने भी (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर पढ़ा, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! आप ने तस्बीह क्यों बयान की, फिर आप ने तकबीर बयान की आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस सालेह बंदे पर उसकी कब्र तंग हो गई थी, हत्ता कि अल्लाह ने इसे कुशादा कर दिया"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 360 ح 14934) * محمود و يقال محمد بن عبد الرحمن بن عمرو بن الجموح : ثقة ، وثقه ابو زرعة الرازى (كتاب الجرح و التعديل 7 / 316) و ابن حبان (5 / 373) و باقى السند حسن

١٣٦ - (صَحِيح) وَعَن ابْنِ عُمَرَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «هَذَا الَّذِي تَحَرَّكَ لَهُ الْعَرْشُ وَفُتِحَتْ لَهُ أَبْوَابُ السَّمَاءِ وَشَهِدَهُ سَبْعُونَ أَلْفًا مِنَ الْمَلَائِكَةِ لَقَدْ ضُمَّ ضَمَّةً ثُمَّ فُرِّجَ عَنْهُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

136. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ये (सईद बिन मुआज़ (र)) वह शख़्स है जिस की खातिर अर्श लरज़ गया, उस के लिए आसमान के दरवाज़े खोल दिए गए और उसकी नमाज़ ए जनाज़ा में सत्तर हज़ार फरिश्तो ने शिरकत की, लेकिन इसे भी कब्र में दबाया गया, फिर उनकी कब्र को कुशादा कर दिया गया"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائى (4 / 100 ، 101 ح 2057) * وقال الذهبى : هذا الضمة ليست من عذاب القبر فى شى ، بل هو امريجده المومن كما يجد الم فقد ولده و حميمه فى الدنيا و كما يجد من الم مرضه و الم خروج نفسه ،،،(سير اعلام النبلاء 1 / 290)

١٣٧ - (صَحِيح) عَن أَسْمَاءَ بِنْتِ أَبِي بَكْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا تَقول قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطِيبًا فَذكر فتْنَة الْقَبْر الَّتِي يفتتن فِيهَا الْمَرْءُ فَلَمَّا ذَكَرَ ذَلِكَ ضَجَّ الْمُسْلِمُونَ ضَجَّةً. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ هَكَذَا وَزَادَ النَّسَائِيُّ: حَالَتْ بَيْنِي وَبَيْنَ أَنْ أَفْهَمَ كَلَامَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا سَكَنَتْ ص:٥ ضَجَّتُهُمْ قُلْتُ لِرَجُلٍ قَرِيبٍ مِنِّي: أَيْ بَارَكَ اللَّهُ فِيكَ مَاذَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي آخِرِ قَوْلِهِ؟ قَالَ: «قَدْ أُوحِيَ إِلَيَّ أَنَّكُمْ تُفْتَنُونَ فِي الْقُبُورِ قَرِيبًا من فتْنَة الدَّجَّال»

137. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खुत्बा इरशाद फरमाने के लिए खड़े हुए तो आप ﷺ ने फितने कब्र का ज़िक्र फ़रमाया, जिस में आदमी को आज़माया जाएगा, पस जब आप ﷺ ने इस का ज़िक्र फ़रमाया तो मुसलमान ज़ोर से रोने लगे"। इमाम नसई ने इज़ाफा नकल किया है: यह रोना मेरे और रसूलुल्लाह ﷺ का कलाम समझने के दरमियान में हाइल हो गया, जब इन का यह रोना और शोर थमा तो मैंने अपने पास वाले एक आदमी से कहा: अल्लाह तआला तुम्हें बरकत अता फरमाए, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने कलाम के आख़िर पर क्या फ़रमाया? उस ने बताया: आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे वही के ज़रिए बताया गया है के तुम क़बरो में फितने दज्जाल के करीब करीब आज़माए जाओगे"। (सहीह)

رواه البخارى (1373) و النسائى (4 / 103 ، 104 ح 2064)

١٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا أُدْخِلَ الْمَيِّتُ الْقَبْرَ مَثَلَتْ لَهُ الشَّمْسُ عِنْدَ غُرُوبِهَا فَيَجْلِسُ يَمْسَحُ عَيْنَيْهِ وَيَقُولُ: دَعونِي أُصَلِّي ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

138. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ने फ़रमाया: "जब मय्यत को कब्र में दाखिल किया जाता है तो इसे सूरज ऐसे दिखाया जाता है जैसे वह करीब गुरूब हो, पस वह बैठ जाता है और अपने आँखे मलते हुए कहता है, मुझे छोड़ दो मैं नमाज़ पढ़ लु"। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (4272) [و ابن حبان ، الموارد : 779] * سليمان الاعمش مدلس و عنعن و للحديث شاهد عند البيهقى فى اثبات القبر (64 بتحقيقى) بدون قوله :'' و يمسح عينيه '' و صححه ابن حبان (الموارد : 781) و الحاكم على شرط مسل (1 / 379 ، 380) و وافقه الذهبى و سنده حسن كما قال الهيشمى فى مجمع الزوائد (3 / 52) فالحديث حسن دون قوله :'' ويمسح عينيه ''

١٣٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْمَيِّتَ يَصِيرُ إِلَى الْقَبْرِ فَيَجْلِسُ الرَّجُلُ الصَّالح فِي قَبره غير فزع وَلَا مشعوف ثمَّ يُقَال لَهُ فِيمَ كُنْتَ فَيَقُولُ كُنْتُ فِي الْإِسْلَامِ فَيُقَالُ لَهُ مَا هَذَا الرَّجُلُ فَيَقُولُ مُحَمَّدٌ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَاءَنَا بِالْبَيِّنَاتِ مِنْ عِنْدِ اللَّهِ فَصَدَّقْنَاهُ فَيُقَالُ لَهُ هَلْ رَأَيْتَ اللَّهَ فَيَقُولُ مَا يَنْبَغِي لِأَحَدٍ أَنْ يَرَى اللَّهَ فَيُفْرَجُ لَهُ فُرْجَةً قِبَلَ النَّارِ فَيَنْظُرُ إِلَيْهَا يُحَطِّمُ بَعْضُهَا بَعْضًا فَيُقَالُ لَهُ انْظُرْ إِلَى مَا وَقَاكَ اللَّهُ ثمَّ يفرج لَهُ قِبَلَ الْجَنَّةِ فَيَنْظُرُ إِلَى زَهْرَتِهَا وَمَا فِيهَا فَيُقَال لَهُ هَذَا مَقْعَدك وَيُقَال لَهُ عَلَى الْيَقِينِ كُنْتَ وَعَلَيْهِ مِتَّ وَعَلَيْهِ تُبْعَثُ إِن شَاءَ الله وَيجْلس الرجل السوء فِي قَبره فَزعًا مشعوفا فَيُقَال لَهُ فِيمَ كُنْتَ فَيَقُولُ لَا أَدْرِي فَيُقَالُ لَهُ مَا هَذَا الرَّجُلُ فَيَقُولُ سَمِعْتُ النَّاسَ يَقُولُونَ قولا فقلته فيفرج لَهُ قِبَلَ الْجَنَّةِ فَيَنْظُرُ إِلَى زَهْرَتِهَا وَمَا فِيهَا فَيُقَالُ لَهُ انْظُرْ إِلَى مَا صَرَفَ اللَّهُ عَنْك ثمَّ يفرج لَهُ فُرْجَةً قِبَلَ النَّارِ فَيَنْظُرُ إِلَيْهَا يُحَطِّمُ بَعْضُهَا بَعْضًا فَيُقَالُ لَهُ هَذَا مَقْعَدُكَ عَلَى الشَّك كنت وَعَلِيهِ مت وَعَلِيهِ تبْعَث إِن شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

139. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मय्यत कब्र की तरफ जाती है, तो (स्वालेह) आदमी किसी किस्म की घबराहट के बगैर अपने कब्र में बैठ जाता है, फिर कहा जाता है: तुम किस दीन पर थे वह कहेगा? इस्लाम पर, उस से पूछा जाएगा: यह आदमी कौन थे? वह कहेगा: अल्लाह के रसूल! मुहम्मद ﷺ , वह अल्लाह की तरफ से मोअजिज़ात लेकर हमारे पास तशरीफ़

लाए तो हमने उनकी तस्दीक की, उस से पूछा जाएगा: क्या तुम ने अल्लाह को देखा? वह जवाब देगा किसी के लिए (दुनिया) में अल्लाह को देखना सहीह व लायक नहीं, इस के बाद उस के लिए जहन्नम की तरफ एक सुराख़ कर दिया जाता है, तो वह उसकी तरफ देखता है के जहन्नम के बाज़ हिस्से बाज़ को खा रहे हैं, इसे कहा जाता है: इसे देखो जिस से अल्लाह ने तुम्हें बचा लिया, फिर उस के लिए जन्नत की तरफ एक सुराख़ कर दिया जाता है, तो वह उसकी और उसकी नेअमतो की रोनक व खूबसूरती को देखता है, तो उसे बताया जाता है के यह तुम्हारा ठिकाना है, तुम यकीन पर थे इसी पर तुम फौत हुए और इंशाअल्लाह तुम इसी पर उठाए जाओगे, फिर बुरे आदमी को उसकी कब्र में बिठाया जाएगा तो वह बहोत घबराया सा होगा, उस से पूछा जाएगा: तुम किस दीन पर थे? तो वह कहेगा मैं नहीं जानता, फिर उस से पूछा जाएगा: यह शख़्स कौन थे? वह कहेगा मैंने लोगों को एक बात करते हुए सुना तो मैंने भी वैसे ही कह दिया, (इस के बाद) उस के लिए जन्नत की तरफ एक सुराख़ कर दिया जाएगा, तो वह उसकी और उसकी नेअमतो की रोनक व खूबसूरती को देखेगा, तो उसे कहा जाएगा: उस को देखो जिसे अल्लाह ने तुझ से दूर कर दिया, फिर उस के लिए जहन्नम की तरफ एक सुराख़ कर दिया जाएगा तो वह इसे देखेगा के उस का बाज़ हिस्सा बाज़ को खा रहा है, इसे कहा जाएगा: यह तेरा ठिकाना है, तू शक पर था इसी पर फौत हुआ और इंशाअल्लाह इसी पर उठाया जाएगा"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابن ماجه (4268) [و صححه البوصيرى]

• بَاب الِاعْتِصَام بِالْكِتَاب وَالسّنة
किताब व सुन्नत को मज़बूती से पकड़ने का बयान

• الْفَصْل الأول
पहली फस्ल

١٤٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَحْدَثَ فِي أَمْرِنَا هَذَا مَا لَيْسَ مِنْهُ فَهُوَ رد»

140. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने हमारे इस अम्र (दीन) में कोई ऐसा काम जारी किया जो के उस में नहीं वह मरदूद है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2697) و مسلم (17 / 1718)، (4492)

١٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَّا بَعْدُ فَإِنَّ خَيْرَ الْحَدِيثِ كِتَابُ اللَّهِ وَخَيْرَ الْهَدْيِ هَدْيُ مُحَمَّدٍ وَشَرَّ الْأُمُورِ مُحْدَثَاتُهَا وَكُلَّ بِدْعَةٍ ضَلَالَةٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

141. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हम्द व सना और सलातु वस

सलाम के बाद सबसे बेहतरीन कलाम, अल्लाह की किताब है, और बेहतरीन तरीका मुहम्मद ﷺ का तरीका है, बदतरीन उमूर वह है जो नए जारी किए जाए और हर बिदअत गुमराही है"। (सहीह)

رواه مسلم (43 / 867)، (2005) [و زاد النسائى (3 / 189 ، 188 ح 1579) '' و كل ضلالة فى النار '' و سنده سند مسلم]

١٤٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبْغَضُ النَّاسِ إِلَى الله ثَلَاثَة ملحد فِي الْحرم وميتغ فِي الْإِسْلَام سنة الْجَاهِلِيَّة ومطلب دم امرىء بِغَيْر حق ليهريق دَمه» رَوَاهُ البُخَارِيّ

142. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तीन किस्म के लोग अल्लाह को सख्त नापसंदीदा है, हरम में ज़ुल्म व नाइंसाफी करने वाला, इस्लाम में जाहिलियत का तरीका तलाश करने वाला और बड़ी जद्दोजहद के बाद किसी मुसलमान को नाहक क़त्ल करने वाला"। (सहीह)

رواه البخارى (6882)

١٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كُلُّ أُمَّتِي يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ إِلَّا مَنْ أَبَى. قِيلَ: وَمَنْ أَبَى؟ قَالَ: مَنْ أَطَاعَنِي دَخَلَ الْجَنَّةَ وَمَنْ عَصَانِي فقد أَبى " رَوَاهُ البُخَارِيّ

143. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी सारी उम्मत जन्नत में जाएगी, सिवाय उस शख़्स के जिस ने इनकार किया", अर्ज़ किया गया: किस ने इनकार किया? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स ने मेरी इताअत की वह जन्नत में जाएगा और जिस ने मेरी नाफ़रमानी की गोया उस ने इनकार कर दिया"। (सहीह)

رواه البخارى (7280)

١٤٤ - (صَحِيح) عَن جَابر بن عبد الله يَقُول جَاءَتْ مَلَائِكَةٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ نَائِم فَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّهُ نَائِمٌ وَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّ الْعَيْنَ نَائِمَة وَالْقلب يقظان فَقَالُوا إِنَّ لِصَاحِبِكُمْ هَذَا مَثَلًا فَاضْرِبُوا لَهُ مثلا فَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّهُ نَائِمٌ وَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّ الْعَيْنَ نَائِمَةٌ وَالْقَلْبَ يَقْظَانُ فَقَالُوا مَثَلُهُ كَمَثَلِ رَجُلٍ بَنَى دَارًا وَجَعَلَ فِيهَا مَأْدُبَةً وَبَعَثَ ص:٥ دَاعِيًا فَمَنْ أَجَابَ الدَّاعِيَ دَخَلَ الدَّارَ وَأَكَلَ مِنَ الْمَأْدُبَةِ وَمَنْ لَمْ يُجِبِ الدَّاعِيَ لَمْ يَدْخُلِ الدَّارَ وَلَمْ يَأْكُلْ مِنَ الْمَأْدُبَةِ فَقَالُوا أَوِّلُوهَا لَهُ يفقهها فَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّهُ نَائِمٌ وَقَالَ بَعْضُهُمْ إِنَّ الْعَيْنَ نَائِمَة وَالْقلب يقظان فَقَالُوا فالدار الْجنَّة والداعي مُحَمَّد صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَمن أَطَاع مُحَمَّدًا صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فقد أَطَاع الله وَمن عصى مُحَمَّدًا صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فقد عصى الله وَمُحَمّد صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فرق بَين النَّاس. رَوَاهُ البُخَارِيّ

144. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कुछ फ़रिश्ते नबी ﷺ के पास आए, आप सो रहे थे, उन्होंने कहा: तुम्हारे इस साथी की एक मिसाल है, वह मिसाल इन के सामने बयान कर दो, उनमें से बाज़ फरिश्तो ने कहा वह तो सोए हुए है, जबकि बाज़ ने कहा बेशक आँखे सोई हुई है लेकिन दिल बेदार है, पस उन्होंने

कहा: उनकी मिसाल इस शख़्स जैसी है, जिस ने एक घर बनाया, उस में दस्तरखान लगाया और एक दाई को भेजा, पस जिस शख़्स ने दाई की दावत को कबूल कर लिया, वह घर में दाखिल होगा और दस्तरखान से खाना भी खाएगा और जिस ने दाई की दावत को कबूल न किया, ना यह घर में दाखिल हुआ न दस्तरखान से खाना खाया, फिर उन्होंने कहा: उसकी मज़ीद वज़ाहत कर दो, ताकि वह इसे समझ सके, फिर उनमें से किसी ने कहा के वह तो सोए हुए है, और बाज़ ने कहा आँख सोई हुई है और दिल बेदार है, पस उन्होंने कहा: घर जन्नत है, दाई मुहम्मद ﷺ, पस जिस शख़्स ने मुहम्मद ﷺ की इताअत की तो उस ने अल्लाह की इताअत की और जिस ने मुहम्मद ﷺ की नाफ़रमानी की तो उस ने अल्लाह की नाफ़रमानी की और मुहम्मद ﷺ लोगों के दरमियान फर्क करने वाले हैं"। (सहीह)

رواه البخارى (7281)

١٤٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ يَقُولُ جَاءَ ثَلَاثَة رَهْط إِلَى بيُوت أَزْوَاجِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْأَلُونَ عَنْ عِبَادَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا أخبروا كَأَنَّهُمْ تقالوها فَقَالُوا وَأَيْنَ نَحْنُ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ وَمَا تَأَخَّرَ قَالَ أحدهم أما أَنا فَإِنِّي أُصَلِّي اللَّيْل أبدا وَقَالَ آخر أَنا أَصوم الدَّهْر وَلَا أفطر وَقَالَ آخر أَنَا أَعْتَزِلُ النِّسَاءَ فَلَا أَتَزَوَّجُ أَبَدًا فَجَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْهِمْ فَقَالَ: «أَنْتُمُ الَّذِينَ قُلْتُمْ كَذَا وَكَذَا أَمَا وَاللَّهِ إِنِّي لَأَخْشَاكُمْ لِلَّهِ وَأَتْقَاكُمْ لَهُ لَكِنِّي أَصُومُ وَأُفْطِرُ وَأُصَلِّي وَأَرْقُدُ وَأَتَزَوَّجُ النِّسَاءَ فَمَنْ رَغِبَ عَنْ سُنَّتِي فَلَيْسَ مني»

145. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, तीन शख़्स नबी ﷺ की इबादत के मुतल्लिक पूछने के लिए नबी ﷺ की अज़वाज ए मूतहरात के पास आए, जब उन्हें उस के मुतल्लिक बताया गया, तो गोया उन्होंने इसे कम महसूस किया, चुनान्चे उन्होंने कहा: हमारी नबी ﷺ से क्या निस्बत? अल्लाह ने तो उनकी अगली पिछली तमाम खताए मुआफ़ फरमा दी है, उनमें से एक ने कहा: मैं तो हमेशा सारी रात नमाज़ पढ़ूँगा, दूसरे ने कहा: मैं दिन के वक़्त हमेशा रोज़ा रखूँगा और इफ्तार नहीं करूँगा और तीसरे ने कहा: मैं औरतो से बचा करूँगा और मैं कभी शादी नहीं करूँगा, नबी ﷺ उन के पास आए और पूछा: तुम वह लोग हो जिन्होंने इस तरह इस तरह कहा है, अल्लाह की क़सम! मैं तुम से ज़्यादा अल्लाह से डरता हूँ और तुम से ज़्यादातक़्वा रखता हूँ, लेकिन मैं रोज़ा भी रखता हूँ और इफ्तार भी करता हूँ, रात को नमाज़ पढ़ता हूँ और सोता भी हूँ और मैं औरतो से शादी भी करता हूँ, पस जो शख़्स मेरी सुन्नत से एअराज़ करे वह मुझ से नहीं"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5063) و مسلم (5 / 1403)، (3403)

١٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: صَنَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْئًا فَرَخَّصَ فِيهِ فَتَنَزَّهَ عَنْهُ قَوْمٌ فَبَلَغَ ذَلِكَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَخَطَبَ فَحَمِدَ اللَّهَ ثُمَّ قَالَ: «مَا بَالُ أَقْوَامٍ يَتَنَزَّهُونَ عَنِ الشَّيْءِ أَصْنَعُهُ فَوَاللَّهِ إِنِّي لأعلمهم بِاللَّه وأشدهم لَهُ خشيَة»

146. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कोई काम किया, फिर आप ने उस में

रुखसत दे दी तो कुछ लोगों ने रुखसत को कबूल करने से इजतनाब किया, पस रसूलुल्लाह ﷺ को इस बारे में पता चला, तो आप ﷺ ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया, अल्लाह की हम्द बयान की फिर फ़रमाया: "लोगो को क्या हो गया कि जो काम मैं करता हूँ वह उन से दूर रहते है, अल्लाह की क़सम! मैं अल्लाह के मुतल्लिक उन से ज़्यादा जानता हूँ और उन से इसे ज़्यादा डरता हूँ"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6101) و مسلم (127 / 2356)، (6109)

١٤٧ - (صَحِيح) وَعَن رَافع بن خديج قَالَ: قَدِمَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وهم يأبرون النَّخْلَ فَقَالَ: «مَا تَصْنَعُونَ» قَالُوا كُنَّا نَصْنَعُهُ قَالَ «لَعَلَّكُمْ لَوْ لَمْ تَفْعَلُوا كَانَ خَيْرًا» ص:٥ فَتَرَكُوهُ فنفضت قَالَ فَذَكَرُوا ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «إِنَّمَا أَنَا بَشَرٌ إِذَا أَمَرْتُكُمْ بِشَيْءٍ مِنْ دِينِكُمْ فَخُذُوا بِهِ وَإِذَا أَمَرْتُكُمْ بِشَيْءٍ مِنْ رَأْيِ فَإِنَّمَا أَنا بشر» . رَوَاهُ مُسلم

147. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो वह अहले मदीना खजूरो की पेवनकारी किया करते थे, आप ﷺ ने पूछा: "तुम क्या करते हो?" उन्होंने अर्ज़ किया, हम ऐसे ही करते रहे हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर तुम (पेवनकारी) न करो तो शायद तुम्हारे लिए बेहतर हो", उन्होंने ऐसा करना छोड़ दिया तो उस से पैदावार कम हो गई, रावी बयान करते हैं, उन्होंने उस के मुतल्लिक आप से बात की, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं एक इंसान हूँ, जब मैं तुम्हें तुम्हारे दीन के किसी मुआमले के बारे में तुम्हें हुक्म दूँ तो उसकी तामिल करो, और जब में अपने राय से किसी चीज़ के मुतल्लिक तुम्हें कोई हुक्म दू तो मैं एक इंसान हूँ"। (सहीह)

رواه مسلم (140 / 2362)، (6127)

١٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا مَثَلِي وَمَثَلُ مَا بَعَثَنِي اللَّهُ بِهِ كَمَثَلِ رَجُلٍ أَتَى قَوْمًا فَقَالَ يَا قَوْمِ إِنِّي رَأَيْتُ الْجَيْشَ بِعَيْنِي وَإِنِّي أَنَا النَّذِيرُ الْعُرْيَانُ فَالنَّجَاءَ النَّجَاءَ فَأَطَاعَهُ طَائِفَةٌ مِنْ قَوْمِهِ فَأَدْلَجُوا فَانْطَلَقُوا عَلَى مَهْلِهِمْ فَنَجَوْا وَكَذَّبَتْ طَائِفَةٌ مِنْهُمْ فَأَصْبَحُوا مَكَانَهُمْ فَصَبَّحَهُمُ الْجَيْشُ فَأَهْلَكَهُمْ وَاجْتَاحَهُمْ فَذَلِكَ مَثَلُ مَنْ أَطَاعَنِي فَاتَّبَعَ مَا جِئْتُ بِهِ وَمثل من عَصَانِي وَكذب بِمَا جِئْتُ بِهِ مِنَ الْحَقِّ»

148. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी और जिस चीज़ के साथ अल्लाह ने मुझे मबउस किया है, उसकी मिसाल इस शख़्स जैसी है जो किसी कौम के पास आया और उस ने कहा मेरी कौम मैंने अपनी आंखो से लश्कर देखा है, और मैं वाज़ेह और हकीकी तौर पर आगाह करने वाला हूँ, लिहाज़ा तुम जल्दी से बचाव कर लो, पस उसकी कौम का एक गिरोह उसकी बात मान कर सरशाम इत्मिनान के साथ रवाना हो गया, और वह बच गया, जबकि उन के एक गिरोह ने इस शख़्स की बात को झुठलाया और अपनी जगह पर डटे रहे तो सुबह होते ही इस लश्कर ने इन पर धावा बोल दिया, और उन्हें मुकम्मल तौर पर ख़त्म कर दिया, पस यह इस शख़्स की मिसाल है जिस ने मेरी इताअत की, और मेरी लाइ हुई शरियत की इत्तेबा की, और इस शख़्स की मिसाल है जिस ने मेरी नाफ़रमानी की और

मेरे लाए हुए हक़ की तकज़ीब की"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7283) و مسلم (16 / 2283)، (5954)

١٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِنَّمَا مثلي وَمثل النَّاس كَمَثَلِ رَجُلٍ اسْتَوْقَدَ نَارًا فَلَمَّا أَضَاءَتْ مَا حوله جَعَلَ الْفَرَاشُ وَهَذِهِ الدَّوَابُّ الَّتِي تَقَعُ فِي النَّار يقعن فِيهَا وَجعل يحجزهن ويغلبنه فيقتحمن فِيهَا فَأَنَا آخِذٌ بِحُجَزِكُمْ عَنِ النَّارِ وَأَنْتُمْ يقتحمون فِيهَا» . هَذِهِ رِوَايَةُ الْبُخَارِيِّ وَلِمُسْلِمٍ نَحْوَهَا وَقَالَ فِي آخرهَا: ص:٥ " فَذَلِكَ مَثَلِي وَمَثَلُكُمْ أَنَا آخِذٌ بِحُجَزِكُمْ عَنِ النَّارِ: هَلُمَّ عَنِ النَّارِ هَلُمَّ عَنِ النَّارِ فَتَغْلِبُونِي تَقَحَّمُونَ فِيهَا "

149. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी मिसाल इस शख़्स कि सी है जिस ने आग जलाई, पस जब इस (आग) ने अपने इर्दगिर्द को रोशन कर दिया, तो परवाने और आग में गिरने वाले खशरात वगैरा उस में गिरना शुरू हो गए, और वह शख़्स उन्हें रोकने लगा लेकिन वह बज़ोर उस में गिरने लगे, पस मैं तुम्हें कमर से पकड़ कर आग से रोक रहा हूँ, जबकि तुम बज़ोर इसी में गिर रहे हो"। यह बुखारी की रिवायत है और मुस्लिम की रिवायत भी इसी तरह है और उस के आख़िर में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरी और तुम्हारी मिसाल इस तरह है की मैं तुम्हें कमर से पकड़ कर आग से बचा रहा हूँ, आग से बच कर मेरी तरफ आ जाओ, आग से बच कर मेरी तरफ आ जाओ, लेकिन तुम मुझ से बज़ोर उस में गिर रहे हो"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6483) و مسلم (18 / 2284)، (5957)

١٥٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَثَلُ مَا بَعَثَنِي اللَّهُ بِهِ مِنَ الْهُدَى وَالْعلم كَمثل الْغَيْث الْكثير أصَاب أَرضًا فَكَانَ مِنْهَا نقية قَبِلَتِ الْمَاءَ فَأَنْبَتَتِ الْكَلَأَ وَالْعُشْبَ الْكَثِيرَ وَكَانَتْ مِنْهَا أَجَادِبُ أَمْسَكَتِ الْمَاءَ فَنَفَعَ اللَّهُ بِهَا النَّاس فَشَرِبُوا وَسقوا وزرعوا وأصابت مِنْهَا طَائِفَةً أُخْرَى إِنَّمَا هِيَ قِيعَانٌ لَا تُمْسِكُ مَاءً وَلَا تُنْبِتُ كَلَأً فَذَلِكَ مَثَلُ مَنْ فَقُهَ فِي دِينِ اللَّهِ وَنَفَعَهُ مَا بَعَثَنِي اللَّهُ بِهِ فَعَلِمَ وَعَلَّمَ وَمَثَلُ مَنْ لَمْ يَرْفَعْ بِذَلِكَ رَأْسًا وَلَمْ يَقْبَلْ هُدَى اللَّهِ الَّذِي أُرْسِلْتُ بِهِ»

150. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने जो हिदायत और इल्म दे कर मुझे मबउस किया है, वह किसी ज़मीन पर बरसने वाली मुसलाधार बारिश की तरह है, पस इस ज़मीन का एक टुकड़ा बहोत अच्छा था, उस ने पानी को कबूल किया और उस ने बहोत सा घास और सब्ज़ा (हरियाली) उगाया, और इस ज़मीन का कुछ टुकड़ा सख्त था, उस ने पानी को रोक लिया, पस अल्लाह ने उस के ज़रिए लोगों को फ़ायदा पहुँचाया, लोगों ने खुद पिया, जानवरों को पिलाया और आबे पाशी की, जबकि ज़मीन का एक टुकड़ा साफ़ चटील था, वहां बारिश हुई तो वह ना पानी रोकती है, न सब्ज़ा (हरियाली) उगाती है, बस यही मिसाल इस शख़्स की है जिसे अल्लाह के दीन में समझ बुझ अता की गई और अल्लाह ने जो तालीमात दे कर मुझे मबउस फ़रमाया, उन से इसे फ़ायदा पहुँचाया, पस उस

ने खुद सिखा और दुसरो को सिखाया और यही इस शख़्स की मिसाल है, जिस ने (अज़राहे तकब्बुर) उसकी तरफ सर न उठाया और अल्लाह ने जो हिदायत दे कर मुझे मबउस फ़रमाया इसे कबूल न किया"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (79) و مسلم (15 / 2282)، (5953)

١٥١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: تَلَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ (هُوَ الَّذِي أَنْزَلَ عَلَيْكَ الْكِتَابَ مِنْهُ آيَات محكمات)»» وَقَرَأَ إِلَى: (وَمَا يَذَّكَّرُ إِلَّا أُولُو الْأَلْبَابِ)»» قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " فَإِذَا رَأَيْتَ وَعِنْدَ مُسْلِمٍ: رَأَيْتُمُ الَّذِينَ يَتَّبِعُونَ مَا تَشَابَهَ مِنْهُ فَأُولَئِكَ الَّذِينَ سَمَّاهُمُ الله فاحذروهم "

151. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ने यह आयत तिलावत फरमाई: "अल्लाह ही वह ज़ात है जिस ने आप पर यह किताब नाज़िल की, उसकी बाज़ आयते साफ़ वाज़ेह है और मुहकम है", और यहाँ तक तिलावत फरमाई: "और वाज़ व नसीहत को सिर्फ वही लोग समझते है जो अकलमंद है", तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तू देखे", जबकि मुस्लिम की रिवायत में है: "जब तुम ऐसे लोगों को देखो जो मुख्तलिफ मानी की मुतहम्मल आयात तलाश करते हैं, तो वह ऐसे लोग है जिन का अल्लाह ने (दिलो में कजी रखने वाले) नाम रखा है, तो तुम उन से बचो"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4547) و مسلم (1 / 2665)، (6775)

١٥٢ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ: هَجَّرْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا قَالَ: فَسَمِعَ أَصْوَاتَ رَجُلَيْنِ اخْتَلَفَا فِي آيَةٍ فَخَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْرَفُ فِي ص:٥ وَجْهِهِ الْغَضَبُ فَقَالَ: «إِنَّمَا هَلَكَ مَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ باختلافهم فِي الْكتاب» . رَوَاهُ مُسلم

152. अब्दुल्लाह बिन अम्र रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं सुबह सवेरे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने दो आदमियों की आवाज़ सुनी जो के किसी आयत के बारे में झगड़ रहे थे, रसूलुल्लाह ﷺ गुस्से की हालत में हमारे पास तशरीफ़ लाए, गुस्से के आसार आप के चेहरे पर नुमाया थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम से पहली कौमे किताब में इख्तिलाफ करने की वजह से हलाक हुई"। (सहीह)

رواه مسلم (2 / 2666)، (6776)

١٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَن أعظم الْمُسلمين فِي لامسلمين جُرْمًا مَنْ سَأَلَ عَنْ شَيْءٍ لَمْ يُحَرَّمْ على النَّاس فَحرم من أجل مَسْأَلته»

153. साद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मुसलमानों के

हक़ में वह मुसलमान सबसे बड़ा मुजरिम है जिस ने किसी ऐसी चीज़ के बारे में (अपने नबी से) दरियाफ्त किया जो पहले हराम नहीं थी, लेकिन उस के दरियाफ्त करने की वजह से इसे हराम कर दिया गया"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7289) و مسلم (132 / 2358)، (6116)

١٥٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ فِي آخِرِ الزَّمَانِ دَجَّالُونَ كَذَّابُونَ يَأْتُونَكُمْ مِنَ الْأَحَادِيثِ بِمَا لَمْ تَسْمَعُوا أَنْتُمْ وَلَا آبَاؤُكُمْ فَإِيَّاكُمْ وَإِيَّاهُمْ لَا يُضِلُّونَكُمْ وَلَا يَفْتِنُونَكُمْ» . . رَوَاهُ مُسلم

154. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आखिरी दौर में फरेबकार झूठे लोग होंगे, वह तुम्हारे पास ऐसी अहादीस लाएंगे जो ना तुमने सुनी होगी न तुम्हारे आबाअ ने, पस अपने आप को उन से और उन्हें अपने आप से दूर रखो, ताकि वह तुम्हें गुमराही और फितने में मुब्तिला न कर दे"। (सहीह)

رواه مسلم (7 / 7)، (16)

١٥٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ أهل الْكتاب يقرؤون التَّوْرَاةَ بِالْعِبْرَانِيَّةِ وَيُفَسِّرُونَهَا بِالْعَرَبِيَّةِ لِأَهْلِ الْإِسْلَامِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُصَدِّقُوا أَهْلَ الْكِتَابِ وَلَا تُكَذِّبُوهُمْ وَ (قُولُوا آمنا بِاللَّه وَمَا أنزل إِلَيْنَا» الْآيَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

155. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अहले किताब तौरात इबरानी ज़ुबान में पढ़ा करते थे और अहले इस्लाम के लिए अरबी ज़ुबान में उसकी तफसीर बयान किया करते थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अहले किताब की ना तस्दीक करो न तकज़ीब, बल्के, कहो हम अल्लाह पर और जो हमारी तरफ नाज़िल किया गया उस पर ईमान लाए"। (सहीह)

رواه البخارى (7542)

١٥٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَفَى بِالْمَرْءِ كَذِبًا أَنْ يُحَدِّثَ بِكُلِّ مَا سمع» . رَوَاهُ مُسلم

156. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदमी के झूठा होने के लिए बस यही काफी है के वह हर सुनी सुनाई बात (तहकीक किए बगैर) बयान कर दे"। (सहीह)

رواه مسلم (5 / 5)، (7)

١٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا من نَبِي بَعثه الله فِي أمة قبلي إِلَّا كَانَ لَهُ من أُمَّتِهِ حَوَارِيُّونَ وَأَصْحَابٌ يَأْخُذُونَ بِسُنَّتِهِ وَيَقْتَدُونَ بِأَمْرِهِ ثُمَّ إِنَّهَا تَخْلُفُ مِنْ بَعْدِهِمْ خُلُوفٌ يَقُولُونَ مَا لَا يَفْعَلُونَ وَيَفْعَلُونَ مَا لَا يُؤْمَرُونَ فَمَنْ جَاهَدَهُمْ بِيَدِهِ فَهُوَ مُؤْمِنٌ وَمَنْ جَاهَدَهُمْ بِلِسَانِهِ فَهُوَ مُؤْمِنٌ وَمَنْ ص:٥ جَاهَدَهُمْ بِقَلْبِهِ فَهُوَ مُؤْمِنٌ وَلَيْسَ وَرَاءَ ذَلِكَ مِنَ الْإِيمَانِ حَبَّةُ خَرْدَلٍ» . رَوَاهُ مُسلم

157. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने मुझ से पहले जिस नबी को मबउस फ़रमाया तो इस नबी के उसकी उम्मत में कुछ मददगार और कुछ आम साथी होते हैं, वह उसकी सुन्नत को कबूल करते और उस के हुक्म की इत्तेबा करते हैं, फिर उन के बाद बुरे जानशीन आजाएँगे, वह ऐसी बाते करेंगे जिस पर उनका अमल नहीं होगा, और ऐसे काम करेंगे जिन का उन्हें हुक्म नहीं दिया गया होगा, पस जो शख़्स अपने हाथ के साथ उन से जिहाद करेगा वह मोमिन है, जो अपने ज़ुबान के साथ उन से जिहाद करेगा वह मोमिन है, और दिल से उन से जिहाद करेगा तो वह भी मोमिन है और उस के बाद राइ के दाने के बराबर भी ईमान नहीं”। (सहीह)

رواه مسلم (80 / 50)، (179)

١٥٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «مَنْ دَعَا إِلَى هُدًى كَانَ لَهُ مِنَ الْأَجْرِ مِثْلُ أُجُورِ مَنْ تَبِعَهُ لَا يَنْقُصُ ذَلِكَ مِنْ أُجُورِهِمْ شَيْئًا وَمَنْ دَعَا إِلَى ضَلَالَةٍ كَانَ عَلَيْهِ مِنَ الْإِثْمِ مِثْلُ آثَامِ مَنْ تَبِعَهُ لَا يَنْقُصُ ذَلِكَ مِنْ آثَامِهِمْ شَيْئا» . رَوَاهُ مُسلم

158. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स हिदायत की तरफ दावत दे, तो उसे भी इस हिदायत की इत्तेबा करने वालो की मिस्ल सवाब मिलेगा, और यह उन के अज़र में कोई कमी नहीं करेगा, और जो शख़्स किसी गुमराही की तरफ दावत दे तो उसे भी इस गुमराही की इत्तेबा करने वालो की मिस्ल गुनाह मिलेगा, और यह उन के गुनाह में कोई कमी नहीं करेगा”। (सहीह)

رواه مسلم (16 / 2674)، (6804)

١٥٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَدَأَ الْإِسْلَامُ غَرِيبًا وَسَيَعُودُ كَمَا بَدَأَ فَطُوبَى للغرباء» . رَوَاهُ مُسلم

159. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्लाम अजनबियत के आलम में शुरू हुआ, और अनकरीब इसी हालत में लौट जाएगा जैसे शुरू हुआ, पस अजनबियों (जिन्होंने इस्लाम के इब्तिदाई दौर और आखिरी दौर में इस्लाम का साथ दिया) के लिए खुशखबरी है”। (सहीह)

رواه مسلم (232 / 145)، (372)

١٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْإِيمَانَ لَيَأْرِزُ إِلَى الْمَدِينَةِ كَمَا تأرز الحية إِلَى جحرها»

160. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक ईमान मदीना की तरफ सिमट आएगा जिस तरह सांप अपने बिल की तरफ सिमट आता है"। # हम इंशाअल्लाह तआला अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस (ذرونی ما ترکتکم) किताब मनासिक में और मुआविया व जाबिर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीसे (لایزال من امتی) और (ولا یزال طائفة من امتی) बाब सवाब हाज़ल अमत में ज़िक्र करेंगे (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1872) و مسلم (233 / 147)، (374) 0 حدیث '' ذرونی ماترکتکم '' یاتی (2505) و حدیث '' لا یزال من امتی '' یاتی (6276 حدیث معاویة ، 5507 حدیث جابر) و حدیث '' لا یزال طائفة من امتی '' یاتی (6283)

• بَاب الِاعْتِصَام بِالْكتاب وَالسّنة	**किताब व सुन्नत को मज़बूती से पकड़ने का बयान**
• الْفَصْل الثَّانِي	**दूसरी फस्ल**

١٦١ - (ضَعِيف) عَن ربيعَة الجرشِي يَقُول أَتي النَّبِي صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقِيلَ لَهُ لِتَنَمْ عَيْنُكَ وَلِتَسْمَعْ أُذُنُكَ وَلِيَعْقِلْ قَلْبُكَ قَالَ فَنَامَتْ عَيْنَايَ وَسَمِعَتْ أُذُنَايَ وَعَقَلَ قَلْبِي قَالَ فَقِيلَ لِي سيد بنى دَارا فَصنعَ مَأْدُبَةً وَأَرْسَلَ دَاعِيًا فَمَنْ أَجَابَ ص:٥ الدَّاعِيَ دَخَلَ الدَّارَ وَأَكَلَ مِنَ الْمَأْدُبَةِ وَرَضِيَ عَنْهُ السَّيِّدُ وَمَنْ لَمْ يُجِبِ الدَّاعِيَ لَمْ يَدْخُلِ الدَّارَ وَلم يطعم مِنَ الْمَأْدُبَةِ وَسَخِطَ عَلَيْهِ السَّيِّدُ قَالَ فَاللَّهُ السَّيِّدُ وَمُحَمَّدٌ الدَّاعِي وَالدَّارُ الْإِسْلَامُ وَالْمَأْدُبَةُ الْجَنَّةُ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

161. रबीअ जुरशी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की खिदमत में एक फ़रिश्ता हाज़िर हुआ, और आप से अर्ज़ किया गया: आप की आँखे सोई हुई हो (किसी और तरफ न देखे) आप के कान तवज्जो से सुनते हो और आप का दिल समझता हो, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरी आँखे सो गई, मेरे कान गौर से सुनते रहे और मेरा दिल समझता रहा", आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे कहा गया: किसी सरदार ने कोई घर बनाया, उस में दस्तरखान लगाया और किसी दावत देने वाले को भेजा, पस जिस शख़्स ने दाई की दावत को कबूल कर लिया, वह घर में दाखिल हुआ, खाना खाया और वह सरदार उन से खुश हो गया, और जिस शख़्स ने दाई की दावत कबूल न की तो वह ना घर में दाखिल हुआ न खाना खाया और सरदार भी उस पर नाराज़ हुआ", आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह सरदार है, मुहम्मद ﷺ दाई है घर से मुराद इस्लाम और दस्तरखान से मुराद जन्नत है"। (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الدارمی (1 / 7 ح 11) * عباد بن منصور ضعیف مدلس و عنعن و الحدیث السابق (144) یغنی عنه

١٦٢ - (صَحِيح) وَعَن أبي رَافع وَغَيره رَفعه قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ مُتَّكِئًا عَلَى أَرِيكَتِهِ يَأْتِيهِ أَمر مِمَّا أَمَرْتُ بِهِ أَوْ نَهَيْتُ عَنْهُ فَيَقُولُ لَا أَدْرِي مَا وَجَدْنَا فِي كِتَابِ اللَّهِ اتَّبَعْنَاهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيّ فِي دَلَائِل النُّبُوَّة. وَقَالَ التِّرْمِذِيّ حسن صَحِيح

162. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं तुम में से किसी को अपने मुसनद पर टेक लगाए हुए न पाऊ के उस के पास मेरा कोई अम्र आए, जिसके मुतल्लिक मैंने हुक्म दिया हो या मैंने उस से मना किया हो, तो वह शख़्स यूँ कहे, मैं (इसे) नहीं जानता, हमने जो कुछ अल्लाह की किताब में पाया, हम उसकी इत्तेबा करेंगे"। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (6 / 8 ح 24362 ، اطراف المسند 6 / 218) و ابوداؤد (605) و الترمذى (2663 وقال : حسن) و ابن ماجه (13) و البيهقى فى دلائل النبوة (1 / 25 ، 6 / 549) [و صححه ابن حبان (الموارد : 13) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 108 ، 109) و وافقه الذهبى]

١٦٣ - (صَحِيح) وَعَن الْمِقْدَام بن معدي كرب عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أنه قَالَ: «أَلا إِنِّي أُوتيت الْكتاب وَمِثْلَهُ مَعَهُ أَلَا يُوشِكُ رَجُلٌ شَبْعَانٌ عَلَى أَرِيكَتِهِ يَقُولُ عَلَيْكُمْ بِهَذَا الْقُرْآنِ فَمَا وَجَدْتُمْ فِيهِ مِنْ حَلَالٍ فَأَحِلُّوهُ وَمَا وَجَدْتُمْ فِيهِ مِنْ حَرَامٍ فَحَرِّمُوهُ وَإِنَّ مَا حَرَّمَ رَسُولُ الله كَمَا حَرَّمَ اللَّهُ أَلَا لَا يَحِلُّ لَكُمُ لحم الْحِمَارُ الْأَهْلِيُّ وَلَا كُلُّ ذِي نَابٍ مِنَ السَّبع وَلَا لُقَطَةُ مُعَاهَدٍ إِلَّا أَنْ يَسْتَغْنِيَ عَنْهَا صَاحِبُهَا وَمَنْ نَزَلَ بِقَوْمٍ فَعَلَيْهِمْ أَنْ يُقْرُوهُ فَإِنْ لَمْ يَقْرُوهُ فَلَهُ أَنْ يُعْقِبَهُمْ بِمِثْلِ قِرَاهُ» رَوَاهُ ص:٥ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى الدَّارِمِيُّ نَحْوَهُ وَكَذَا ابْنُ مَاجَهْ إِلَى قَوْلِهِ: «كَمَا حَرَّمَ الله»

٢٧٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُوشِكُ أَنْ يَأْتِيَ عَلَى النَّاسِ زَمَانٌ لَا يَبْقَى مِنَ الْإِسْلَامِ إِلَّا اسْمُهُ وَلَا يَبْقَى مِنَ الْقُرْآنِ إِلَّا رَسْمُهُ مَسَاجِدُهُمْ عَامِرَةٌ وَهِيَ خَرَابٌ مِنَ الْهُدَى عُلَمَاؤُهُمْ شَرُّ مَنْ تَحْتَ أَدِيمِ السَّمَاءِ مِنْ عِنْدِهِمْ تَخْرُجُ الْفِتْنَةُ وَفِيهِمْ تَعُودُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

276. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "करीब है के लोगों पर एक ऐसा दौर आए जब इस्लाम का सिर्फ नाम और कुरान का सिर्फ रस्मुलखत बाकी रह जाएगा, उनकी मसाजिद आबाद होगी लेकिन वह हिदायत से खाली होगी, उन के उलेमा आसमान तले बदतरीन लोग होंगे, उन के पास से फितने ज़ाहिर होगा और उन्हीं मेंलौट जाएगा"| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (1908)* فى سنده رجل : لم اعرفه ، وله طريق آخر موقوف ، سنده ضعيف ، عبدالله بن دكين ضعيف : ضعفه الجمهور

٢٧٧ - (صَحِيح) وَعَن زِيَاد بن لبيد قَالَ ذَكَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْئًا فَقَالَ: «ذَاكَ عِنْدَ أَوَانِ ذَهَابِ الْعِلْمِ» . قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَكَيْفَ يَذْهَبُ الْعِلْمُ وَنحن نَقْرَأ الْقُرْآن ونقرئه أبناءنا ويقرؤه ابناؤنا أَبْنَاءَهُم إِلَى يَوْم الْقِيَامَة قَالَ: «ثَكِلَتْكَ أُمُّكَ زِيَادُ إِنْ كُنْتُ لَأُرَاكَ مِنْ أَفْقَهِ رَجُلٍ بِالْمَدِينَةِ أَوَلَيْسَ هَذِهِ الْيَهُودُ وَالنَّصَارَى يَقْرَءُونَ التَّوْرَاةَ وَالْإِنْجِيلَ لَا يَعْمَلُونَ بِشَيْءٍ مِمَّا فِيهِمَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ عَنهُ نَحوه

277. ज़ियाद बिन लबीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने किसी (खौफनाक) चीज़ का ज़िक्र किया तो फ़रमाया: “ये इल्म के रुखसत हो जाने के वक़्त होगी”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इल्म कैसे रुखसत हो जाएगा, जबकि हम कुरान पढ़ते है, और हम इसे अपने औलाद को पढ़ा रहे हैं, और हमारी औलाद अपने औलाद को पढ़ाएगी और यह सिलसिला कियामत तक जारी रहेगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ज़ियाद! तेरी माँ तुम्हें ग़ुम पाए, मैं तो तुम्हें मदीना का बड़ा फ़की शख़्स समझता था, क्या यह यहूद व नसारा, तौरात व इन्जील नहीं पढ़ते, लेकिन वह उन के मुताबिक अमल नहीं करते”| अहमद इब्ने माजा और तिरमिज़ी ने भी इन्ही से इसी तरह रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (4 / 160 ح 17612 ، و اللفظ له) و ابن ماجه (4048 و حديثه حسن بالشواهد) و الترمذى (2653 من حديث ابى الدرداء وقال :'' حسن غريب '' و سنده صحيح ، وهو دون قوله :'' الى يوم القيامة '' فالحديث صحيح دون هذا) * الاعمش مدلس و عنعن و سالم بن ابى الجعد لم يسمع من زياد بن لبيد رضى الله عنه

٢٧٨ - (ضَعِيف) وَكَذَا الدَّارِمِيّ عَن أبي أُمَامَة

278. और दारमी ने भी अबू उमामा से इसी तरह रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 77 ، 78 ح 246) * حجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و عنعن

٢٧٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَعَلَّمُوا الْعِلْمَ وَعَلِّمُوهُ النَّاسَ تَعَلَّمُوا الْفَرَائِضَ وَعَلِّمُوهَا النَّاسَ تَعَلَّمُوا الْقُرْآنَ وَعَلِّمُوهُ النَّاسَ فَإِنِّي امْرُؤٌ مَقْبُوضٌ وَالْعِلْمُ سَيُقْبَضُ وَتَظْهَرُ الْفِتَنُ حَتَّى يَخْتَلِفَ اثْنَانِ فِي ص:٩ فَرِيضَةٍ لَا يَجِدَانِ أَحَدًا يَفْصِلُ بَيْنَهُمَا» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ وَالدَّارَقُطْنِيّ

279. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “इल्म सीखो और इसे दुसरो को सिखाओ, फ़राइज़ (इल्म ए मीरास) सीखो और इसे लोगों को सिखाओ, कुरान सीखो और इसे लोगों को सिखाओ, क्योंकि मेरी रूह कब्ज़ कर ली जाएगी, और (मेरे बाद) इल्म भी उठा लिया जाएगा, फितने ज़ाहिर हो जाएँगे हत्ता कि दो आदमी किसी फ़रीज़े में इख्तिलाफ करेंगे लेकिन वह अपने दरमियान फैसला करने वाला कोई नहीं पाएँगे”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 72 ، 73 ح 227) و الدارقطنى (4 / 82) [و الترمذى (2091) مختصرًا ، انظر الحديث المتقدم (244)] * سليمان بن جابر الهجرى : مجهول و عوف الاعرابى لم يسمعه منه ، بينهما رجل مجهول

٢٨٠ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ عِلْمٍ لَا يُنْتَفَعُ بِهِ كَمَثَلِ كَنْزٍ لَا يُنْفَقُ مِنْهُ فِي سَبِيل الله» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

280. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस इल्म से फ़ायदा न उठाया जाए वह इस खज़ाने की तरह है जिस में से अल्लाह की राह में खर्च न किया जाए”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (2 / 499 ح 10481) و الدارمى (1 / 138 ح 562) * ابراهيم بن مسلم الهجرى ضعيف

पाकीज़गी का बयान • كتاب الطَّهَارَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٨١ - (صَحِيح) عَن أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الطُّهُورُ شَطْرُ الْإِيمَانِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ تَمْلَأُ الْمِيزَانَ وَسُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ تَمْلَآنِ - أَوْ تَمْلَأُ - مَا بَيْنَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَالصَّلَاةُ نُورٌ وَالصَّدَقَةُ بُرْهَانٌ وَالصَّبْرُ ضِيَاءٌ وَالْقُرْآنُ حُجَّةٌ لَكَ أَوْ عَلَيْكَ كُلُّ النَّاسِ يَغْدُو فَبَائِعٌ نَفْسَهُ فَمُعْتِقُهَا أَوْ مُوبِقُهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَفِي رِوَايَةٍ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ تَمْلَآنِ مَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . لَمْ أَجِدْ هَذِهِ الرِّوَايَةَ فِي الصَّحِيحَيْنِ وَلَا فِي كِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ وَلَا فِي «الْجَامِعِ» وَلَكِنْ ذَكَرَهَا الدَّارِمِيُّ بدل «سُبْحَانَ الله وَالْحَمْد لله»

281. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "पाकीज़गी आधा ईमान है, (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह मीज़ान को भर देता है, (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह और (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह दोनो या (इन में से हर कलमा) ज़मीन व आसमान के माबिन को भर देता है, नमाज़ नूर है, सदका बुरहान है, सब्र ज़िया है और कुरान तेरे हक़ मे या तेरे खिलाफ दलील होगा, हर आदमी सुबह के वक़्त अपने नफ्स का सौदा करता, पस वह इसे आज़ाद करा लेता है या हलाक कर देता है"| # और एक दूसरी रिवायत में है : (لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ) (अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और अल्लाह सबसे बड़ा है) ज़मीन व आसमान के दरमियानमें हर चीज़ को भर देते है", मैंने यह रिवायत सहीहैन में पाई है न के हुमैदी की किताब में और ना ही जामेअमें लेकिन दारमी ने इसे (سُبْحَانَ الله وَالْحَمْد لله) (अल्लाह पाक है और तमाम तारीफ़ अल्लाह के लिए है) के बदले ज़िक्र किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (1 / 223)، (534) و الدارمی (1 / 167 ح 659) [و النسائی فی الکبری : 9996]

٢٨٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: (أَلَا أَدُلُّكُمْ عَلَى مَا يَمْحُو اللَّهُ بِهِ الْخَطَايَا وَيَرْفَعُ بِهِ الدَّرَجَاتِ؟ " قَالُوا بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «إِسْبَاغُ الْوُضُوءِ عَلَى الْمَكَارِهِ وَكَثْرَةُ الْخُطَى إِلَى الْمَسَاجِدِ وَانْتِظَارُ الصَّلَاةِ بَعْدَ الصَّلَاةِ فذلكم الرِّبَاط»

282. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क्या मैं तुम्हें ऐसा अमल बताऊँ जिसके ज़रिए अल्लाह खताए मुआफ़ कर देता है और दरजात बुलंद करता है? सहाबा ने अर्ज़ किया: क्यों नहीं! अल्लाह के रसूल! ज़रूर बताइए आप ﷺ ने फ़रमाया: "नागवारी के बावजूद मुकम्मल तौर पर वुज़ू करना, मसाजिद की तरफ ज़्यादा कदम चल कर जाना और नमाज़ के बाद दूसरी नमाज़ का इंतज़ार करना, यही सरहदी छावनी की हिफाज़त है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 251)، (587)

٢٨٣ - وَفِي حَدِيث مَالك بن أنس: «فَذَلِك الرِّبَاطُ فَذَلِكُمُ الرِّبَاطُ» . رَدَّدَ مَرَّتَيْنِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَفِي رِوَايَة التِّرْمِذِيّ ثَلَاثًا

283. मालिक बिन अनस रदियल्लाहु अन्हु की रिवायत में : (فَذَلِك الرِّبَاطُ فَذَلِكُمُ الرِّبَاطُ) के अल्फाज़ दो मर्तबा हैं मुस्लिम और तिरमिज़ी की रिवायत में तीन मर्तबा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 251)، (587) و الترمذى (52)

٢٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَوَضَّأَ فَأَحْسَنَ الْوُضُوءَ خَرَجَتْ خَطَايَاهُ مِنْ جَسَدِهِ حَتَّى تخرج من تَحت أَظْفَاره»

284. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स वुज़ू करे और खूब अच्छी तरह वुज़ू करे तो उसकी खताए उस के जिस्म से निकल जाती है, हत्ता कि उस के नाख़ून के नीचे से भी निकल जाती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (لم اجده) و مسلم (33 / 245)، (578)

٢٨٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا تَوَضَّأَ الْعَبْدُ الْمُسْلِمُ أَوِ الْمُؤْمِنُ فَغَسَلَ وَجْهَهُ خَرَجَ مِنْ وَجْهِهِ كُلُّ خَطِيئَةٍ نَظَرَ إِلَيْهَا بِعَيْنَيْهِ مَعَ المَاء مَعَ آخِرِ قَطْرِ الْمَاءِ فَإِذَا غَسَلَ يَدَيْهِ خرجت من يَدَيْهِ كل خَطِيئَة بَطَشَتْهَا يَدَاهُ مَعَ الْمَاءِ أَوْ مَعَ آخِرِ قَطْرِ الْمَاءِ فَإِذَا غَسَلَ رِجْلَيْهِ خَرَجَ كُلُّ خَطِيئَةٍ مَشَتْهَا رِجْلَاهُ مَعَ الْمَاءِ أَوْ مَعَ آخِرِ قَطْرِ الْمَاءِ حَتَّى يَخْرُجَ نَقِيًّا مِنَ الذُّنُوب)»» (رَوَاهُ مُسلم)

285. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब मुसलमान या मोमिन बंदा वुज़ू करता है और वह अपना चेहरा धोता है तो आंखो के देखने से होने वाली तमाम खताए पानी के साथ या पानी के आखिरी कतरे के साथ उस के चेहरे से निकल जाती है, पस जब वह अपने हाथ धोता है, तो उस के हाथ से जो खताए सरज़द होती है, वह पानी के साथ या पानी के आखिरी कतरे के साथ उस के हाथो से निकल जाती, पस जब वह अपने पाँव धोता है तो उस के पाँव से जो खताए सरज़द होती है पानी के साथ या पानी के आखिरी कतरे के साथ उस के पाँव से निकल जाती है, हत्ता कि वह गुनाहों से साफ़ हो जाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (32 / 244)، (577)

٢٨٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنَ امْرِئٍ مُسْلِمٍ تَحْضُرُهُ صَلَاةٌ مَكْتُوبَةٌ فَيُحْسِنُ وُضُوءَهَا وَخُشُوعَهَا وَرُكُوعَهَا إِلَّا كَانَتْ كَفَّارَةً لِمَا قَبْلَهَا مِنَ الذُّنُوبِ مَا لَمْ يُؤْتِ كَبِيرَةً وَذَلِكَ الدَّهْرَ كُلَّهُ» . رَوَاهُ مُسلم

286. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कोई मुसलमान फ़र्ज़ नमाज़ का वक़्त होने पर उस के लिए अच्छी तरह वुज़ू करता है और उस के खुशुअ व रुकू का अच्छी तरह इह्तेमाम

करता है तो वह इस (नमाज़) से पहले किए हुए गुनाहों का कफ्फारा बन जाती है शर्त है की कबिराह गुनाहों का इर्तिकाब न किया हो, और यह (फ़र्ज़ नमाज़ से सगिरह गुनाहों का मुआफ़ हो जाना) हमेशा के लिए है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (7 / 228)، (543)

٢٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّهُ تَوَضَّأَ فَأَفْرَغَ عَلَى يَدَيْهِ ثَلَاثًا ثُمَّ تَمَضْمَضَ وَاسْتَنْثَرَ ثُمَّ غَسَلَ وَجْهَهُ ثَلَاثًا ثُمَّ غَسَلَ يَدَهُ الْيُمْنَى إِلَى الْمِرْفَقِ ثَلَاثًا ثُمَّ غَسَلَ يَدَهُ الْيُسْرَى إِلَى الْمِرْفَقِ ثَلَاثًا ثُمَّ مَسَحَ بِرَأْسِهِ ثُمَّ غَسَلَ رِجْلَهُ الْيُمْنَى ثَلَاثًا ثُمَّ الْيُسْرَى ثَلَاثًا ثُمَّ قَالَ: " رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَوَضَّأَ نَحْوَ وُضُوئِي هَذَا ثُمَّ قَالَ: «مَنْ تَوَضَّأَ وُضُوئِي هَذَا ثُمَّ يُصَلِّي رَكْعَتَيْنِ لَا يُحَدِّثُ نَفسه فيهمَا بِشَيْء إِلَّا غفر لَهُ مَا تقدم من ذَنبه» . وَلَفظه للْبُخَارِيّ

287. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने वुज़ू किया तो तीन मर्तबा अपने हाथो पर पानी डाला, फिर कुल्ली की और नाक झाड़ी, फिर तीन बार अपना चेहरा धोया, फिर तीन मर्तबा कोहनी समेत अपना दायाँ हाथ धोया, फिर तीन मर्तबा कोहनी समेत अपना बायाँ हाथ धोया, फिर अपने सर का मसाह किया, फिर तीन मर्तबा अपना दायाँ पाँव धोया, फिर तीन मर्तबा बायाँ, फिर फ़रमाया: मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को देखा, आप ने मेरे इस वुज़ू की तरह वुज़ू किया, फिर फ़रमाया: "जो शख़्स मेरे इस वुज़ू की तरह वुज़ू करता है, फिर दो रकते पढ़ता है और वह इस दौरान अपने दिल में किसी किस्म का ख्याल न लाए तो उस के पिछले गुनाह बख्श दिए जाते हैं"| बुखारी, मुस्लिम, हदीस के अल्फाज़ बुखारी के हैं | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1934) و مسلم (3 ، 4 / 226)، (538)

٢٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَتَوَضَّأُ فَيُحْسِنُ وُضُوءَهُ ثُمَّ يَقُومُ فَيُصَلِّي رَكْعَتَيْنِ مقبل عَلَيْهِمَا بِقَلْبِهِ وَوَجْهِهِ إِلَّا وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ» . رَوَاهُ مُسلم

288. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो मुसलमान वुज़ू करता है और वह अपना वुज़ू अच्छी तरह करता है फिर खड़ा हो कर मुकम्मल तवज्जो के साथ दो रकते पढ़ता है तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो जाती है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 234)، (553)

٢٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْكُمْ مِنْ أَحَدٍ يَتَوَضَّأُ فَيُبْلِغُ أَوْ فَيُسْبِغُ الْوُضُوءَ ثُمَّ يَقُولُ: أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ وَفِي رِوَايَةٍ: أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ إِلَّا فُتِحَتْ لَهُ أَبْوَابُ الْجَنَّةِ الثَّمَانِيَةُ يَدْخُلُ مِنْ أَيِّهَا شَاءَ ". هَكَذَا رَوَاهُ مُسْلِمٌ فِي صَحِيحِهِ وَالْحُمَيْدِيُّ فِي أَفْرَاد مُسلم وَكَذَا ابْن الْأَثِير فِي جَامع الْأُصُول»» وَذكر الشَّيْخ مُحي الدِّينِ النَّوَوِيُّ فِي آخِرِ حَدِيثِ مُسْلِمٍ عَلَى مَا رويناهُ وَزَاد التِّرْمِذِيّ: «الله اجْعَلْنِي مِنَ التَّوَّابِينَ وَاجْعَلْنِي مِنَ الْمُتَطَهِّرِينَ» ص:٩»» وَالْحَدِيثُ الَّذِي رَوَاهُ مُحْيِي السُّنَّةِ فِي الصِّحَاحِ: «مَنْ تَوَضَّأَ فَأَحْسَنَ الْوُضُوءَ» إِلَى آخِرِهِ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ فِي جَامِعِهِ بِعَيْنِهِ إِلَّا

كَلِمَةَ «أَشْهَدُ» قَبْلَ «أَن مُحَمَّدًا»

289. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से जो शख़्स वुज़ू करता है और अच्छी तरह मुकम्मल वुज़ू करता है फिर कहता है: “मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और यह कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं”, और एक दूसरी रिवायत में है: “मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं”, तो उस के लिए जन्नत के आठों दरवाज़े खोल दिए जाते हैं, वह जिस से चाहे दाखिल हो जाए”| # इमाम मुस्लिम ने इसे इस तरह अपनी सहीह में रिवायत किया है| हुमैदी ने “ अफराद मुस्लिम” में और इसी तरह इब्ने असीर ने “जामेअ अल असवल” में रिवायत किया है, अल शैख़ मुह्युद्दीन अल नववी ने मुस्लिम की हदीस के आख़िर में ज़िक्र किया है, और इमाम तिरमिज़ी ने यह अल्फाज़ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नकल किए है, “अल्लाह मुझे तौबा करने वालो और पाक रहने वालो में से बना दे”, वह हदीस जिसे मुह्यी अल सुन्नी “ अल सिहाह” में रिवायत किया है: “जो शख़्स वुज़ू करे और अच्छी तरह वुज़ू करे”, आख़िर तक इमाम तिरमिज़ी ने इसे बिलकुल इसी तरह अपने जामेअ में रिवायत किया है लेकिन (أَن مُحَمَّدًا) से पहले (أَشْهَدُ) का ज़िक्र नहीं | (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 234)، (553) و ابن الاثير فى جامع الاصول (9 / 336 ح 7017) * زيادة الترمذى (55) ضعيفة ، انظر تعليق الحافظ احمد شاكر على سنن الترمذى (1 / 7982) فيه ابو ادريس : لم يسمع هذا الحديث من عمر ، و ابو عثمان متاخر ، غير النهدى : لم يسمع من عمر شيئًا و اختلف فيه من هو ؟

٢٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «إِن أُمَّتِي يُدْعَوْنَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ غُرًّا مُحَجَّلِينَ مِنْ آثَارِ الْوُضُوءِ فَمَنِ اسْتَطَاعَ مِنْكُمْ أَنْ يُطِيلَ غرته فَلْيفْعَل»

290. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक मेरी उम्मत के लोगों को कियामत के दिन बुलाया जाएगा, तो वुज़ू के निशानात की वजह से उन के हाथ पाँव और पेशानी चमकती होगी, पस तुम में से जो शख़्स अपने चमक को बढ़ाना चाहे तो वह बढ़ा ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (136) و مسلم (35 / 246)، (580)

٢٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَبْلُغُ الْحِلْيَةُ مِنَ الْمُؤْمِنَ حَيْثُ يبلغ الْوضُوء» . رَوَاهُ مُسلم

291. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन का ज़ेवर वहां तक होगा जहाँ तक उस के वुज़ू का पानी पहुँचता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (40 / 250)، (586)

पाकीज़गी का बयान • كتاب الطَّهَارَة
दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٩٢ - (صَحِيح) عَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَقِيمُوا وَلَنْ تُحْصُوا وَاعْلَمُوا أَنَّ خَيْرَ أَعْمَالِكُمُ الصَّلَاةُ وَلَا يُحَافِظُ عَلَى الْوُضُوءِ إِلَّا مُؤْمِنٌ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

292. सौबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "दुरुस्त रहो, और तुम उसकी ताकत नहीं रखते, और जान लो के नमाज़ तुम्हारा बेहतरीन अमल है, और वुज़ू की हिफाज़त सिर्फ मोमिन शख़्स ही कर सकता है"। (हसन)

حسن ، رواه مالک (فی الموطا 1 / 34 ح 65) و احمد (5 / 280 ح 22778) و ابن ماجه (277) و الدارمی (1 / 169 ح 661) [و صححه الحاکم (1 / 130 ح 449) علی شرط الشیخین و و افقه الذهبی]

٢٩٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَوَضَّأَ عَلَى طُهْرٍ كُتِبَ لَهُ عَشْرُ حَسَنَاتٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

293. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स वुज़ू होने के बावजूद वुज़ू करे तो उस के लिए दस नेकियाँ लिखी जाती है"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (59 وقال : اسناده ضعیف) [و ابوداؤد : 62] * عبد الرحمن بن زیاد الافریقی ضعیف (تقدم : 239)

पाकीज़गी का बयान • كتاب الطَّهَارَة
तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٩٤ - (ضَعِيف) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِفْتَاحُ الْجَنَّةِ الصَّلَاةُ وَمِفْتَاحُ الصَّلَاةِ الطُّهُور» . رَوَاهُ أَحْمد

294. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जन्नत की चाबी नमाज़ है और नमाज़ की चाबी तहारत (वुज़ू) है"। (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه احمد (3 / 340 ح 14717) [و الترمذی (4)] * سلیمان بن قرم هو سلیمان بن معاذ ضعیف و ابو یحیی القتات لین الحدیث

٢٩٥ - (ضَعِيف) وَعَن شبيب بن أبي روح عَنْ رَجُلٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى صَلَاةَ الصُّبْحِ فَقَرَأَ الرُّومَ فَالْتَبَسَ عَلَيْهِ فَلَمَّا صَلَّى قَالَ: «مَا بَالُ أَقْوَامٍ يُصَلُّونَ مَعَنَا لَا يُحْسِنُونَ الطَّهُورَ فَإِنَّمَا يلبس علينا الْقُرْآن أُولَئِكَ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

295. शबिब बिन अबी रुहा, रसूलुल्लाह ﷺ के किसी सहाबी से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए फज़र अदा की तो सूरत उल रोम की तिलावत फरमाई, आप भूल गए, जब आप ﷺ नमाज़ पढ़ चुके तो फ़रमाया: “लोगो को क्या हो गया है के वह हमारे साथ नमाज़ पढ़ते है लेकिन वह अच्छी तरह वुज़ू नहीं करते, यही लोग तो हमें कुरान भुला देते है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائى (2 / 156 ح 948) * عبدالملک بن عمير : صرح بالسماع عند احمد (3 / 471 ح 15968)

٢٩٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ رَجُلٍ مِنْ بَنِي سُلَيْمٍ قَالَ: عَدَّهُنَّ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي يَدِي أَوْ فِي يَدِهِ قَالَ: «التَّسْبِيحُ نِصْفُ الْمِيزَانِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ يَمْلَؤُهُ وَالتَّكْبِيرُ يَمْلَأُ مَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ وَالصَّوْمُ نِصْفُ الصَّبْرِ وَالطُّهُورُ نِصْفُ الْإِيمَانِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

296. बनू सलीम के एक आदमी से रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें मेरे हाथ पर या अपने हाथ पर शुमार किया, फ़रमाया: “(سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहना आधा मीज़ान है, और (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह कहना इसे भर देता है. और (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर ज़मीन व आसमान के दरमियान को भर देता है. रोज़ा आधा सब्र है जबकि तहारत आधा ईमान है”| तिरमिज़ी और इमाम तिरमिज़ी ने इस हदीस को हसन कहा है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3519) * جرى بن كليب : حسن الحديث ، قثقه العجلى المعتدل و ابن حبان (4 / 117) و الترمذى (وغيرهم و تكلم فيه ابو حاتم الرازى وقال ابن المدينى :’’ مجهول ‘‘ و توثيقه هو الراجح

٢٩٧ - (صَحِيح) عَن عبد الله الصنَابحِي قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «إِذَا تَوَضَّأَ ص:٩ الْعَبْدُ الْمُؤْمِنُ فَمَضْمَضَ خَرَجَتِ الْخَطَايَا مِنْ فِيهِ وَإِذَا اسْتَنْثَرَ خَرَجَتِ الْخَطَايَا مِنْ أَنفه فَإِذَا غَسَلَ وَجْهَهُ خَرَجَتِ الْخَطَايَا مِنْ وَجْهِهِ حَتَّى تَخْرُجَ مِنْ تَحْتِ أَشْفَارِ عَيْنَيْهِ فَإِذَا غسل يَدَيْهِ خرجت الْخَطَايَا مِنْ تَحْتِ أَظْفَارِ يَدَيْهِ فَإِذَا مَسَحَ بِرَأْسِهِ خَرَجَتِ الْخَطَايَا مِنْ رَأْسِهِ حَتَّى تَخْرُجَ مِنْ أُذُنَيْهِ فَإِذَا غَسَلَ رِجْلَيْهِ خَرَجَتِ الْخَطَايَا مِنْ رِجْلَيْهِ حَتَّى تَخْرُجَ مِنْ تَحْتِ أَظْفَارِ رِجْلَيْهِ ثُمَّ كَانَ مَشْيُهُ إِلَى الْمَسْجِدِ وَصَلَاتُهُ نَافِلَةً لَهُ» . رَوَاهُ مَالك وَالنَّسَائِيّ

297. अब्दुल्लाह सुनाबिह रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब बंदा मोमिन वुज़ू करता है और कुल्ली करता है तो खताए उस के मुंह से निकल जाती है, जब नाक झाड़ता है तो खताए उसकी नाक से निकल जाती है, जब अपना चेहरा धोता है तो खताए उस के चेहरे से निकल जाती है, हत्ता कि उसकी आंखो की पलकों के नीचे से भी निकल जाती है, चुनांचे जब वह अपने हाथ धोता है तो खताए उस के हाथो से निकल जाती है, हत्ता कि उस के हाथो के नाख़ून के नीचे से निकल जाती है, चुनांचे जब वह अपने सर का मसाह करता है तो खताए उस के सर से हत्ता कि उस के कानों से निकल जाती है, जब वह अपने पाँव धोता है तो खताए

उस के पाँव हत्ता कि पाँव के नाख़ून के नीचे से निकल जाती है, फिर उस का मस्जिद की तरफ चलना और उसकी नमाज़ उस के लिए इज़ाफ़ी (ज़्यादा) हो जाती है”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 31 ح 59) و النسائی (1 / 74 ، 75 ح 103)

٢٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم أَتَى الْمَقْبَرَةَ فَقَالَ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ دَارَ قَوْمٍ مُؤْمِنِينَ وَإِنَّا إِنْ شَاءَ اللَّهُ بِكُمْ لَاحِقُونَ وَدِدْتُ أَنَّا قَدْ رَأَيْنَا إِخْوَانَنَا قَالُوا أَوَلَسْنَا إِخْوَانَكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ أَنْتُمْ أَصْحَابِي وَإِخْوَانُنَا الَّذِينَ لَمْ يَأْتُوا بَعْدُ فَقَالُوا كَيْفَ تَعْرِفُ مَنْ لَمْ يَأْتِ بَعْدُ مِنْ أُمَّتِكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ أَرَأَيْتَ لَوْ أَنَّ رَجُلًا لَهُ خَيْلٌ غُرٌّ مُحَجَّلَةٌ بَيْنَ ظَهْرَيْ خَيْلٍ دُهْمٍ بُهْمٍ أَلَا يَعْرِفُ خَيْلَهُ قَالُوا بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ فَإِنَّهُمْ يَأْتُونَ غُرًّا مُحَجَّلِينَ مِنَ الْوُضُوءِ وَأَنَا فَرَطُهُمْ عَلَى الْحَوْضِ» . رَوَاهُ مُسلم

298. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ कब्रिस्तान तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “उन घरो के रहने वाले मोमिनो तुम पर सलामती हो, अगर अल्लाह ने चाहा तो हम भी यक़ीनन तुम्हारे पास पहुँचने वाले हैं”, मेरी ख्वाहिश थी के हम अपने भाइयो को देखते”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम आप के भाई नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम मेरे साथी हो, और हमारे भाई वह हैं जो अभी नहीं आए”, सहाबा ने फिर अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप अपनी उम्मत के उन लोगों को कैसे पहचानेंगे जो अभी नहीं आए और वह बाद में आएंगे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे बताओ, अगर किसी शख़्स का सफ़ेद टांगो और सफ़ेद पेशानी वाला घोड़ा, सियाह घोड़ो में हो तो क्या यह अपने घोड़े को नहीं पहचानेगा ?” सहाबा ने अर्ज़ किया: क्यों नहीं! अल्लाह के रसूल! ज़रूर पहचान लेगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “पस वह आएँगे तो वुज़ू की वजह से उन के हाथ पाँव और पेशानी चमकती होगी जबकि मैं होज़े कौसर पर उनका पेशरो होऊंगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (39 / 249)، (584)

٢٩٩ - (صَحِيح) عَن أبي الدَّرْدَاء قَالَ: قَالَ رَسُولُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (أَنَا أَوَّلُ مَنْ يُؤْذَنُ لَهُ بِالسُّجُودِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَنَا أَوَّلُ مَنْ يُؤْذَنُ لَهُ أَنْ يرفع رَأسه فَأَنْظر إِلَى بَيْنَ يَدِي فَأَعْرِفُ أُمَّتِي مِنْ بَيْنِ الْأُمَمِ وَمِنْ خَلْفِي مِثْلُ ذَلِكَ وَعَنْ يَمِينِي مِثْلُ ذَلِك وَعَن شمَالي مثل ذَلِك ". فَقَالَ لَهُ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ تَعْرِفُ أُمَّتَكَ مِنْ بَيْنِ الْأُمَمِ ص:٩ فِيمَا بَيْنَ نُوحٍ إِلَى أُمَّتِكَ؟ قَالَ: «هُمْ غُرٌّ مُحَجَّلُونَ مِنْ أَثَرِ الْوُضُوءِ لَيْسَ أَحَدٌ كَذَلِكَ غَيْرَهُمْ وَأَعْرِفُهُمْ أَنَّهُمْ يُؤْتونَ كتبهمْ بأيمانهم وأعرفهم يسْعَى بَين أَيْديهم ذُرِّيتهمْ» . رَوَاهُ أَحْمد

299. अबू दरदा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए कियामत सबसे पहले मुझे सजदाह करने की इजाज़त दी जाएगी और सबसे पहले मुझे सजदे से सर उठाने की इजाज़त दी जाएगी, पस मैं अपने सामने देखूंगा तो तमाम उम्मतो में से अपनीउम्मत पहचान लूँगा, और इसी तरह अपने पीछे, इसी तरह अपने दाएँ और इसी तरह अपने बाएँ तरफ, तो किसी शख़्स ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप तमाम उम्मतो में से अपनी उम्मत को कैसे पहचानेंगे जबकि नूह अलैहिस्सलाम से लेकर आप की उम्मत तक कितनी उम्मते है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वुज़ू के निशानात की वजह से उन के हाथ पाँव और पेशानी चमकती होगी, उन के अलावा कोई और

ऐसा नहीं होगा और मैं उन्हें इसलिए भी पहचान लूँगा के उन्हें उनका नाम ए आमाल दाएँ हाथ में दीया जाएगा और मैं उन्हें पहचान एक और अलामत से भी पहचान लूँगा के उनकी औलाद उन के आगे दोड़ रही होगी"| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 199 ح 22080) [و سنده حسن ، ابن لهيعة صرح بالسماع و للحديث شواهد كثيرة]

• بَاب مَا يُوجب الْوضُوء — वुज़ू के वाजिब होने के अस्बाब का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٣٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقْبَلُ صَلَاةُ مَنْ أَحْدَثَ حَتَّى يتَوَضَّأ»

300. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स का वुज़ू तूट जाए, तो जब तक वह वुज़ू न करे उसकी नमाज़ कबूल नहीं होती"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (135) و مسلم (2 / 225)، (537)

٣٠١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقْبَلُ صَلَاةُ بِغَيْرِ طُهُورٍ وَلَا صَدَقَةٌ مِنْ غُلُولٍ» . رَوَاهُ مُسلم

301. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "वुज़ू के बगैर ना नमाज़ कबूल की जाती है न माल ए हराम से सदका"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (2 / 224)، (535)

٣٠٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَليّ قَالَ: كُنْتُ رَجُلًا مَذَّاءً فَكُنْتُ أَسْتَحْيِي أَنْ أَسْأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَكَانِ ابْنَتِهِ فَأَمَرْتُ الْمِقْدَادَ فَسَأَلَهُ فَقَالَ: «يَغْسِلُ ذَكَرَهُ وَيتَوَضَّأ»

302. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुझे कसरत से मज़ी आती थी, लेकिन में नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त करते हुए शरम महसूस करता था, क्योंकि आप मेरे सुसर थे, पस मैंने मिकदाद रदियल्लाहु अन्हु से कहा तो उन्होंने आप से दरियाफ्त किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो शर्मगाह धोए और वुज़ू करे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (269) و مسلم (17 / 303)، (695)

٣٠٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «توضؤوا مِمَّا مَسَّتِ النَّارُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» قَالَ الشَّيْخُ الإِمَام الْأَجَل محيي السّنة C: هَذَا مَنْسُوخ بِحَدِيث ابْن عَبَّاس:

303. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आग पर पकी हुई चीज़ खाने पर वुज़ू करो”, अल शैख़ अल इमाम अल अजली मुह्यी अल सुन्नी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: मज़कुरह बाला हदीस इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीस की वजह से मंसूख है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (90 / 352)، (788) * قول محيى السنة فى مصابيح السنة (205)

٣٠٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَكَلَ كَتِفَ شَاةٍ ثُمَّ صلى وَلم يتَوَضَّأ

304. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया के रसूलुल्लाह ﷺ ने बकरी के शाने का गोश्त खाया, फिर आप ﷺ ने नमाज़ पढ़ी और (नया) वुज़ू न किया | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (207) و مسلم (91 / 354)، (790)

٣٠٥ - (صَحِيح) وَعَن جَابر بن سَمُرَة أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَتَوَضَّأُ مِنْ لُحُومِ الْغَنَمِ؟ قَالَ: «إِنْ شِئْتَ فَتَوَضَّأْ وَإِنْ شِئْتَ فَلَا تَتَوَضَّأْ» . قَالَ أَنَتَوَضَّأُ مِنْ لُحُومِ الْإِبِلِ؟ قَالَ: «نَعَمْ فَتَوَضَّأْ مِنْ لُحُومِ الْإِبِلِ» قَالَ: أُصَلِّي فِي مَرَابِضِ الْغَنَمِ قَالَ: «نَعَمْ» قَالَ: أُصَلِّي فِي مبارك الْإِبِل؟ قَالَ: «لَا» . رَوَاهُ مُسلم

305. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी शख़्स ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया: क्या हम बकरी का गोश्त खा कर वुज़ू करे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम चाहो वुज़ू करो और अगर चाहो तो न करो”, उस ने फिर दरियाफ्त किया: क्या हम ऊंट का गोश्त खा कर वुज़ू करे? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, ऊंट का गोश्त खा कर वुज़ू कर”, इस शख़्स ने पूछा क्या बकरियों के बाड़े में नमाज़ पढ़ लु? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ”, उस ने पूछा ऊटों के बाड़े में नमाज़ पढ़ु? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (97 / 360)، (802)

٣٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وَجَدَ أَحَدُكُمْ فِي بَطْنِهِ شَيْئًا فَأَشْكَلَ عَلَيْهِ أَخَرَجَ مِنْهُ شَيْءٌ أَمْ لَا فَلَا يَخْرُجَنَّ مِنَ الْمَسْجِدِ حَتَّى يَسْمَعَ صَوْتًا أَوْ يَجِدَ رِيحًا» . رَوَاهُ مُسلم

306. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स अपने पेट में कुछ गड़बड़ महसूस करे और उस पर मुआमला मुश्तबाह हो जाए के आया उस से कोई चीज़ निकली है या नहीं तो वह मस्जिद से न निकले हत्ता कि वह कोई आवाज़ सुन ले या बदबू महसूस करले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (99 / 362)، (805)

٣٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَرِبَ لَبَنًا فَمَضْمَضَ وَقَالَ: «إِنَّ لَهُ دسما»

307. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, के रसूलुल्लाह ﷺ ने दूध पिया तो कुल्ली की और फ़रमाया: "उस में चिकनाहट होती है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (211) و مسلم (95 / 358)، (798)

٣٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى الصَّلَوَات يَوْم الْفَتْح بِوضُوء وَاحِد وَمسح عل خُفَّيْهِ فَقَالَ لَهُ عُمَرُ: لَقَدْ صَنَعْتَ الْيَوْمَ شَيْئًا لَمْ تَكُنْ تَصْنَعُهُ فَقَالَ: «عَمْدًا صَنَعْتُهُ يَا عمر» . رَوَاهُ مُسلم

308. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फतह मक्का के रोज़ एक वुज़ू से (मूतअद्दद) नमाज़े पढ़ाइ और मोज़ो पर मसाह किया, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, आप ने इस तरह पहले तो कभी नहीं किया था? आप ﷺ ने फ़रमाया: "उमर मैंने जान बुझकर ऐसे किया है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (86 / 277)، (642)

٣٠٩ - (صَحِيح) وَعَن سُوَيْد ابْن النُّعْمَان: أَنَّهُ خَرَجَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ خَيْبَرَ حَتَّى إِذَا كَانُوا بالصهباء وَهِي أَدْنَى خَيْبَرَ صَلَّى الْعَصْرَ ثُمَّ دَعَا بِالْأَزْوَادِ فَلَمْ يُؤْتَ إِلَّا بِالسَّوِيقِ فَأَمَرَ بِهِ فَثُرِيَ فَأَكَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:١٠ وَأَكَلْنَا ثُمَّ قَامَ إِلَى الْمَغْرِبِ فَمَضْمَضَ وَمَضْمَضْنَا ثمَّ صلى وَلم يتَوَضَّأ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

309. सुवैद बिन नुअमान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गजवा ए खैबर के मौके पर वह रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए, हत्ता कि खैबर के ज़रीर इलाके सहबा पर पहुंचे तो आप ﷺ ने नमाज़ ए असर अदा की, फिर आप ने नाश्ता तलब किया तो सिर्फ सत्तू आप की खिदमत में पेश किए गए, आप के फरमान के मुताबिक उन्हें भिगो दिया गया तो फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने और हमने इसे खाया, फिर आप नमाज़ ए मग़रिब के लिए खड़े हुए तो कुल्ली की और हमने भी कुल्ली की फिर आप ने नमाज़ पढ़ी और नया वुज़ू न फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (209)

वुज़ू के वाजिब होने के अस्बाब का बयान • بَاب مَا يُوجب الْوضُوء

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣١٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا وُضُوءَ إِلَّا مِنْ صَوْتٍ أَوْ رِيحٍ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

310. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आवाज़ या बदबू (महसूस होने) की सूरत में वुज़ू वाजिब होता है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (2 / 41 ح 9301) و الترمذى (74 وقال : حسن صحيح) [و ابن ماجه : 515]

٣١١ - (صَحِيح) وَعَن عَلِيٍّ قَالَ: سَأَلَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ الْمَذْيِ فَقَالَ: «مِنَ الْمَذْيِ الْوُضُوءُ وَمِنَ الْمَنِيِّ الْغسْل» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

311. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने मज़ी के मुतल्लिक नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "मज़ी से वुज़ू और मनी से ग़ुस्ल वाजिब होता है"| (ज़ईफ़,हसन,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (114 وقال : حسن صحيح) [و ابن ماجه : 504] * يزيد بن ابى زياد ضعيف مدلس مختلط و حديث ابى داود (210) و البخارى (132 ، 269) و مسلم (303)، (697) يغنى عنه

٣١٢ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مِفْتَاحُ الصَّلَاةِ الطُّهُورُ وَتَحْرِيمُهَا التَّكْبِيرُ وَتَحْلِيلُهَا التَّسْلِيمُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ والدارمي

312. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तहारत नमाज़ की चाबी तकबीर (اللَّهُ أَكْبَرُ), उसकी तहरिमा (इस तकबीर से नमाज़ शुरू करने से पहले जो काम मुबाह थे वह हराम हो जाते हैं) और तस्लीम (السلام عليكم ورحمة الله) उसकी तहलील है"| (यानी सलाम फेरने से नमाज़ की सूरत में हराम होने वाले काम हलाल हो जाते हैं) | (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (61) و الترمذى (3) و الدارمى (1 / 175 ح 693) [و ابن ماجه (275)] * و للحديث شاهد موقوف عند البيهقى (2 / 16) و سنده صحيح وله حكم الرفع فالحديث به حسن

٣١٣ - (حسن) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْهُ وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ

313. इब्ने माजा ने अली रदियल्लाहु अन्हु और अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (276) [و انظر الحديث السابق : 312]

٣١٤ - (حسن) وَعَن عَليّ بن طلق قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا فسا أحدكُم فَلْيَتَوَضَّأ وَلَا تأتو النِّسَاءَ فِي أَعْجَازِهِنَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

314. अली बिन तलक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में कोई आवाज़ के बगैर हवा ख़ारिज करे तो वह वुज़ू करे और तुम औरतो से उनकी पीठ में मुजामअत न करो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1164 وقال : حسن) و ابوداؤد (205) [و صححه ابن حبان (الموارد : 203)]

٣١٥ - (حسن لغيره) وَعَن مُعَاوِيَة بن أبي سُفْيَان أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: قَالَ: «إِنَّمَا الْعَيْنَانِ وِكَاءُ السَّهِ فَإِذَا نَامَتِ الْعَيْنُ اسْتطْلقَ الوكاء» . رَوَاهُ الدِّرَامِي

315. मुआविया बिन अबी सुफियान रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "आँखे दुबर का तस्मिया है, जब आँखे सो जाती हैं, तो तस्मिया खुल जाता है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 184 ح 728) * ابوبكر بن ابى مريم ضعيف و فى السند علة أخرى

٣١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وِكَاءُ السَّهِ الْعَيْنَانِ فَمَنْ نَامَ فَلْيَتَوَضَّأ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد»» قَالَ الشَّيْخ الإِمَام محيي السّنة C: هَذَا فِي غير الْقَاعِد لما صَحَّ:

316. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "पीठ का तस्मिया दोनों आँखे, पस जो शख़्स सो जाए तो वह वुज़ू करे"| अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: सहीह हदीस की रोशनी में यह हुक्म लेट कर सोने वाले शख़्स के लिए है, (बेठेबैठे सो जाने वाले के लिए नहीं है) | (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (203) [و ابن ماجه : 477] عبد الرحمن بن عائذ عن على رضى الله عنه مرسل (اى منقطع) و حديث صفوان بن عسال (ت 96) يغنى عنه

٣١٧ - (صَحِيح) عَن أنس قَالَ: كَانَ أَصَابَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْتَظِرُونَ الْعشَاء حَتَّى تخفق رؤوسهم ثمَّ يصلونَ وَلَا يتوضؤون. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ إِلَّا ص:١٠ أنه ذكرفيه: ينامون بدل: ينتظرون الْعشَاء حَتَّى تخفق رؤوسهم

317. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के सहाबा किराम रदियल्लाहु अन्हुम नमाज़ ए ईशा का इंतज़ार करते रहते हत्ता कि (नींद की वजह से) उन के सर झुक जाते, फिर वह नमाज़ पढ़ते लेकिन वह (नया) वुज़ू न करते, अलबत्ता इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने रिवायत में इंतज़ार के बदले सो जाने का ज़िक्र किया है, के वह ईशा के वक़्त बैठें बैठे सो जाते हत्ता कि उन के सर झुक जाते| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابوداؤد (200) و الترمذى (78 وقال : حسن صحيح) [و رواه مسلم : 376، (835) مختصرًا] * زيادة '' تخفقرؤسهم '' غريبة ،

٣١٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الْوُضُوءَ عَلَى مَنْ نَامَ مُضْطَجِعًا فَإِنَّهُ إِذَا اضْطَجَعَ اسْتَرْخَتْ مفاصله. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

318. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक जो शख़्स चित्ता लेट कर सो जाए, उस पर वुज़ू करना लाज़िम है, क्योंकि जब वह चित्ता लेट जाता है तो उस के जोड़ ढीले हो जाते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (77 و اعله) و ابوداؤد (202 وقال : هو حديث منكر) * ابو خالد الدالانى مدلس و عنعن

٣١٩ - (صَحِيح) وَعَن بسرة قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا مَسَّ أَحَدُكُمْ ذَكَرَهُ فَلْيَتَوَضَّأْ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

319. बूसराह रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई अपने शर्मगाह को हाथ लगाए तो वह वुज़ू करे”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 42 ح 88) و احمد (6 / 406 ، 407 ح 2783627838) و ابوداؤد (181) و الترمذى (82 و صححه) و النسائى (1 / 100 ح 163) و ابن ماجه (479) و الدارمى (1 / 184 ح 730) * و تكلم بعض الناس فى هذا الحديث بكلام باطل

٣٢٠ - (صَحِيح) وَعَن طلق بن عَليّ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ مَسِّ الرَّجُلِ ذَكَرَهُ بَعْدَمَا يَتَوَضَّأُ. قَالَ: «وَهَلْ هُوَ إِلَّا بَضْعَةٌ مِنْهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ نَحوه ص:١٠»» قَالَ الشَّيْخُ الْإِمَامُ مُحْيِي السُّنَّةِ رَحِمَهُ اللَّهُ: هَذَا مَنْسُوخٌ لِأَنَّ أَبَا هُرَيْرَةَ أَسْلَمَ بَعْدَ قدوم طلق

320. तलक बिन अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आदमी के वुज़ू कर लेने के बाद अपने शर्मगाह को हाथ लगाने के मुतल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो शर्मगाह भी उस के गोश्त का एक टुकड़ा है”| अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह मंसूख है, क्योंकि अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु तलक रदियल्लाहु अन्हु की आमद के बाद मुसलमान हुए| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (182) و الترمذى (85) و النسائى (1 / 101 ح 165) و ابن ماجه (483) * كلام محيى السنة فى مصابيح السنة (221)

٣٢١ - (ضَعِيف) وَقد روى أَبُو هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَفْضَى أَحَدُكُمْ بِيَدِهِ إِلَى ذَكَرِهِ لَيْسَ بَيْنَهُ وَبَيْنَهَا شَيْءٌ فَلْيَتَوَضَّأْ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ والدراقطني

321. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु की सनद से रसूलुल्लाह ﷺ से मरवी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से

कोई शख़्स अपना हाथ अपने शर्मगाह को लगाए जबकि इस (हाथ) और इस (शर्मगाह) के दरमियान कोई चीज़ हाइल न हो तो वह वुज़ू करे”| (हसन)

حسن ، رواه الشافعى فى الام (1 / 19) و الدارقطنى (1 / 147 ح 525) و ابن حبان (الاحسان : 1115) و الطبرانى فى الصغير بلفظ : اذا افضى احدكم بيده الى فرجه وليس بينهما ستر ولا حجاب فليتوضأ ، (1 / 42 ح 103) اللفظ لابن حبان و سنده حسنو انظر المستدرک (1 / 138 تحت ح 479) * فيه يزيد بن عبدالملک النوفلى وهو ضعيف ولكن تابعه نافع بن ابى نعيم القارى وهو حسن الحديث فالحديث حسن ، و رواه النسائى (1 / 100 ح 163) نحوالمعنى عن مروان موقوفًا و سنده صحيح فائدة : حديث طلق رضى الله عنه محمول على مس الذكر من غير ستر ولا حجاب

٣٢٢ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْ بُسْرَةَ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يذكر: «لَيْسَ بَينه بَينهَا شَيْء»

322. इमाम नसई ने इसे बूसराह रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत किया है, अलबत्ता उन्होंने यह ज़िक्र नहीं किया, “उस के और उस के माबिन कोई चीज़ हाइल न हो”| (मझे नहीं मिली रवाह नसई (मुझे नहीं मिली इन अल्फाज़ के साथ और वो बातिल है) देखिए ह 319)

لم اجده ، رواه النسائى (لم اجده بهذا اللفظ وهو باطل) و انظر ح 319

٣٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَبِّلُ بَعْضَ أَزْوَاجِهِ ثُمَّ يُصَلِّي وَلَا يَتَوَضَّأُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: لَا يَصِحُّ عِنْدَ أَصْحَابِنَا بِحَالٍ إِسْنَادُ عُرْوَةَ عَنْ عَائِشَةَ وَأَيْضًا إِسْنَادُ إِبْرَاهِيمَ التَّيْمِيِّ عَنْهَا»» وَقَالَ أَبُو دَاوُدَ: هَذَا مُرْسل وَإِبْرَاهِيم التَّيْمِيّ لم يسمع من عَائِشَة

323. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ अपने किसी ज़ौजा ए मोहतरमा का बोसा ले लिया करते थे, फिर आप नमाज़ पढ़ते और वुज़ू नहीं करते थे, और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: उरवा अन आइशा रदियल्लाहु अन्हा और इब्राहीम अत्तमी अन आइशा रदियल्लाहु अन्हा की सनद से यह हदीस हमारे असहाब के यहाँ सहीह नहीं, और अबू दावुद रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस मुरसल है और इब्राहीम अत्तमी ने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से नहीं सुना| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (178 ، ابراهيم التيمى لم يسمع من عائشة رضى الله عنها 179 ، الاعمش و حبيب بن ابى ثابت مدلسان و حبيب لم يسمعه من عروة فالسند معلول) و الترمذى (86 ، الاعمش و حبيب عنعنا) و النسائى (1 / 104 ح 170 ، ابراهيم التيمى عن عائشة منقطع) و ابن ماجه (502 ، الاعمش و حبيب عنعنا) * و للحديث شاهد ضعيف عند الدار قطنى (1 / 137 ح 486) و البزار (انظر نصب الراية 1 / 171) حديث عبد الكريم بن مالک الجزرى عن عطاء حديث ردى فالسند ضعيف ، و له شاهد آخر عند الدارقطنى (1 / 136 ح 482) فيه حاجب بن سليمان ، قال الدارقطنى : تفرد به حاجب عن وكيع و وهم فيه

٣٢٤ - (حسن) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: أَكَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتِفًا ثُمَّ مَسَحَ ص:١٠ يَده بِمِسْحٍ كَانَ تَحْتَهُ ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه وَأحمد

324. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दस्ती का गोश्त खाया फिर अपने नीचे

बिछी हुई चादर से अपना हाथ साफ़ किया फिर खड़े हुए और नमाज़ पढ़ी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (189) و ابن ماجه (488) * سماک عن عکرمة سلسلة ضعيفة

٣٢٥ - (صَحِيح) وَعَن أم سَلمَة أَنَّهَا قَالَتْ: قَرَّبْتُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَنْبًا مَشْوِيًّا فَأَكَلَ مِنْهُ ثُمَّ قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ وَلَمْ يَتَوَضَّأْ. رَوَاهُ أَحْمَدُ

325. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने भुनी हुई पसली (चांप) नबी ﷺ की खिदमत में पेश की तो आप ﷺ ने उस में से तनावुल फ़रमाया, फिर नमाज़ के लिए उठे और वुज़ू नहीं किया| (सहीह,हसन)

اسناده صحيح ، رواه احمد (6 / 307 ح 27157) [و الترمذی (1829 وقال : حسن صحيح غريب) و النسائی الكبرى (4690)]

• بَاب مَا يُوجب الْوضُوء — वुज़ू के वाजिब होने के अस्बाब का बयान

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٣٢٦ - (صَحِيح) عَن أبي رَافع قَالَ: أَشْهَدُ لَقَدْ كُنْتُ أَشْوِي لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَطْنَ الشَّاةِ ثُمَّ صلى وَلم يتَوَضَّأ. رَوَاهُ مُسلم

326. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं गवाही देता हूँ कि मैं रसूलुल्लाह ﷺ के लिए बकरी की कलेजी और दिल वगैरा भुना करता था, (आप ने इसे खाया) फिर नमाज़ पढ़ी और वुज़ू नहीं किया"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (94 / 357)، (797)

٣٢٧ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ قَالَ: أَهْدِيَتْ لَهُ شَاةٌ فَجَعَلَهَا فِي الْقِدْرِ فَدَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ مَا هَذَا يَا أَبَا رَافِعٍ فَقَالَ شَاةٌ أُهْدِيَتْ لَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَطَبَخْتُهَا فِي الْقِدْرِ قَالَ نَاوِلْنِي الذِّرَاعَ يَا أَبَا رَافِعٍ فَنَاوَلْتُهُ الذِّرَاعَ ثُمَّ قَالَ نَاوِلْنِي الذِّرَاعَ الْآخَرَ فَنَاوَلْتُهُ الذِّرَاعَ الْآخَرَ ثُمَّ قَالَ ناولني الذِّرَاع الآخر فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا لِلشَّاةِ ذِرَاعَانِ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَا إِنَّكَ لَوْ سَكَتَّ لَنَاوَلْتَنِي ذِرَاعًا فَذِرَاعًا مَا سَكَتُّ ثُمَّ دَعَا بِمَاءٍ فَتَمَضْمَضَ فَاهُ وَغَسَلَ أَطْرَافَ أَصَابِعِهِ ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى ثُمَّ عَادَ إِلَيْهِمْ فَوَجَدَ عِنْدَهُمْ لَحْمًا بَارِدًا فَأَكَلَ ثُمَّ دَخَلَ ص: ١٠ الْمَسْجِدَ فَصَلَّى وَلَمْ يَمَسَّ مَاءً. رَوَاهُ أَحْمد

327. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उन्हें एक बकरी हदिया के तौर पर दी गई, तो उन्होंने इसे हंडिया में डाल दिया, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: "अबी राफीअ! यह क्या है? उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! एक बकरी हमें बतौर हदिया दी गई थी तो मैंने इसे हंडिया में पकाया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अबी राफीअ मुझे दस्ती दो", मैंने दस्ती आप को दे दी, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे दूसरी दस्ती दो", मैंने

दूसरी दस्ती भी आप को दे दी, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे और दस्ती दो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बकरी की सिर्फ दो दस्तियाँ होती है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अगर तुम ख़ामोश रहते और जब तक ख़ामोश रहते तो मुझे एक बाद दीगर दस्ती मिलती रहती”, फिर आप ने पानी मंगवाया, कुल्ली की और अपने उंगलियों के किनारे धोए, फिर खड़े हुए तो नमाज़ पढ़ी, फिर दोबारा उन के पास तशरीफ़ लाए, तो उन के वहां ठंडा गोश्त पाया तो उसे खाया, फिर आप मस्जिद में तशरीफ़ ले गए तो नमाज़ पढ़ी, और पानी को हाथ तक न लगाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (6 / 392 ح 27737) * شرجيل بن سعد .: ضعيف ضعفه الجمهور و انظر الحديث الآتى (328)

٣٢٨ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيُّ عَنْ أَبِي عُبَيْدٍ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: ثُمَّ دَعَا بِمَاءٍ إِلَى آخِرِهِ

328. दारमी ने अबू उबैदा से रिवायत किया है, लेकिन उन्होंने: “फिर पानी मंगवाया”, से आख़िर तक ज़िक्र नहीं किया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 22 ح 45) [و احمد (3 / 484 ، 485 ح 16063) و الترمذى فى الشمائل (168)] * فيه قتادة مدلس و عنعن و انظر الحديث السابق (327)

٣٢٩ - (جيد الْإِسْنَاد) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كُنْتُ أَنَا وَأَبِي وَأَبُو طَلْحَةَ جُلُوسًا فَأَكَلْنَا لَحْمًا وَخُبْزًا ثُمَّ دَعَوْتُ بِوَضُوءٍ فَقَالَا لِمَ تَتَوَضَّأُ فَقُلْتُ لِهَذَا الطَّعَامِ الَّذِي أَكَلْنَا فَقَالَا أَتَتَوَضَّأُ مِنَ الطَّيِّبَاتِ لَمْ يَتَوَضَّأْ مِنْهُ مَنْ هُوَ خَيْرٌ مِنْك. رَوَاهُ أَحْمد

329. अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं उबई बिन काब और अबू तल्हा (र)बैठे हुए थे, पस हमने गोश्त रोटी खाई, फिर मैंने वुज़ू के लिए पानी मंगवाया, तो इन दोनों ने कहा; तुम वुज़ू क्यों करते हो? मैंने कहा इस खाने की वजह से जो हमने खाया है, तो उन्होंने कहा: क्या तुम पाकिज़ा चीजों से वुज़ू करते हो? यह चीज़े खा कर तो इस शख्शियत (यानी नबी ﷺ) ने वुज़ू नहीं किया जो तुम से बेहतर है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 30 ح 16479)

٣٣٠ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عمر كَانَ يَقُولُ: قُبْلَةُ الرَّجُلِ امْرَأَتَهُ وَجَسُّهَا بِيَدِهِ مِنَ الْمُلَامَسَةِ. وَمَنْ قَبَّلَ امْرَأَتَهُ أَوْ جَسَّهَا بِيَدِهِ فَعَلَيهِ الْوضُوء. رَوَاهُ مَالك وَالشَّافِعِيّ

330. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा कहा करते थे: आदमी का अपने अहलिया का बोसा लेना और इसे अपने हाथ से छुना मलामस के ज़िमरे में है और जो शख़्स अपने अहलिया का बोसा ले या इसे अपने हाथ से छुए तो उस पर वुज़ू करना लाज़िम है | (सहीह)

صحيح ، رواه مالک فى الموطا (1 / 43 ح 93) و الشافعى فى الام (1 / 15)

٣٣١ - (صَحِيح) وَعَن ابْن مَسْعُود كَانَ يَقُولُ: مِنْ قُبْلَةِ الرَّجُلِ امْرَأَتَهُ الْوُضُوءُ. رَوَاهُ مَالك

331. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु फ़रमाया करते थे: अपनी अहलिया का बोसा लेने से वुज़ू करना ज़रूरी है| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک فی الموطا (1 / 44 ح 94) * و اخرجه البيهقی (1 / 124) بسند حسن عن ابن مسعود به وللاثر طرق

٣٣٢ - (ضَعِيف) وَعَن ابْن عُمَرَ أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إِن الْقبْلَة من اللَّمْس فتوضؤوا مِنْهَا

332. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: बेशक बोसा लेना, लम्स के ज़िमरे में आता है, पस इस वजह से वुज़ू करो| (ज़ईफ़)

ضعيف رواه الدارقطنی (1 / 144) * الزهری مدلس و عنعن و فيه آخری و الصواب انه من قول ابن عمر كما رواه مالک عن نافع عنه به ، انظر الحديث السابق (330)

٣٣٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ عَبْدِ الْعَزِيزِ عَنْ تَمِيمٍ الدَّارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْوُضُوءُ مِنْ كُلِّ دَمٍ سَائِلٍ» . رَوَاهُمَا الدَّارَقُطْنِيُّ وَقَالَ: عُمَرُ بْنُ عَبْدِ الْعَزِيزِ لَمْ يَسْمَعْ مِنْ تَمِيمٍ الدَّارِيِّ وَلَا رَآهُ وَيَزِيدُ بن خَالِد وَيزِيد بن مُحَمَّد مَجْهُولَانِ

333. उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहिमहुल्लाह तमीम दारी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर किस्म के बहते खून की वजह से वुज़ू करना ज़रूरी है”| दोनों हदीसो को दार कुतनी ने रिवायत किया, और उन्होंने कहा: उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहिमहुल्लाह ने तमीम दारी रदियल्लाहु अन्हु से ना सुना है न उन्हें देखा, जबकि यज़ीद बिन खालिद और यज़ीद बिन मुहम्मद दोनों मजहूल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه الدارقطنی (1 / 157 ح 571) * بقية مدلس و عنعن و زيزيد بن خالد و يزيد بن محمد مجهولان و فيه علل أخرى

• بَاب آدَاب الْخَلَاء — कज़ा ए हाजत के आदाब का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٣٣٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي أَيُّوبَ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَتَيْتُمُ الْغَائِطَ فَلَا تَسْتَقْبِلُوا الْقِبْلَةَ وَلَا تَسْتَدْبِرُوهَا وَلَكِنْ شَرِّقُوا أَوْ غَرِّبُوا»» قَالَ الشَّيْخ الإِمَام محيي السّنة C: هَذَا الْحَدِيثُ فِي الصَّحْرَاءِ وَأَمَّا فِي الْبُنْيَانِ فَلَا بَأْس لما رُوِيَ:

334. अबू अय्यूब अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम कजाए हाजत के लिए जाओ तो ना किब्ले की तरफ मुंह करो न पुश्त, बल्कि मशरिक या मग़रिब की तरफ मुंह करो"| # अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी (रह) ने फ़रमाया(मह्यी अल सुन्नत फी मासाबिह 226): यह हदीस सहराअ के बारे में है, रहा इमारत वगैरा में कजाए हाजत करना तो उसमें कोई हरज नहीं जैसा के अब्दुल्लाह बिन उमर (र अ) से मरवी है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (394) و مسلم (59 / 264)، (609) * قول محى السنة فى مصابيح السنة (226)

٣٣٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عبد الله بن عمر قَالَ: ارْتَقَيْتُ فَوْقَ بَيْتِ حَفْصَةَ لِبَعْضِ حَاجَتِي فَرَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يقْضِي حَاجته مستدبر الْقبْلَة مُسْتَقْبل الشَّام

335. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं अपने किसी ज़रूरत के तहत उम्मुल मुअमिनिन हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा के घर की छत पर चढ़ा तो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को किब्ले की तरफ पुश्त और शाम की तरफ मुंह कर के कजाए हाजत करते हुए देखा| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (148) و مسلم (62 / 266)، (612)

٣٣٦ - (صَحِيح) وَعَن سلمَان قَالَ: نَهَانَا يَعْنِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ نَسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةَ لِغَائِطٍ أَوْ بَوْل أَو أَن نستنجي بِالْيَمِينِ أَوْ أَنْ نَسْتَنْجِيَ بِأَقَلَّ مِنْ ثَلَاثَةِ أَحْجَارٍ أَوْ ص:١١ أَنْ نَسْتَنْجِيَ بِرَجِيعٍ أَوْ بِعَظْمٍ. رَوَاهُ مُسلم

336. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने पेशाब व पाखाना के लिए किब्ले की तरफ मुंह करने या दाएँ हाथ से इस्तिंजा करने या तीन से कम ढेलों से इस्तिंजा करने या लीदिया हड्डी के साथ इस्तिंजा करने से हमें मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (57 / 262)، (606)

٣٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ الْخَلَاءَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْخبث والخبائث»

337. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ बैतूलखला में दाखिल होते तो फरमाते : (اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْخبث والخبائث) "ए अल्लाह! मैं नापाक जिन्नो और नापाक मादा जिन्नात से तेरी पनाह चाहता हूँ"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (142) و مسلم (122 / 375)، (831)

٣٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَبْرَيْنِ فَقَالَ إِنَّهُمَا لَيُعَذَّبَانِ وَمَا يُعَذَّبَانِ فِي كَبِيرٍ أَمَّا أَحدهمَا فَكَانَ لَا يَسْتَتِرُ مِنَ الْبَوْلِ - وَفِي رِوَايَةٍ لمُسلم: لَا يستنزه مِنَ الْبَوْلِ - وَأَمَّا الْآخَرُ فَكَانَ يَمْشِي بِالنَّمِيمَةِ ثمَّ أَخذ جَرِيدَة رطبَة فَشَقهَا نِصْفَيْنِ ثُمَّ غَرَزَ فِي كُلِّ قَبْرٍ وَاحِدَةً قَالُوا يَا رَسُول الله لم صنعت هَذَا قَالَ لَعَلَّه يُخَفف عَنْهُمَا مَا لم ييبسا

338. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ दो क़बरो के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: "इन दोनों को अज़ाब दिया जा रहा है, और उन्हें किसी बड़े गुनाह की वजह से अज़ाब नहीं दिया जा रहा, उनमें से एक पेशाब करते वक़्त परदा नहीं किया करता था, और मुस्लिम की रिवायत में है पेशाब करते वक़्त एहतियात नहीं किया करता था, जबकि दूसरा शख़्स चुगलखोर था", फिर आप ने एक ताज़ा शाख लेकर उस के दो टुकड़े कर दिए, फिर हर कब्र पर एक टुकड़ा गाड़ दिया, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने यह क्यों किया? आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुमकिन है इन के खुश्क होने तक उन के अज़ाब में तखफिफ कर दी जाए"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (216) و مسلم (111 / 292)، (677)

٣٣٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: اتَّقُوا اللَّاعِنَيْنِ. ص:١١ قَالُوا: وَمَا اللَّاعِنَانِ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ . قَالَ: «الَّذِي يَتَخَلَّى فِي طَرِيقِ النَّاس أَو فِي ظلهم» . رَوَاهُ مُسلم

339. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लानत का बाईस बनने वाली दो चीजों से बचो", सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! लानत का सबब बनने वाली दो चीज़े क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो लोगों की राहगुज़र या उन के साए की जगह में पेशाब व पाखाना करता है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (68 / 269)، (618)

٣٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا شرب أحدكُم فَلَا ينتنفس فِي الْإِنَاءِ وَإِذَا أَتَى الْخَلَاءَ فَلَا يَمَسَّ ذَكَرَهُ بِيَمِينِهِ وَلَا يَتَمَسَّحْ بِيَمِينِهِ»

٤٨١ - (صَحِيح) عَنْ عَلْقَمَةَ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: لَمْ أَكُنْ لَيْلَةَ الْجِنِّ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

481. और अल्कमह से सहीह सनद से साबित है के अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जिस रात जिन्न आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए है, इस रात रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नहीं था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (152 / 450)، (1010)

٤٨٢ - (صَحِيح) وَعَن كَبْشَة بنت كَعْب بن مَالك وَكَانَتْ تَحْتَ ابْنِ أَبِي قَتَادَةَ: أَنَّ أَبَا قَتَادَةَ دخل فَسَكَبَتْ لَهُ وَضُوءًا فَجَاءَتْ هِرَّةٌ تَشْرَبُ مِنْهُ فَأَصْغَى لَهَا الْإِنَاءَ حَتَّى شَرِبَتْ قَالَتْ كَبْشَةُ فَرَآنِي أَنْظُرُ إِلَيْهِ فَقَالَ أَتَعْجَبِينَ يَا ابْنَةَ أخي فَقُلْتُ نَعَمْ فَقَالَ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّهَا لَيست بِنَجس إِنَّهَا من الطوافين عَلَيْكُم والطوافات» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ»» وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

482. अबू क़तादा के बेटे की अहलिया कब्शा बिन्ते काब बिन मालिक से रिवायत है, की अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु उन के पास तशरीफ़ लाए तो उस ने उन के वुज़ू के लिए बर्तन में पानी डाला, इतने में एक बिल्ली आ कर उस से पीने लगी तो उन्होंने उस के लिए बर्तन झुका दिया हत्ता कि उस ने पि लिया, कब्शा बयान करती हैं, उन्होंने मुझे देखा की मैं उनकी तरफ देख रही हूँ, तो उन्होंने ने फ़रमाया: भतीजी! क्या तुम ताज्जुब करती हो? वह बयान करती हैं, मैंने कहा: जी हां! उन्होंने कहा: के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये नजस नहीं, क्योंकि वह तुम्हारे पास कसरत से आने वाले खादिमो और कसरत से आने वाली लोंदियो के ज़िमरे में है”| (सहीह,हसन)

اسناده صحيح ، رواه مالک فی الموطا (1 / 22 ، 23 ح 41) و احمد (5 / 303 ح 22950) و الترمذی (92 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (75) و النسائی (1 / 55 ح 68 و ح 341) و ابن ماجه (367) و الدارمی (1 / 186 ح 736)

٤٨٣ - (صَحِيح) وَعَن دَاوُد بن صَالح بن دِينَار التمار عَنْ أُمِّهِ أَنَّ مَوْلَاتَهَا أَرْسَلَتْهَا بِهَرِيسَةٍ إِلَى عَائِشَةَ قَالَتْ: فَوَجَدْتُهَا تُصَلِّي فَأَشَارَتْ إِلَيَّ أَنْ ضَعِيهَا فَجَاءَتْ هِرَّةٌ فَأَكَلَتْ مِنْهَا فَلَمَّا انْصَرَفَتْ عَائِشَةُ مِنْ صَلَاتِهَا أَكَلَتْ مِنْ حَيْثُ أَكَلَتِ الْهِرَّةُ فَقَالَتْ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّهَا لَيست بِنَجس إِنَّمَا ص:١٥ هِيَ من الطوافين عَلَيْكُم» . وَقَدْ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يتَوَضَّأ بفضلها. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

483. दावुद बिन स्वालेह बिन दीनार रहिमहुल्लाह अपने वालिद से रिवायत करते हैं की उन्होंने अपने आज़ाद करदा लौंडी के हाथ आइशा रदियल्लाहु अन्हा के लिए हरिसः (हलिम की तरह का खाना) भेजा, वह बयान करती हैं, मैंने उन्हें नमाज़ पढ़ते हुए पाया तो उन्होंने इसे रख देने का मुझे इशारा फ़रमाया, एक बिल्ली आई और उस ने उस में से खा लिया, जब आइशा रदियल्लाहु अन्हा नमाज़ से फारिग़ हुई तो उन्होंने इसी जगह से खाया जहाँ से बिल्ली ने खाया था और उन्होंने कहा: के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो नजस नहीं, क्योंकि वह तुम्हारे पास कसरत से आने वाले खादिमो के ज़िमरे में से है”, और मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को उस के बचे हुए पानी से वुज़ू करते हुए देखा है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (76) * ام داود بن صالح : لم اجد من و ثقها

٤٨٤ - (ضَعِيف) وَعَن جَابر قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَتَوَضَّأ بِمَا أَفْضَلَتِ الْحُمُرُ؟ قَالَ: «نَعَمْ وَبِمَا أَفْضَلَتِ السِّبَاعُ كُلُّهَا» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

484. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया गया, क्या हम गधे के बचे हुए पानी से वुज़ू कर ले? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ दरिंदो के बचे हुए (झूठे) पानी से भी"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (2 / 71 ح 287) * فيه حصين والد داود وهو ضعيف ، ابراهيم بن اسماعيل بن ابى حبيبة الاشهلى ضعيف مشهور وله شاهد موقوف فى الموطا (ياتى : 486)

٤٨٥ - (حسن) وَعَن أم هَانِئ قَالَتْ: اغْتَسَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هُوَ وَمَيْمُونَةُ فِي قَصْعَةٍ فِيهَا أَثَرُ الْعَجِين. رَوَاهُ النَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

485. उम्मे हानि रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ और मैमुना रदियल्लाहु अन्हा ने बर्तन में ग़ुस्ल किया जिस में आटे का निशान था| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائى (1 / 131 ح 241) و ابن ماجه (378) * ابن ابى نجيح مدلس و عنعن و حديث النسائى (415 سنده حسن) يغنى عنه

• بَاب الْمِيَاه — पानी के अहकाम का बयान
• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٤٨٦ - (ضَعِيف) عَن يَحْيَى بْنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ قَالَ: إِنَّ عُمَرَ بن الْخطاب خَرَجَ فِي رَكْبٍ فِيهِمْ عَمْرُو بْنُ الْعَاصِ حَتَّى وَرَدُوا حَوْضًا فَقَالَ عَمْرُو: يَا صَاحِبَ الْحَوْضِ هَلْ تَرِدُ حَوْضَكَ السِّبَاعُ فَقَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ يَا صَاحِبَ الْحَوْضِ لَا تُخْبِرْنَا فَإِنَّا نَرِدُ عَلَى السِّبَاعِ وَتَرِدُ عَلَيْنَا. رَوَاهُ مَالك

486. याह्या बिन अब्दुल रहमान बयान करते हैं, कि उमर रदियल्लाहु अन्हु कुछ सवारों के साथ, जिन में अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु भी थे, रवाना हुए, हत्ता कि वह एक हौज़ पर पहुंचे, तो अम्र रदियल्लाहु अन्हु ने फरमाया: हौज़ के मालिक| क्या तेरे हौज़ पर दरिन्दे भी पानी पीते आते है? उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: हौज़ के मालिक! हमें न बताना, क्योंकि दरिंदों के बाद हम पीने जाते हैं और हमारे बाद वह आ जाते हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک (1 / 23 ، 24 ح 42) * فى سماع يحيى بن عبد الرحمن بن حاطب من عمر رضى الله عنه نظر

٤٨٧ - (لم تتمّ دراسته) وَزَاد رزين قَالَ: زَاد بعض الروَاة فِي قَول عمر: وَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ:

«لَهَا مَا أَخَذَتْ فِي بُطُونِهَا وَمَا بَقِي فَهُوَ لنا طهُور وشراب»

487. रजीन ने कहा: बाज़ राविियो ने उमर रदियल्लाहु अन्हु के कौल में यह इज़ाफा नकल किया है की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो उन (दरिंदो) के पेट में चला गया वह उनका और जो बचा रहा वह हमारे लिए पाक है और बाईस ए तहारत और पीने के लायक है”| (ला असल लहू रवाह रजिन (मझे नहीं मिली))

لا اصل له ، رواه رزين (لم اجده)

٤٨٨ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ عَنِ الْحِيَاضِ الَّتِي بَيْنَ مَكَّةَ وَالْمَدِينَةِ تَرِدُهَا السبَاع وَالْكلاب والحمر وَعَن الطُّهْرِ مِنْهَا فَقَالَ: " لَهَا مَا حَمَلَتْ فِي بُطُونِهَا وَلَنَا مَا غَبَرَ طَهُورٌ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

488. अबू सईद खुदरी से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ से मक्का और मदीना के दरमियान वाकेअ उन तालाबो से तहारत हासिल करने में मसअला दरियाफ्त किया गया जहाँ से दरिन्दे, कुत्ते और गधे पानी पीते हैं, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन्होंने जो पि लिया वह उनका और जो बच गया वह हमारे लिए पाक है”| (ज़ईफ़,मौज़ू)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (519) * فيه عبد الرحمن بن زيد بن اسلم وهو ضعيف جدًا ، روى عن عبيه احاديث موضوعة

٤٨٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: لَا تَغْتَسِلُوا بِالْمَاءِ الْمُشَمَّسِ فَإِنَّهُ يُورِثُ البرص. رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

489. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, धुप से गरम किए गए पानी से ग़ुस्ल न करो क्योंकि वह बरस (फिल बहरी) का मर्ज़ पैदा करता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (1 / 39 ح 85) [و البيهقى (1 / 6] * حسان بن ازهر : وثقه ابن حبان وحده فهو مجهول الحال

• بَاب تَطْهِير النَّجَاسَات — नजासत दूर करने का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٤٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا شَرِبَ الْكَلْبُ فِي إِنَاء أحدكُم فليغسله سبع مَرَّات»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «طَهُورُ إِنَاءِ أَحَدِكُمْ إِذَا وَلَغَ فِيهِ الْكَلْبُ أَنْ يَغْسِلَهُ سَبْعَ مَرَّاتٍ أولَاهُنَّ بِالتُّرَابِ»

490. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कुत्ता तुम्हारे किसी शख़्स के बर्तन में से पि ले तो उसे सात मर्तबा धोओ”| बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है: “जब कुत्ता

तुम्हारे किसी शख़्स के बर्तन में मुंह डाल दे तो इस बर्तन की पाकीज़गी इस तरह हासिल होगी के इसे सात मर्तबा धोया जाए, उनमें से पहली मर्तबा मिट्टी से साफ़ किया जाए''|| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (172) و مسلم (90 / 279)، (650) [و رواية الثانية فى مصابيح السنة (339]

٤٩١ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: قَامَ أَعْرَابِيٌّ فَبَالَ فِي الْمَسْجِدِ فَتَنَاوَلَهُ النَّاسُ فَقَالَ لَهُمُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «دَعُوهُ وَهَرِيقُوا عَلَى بَوْلِهِ سَجْلًا مِنْ مَاءٍ أَوْ ذَنُوبًا مِنْ مَاءٍ فَإِنَّمَا بُعِثْتُمْ مُيَسِّرِينَ وَلَمْ تُبْعَثُوا مُعَسِّرِينَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

491. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक देहाती खड़ा हुआ तो उस ने मस्जिद में पेशाब कर दिया, लोग उसे डांटने लगे नबी ﷺ ने फ़रमाया: "इसे कुछ न कहो और उस के पेशाब पर एक डोल पानी बहा दो क्योंकि तुम्हे, तो आसानी के लिए भेजा गया तंगी पैदा करने के लिए नहीं "| (बुखारी)

رواه البخارى (220)

٤٩٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنس قَالَ: بَيْنَمَا نَحْنُ فِي الْمَسْجِدِ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَ أَعْرَابِيٌّ فَقَامَ يَبُولُ فِي الْمَسْجِدِ فَقَالَ أَصْحَابُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَهْ مَه قَالَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُزْرِمُوهُ دَعُوهُ» فَتَرَكُوهُ حَتَّى بَالَ ثُمَّ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ ص:١٥ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَعَاهُ فَقَالَ لَهُ: «إِنَّ هَذِهِ الْمَسَاجِدَ لَا تصلح لشَيْء من هَذَا الْبَوْل وَلَا القذر إِنَّمَا هِيَ لذكر الله عز وَجل وَالصَّلَاةِ وَقِرَاءَةِ الْقُرْآنِ» أَوْ كَمَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فَأمر رَجُلًا مِنَ الْقَوْمِ فَجَاءَ بِدَلْوٍ مِنْ مَاءٍ فسنه عَلَيْهِ

492. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ मस्जिद मेंबैठे हुए थे की इस असना में एक आराबी आया और वह खड़ा हो कर मस्जिद में पेशाब करने लगा, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ने कहा, रुक जा, रुक जा, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उस का पेशाब न रोको इसे कुछ न कहो छोड़ दो", चुनांचे उन्होंने इसे छोड़ दिया हत्ता कि उस ने पेशाब कर लिया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बुलाकर फ़रमाया: "ये जो मसाजिद है यह पेशाब और गंदगी वगैरा के लिए मौज़ू नहीं | यह तो अल्लाह के ज़िक्र, नमाज़ और किराअत ए कुरान के लिए है या फिर जैसे रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने उन लोगों में से किसी शख़्स को हुक्म फ़रमाया तो वह पानी का डोल ले आया तो आप ने वह इस (पेशाब) पर बहा दिया | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (لم اجده) و مسلم (100 / 285)، (661)

٤٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ أَبِي بَكْرٍ الصّديق أَنَّهَا قَالَتْ: سَأَلَتِ امْرَأَةٌ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إحدانا إِذا أَصَاب ثوبها الدَّم من الْحَيْضَة كَيْفَ تَصَنُّعُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذا أَصَاب ثوب إحداكن الدَّم مِنَ الْحَيْضَةِ فَلْتَقْرُصْهُ ثُمَّ لِتَنْضَحْهُ بِمَاءٍ ثُمَّ لتصلي فِيهِ»

493. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक औरत ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त करते हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के अगर हम में से किसी के कपड़े को हैज़ का खून लग जाए तो वह क्या करे? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी के कपड़े को हैज़ का खून लग जाए तो वह इसे नाख़ून से खुरच ले फिर इसे पानी के साथ धोए और फिर इस (कपड़े) में नमाज़ पढ़े"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (307) و مسلم (110 / 291)، (675)

٤٩٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: سَأَلْتُ عَائِشَةَ عَنِ الْمَنِيِّ يُصِيبُ الثَّوْبَ فَقَالَتْ كُنْتُ أَغْسِلُهُ مِنْ ثَوْبِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَخْرُجُ إِلَى الصَّلَاةِ وَأَثَرُ الْغَسْلِ فِي ثَوْبه بقع المَاء

494. सुलेमान बिन यस्सार रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने कपड़े को लग जाने वाली मनी के बारे में आइशा रदियल्लाहु अन्हा से मसअला दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: में इसे रसूलुल्लाह ﷺ के कपड़े से धो दिया करती थी, पस आप नमाज़ के लिए तशरीफ़ ले जाते जबकि धोने का निशान आप के कपड़े में होता | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (230) و مسلم (108 / 289)، (672)

٤٩٥ - (صَحِيح) وَعَن الْأسود وَهَمَّام عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كُنْتُ أَفْرُكُ الْمَنِيَّ مِنْ ثَوْبِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم

495. असवद और हम्माम रहिमहुल्लाह आइशा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: मैं रसूलुल्लाह ﷺ के कपड़े से मनी रगड़ दिया करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 288)، (669)

٤٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَبِرِوَايَةِ عَلْقَمَةَ وَالْأَسْوَدِ عَنْ عَائِشَةَ نَحْوَهُ وَفِيهِ: ثمَّ يُصَلِّي فِيهِ

496. अल्कमा बिन असवद रहिमहुल्लाह की सनद से आइशा रदियल्लाहु अन्हा से इसी तरह मरवी है, निज़ इस रिवायत में यह भी है, फिर आप इस (कपड़े) में नमाज़ पढ़ते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (105 / 288)، (668)

٤٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أم قيس بنت مُحصن: أَنَّهَا أَتَتْ بِابْنٍ لَهَا صَغِيرٍ لَمْ يَأْكُلِ ص:١٥ الطَّعَامَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ

عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَجْلَسَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حِجْرِهِ فَبَالَ عَلَى ثَوْبِهِ فَدَعَا بِمَاء فنضحه وَلم يغسلهُ

497. उम्म कैस बिन्ते मुह्सन रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के वह अपने छोटे शिरख्वार बेटे को लेकर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे अपने गोद में बेठा लिया, उस ने आप के कपड़े पर पेशाब कर दिया तो आप ﷺ ने पानी मंगा कर उस पर छिड़क दिया और इसे धोया नहीं | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (223) و مسلم (103 / 287)، (665)

٤٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «إِذَا دُبِغَ الْإِهَابُ فَقَدْ طَهُرَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

498. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब चमड़े को रंग दिया जाता है तो वह पाक हो जाता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (105 / 366)، (812)

٤٩٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْن عبَّاس قَالَ: تُصُدِّقَ عَلَى مَوْلَاةٍ لِمَيْمُونَةَ بِشَاةٍ فَمَاتَتْ فَمَرَّ بِهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «هَلَّا أَخَذْتُمْ إِهَابَهَا فَدَبَغْتُمُوهُ فَانْتَفَعْتُمْ بِهِ» فَقَالُوا: إِنَّهَا مَيْتَةٌ فَقَالَ: «إِنَّمَا حُرِّمَ أكلهَا»

499. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैमुना रदियल्लाहु अन्हा की आज़ाद करदा लौंडी को सदके के तौर पर एक बकरी दी गई, पस वह मर गई, रसूलुल्लाह ﷺ उस के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “तुमने उसकी खाल क्यों न उतार ली, पस तुम उसे रंग देते और उस से फ़ायदा उठाते”, उन्होंने अर्ज़ किया, यह तो मुरदार है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सिर्फ उस का खाना हराम करार दिया गया है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1492) و مسلم (100 / 363)، (806)

٥٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَوْدَةَ زَوْجِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَتْ: مَاتَتْ لَنَا شَاةٌ فَدَبَغْنَا مَسْكَهَا ثُمَّ مَا زِلْنَا نَنْبِذُ فِيهِ حَتَّى صَارَ شنا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

500. नबी ﷺ की ज़ौजा ए मोहतरमा सवदा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हमारी बकरी मर गई तो हमने उसकी खाल को रंग लिया, फिर हम उस में नबिज़ तैयार करते रहे हत्ता कि वह पोशीदा हो गई| (बुखारी)

رواه البخارى (6686)

नजासत दूर करने का बयान • بَاب تَطْهِير النَّجَاسَات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٠١ - (صَحِيح) عَن لبَابَة بنت الْحَارِث قَالَتْ: كَانَ الْحُسَيْنُ بْنُ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا فِي حِجْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَبَال عَلَيْهِ فَقُلْتُ الْبَسْ ثَوْبًا وَأَعْطِنِي ص:١٥ إِزَارَكَ حَتَّى أَغْسِلَهُ قَالَ: «إِنَّمَا يُغْسَلُ مِنْ بَوْلِ الْأُنْثَى وَيُنْضَحُ مِنْ بَوْلِ الذَّكَرِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْن مَاجَه

501. लुबाब बिन्ते हारिस रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हुसैन बिन अली रदियल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ की गोद में थे, उन्होंने आप के कपड़े पर पेशाब कर दिया, मैंने अर्ज़ किया: आप दूसरा कपड़ा पहन लें और अपना आज़ार मुझे दे दे ताकि में उसे धो दू आप ﷺ ने फ़रमाया: "सिर्फ लड़की के पेशाब से कपड़ा धोया जाता है और लड़के के पेशाब से कपड़े पर छींटे मारे जाते हैं"। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (6 / 339 ، 340 ح 27416) و ابوداؤد (375) و ابن ماجه (522) [و صححه ابن خزيمة (282) و الحاكم (1 / 166) و وافقه الذهبى]

٥٠٢ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِأَبِي دَاوُدَ وَالنَّسَائِيِّ عَنْ أَبِي السَّمْحِ قَالَ: يُغْسَلُ مِنْ بَوْلِ الْجَارِيَةِ وَيُرَشُّ من بَوْل الْغُلَام

502. अबू दावूद और नसाई में अबुस सम्ह रदियल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बच्ची के पेशाब से कपड़ा धोया जाता है, जबकि लड़के के पेशाब से कपड़े पर छींटे मारे जातेहैं"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (376) و النسائى (1 / 158 ح 305) [و ابن ماجه (526) و صححه ابن خزيمة (283) و الحاكم (1 / 166) و وافقه الذهبى]

٥٠٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وَطِئَ أَحَدُكُمْ بِنَعْلِهِ الْأَذَى فَإِنَّ التُّرَابَ لَهُ طَهُورٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ. وَلِابْنِ مَاجَه مَعْنَاهُ

503. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी शख़्स के जूते को गंदगी लग जाए तो मिट्टी इसे पाक कर देती है"। अबू दावुद और इब्ने माजा में भी इसी के हममानी है। (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (385 سنده منقطع كما هو الظاهر) و ابن ماجه (532 فى سنده ابن ابى حبيبة ضعيف و الراوى عنه مجهول الحال) [و صححه الحاكم (1 / 166 ح 590) و وافقه الذهبى ، وفى سنده محمد بن كثير المصيصى ضعيف و محمد بن عجلان مدلس و عنعن و الحديث الآتى (504) يغنى عنه]

٥٠٤ - (صَحِيح) وَعَن أم سَلمَة قَالَتْ لَهَا امْرَأَةٌ: إِنِّي امْرَأَةٌ أُطِيلُ ذَيْلِي وَأَمْشِي فِي الْمَكَانِ الْقَذِرِ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُطَهِّرُهُ مَا بَعْدَهُ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالا: الْمَرْأَة أم ولد لإِبْرَاهِيم ابْن عبد الرَّحْمَن بن عَوْف

504. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के एक औरत ने उन्हें कहा; में अपने कपड़े का दामन लम्बा रखती हूँ जबकि मैं नापाक जगह से गुज़रती हूँ, उन्होंने बताया रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो इस नापाक जगह के बाद है वह इसे पाक कर देगी”| मालिक, अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, दारमी इमाम अबू दावुद और इमाम दारमी ने बताया के वह औरत इब्राहीम बिन अब्दुल रहमान बिन ऑफ की वालिदा थी| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه مالک (1 / 24 ح 44) و احمد (6 / 290 ح 27021) و الترمذی (143) و ابوداؤد (383) و الدارمی (1 / 191 ح 748) [و ابن ماجه (531) و صححه ابن الجارود (142) و للحديث شواهد

٥٠٥ - (ضَعِيف) وَعَن الْمِقْدَام بن معدي كرب قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ لُبْسِ جُلُودِ السِّبَاعِ وَالرُّكُوبِ عَلَيْهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

505. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दरिंदो की खाल पहनने और इन पर सवारी करने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن رواه ابوداؤد (4131) و النسائی (7 / 176 ، 177 ح 4260)

٥٠٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الْمَلِيحِ بْنِ أَسَامَةَ عَنْ أَبِيهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: نَهَى عَنْ جُلُودِ السِّبَاعِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ وَزَاد التِّرْمِذِيّ والدارمي: أَن تفترش

506. अबुल मलिहा बिन उसामा अपने वालिद से और वह नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, नबी ﷺ ने दरिंदो की खालो (के इस्तेमाल) से मना फ़रमाया है| अहमद, अबू दावुद, नसई, इमाम तिरमिज़ी और दारमी ने इज़ाफा नकल किया है यह कि उनका बिस्तर बनाया जाए| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 74 ، 75 ح 20982) و ابوداؤد (4132) و النسائی (7 / 176 ح 4258) و الترمذی (1770 ، 1771) و الدارمی (2 / 85 ح 1989)

٥٠٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي الْملیح: أَنه ذكره ثمن جُلُود السبَاع. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ فِي اللبَاس من جَامعه وَسَنَده جيد

507. अबुल मलिहा से रिवायत है के आप ने दरिंदो की खालो की कीमत (यानी बेअ) को नापसंद फ़रमाया है, इस रिवायत को इमाम तिरमिज़ी ने “आप ने दरिंदो के चमड़े को नापसंद फ़रमाया है” के अल्फाज़ के साथ ज़िक्र किया है और उसकी सनद जय्यिद है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1770) [و انظر الحديث السابق : 506]

٥٠٨ - (ضَعِيف) وَعَن عبد الله بن عكيم قَالَ: أَتَانَا كِتَابُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْ لَا تَنْتَفِعُوا مِنَ الْمَيْتَةِ بِإِهَابٍ وَلَا عَصَبٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

508. अब्दुल्लाह बिन उकैम रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, हमें रसूलुल्लाह ﷺ का ख़त मौसुल हुआ की "मुरदार के चमड़े से फ़ायदा उठाओ न उस के अअसाब (पट्ठो) से"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1729 وقال : هذا حديث حسن ،،،) و ابوداؤد (4127 ، 4128) و النسائى (7 / 175 ح 4255) و ابن ماجه (3613)* و اعل بما لا يقدح

٥٠٩ - (حسن) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَمَرَ أَنْ يُسْتَمْتَعَ بِجُلُودِ الْمَيْتَةِ إِذَا دُبِغَتْ. رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُد

509. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हुक्म फ़रमाया के " जब मुरदार का चमड़ा रंगा जाए तब उस से फ़ायदा हासिल किया जाए"| (हसन)

حسن ، رواه مالک (2 / 498 ح 1101) و ابوداؤد (4124) [و ابن ماجه (3612) و النسائى (7 / 176 ح 4257)] * ام محمد بن عبد الرحمن : و ثقها ابن حبان و ابن عبدالبر و يعقوب بن سفيان الفارسى (المعرفة و التاريخ : 1 / 349 ، 350 ، 425) فالسند حسن

٥١٠ - (حسن) وَعَن مَيْمُونَة مر على النَّبِي الله صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رِجَالٌ مِنْ قُرَيْشٍ يَجُرُّونَ شَاةً لَهُمْ مِثْلَ الْحِمَارِ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ أَخَذْتُمْ إِهَابَهَا» قَالُوا إِنَّهَا مَيْتَةٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُطَهِّرُهَا الْمَاءُ والقرظ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

510. मय्मुना रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुरैश के कुछ लोग अपने (मुर्दार) बकरी को गधे की मिस्ल घसीटते हुए नबी ﷺ के पास से गुज़रे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "तुम उस का चमड़ी ही उतार लेते", उन्होंने अर्ज़ किया, यह मुरदार है रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "पानी और क़रज़ (केकड़ के मुशाबह (अनुरूप) दरख्त और उस के पत्ते) इसे पाक कर देते"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 334 ح 27370) و ابوداؤد (4126) [و النسائى (7 / 174 ، 175 ح 4253) و حسنه ابن الملقن فى تحفة المحتاج (131)]

٥١١ - (حسن) وَعَن سَلمَة ابْن المحبق: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غَزْوَة تَبُوك أَتَى على بَيْتٍ فَإِذَا قِرْبَةٌ مُعَلَّقَةٌ فَسَأَلَ الْمَاءَ فَقَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهَا مَيْتَةٌ: «فَقَالَ دِبَاغُهَا طهورها» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

511. सलमा बिन मुहब्बक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि गज़वा ए तबुक के मौके पर रसूलुल्लाह ﷺ एक घराने के पास तशरीफ़ लाए तो वहां एक मश्किज़ा लटक रहा था, आप ने पानी तलब किया, तो उन्होंने आप से

अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह तो मुरदार है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे रंग देना ही उसकी तहारत है”| (सहीह,ज़ईफ़,हसन)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 476 ح 16003 ، 16004) و ابوداؤد (4125) [و النسائى (7 / 173 ، 174 ح 4248) و صححه الحاكم (4 / 141) و وافقه الذهبى] * الحسن البصرى عنعن

नजासत दूर करने का बयान • بَاب تَطْهِير النَّجَاسَات

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥١٢ - (صَحِيح) وَعَن امْرَأَةٍ مِنْ بَنِي عَبْدِ الْأَشْهَلِ قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ لَنَا طَرِيقًا إِلَى الْمَسْجِد مُنْتِنَة فَكيف نَفْعل إِذا مُطِرْنَا قَالَ: «أَلَيْسَ بعْدهَا طَرِيق ص:١٥ هِيَ أطيب مِنْهَا قَالَت قلت بلَى قَالَ فَهَذِهِ بِهَذِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

512. बनू अब्द अल अशहल की एक खातून बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मस्जिद की तरफ हमारा जो रास्ता है के इन्तिहाई गंदा और बदबूदार है जब बारिश हो जाए तो फिर हम क्या करे? वह बयान करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस के बाद उस से कोई ज़्यादा बेहतर और पाकिज़ा रास्ता नहीं ?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस की नजासत उस से दूर हो जाती है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (384) [و ابن ماجه (533)]

٥١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نُصَلِّي مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا نَتَوَضَّأ من الموطئ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

513. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ पढ़ा करते थे और हम गंदगी पर चल कर जाने की वजह से वुज़ू नहीं किया करते थे| (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (معلقاً بعد ح 143) و ابوداؤد (204) و صححه الحاكم (1 / 139)] * الاعمش مدلس و عنعن و شک فيمن حدثه فالسند لعلل

٥١٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَتِ الْكِلَابُ تُقْبِلُ وَتُدْبِرُ فِي الْمَسْجِدِ فِي زَمَانِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمْ يَكُونُوا يَرُشُّونَ شَيْئا من ذَلِك. رَوَاهُ البُخَارِيّ

514. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह के ज़माने में कुत्ते मस्जिद में आते जाते रहते

थे और वह (सहाबा किराम) उसकी किसी चीज़ को धोया नहीं करते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (174)

٥١٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:: «لَا بَأْسَ بِبَوْلِ مَا يُؤْكَلُ لَحْمُهُ»

515. बराअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस जानवर का गोश्त खाया जाता हो उसके पेशाब में कोई बुराई नहीं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الدارقطنى (1 / 128) * فيه مصعب بن سوار وهو سوار بن مصعب : ضعيف جدًا متروک

٥١٦ - (ضَعِيف) وَفِي رِوَايَةِ جَابِرٍ قَالَ: «مَا أَكِلَ لَحْمُهُ فَلَا بَأْس ببوله» . رَوَاهُ أَحْمد وَالدَّارَقُطْنِيّ

516. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस का गोश्त खाया जाए उस के पेशाब में कोई बुराई नहीं"| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه احمد (لم اجده) و الدارقطنى (1 / 128) * فيه يحيى بن العلاء : متهم و متروک ، و عمرو بن حصين : متروک

मोज़ो पर मसाह करने का बयान • بَاب الْمسْح على الْخُفَّيْنِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥١٧ - (صَحِيح) عَن شُرَيْح بن هَانِئ قَالَ: سَأَلْتُ عَلِيَّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ الْمَسْحِ عَلَى الْخُفَّيْنِ فَقَالَ: جَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَلَيَالِيَهُنَّ لِلْمُسَافِرِ وَيَوْمًا وَلَيْلَةً لِلْمُقِيمِ. رَوَاهُ مُسلم

517. शरीह बिन हानी बयान करते हैं, मैंने अली बिन अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हु से मोज़ो पर मसाह करने (की मुद्दत) के बारे में मसअला दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसाफ़िर के लिए तीन दिन और मुकीम के लिए एक दिन मुद्दत मुकर्रर फरमाई है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (85 / 276)، (639)

٥١٨ - (صَحِيح) وَعَن عُرْوَة بن الْمُغيرَة بن شُعْبَة عَن أَبِيه قَالَ: أَنَّهُ غَزَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَزْوَةَ تَبُوكَ. قَالَ الْمُغِيرَةُ: فَتَبَرَّزَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قِبَلَ الْغَائِط فَحملت مَعَه إدواة قَبْلَ الْفَجْرِ فَلَمَّا رَجَعَ أَخَذْتُ أُهَرِيقُ

عَلَى يَدَيْهِ من الإدواة فَغسل كفيه وَوَجْهَهُ وَعَلَيْهِ جُبَّةٌ مِنْ ص:١٦ صُوفٍ ذَهَبَ يَحْسِرُ عَن ذِرَاعَيْهِ فَضَاقَ كم الْجُبَّة فَأَخْرج يَده مِنْ تَحْتِ الْجُبَّةِ وَأَلْقَى الْجُبَّةَ عَلَى مَنْكِبَيْهِ وَغسل ذِرَاعَيْهِ وَمسح بناصيته وعَلى الْعِمَامَة وعَلى خفيه ثُمَّ رَكِبَ وَرَكِبْتُ فَانْتَهَيْنَا إِلَى الْقَوْمِ وَقَدْ قَامُوا فِي الصَّلَاة يُصَلِّي بِهِمْ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ عَوْفٍ وَقَدْ رَكَعَ بِهِمْ رَكْعَةً فَلَمَّا أَحَسَّ بِالنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم ذهب يتَأَخَّر فَأَوْمأ إِلَيْهِ فصلى بهم فَلَمَّا سلم قَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقُمْتُ فَرَكَعْنَا الرَّكْعَة الَّتِي سبقتنا. رَوَاهُ مُسلم

518. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ गज़वा ए तबुक में शिरकत की, मुगिरह रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ फजर से पहले पेशाब व पाखाना के लिए खुली जगह तशरीफ़ ले गए, मैं पानी का बर्तन उठाकर आप के साथ गया, पस जब आप वापस तशरीफ़ लाए तो मैंने बर्तन से आप के हाथो पर पानी डाला, तो आप ने अपने हाथ और चेहरा धोया, आप ने ऊनी जुब्बा पहन रखा था, आप ने बाज़ू नंगे करने की कोशिश की, लेकिन जुब्बा की आस्तीन तंग थी, लिहाज़ा आप ने जुब्बा के नीचे से हाथ निकाले और जुब्बे को अपने कंधो पर डाल लिया और अपने बाज़ू धोए फिर, आप ने पेशानी और इमामे पर मसाह किया, मैं आप के मोज़े उतारने के लिए झुका तो आप ने फ़रमाया: "उन्हें छोड़ दो क्योंकि मैंने उन्हें हालत ए वुज़ू में पहना था", आप ने इन पर मसाह किया फिर आप सवारी पर सवार हुए और मैं भी सवार हुआ, जब हम लश्कर के पास पहुंचे तो वह नमाज़ खड़ी कर चुके थे और अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु उन्हें नमाज़ पढ़ा रहे थे और वह उन्हें एक रक्अत पढ़ा चुके थे चुनांचे जब उन्हें नबी ﷺ की आमद का एहसास हुआ तो वह पीछे हटने लगे, आप ने उन्हें इरशाद किया के नमाज़ पढ़ते रहो, नबी ﷺ ने एक रक्अत उन के साथ पा ली जब उन्होंने (अब्दुल रहमान बिन ऑफ (र)) ने सलाम फेरा तो नबी ﷺ खड़े हो गए, और मैं भी आप ﷺ के साथ खड़ा हो गया, तो हमने वह रक्अत पढ़ी जो हम से पहले पढ़ी जा चुकी थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (79 ، 81 ، 105 / 274)، (631 و 633)

• بَاب الْمسْح على الْخُفَّيْنِ — मोज़ो पर मसाह करने का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

٥١٩ - (حسن) عَنْ أَبِي بَكْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ رَخَّصَ لِلْمُسَافِرِ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَلَيَالِيَهُنَّ وَلِلْمُقِيمِ يَوْمًا وَلَيْلَةً إِذَا تَطَهَّرَ فَلَبِسَ خُفَّيْهِ أَنْ يَمْسَحَ عَلَيْهِمَا. رَوَاهُ الْأَثْرَمُ فِي سُنَنِهِ وَابْنُ خُزَيْمَةَ وَالدَّارَقُطْنِيّ وَقَالَ الْخَطَّابِيُّ: هُوَ صَحِيحُ الْإِسْنَادِ هَكَذَا فِي الْمُنْتَقى

519. अबू बकरह नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने मुसाफ़िर को तीन दिन और मुकीम को एक दिन मोज़ो पर मसाह करने की रुखसत इनायत फरमाई, बशर्तेकी उन्होंने वुज़ू के बाद मोज़े पहने हो"| अषरम ने अपने सुनन में, इब्ने खुजैमा और दार कुतनी ने इसे रिवायत किया है, खत्ताबी ने कहा वह सहीह अल असनाद है, मुन्तका मैं भी इसी तरह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الاثرم فى سننه (لم اجده) و ابن خزيمة (1 / 96 ح 192) و الدارقطنى (1 / 194) [و ابن ماجه : 556] و قول الخطابى فى منتقى الاخبار (305 ، و نيل الاوطار 1 / 282 ح 232)

٥٢٠ - (صَحِيح) وَعَن صَفْوَان بن عَسَّال قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:١٦ يَأْمُرُنَا إِذَا كُنَّا سَفَرًا أَنْ لَا نَنْزِعَ خِفَافَنَا ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَلَيَالِيَهُنَّ إِلَّا مِنْ جَنَابَةٍ وَلَكِنْ مِنْ غَائِطٍ وَبَوْلٍ وَنَوْمٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

520. सफवान बिन अस्साल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम मुसाफ़िर होते तो रसूलुल्लाह ﷺ हमें हुक्म फरमाते के हम जनाबत के अलावा पेशाब व पाखाना और नींद की सूरत में तीन दिन तक अपने मोज़े न उतारे| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (96 وقال : حديث صحيح) و النسائى (1 83 ، 84 ح 127)

٥٢١ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ قَالَ: وَضَّأْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غَزْوَةِ تَبُوكَ فَمَسَحَ أَعْلَى الْخُفِّ وَأَسْفَلَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ مَعْلُولٌ وَسَأَلْتُ أَبَا زُرْعَةَ وَمُحَمَّدًا يَعْنَى الْبُخَارِيَّ عَنْ هَذَا الْحَدِيثِ فَقَالَا: لَيْسَ بِصَحِيحٍ. وَكَذَا ضعفه أَبُو دَاوُد

521. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने गज़वा ए तबुक के मौके पर नबी ﷺ को वुज़ू कराया तो आप ﷺ ने मोज़ो के ऊपर और नीचे मसाह किया| अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस मअलुवल है मैंने अबू ज़ुरअत और मुहम्मद यानी इमाम बुखारी से इस हदीस के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह नहीं और इसी तरह अबू दावुद ने भी इसे जईफ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (165) و الترمذى (97 و اعله) و ابن ماجه (550)* ثور : لم يسمع من رجاء وجاء تصريحه بالسماع فى السند الضعيف ، ورجاء لم يسمعه من كاتب المغيرة رضى الله عنه

٥٢٢ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يمسح على الْخُفَّيْنِ على ظاهرهما. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

522. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने कहा: मैंने नबी ﷺ को मोज़ो के ऊपर मसाह करते हुए देखा| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (98 وقال : حسن) و ابوداؤد (161)

٥٢٣ - (صَحِيح) وَعَن الْمُغِيرَة بن شُعْبَة قَالَ: تَوَضَّأَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَسَحَ عَلَى الْجَوْرَبَيْنِ وَالنَّعْلَيْنِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

523. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने वुज़ू फ़रमाया और आप ने जुराबो और जूतो पर मसाह किया| (ज़ईफ़,हसन)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 252 ح 18393) و الترمذى (99 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (159) و ابن ماجه (559) * سنده ضعيف من اجل عنعنة سفيان الثورى فإنه مدلس مشهور و للحديث شواهد و اجماع الصحابة يؤيده

मोज़ो पर मसाह करने का बयान • بَاب الْمسْح على الْخُفَّيْنِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

S

٥٢٤ - (ضَعِيف) وَعَن الْمُغيرَة بن شُعْبَة قَالَ: مَسَحَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْخُفَّيْنِ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ نسيت؟ قَالَ: بل أَنْت نسيت بِهَذَا أَمرنِي رَبِّي عَزَّ وَجَلَّ. رَوَاهُ ص:١٦ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

524. मुगिरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मोज़ो पर मसाह किया तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या आप भूल गए है? आप ने फ़रमाया: (नहीं), बल्कि तुम भूले हो, मेरे रब अज्ज़वजल ने मुझे इसी का हुक्म फ़रमाया''| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 253 ح 18407) و ابوداؤد (156) * بكير بن عامر : ضعيف ، ضعفه الجمهور

٥٢٥ - (صَحِيح) وَعَن عَليّ رَضِي الله عَنهُ قَالَ: لَوْ كَانَ الدِّينُ بِالرَّأْيِ لَكَانَ أَسْفَلُ الْخُفِّ أَوْلَى بِالْمَسْحِ مِنْ أَعْلَاهُ وَقَدْ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَمْسَحُ على ظَاهر خفيه رَوَاهُ أَبُو دَاوُد للدارمي مَعْنَاهُ

525. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अगर दीन का दारोमदार अक्ल व राय पर होता तो मोज़ो पर नीचे मसाह करना उन के ऊपर मसाह करने से अफज़ल व बेहतर होता, जबकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मोज़ो के ऊपर मसाह करते हुए देखा है| अबू दावुद, और दारमी ने भी इसी मानी में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (162) و الدارمى (1 / 181 ح 721) * ابو اسحاق السبيعى عنعن و حديث الحميدى (47) يغنى عنه

तयम्मुम का बयान • بَاب التَّيَمُّم

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٢٦ - (صَحِيح) عَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فُضِّلْنَا عَلَى النَّاسِ بِثَلَاثٍ جُعِلَتْ صُفُوفُنَا كَصُفُوفِ الْمَلَائِكَةِ وَجُعِلَتْ لَنَا الْأَرْضُ كلهَا مَسْجِدا وَجعلت تربَتهَا لنا طَهُورًا إِذَا لَمْ نَجِدِ الْمَاءَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

526. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हमें बाकी उम्मतो पर तीन चीजों से फ़ज़ीलत दी गई है, हमारी सफों को फरिश्तो की सफों जैसे करार दिया गया, हमारे लिए सारी ज़मीन मस्जिद करार दी गई और उसकी मिट्टी को जब हम पानी न पाए बाईस ए तहारत बनाया गया"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4 / 522)، (1165)

٥٢٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عمرَان بن حُصَيْن الْخُزَاعِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: رأى رجلا مُعْتَزِلا لم يصل فِي الْقَوْم فَقَالَ: «يَا فلَان مَا مَنعك أَن تصلي فِي الْقَوْم فَقَالَ يَا رَسُول الله أَصَابَتْنِي جَنَابَةٌ وَلَا مَاءَ قَالَ عَلَيْكَ بِالصَّعِيدِ فَإِنَّهُ يَكْفِيك»

527. इमरान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के साथ सफ़र पर थे आप ने लोगों को नमाज़ पढ़ाई, पस जब आप नमाज़ से फारिग़ हुए तो आप ﷺ ने एक आदमी को अलग बैठा हुआ देखा, जिस ने बा जमाअत नमाज़ नहीं पढ़ी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "फलां शख्स! तुम्हें बा जमाअत नमाज़ अदा करने से क्या मानेअ था? उस ने अर्ज़ किया, मैं जुनुबी हो गया था और मैंने पानी नहीं पाया, आप ने फ़रमाया: "तुम मिट्टी इस्तेमाल करते वह तुम्हारे लिए काफी थी" | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (344) و مسلم (312 / 682)، (1563)

٥٢٨ - (صَحِيح) وَعَن عمار قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ فَقَالَ: إِنِّي أَجْنَبْتُ فَلَمْ أَصِبِ الْمَاءَ فَقَالَ عمار بن يَاسر لعمر بن الْخطاب أَمَا تَذْكُرُ أَنَّا كُنَّا فِي سَفَرٍ أَنَا وَأَنْتَ فَأَمَّا أَنْتَ فَلَمْ تُصَلِّ وَأَمَّا أَنَا فتمعكت فَصليت فَذكرت للنَّبِي صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم إِنَّمَا كَانَ يَكْفِيكَ هَكَذَا فَضَرَبَ النَّبِيُّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم بكفيه الأَرْض وَنفخ فيهمَا ثمَّ مسح بهما وَجْهَهُ وَكَفَّيْهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ وَلِمُسْلِمٍ نَحْوُهُ وَفِيهِ قَالَ: إِنَّمَا يَكْفِيكَ أَنْ تَضْرِبَ بِيَدَيْكَ الْأَرْضَ ثمَّ تنفخ ثمَّ تمسح بهما وَجهك وكفيك

528. अम्मार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु के पास आया और उस ने अर्ज़ किया, मैं जुनुबी हो गया हूँ लेकिन मुझे पानी नहीं मिला, (ये सुन कर) अम्मार ने उमर रदियल्लाहु अन्हु से कहा: क्या आप को याद नहीं, के हम एक मर्तबा सफ़र में थे, आप ने नमाज़ न पढ़ी, जबकि मैं मिट्टी मेंलौट पोट हुआ और नमाज़ पढ़ ली, फिर मैंने नबी ﷺ से उस का तज़किरह किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम्हारे लिए इस तरह करना काफी था", चुनांचे नबी ﷺ ने अपने हाथ ज़मीन पर मारे और उनमें फूंक मारी, फिर उन से अपने चेहरे और हाथो पर मसाह किया बुखारी, | मुत्तफ़िक़ अलैह: और मुस्लिम में भी इसी तरह है और इस में है आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम्हारे लिए काफी था के तुम अपने हाथ ज़मीन पर मारते फिर उस में फूंक मारते और फिर उन के साथ अपने चेहरे और हाथो पर मसाह करते"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (338) و مسلم (112 / 368)، (820)

٥٢٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي الْجُهَيْمِ بْنِ الْحَارِثِ بْنِ الصِّمَّةِ قَالَ: مَرَرْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَبُولُ فَسَلَّمْتُ عَلَيْهِ فَلَمْ يَرُدَّ عَلَيَّ حَتَّى قَامَ إِلَى جِدَارٍ فَحَتَّهُ بِعَصًى كَانَتْ مَعَهُ ثُمَّ وَضَعَ يَدَيْهِ عَلَى الْجِدَارِ فَمَسَحَ وَجْهَهُ وَذِرَاعَيْهِ ثُمَّ رَدَّ عَلَيَّ. وَلَمْ أَجِدْ هَذِهِ الرِّوَايَةَ فِي الصَّحِيحَيْنِ وَلَا فِي كِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ وَلَكِنْ ذَكَرَهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث حسن

529. अबिल जुह्मी बिन हारिस बिन सिम्मी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के पास से गुज़रा, जबकि आप पेशाब कर रहे थे, मैंने आप को सलाम किया तो आप ने मुझे जवाब न दिया, हत्ता कि आप एक दिवार की तरफ गए और अपने लाठी से इसे कुरेदा, फिर अपने हाथ दिवार पर रखे, और अपने चेहरे और बाज़ुओ

का मसाह किया, फिर मुझे सलाम का जवाब दिया| यह रिवायत मुझे सहीहैन में मिली न किताब अल हुमैदी में लेकिन उन्होंने शरह सुन्ना में उसे ज़िक्र किया है और फ़रमाया यह हदीस हसन है| (सहीह,ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الحسين بن مسعود البغوى فى شرح السنة (2 / 114 ، 115 ح 310 وقال : هذا حديث حسن !) [و رواه الشافعى فى مسنده (1 / 45) و البيهقى (1 / 205] * فيه ابراهيم بن محمد بن ابى يحيى الاسلمى متروک متهم و السند منقطع و الصواب : مسح وجهه و يده كما سياتى (535)

• بَاب التَّيَمُّم — तयम्मुम का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

٥٣٠ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الصَّعِيدَ الطَّيِّبَ وَضُوءُ الْمُسلم وَإِن لم يجد لاماء عشر سِنِين فغذا وجد المَاء فليمسه بشره فَإِنَّ ذَلِكَ خَيْرٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ»» وَرَوَى النَّسَائِيُّ نَحْوَهُ إِلَى قَوْلِهِ: عَشْرَ سِنِين

530. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पाक मिट्टी मुसलमान के लिए वुज़ू के पानी की तरह है ख्वाँ वह दस साल तक पानी न पाए, लेकिन जब पानी दस्तियाब हो जाए तब उस से अपने जिल्द तर करे क्योंकि यह बेहतर है”| अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद और इमाम नसई ने (दस साल) तक इसी तरह रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 155 ح 21698) و الترمذى (124 وقال : حسن) و ابوداؤد (332) و النسائى (1 / 171 ح 323) [و صححه ابن خزيمة (2292) و ابن حبان (1308 ، 1309) و الحاكم (1 / 176 ، 177) و وافقه الذهبى]

٥٣١ - (حسن لغيره) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: خَرَجْنَا فِي سَفَرٍ فَأَصَابَ رجلا منا حجر ص:١٦ فَشَجَّهُ فِي رَأسه ثمَّ احْتَلَمَ فَسَأَلَ أَصْحَابه فَقَالَ هَل تَجِدُونَ لي رخصَة فِي التَّيَمُّم فَقَالُوا مَا نجد لَك رخصَة وَأَنت تقدر على الْمَاءِ فَاغْتَسَلَ فَمَاتَ فَلَمَّا قَدِمْنَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أخبر بذلك فَقَالَ قَتَلُوهُ قتلهمْ الله أَلا سَأَلُوا إِذْ لَمْ يَعْلَمُوا فَإِنَّمَا شِفَاءُ الْعِيِّ السُّؤَالُ إِنَّمَا كَانَ يَكْفِيهِ أَن يتَيَمَّم ويعصر أَو يعصب شكّ مُوسَى عَلَى جُرْحِهِ خِرْقَةً ثُمَّ يَمْسَحَ عَلَيْهَا وَيَغْسِلَ سَائِر جسده. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

531. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक सफ़र पर रवाना हुए तो हम में से एक आदमी को पत्थर लगा जिस ने उस का सर ज़ख़्मी कर दिया, और इसी दौरान इसे इहतिलाम हो गया, उस ने अपने साथियो से दरियाफ्त करते हुए कहा, क्या तुम मेरे लिए तयम्मुम की रुखसत पाते हो? उन्होंने कहा, हम तुम्हारे लिए कोई रुखसत नहीं पाते क्योंकि तुम्हें पानी मयस्सर है, पस उस ने ग़ुस्ल किया जिस से उसकी मौत वाकेअ हो गई, जब हम नबी ﷺ के पास आए तो आप को इस बारे में बताया गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन्होंने इसे मार डाला, अल्लाह उन्हें हलाक करे, जब उन्हें मसअला मालुम नहीं था तो उन्होंने पूछा क्यों नही, ला इल्मी का इलाज पूछ लेना है, उस के लिए यही काफी था के वह तयम्मुम करता, जख्म पर पट्टी बांध लेता, फिर उस पर मसाह कर

लेता और बाकी सारे जिस्म को धो लेता”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (336) * الزبير بن خريق : وثقه ابن حبان وحده و ضعفه الدارمی و غيره و ضعفه راجح

٥٣٢ - (حسن) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ عَطَاءِ بْنِ أَبِي رَبَاح عَن ابْن عَبَّاس

532. इब्ने माजा ने अता बिन अबी रबाह की सनद से इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (572) [و الحاكم (1 / 178) و ابوداؤد (337 و سنده صحيح)]

٥٣٣ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: خَرَجَ رَجُلَانِ فِي سَفَرٍ فَحَضَرَتِ الصَّلَاةُ وَلَيْسَ مَعَهُمَا مَاءٌ فَتَيَمَّمَا صَعِيدًا طَيِّبًا فَصَلَّيَا ثُمَّ وَجَدَا الْمَاءَ فِي الْوَقْتِ فَأَعَادَ أَحَدُهُمَا الصَّلَاة وَالْوُضُوء وَلَمْ يَعُدِ الْآخَرُ ثُمَّ أَتَيَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فذكرا ذَلِك لَهُ فَقَالَ لِلَّذِي لَمْ يُعِدْ: «أَصَبْتَ السُّنَّةَ وَأَجْزَأَتْكَ صَلَاتُكَ» وَقَالَ لِلَّذِي تَوَضَّأَ وَأَعَادَ: «لَكَ الْأَجْرُ مَرَّتَيْنِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَرَوَى النَّسَائِيُّ نَحوه

533. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दो आदमी सफ़र पर रवाना हुए, नमाज़ का वक़्त हो गया, जबकि उन के पास पानी नहीं था, चुनांचे उन्होंने पाक मिट्टी से तयम्मुम किया और नमाज़ पढ़ी, फिर उन्होंने नमाज़ के वक्त ही में पानी पा लिया, तो उनमें से एक ने वुज़ू कर के नमाज़ लौटाई, जबकि दूसरे ने न लौटाई, फिर वह दोनों रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और इस वाकिए का तज़किरह किया, आप ﷺ ने इस शख़्स से जिस ने नमाज़ न लौटाई फ़रमाया: “तुमने सुन्नत पर अमल किया और तुम्हारी नमाज़ तुम्हारे लिए काफी है”, और आप ﷺ ने जिस शख़्स ने वुज़ू कर के नमाज़ लौटाई थी इसे फ़रमाया: “तुम्हारे लिए दोहरा अज़र है”| अबू दावुद, दारमी और नसई ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (338) و الدارمی (1 / 190 ح 750) و النسائی (1 / 213 ح 433)

٥٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَقَدْ رَوَى هُوَ وَأَبُو دَاوُدَ أَيْضًا عَنْ عَطاء بن يسَار مُرْسلا

534. इमाम नसई और अबू दावुद ने भी अता बिन यस्सार से मुरसल रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (339) [و انظر الحديث السابق (533) فهو شاهد له]

तयम्मुम का बयान • بَاب التَّيَمُّم

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥٣٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي الْجُهَيْم الْأَنْصَارِيّ قَالَ: أَقْبَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ نَحْوِ بِئْرِ جَمَلٍ فَلَقِيَهُ رَجُلٌ فَسَلَّمَ عَلَيْهِ فَلَمْ يَرُدَّ عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى أَقْبَلَ عَلَى الْجِدَارِ فَمَسَحَ بِوَجْهِهِ وَيَدَيْهِ ثُمَّ رَدَّ عَلَيْهِ السَّلَام

535. अबुल जुहय्म बिन हारिस बिन सिम्मी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ बईरे जमल (कुंवे का नाम) की तरफ से आए तो एक आदमी आप ﷺ से मीला, उस ने आप को सलाम किया तो नबी ﷺ ने इसे जवाब न दिया हत्ता कि आप दिवार के पास तशरीफ़ लाए, अपने चेहरे और हाथो का मसाह किया, फिर इसे सलाम का जवाब दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (237) و مسلم (114 / 369)، (822)

٥٣٦ - (صَحِيح) وَعَن عمار بن يَاسر: أَنَّهُ كَانَ يُحَدِّثُ أَنَّهُمْ تَمَسَّحُوا وَهُمْ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالصَّعِيدِ لِصَلَاةِ الْفَجْرِ فَضَرَبُوا بِأَكُفِّهِمُ الصَّعِيدَ ثُمَّ مَسَحُوا وُجُوههم مَسْحَةً وَاحِدَةً ثُمَّ عَادُوا فَضَرَبُوا بِأَكُفِّهِمُ الصَّعِيدَ مَرَّةً أُخْرَى فَمَسَحُوا بِأَيْدِيهِمْ كُلّهَا إِلَى الْمَنَاكِبِ وَالْآبَاطِ مِنْ بُطُونِ أَيْدِيهِمْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

536. अम्मार बिन यासिर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के वह बयान करते हैं, कि उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ में नमाज़ ए फज़र के लिए मिट्टी से तयम्मुम किया तो उन्होंने अपने हाथ मिट्टी पर मारे, फिर एक मर्तबा अपने चेहरो पर मसाह किया, फिर उन्होंने दोबारा दूसरी मर्तबा अपने हाथ मिट्टी पर मारा तो अपने सारे हाथो पर कंधो और बगलों समेत मुकम्मल तौर पर मसाह किया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (318)

गुस्ल ए मस्नुन का बयान • بَاب الْغسْل الْمسنون

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا جَاءَ أَحَدُكُمُ الْجُمُعَةَ فَلْيَغْتَسِلْ»

537. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई (नमाज़ ए) जुमा के लिए आए तो वह ग़ुस्ल करे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (877) و مسلم (2 / 844)، (1952)

٥٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «غُسْلُ يَوْمِ الْجُمُعَةِ وَاجِبٌ عَلَى كُلِّ مُحْتَلِمٍ»

538. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जुमा के दिन ग़ुस्ल करना हर बालिग़ शख़्स पर वाजिब है" | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (879) و مسلم (5 / 846)، (1957)

٥٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حَقٌّ عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ أَنْ يَغْتَسِلَ فِي كُلِّ سَبْعَةِ أَيَّامٍ يَوْمًا يَغْسِلُ فِيهِ رَأسه وَجَسَده»

539. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हफ्ते में एक रोज़ ग़ुस्ल करना हर मुसलमान पर लाज़िम है, जिस में वह अपना सर और जिस्म (अच्छी तरह) धोए"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (897) و مسلم (9 / 849)، (1963)

• بَاب الْغسْل الْمسنون — गुस्ल ए मस्नुन का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

٥٤٠ - (حسن) عَن سَمُرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَوَضَّأَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَبِهَا وَنِعْمَتْ وَمَنِ اغْتَسَلَ فَالْغُسْلُ أَفْضَلُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

540. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने जुमा के रोज़ वुज़ू किया तो उस ने अच्छा किया, और जिस ने ग़ुस्ल न किया तो ग़ुस्ल करना अफज़ल है"| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 8 ح 20349) و ابوداؤد (354) و الترمذى (497 وقال : حسن) و النسائى (3 / 94 ح 1381) و الدارمى (1 / 361 ، 362 ح 1548) [و صححه ابن خزيمة (1757)]
فائده : الحسن البصريئ صرح بالسماع عند الطواسى فى مختصر الاحكام (3 / 10 ح 334 / 467) و حديثه عن سمرة صحيح ولو لم يصرح بالسماع لانه يروى عن كتاب سمرة و الرواية عن كتاب : صحيحة مالم يثبت الجرح فيه و الحمدلله]

٥٤١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ غَسَّلَ مَيِّتًا فَلْيَغْتَسِلْ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ»» وَزَادَ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ: «وَمَنْ حمله فَلْيَتَوَضَّأ»

541. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स मय्यत को ग़ुस्ल दे तो वह खुद भी ग़ुस्ल करे"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (1463) و احمد (2 / 272 ح 7675) و الترمذى (993 وقال : حسن) و ابوداؤد (3161 ، 3162) [و للحديث طرق و شواهد]

٥٤٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَانَ يَغْتَسِلُ مِنْ أَربع: من الْجَنَابَة وَمن يَوْم الْجُمُعَة وَمن الْحجام وَمن غسل الْمَيِّت. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

542. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ चार चीजों: जनाबत, जुमा के दिन, संगी लगाने और मय्यत को ग़ुस्ल देने के बाद ग़ुस्ल किया करते थे| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (348 و 3160) [و ابن خزيمة (256) و الحاكم (1 / 163 ح 582) على شرط الشيخين و وافقه الذهبى] * مصعب بن شيبة وثقه الجمهور و حديثه لا ينزل عن درجه الحسن

٥٤٣ - (صَحِيح) وَعَن قيس بن عَاصِم: أَنَّهُ أَسْلَمَ فَأَمَرَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَغْتَسِلَ بِمَاءٍ وَسِدْرٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

543. कैस बिन आसिम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने इस्लाम कबूल किया तो नबी ﷺ ने उन्हें हुक्म दिया के वह पानी में बैरी के पत्ते डालकर ग़ुस्ल करे| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه الترمذى (605 وقال : حسن) و ابوداؤد (355) و النسائى (1 / 109 ح 188 و سنده حسن) [و صححه ابن خزيمة (254 ، 255) و ابن حبان (232) و ابن الجارود (14) و غيرهم و للحديث شواهد ،]

• بَاب الْغسْل الْمسنون — गुस्ल ए मस्नुन का बयान
• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٥٤٤ - (حسن) عَن عِكْرِمَة: إِنَّ نَاسًا مِنْ أَهْلِ الْعِرَاقِ جَاءُوا فَقَالُوا يَا ابْنَ عَبَّاسٍ أَتَرَى الْغُسْلَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَاجِبًا قَالَ لَا وَلَكِنَّهُ أَطْهَرُ وَخَيْرٌ لِمَنِ اغْتَسَلَ وَمَنْ لَمْ يَغْتَسِلْ فَلَيْسَ عَلَيْهِ بِوَاجِبٍ. وَسَأُخْبِرُكُمْ كَيْفَ بَدْءُ الْغُسْلِ: كَانَ النَّاسُ مَجْهُودِينَ يَلْبَسُونَ الصُّوفَ وَيَعْمَلُونَ عَلَى ظُهُورِهِمْ وَكَانَ مَسْجِدُهُمْ ضَيِّقًا مُقَارِبَ السَّقْفِ إِنَّمَا هُوَ عَرِيشٌ فَخَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي يَوْمٍ حَارٍّ وَعَرِقَ النَّاسُ فِي ذَلِكَ الصُّوفِ حَتَّى ثَارَتْ مِنْهُمْ رِيَاحٌ آذَى بِذَلِكَ بَعْضُهُمْ بَعْضًا. فَلَمَّا وَجَدَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تِلْكَ الرِّيحَ قَالَ: «أَيُّهَا النَّاسُ إِذَا كَانَ هَذَا الْيَوْمُ فَاغْتَسِلُوا وَلْيَمَسَّ أَحَدُكُمْ أَفْضَلَ مَا يَجِدُ مِنْ دُهْنِهِ

وَطِيبِهِ» . قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: ثُمَّ جَاءَ اللَّهُ بِالْخَيْرِ وَلَبِسُوا غَيْرَ الصُّوفِ وَكُفُوا الْعَمَلَ وَوُسِّعَ مَسْجِدُهُمْ وَذَهَبَ بَعْضُ الَّذِي كَانَ يُؤْذِي بَعْضُهُمْ بَعْضًا مِنَ الْعَرَقِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

544. इकरिमा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि अहल ए इराक से कुछ लोग आए और उन्होंने अर्ज़ किया, इब्ने अब्बास! क्या आप जुमा के रोज़ ग़ुस्ल करना वाजिब समझते है? उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, लेकिन पाकीज़गी का बाईस और बेहतर है, और जो शख़्स ग़ुस्ल न करे तो उस पर वाजिब नहीं, मैं तुम्हें बताता हूँ कि ग़ुस्ल का आगाज़ कैसे हुआ, लोग मेहनत कश थे, ऊनी लिबास पहनते थे, वह अपने कमर पर बोझ उठाते थे, उनकी मस्जिद तंग थी और छत ऊँची नहीं थी, पस वह एक छप्पर सा था, रसूलुल्लाह ﷺ गर्मियों के दिन तशरीफ़ लाए तो लोग इस ऊनी लिबास में पसीने से शराबोर थे, हत्ता कि उन से बू फ़ैल गई और वह एक दूसरे के लिए बाईस अज़ीयत बन गई, चुनांचे रसूलुल्लाह ﷺ ने यह बू महसूस की तो फ़रमाया: "लोगो! जब यह (जुमा का) दिन हो तो ग़ुस्ल करो और जो बेहतरीन तेल और खुशबू मयस्सर हो वह इस्तेमाल करो", इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: फिर अल्लाह ने माल अता कर दिया तो उन्होंने गैर ऊनी कपड़े पहन लिए, काम करने की ज़रूरत न रही, उनकी मस्जिद की तोशीअ कर दी गई और एक दूसरे को अज़ीयत पहुँचाने वाली वह पसीने की बू जाती रही| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (353) [و صححه ابن خزيمة (1755) و الحاكم على شرط البخارى (1 / 280 ، 281) و وافقه الذهبى (!) و حسنه الحافظ فى فتح البارى (2 / 362)]

• بَاب الْحيض — हैज़ का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٥٤٥ - (صَحِيح) عَن أنس: إِنَّ الْيَهُودَ كَانُوا إِذَا حَاضَتِ الْمَرْأَةُ فِيهِمْ لَمْ يُؤَاكِلُوهَا وَلَمْ يُجَامِعُوهُنَّ فِي الْبُيُوتِ فَسَأَلَ أَصْحَاب النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى (ويسألونك عَن الْمَحِيض قُلْ هُوَ أَذًى فَاعْتَزِلُوا النِّسَاءَ فِي الْمَحِيضِ)»» الْآيَة. فَبَلَغَ ذَلِكَ الْيَهُودَ. فَقَالُوا: مَا يُرِيدُ هَذَا الرَّجُلُ أَنْ يَدَعَ مِنْ أَمْرِنَا شَيْئًا إِلَّا خَالَفَنَا فِيهِ فَجَاءَ أُسَيْدُ بْنُ حَضَيْرٍ وَعَبَّادُ بْنُ بِشْرٍ فَقَالَا يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الْيَهُودَ تَقُولُ كَذَا وَكَذَا أَفَلَا نُجَامِعُهُنَّ؟ فَتَغَيَّرَ وَجْهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنْ قَدْ وَجَدَ عَلَيْهِمَا. فَخَرَجَا فَاسْتَقْبَلَتْهُمَا هَدِيَّةٌ مِنْ لَبَنٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَرْسَلَ فِي آثَارِهِمَا فَسَقَاهُمَا فعرفا أَن لم يجد عَلَيْهِمَا. رَوَاهُ مُسلم

545. अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, यहूदियों का यह तर्ज़े अमल था की जब उनमें किसी औरत को हैज़ आ जाता तो वह ना उस के साथ खाते न उन्हें घर में साथ रखते, पस नबी ﷺ के सहाबा ने आप से मसअला दरियाफ्त किया तो अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: "वो आप से हैज़ के बारे में मसअला दरियाफ्त करते हैं", तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिमाअ के अलावा सब कुछ करो", चुनांचे यहूदियों को इस का इल्म हुआ तो उन्होंने कहा: यह आदमी (नबी ﷺ) क्या चाहता है के तमाम मुआमलात में हमारी मुखालिफत ही करता है, चुनांचे उसैद बिन हुजैर और अब्बाद बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हुमा हाज़िर ए खिदमत हुए तो उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यहूदी यह यह कहते हैं, क्या हम उन से (हालत ए हैज़) में जिमाअ

न करे? इस पर रसूलुल्लाह ﷺ के चेहरे का रंग बदल गया, हत्ता कि इन दोनों ने ख्याल किया के आप इन दो पर नाराज़ हो गए, पस वह वहां से चल दिए, उन्हें दूध का हदिया मीला जो नबी ﷺ की खिदमत में भेजा गया था, चुनांचे आप ﷺ ने किसी शख़्स को उन के पीछे भेजा और उन्हें दूध पिलाया जिस से उन्होंने पहचान लिया के आप इन पर नाराज़ नहीं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 302)، (694)

665. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तेरा रब पहाड़ की चोटी पर बकरिया चराने वाले उस शख़्स से खुश होता है जो नमाज़ के लिए आज़ान कहता है और नमाज़ पढ़ता है, चुनांचे अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है, मेरे इस बंदे को देखो वह आज़ान कहता है और नमाज़ पढ़ता है, वह मुझ से डरता है, मैंने अपने बंदे को बख्श दिया और इसे जन्नत में दाखिल फरमा दिया"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1203) و النسائی (2 / 20 ح 667) [و صححه ابن حبان (260]

٦٦٦ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاثَةٌ عَلَى كُثْبَانِ الْمِسْكِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَبْدٌ أَدَّى حَقَّ اللَّهِ وَحَقَّ مَوْلَاهُ وَرَجُلٌ أَمَّ قَوْمًا وَهُمْ بِهِ راضون وَرجل يُنَادي بالصلوات الْخمس فِي كُلِّ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

666. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तीन शख़्स रोज़ ए कियामत कस्तूरी के टीलो पर होंगे, वह गुलाम जिसने अल्लाह और अपने मालिक का हक़ अदा किया, वह इमाम जिस से उस के मुक्तदी खुश हो और वह शख़्स जो रोज़ाना पांचो नमाज़ो के लिए आज़ान देता है" तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1986 وقال : حسن غريب) * ابو اليقظان ضعيف و سفيان الثوری مدلس و عنعن

٦٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤَذِّنُ يُغْفَرُ لَهُ مد صَوْتِهِ وَيَشْهَدُ لَهُ كُلُّ رَطْبٍ وَيَابِسٍ وَشَاهِدُ الصَّلَاة يكْتب لَهُ خمس وَعِشْرُونَ حَسَنَة وَيُكَفَّرُ عَنْهُ مَا بَيْنَهُمَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى النَّسَائِيُّ إِلَى قَوْلِهِ: «كُلُّ رَطْبٍ وَيَابِسٍ» . وَقَالَ: «وَلَهُ مِثْلُ أَجْرِ من صلى»

667. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मुअज़्ज़िन को उसकी आवाज़ के मुताबिक मगफिरत से नवाज़ा जाता है, हर खुश्क व तर उस के हक़ में गवाही देती है और नमाज़ के लिए आने वाले शख़्स के लिए पच्चीस नमाज़ो का सवाब लिखा जाता है, और उस से दो नमाज़ो के बिच में होने वाले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं", अहमद, अबू दावुद, इब्ने माजा इसनाद हसन इमाम नसई ने "हर खुश्क व तर" के अल्फाज़ तक रिवायत किया है और फ़रमाया: "नमाज़ पढ़ने वाले की मिस्ल इसे भी अज़र मिलता है"| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 411 ح 9317) و ابوداؤد (515) و ابن ماجه (724) و النسائی (2 / 13 ح 646) [و صححه ابن خزيمة (390) و ابن حبان (292)]

٦٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ بْنِ أَبِي الْعَاصِ قَالَ قُلْتُ: يَا رَسُول الله اجْعَلنِي إِمَام قومِي فَقَالَ: «أَنْتَ إِمَامُهُمْ وَاقْتَدِ بِأَضْعَفِهِمْ وَاتَّخِذْ مُؤَذِّنًا لَا يَأْخُذُ عَلَى أَذَانِهِ أَجْرًا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

668. उस्मान बिन अबी अल आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे मेरी कौम का इमाम मुक़र्रर फरमा दें, आप ﷺ ने फ़रमाया: " तुम इन के इमाम हो, इन के कमज़ोर लोगों का ख्याल रखते हुए इमामत करना, किसी ऐसे शख़्स को मुअज़्ज़िन बनाना जो अज़ान देने पर उजरत वसूल न करे| (सहीह,मुस्लिम)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 217 ح 18066) و ابوداؤد (531) و النسائى (2 / 23 ح 673) [و ابن ماجه (987) و صححه الحاكم على شرط مسلم (1 / 199 ، 201) و وافقه الذهبى]

٦٦٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: عَلَّمَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن أَقُول عِنْد أَذَان الْمغرب: «اللَّهُمَّ إِن هَذَا إِقْبَالُ لَيْلِكَ وَإِدْبَارُ نَهَارِكَ وَأَصْوَاتُ ص:٢١ دُعَاتِكَ فَاغْفِرْ لِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ

669. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे तालीम दी की मैं मग़रिब की आज़ान के वक़्त यह दुआ पढ़ु: “अल्लाह यह (यानी आज़ान मग़रिब) तेरी रात आने, तेरे दिन के जाने और मुअज़्ज़िन की आवाज़ का वक़्त है, मुझे बख्श दे”| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (530) و البيهقى فى الدعوات الكبير (2 / 96 ح 333) [و الترمذى (3589) و صححه الحاكم (1 / 199) و وافقه الذهبى] قلت ابوكثير : حسن الحديث

٦٧٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ أَوْ بَعْضِ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ بِلَالًا أَخَذَ فِي الْإِقَامَةِ فَلَمَّا أَنْ قَالَ قَدْ قَامَتِ الصَّلَاةُ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَقَامَهَا اللَّهُ وَأَدَامَهَا» وَقَالَ فِي سَائِرِ الْإِقَامَة: كنحو حَدِيث عمر رَضِي الله عَنهُ فِي الْأَذَان. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

670. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हा या रसूलुल्लाह ﷺ के कोई दूसरे सहाबी बयान करते हैं, कि बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने इकामत शुरू की पस जब उन्होंने कहा: “नमाज़ खड़ी हो चुकी”, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह इसे कायम व दाइम रखे”, और बाकी इकामत में आज़ान के मुतल्लिक उमर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस की तरह कलिमात कहे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (528) * محمد بن ثابت العبدى ضعيف و رجل من اهل الشام : مجهول

٦٧١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُرَدُّ الدُّعَاءُ بَيْنَ الْأَذَان وَالْإِقَامَة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

671. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अजान व इकामत के बीच में दुआ

रद्द नहीं की जाती”|1 (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (521) و الترمذى (212) [و صححه ابن خزيمة (446 ، 447) و ابن حبان (296) و للحديث شواهد]

٦٧٢ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثِنْتَانِ لَا تُرَدَّانِ أَوْ قَلَّمَا تُرَدَّانِ الدُّعَاءُ عِنْدَ النِّدَاءِ وَعِنْدَ الْبَأْسِ حِينَ يُلْحِمُ بَعْضُهُمْ بَعْضًا» وَفِي رِوَايَةٍ: «وَتَحْتَ الْمَطَرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ «وَتَحْت الْمَطَر»

672. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो दुआए रद्द नहीं की जाती या फ़रमाया कम ही रद्द की जाती हैं, आज़ान के वक़्त की जाने वाली दुआ और घमासान की लड़ाई के वक़्त की जाने वाली दुआ और एक रिवायत में है बारिश के वक़्त (की जाने वाली दुआ)”| अबू दावुद, दारमी लेकिन दारमी ने “ बारिश के वक़्त” का ज़िक्र नहीं किया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2540) و الدارمى (1 / 272 ح 1203) [و صححه ابن خزيمة (419) الحاكم (2 / 114) و وافقه الذهبى (!)] و سنده حسن ، و للحديث شواهد عند ابن حبان (1717 ، 1761) وغيره* رزق بن سعيد و ثقه الحاكم و الذهبى / و موسى بن يعقوب حسن الحديث

٦٧٣ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الْمُؤَذِّنِينَ يَفْضُلُونَنَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُلْ كَمَا يَقُولُونَ فَإِذَا انْتَهَيْتَ فسل تعط» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

673. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुअज़्ज़िन तो हम पर फ़ज़ीलत ले गए रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जैसे वह कहे वैसे ही तुम कहो, पस जब तुम (जवाब देने से) फारिग़ हो जाओ तो (अल्लाह से) मांगो तुम्हें अता किया जाएगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (524) [و صححه ابن حبان (295)]

• بَابُ فَضْلِ الْأَذَانِ وَإِجَابَةِ الْمُؤَذِّنِ
अज़ान देने और अज़ान का जवाब देने की फ़ज़ीलत

• الْفَصْلُ الثَّالِث
तीसरी फस्ल

٦٧٤ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ قَالَ سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ إِذَا سَمِعَ النِّدَاءَ بِالصَّلَاةِ ذَهَبَ حَتَّى يَكُونَ مَكَانَ الرَّوْحَاءِ» . رَوَاهُ مُسلم

674. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब शैतान नमाज़ के लिए

आज़ान सुनता है तो वह मक़ाम रौहा तक भाग जाता है" रावी बयान करते हैं, रव्हा मदीना से छत्तीस मील की मुसाफ़त पर है| १ (मुस्लिम)

رواه مسلم (15 / 388)، (854)

٦٧٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَلْقَمَةَ بْنِ وَقَّاصٍ قَالَ: (إِنِّي لَعِنْدَ مُعَاوِيَةَ إِذْ أَذَّنَ مُؤَذِّنُهُ فَقَالَ مُعَاوِيَةُ كَمَا قَالَ مُؤَذِّنُهُ حَتَّى إِذَا قَالَ: حَيَّ عَلَى الصَّلَاةِ: قَالَ: لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ فَلَمَّا قَالَ: حَيَّ عَلَى الْفَلَاحِ قَالَ: لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ وَقَالَ بَعْدَ ذَلِكَ مَا قَالَ الْمُؤَذِّنُ ثُمَّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ ذَلِك. رَوَاهُ أَحْمد

675. अल्कमा बिन वक्कास रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं मुआविया रदियल्लाहु अन्हु के पास था जब उन के मुअज़्ज़िन ने आज़ान कही तो मुआविया रदियल्लाहु अन्हु ने भी अपने मुअज़्ज़िन के कलिमात कहे हत्ता कि जब उस ने कहा: حَيَّ عَلَى الصَّلَاةِ (आओ नमाज़ की तरफ) तो उन्होंने कहा: لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ (ला हव्ल वला कुव्वत इल्ला बिल्लाह) "गुनाह से बचना और नेकी करना महज़ अल्लाह की तौफिक से मुमकिन है" पस जब उस ने कहा: حَيَّ عَلَى الْفَلَاحِ (हय्य अलल फलाह), तो उन्होंने कहा: لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ (ला हव्ल वला कुव्वत इल्ला बिल्लाहिल अलियुल अज़ीम) और उस के बाद जैसे मुअज़्ज़िन ने कहा: वैसे ही उन्होंने कहा, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सुना आप ﷺ ने ऐसे ही फ़रमाया| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 91 ، 92 ح 16956) [و النسائى (2 / 25 ح 678) و للحديث شواهد] * و ليس عندهم '' العلى العظيم '' وهى زيادة منكرة فى هذا الرواية

٦٧٦ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَامَ بِلَالٌ يُنَادِي فَلَمَّا سَكَتَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَالَ مِثْلَ هَذَا يَقِينا دخل الْجنَّة» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

676. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे बिलाल रदियल्लाहु अन्हु खड़े हो कर आज़ान देने लगे चुनांचे जब वह ख़ामोश हो गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स खुलूस दिलसे यह कलिमात कहेगा वह जन्नत में दाखिल होगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائى (2 / 24 ح 675) [و صححه ابن حبان (293) و الحاكم (1 / 204) و وافقه الذهبى] * سقط من المستدرک '' النضر بن سفيان '' و اثبته الحافظ ابن حجر فى اتحاف المهرة (15 / 634 ح 20041) و النضر و ثقه الذهبى (الكاشف : 3 / 179) و غيره

٦٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا سَمِعَ الْمُؤَذِّنَ يَتَشَهَّدُ قَالَ: «وَأَنَا وَأَنَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

677. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नबी ﷺ मुअज़्ज़िन को अल्लाह के माबूद होने और मुहम्मद ﷺ के रसूल होने की गवाही देते हुए सुनते तो फरमाते: "और मैं भी और मैं भी (गवाही देता हूँ) | (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (526) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 1681) و الحاكم (1 / 204)]

٦٧٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَذَّنَ ثِنْتَيْ عَشْرَةَ سَنَةً وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ وَكُتِبَ لَهُ بِتَأْذِينِهِ فِي كُلِّ يَوْمٍ سِتُّونَ حَسَنَةً وَلِكُلِّ إِقَامَة ثَلَاثُونَ حَسَنَة» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

678. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स बारह साल आज़ान दे तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो जाती है और उसकी आज़ान की वजह से उस के हक़ में साठ नेकियाँ और हर इकामत के बदले तीस नेकियाँ लिखी जाती हैं"| (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (728) [و صححه الحاكم (1 / 205) و وافقه الذهبى و سنده ضعيف] * ابن جريج مدلس و عنعن

٦٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: كُنَّا نُؤْمَرُ بِالدُّعَاءِ عِنْدَ أَذَانِ الْمغرب. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ

679. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, आज़ान ए मग़रिब के वक़्त हमें दुआ करने का हुक्म दिया जाता था| (सनद सख्त ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (2 / 98 ح 335) * فيه عبد الرحمن بن اسحاق الواسطى ضعيف جدًا ضعفه الجمهور ، و ابو معاوية مدلس و عنعن

• بَاب تَأْخِير الْأَذَان — अज़ान में ताखीर करने का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٦٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن بِلَالًا يُؤذن بِلَيْلٍ فَكُلُوا وَاشْرَبُوا حَتَّى يُنَادِيَ ابْنُ أُمِّ مَكْتُوم» ثمَّ قَالَ: وَكَانَ رَجُلًا أَعْمَى لَا يُنَادِي حَتَّى يُقَالَ لَهُ: أَصبَحت أَصبَحت

680. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बिलाल तुलुअ ए फज्र से पहले रात के वक़्त आज़ान देते हैं, पस जब तक उम्म मक्तूम आज़ान न दें तुम सहरी खाते रहो", रावी बयान करते हैं, इब्ने मक्तूम रदियल्लाहु अन्हु नाबीना शख़्स थे और जब तक उन्हें यह न कहा जाता के सुबह हो गई वह आज़ान नहीं देते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (617) و مسلم (3637 / 1092)، (2536)

٦٨١ - (صَحِيح) وَعَن سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَمْنَعَنَّكُمْ مِنْ سُحُورِكُمْ أَذَانُ بِلَالٍ وَلَا الْفَجْرُ الْمُسْتَطِيلُ وَلَكِنِ الْفَجْرُ الْمُسْتَطِيرُ فِي الْأُفق» رَوَاهُ مُسلم وَلَفظه لِلتِّرْمِذِي

681. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज़ान ए बिलाल और फज्र काज़िब तुम्हें सहरी खाने पीने से न रोके लेकिन उफ़क़ में फ़ैल जाने वाली (सुबह सुबह सादिक होने पर खाने पीने से रुक जाओ)”, मुस्लिम, और यह अल्फाज़ तिरमिज़ी के है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (43 / 1094)، (2546) و الترمذى (706)

٦٨٢ - (صَحِيح) وَعَن مَالك بن الْحُوَيْرِث قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَا وَابْنُ عَمٍّ لِي فَقَالَ: «إِذَا سَافَرْتُمَا فأذنا وأقيما وليؤمكما أكبركما» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

682. मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और मेरा चचाज़ाद नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम सफ़र करो तो तुम आज़ान दो एक आज़ान दे दूसरा जवाब दे और इकामत कहो और तुम में से जो बड़ा है के तुम्हारी इमामत कराए”| (मुस्लिम)

رواه البخارى (628) [و مسلم 293 / 674]، (1538)

٦٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلُّوا كَمَا رَأَيْتُمُونِي أُصَلِّي فَإِذا حضرت الصَّلَاة فليؤذن لكم أحدكُم وليؤمكم أكبركم»

683. मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें फ़रमाया: “तुम वैसे नमाज़ पढ़ो जैसे तुमने मुझे नमाज़ पढ़ते हुए देखा है, जब नमाज़ का वक़्त हो जाए तो तुम में से कोई आज़ान दे फिर तुम में से जो बड़ा हो, वह इमामत कराए|”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (631) و مسلم (292 / 674، (1535) مختصرًا دون قوله :’’ صلوا كما رايتمونى اصلى‘‘)

٦٨٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ قَفَلَ مِنْ غَزْوَةِ خَيْبَرَ سَارَ لَيْلَةً حَتَّى إِذَا أَدْرَكَهُ الْكَرَى عَرَّسَ وَقَالَ لِبِلَالٍ: " اكْلَأْ لَنَا اللَّيْلَ. فَصَلَّى بِلَالٌ مَا قُدِّرَ لَهُ وَنَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ فَلَمَّا تَقَارَبَ الْفَجْرُ اسْتَنَدَ بِلَال إِلَى رَاحِلَته موجه الْفَجْرِ فَغَلَبَتْ بِلَالًا عَيْنَاهُ وَهُوَ مُسْتَنِدٌ إِلَى رَاحِلَتِهِ فَلَمْ يَسْتَيْقِظْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا بِلَالٌ وَلَا أَحَدٌ مِنْ أَصْحَابِهِ حَتَّى ضَرَبَتْهُمُ الشَّمْسُ فَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَوَّلَهُمُ اسْتِيقَاظًا فَفَزِعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَيْ بِلَالُ» فَقَالَ بِلَالٌ أَخَذَ بِنَفْسِي الَّذِي أَخَذَ بِنَفْسِكَ قَالَ: «اقْتَادُوا» فَاقْتَادَوا رَوَاحِلَهُمْ شَيْئًا ثُمَّ تَوَضَّأَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَ بِلَالًا فَأَقَامَ الصَّلَاةَ فَصَلَّى بِهِمُ الصُّبْحَ فَلَمَّا قَضَى الصَّلَاةَ قَالَ: " مَنْ نَسِيَ الصَّلَاةَ فَلْيُصَلِّهَا إِذَا ذكرهَا فَإِن الله قَالَ (أقِم الصَّلَاة لذكري)»» رَوَاهُ مُسلم

684. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते कि जब रसूलुल्लाह ﷺ गजवा ए खैबर से वापस तशरीफ़ लाए तो आप ने रातभर सफ़र जारी रखा हत्ता कि आप को ऊंघ आने लगी तो आप ने रात के आखिरी हिस्से में नींद की गर्ज़ से पड़ाव डाला और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “आप रात के वक़्त पहरा दें”, चुनांचे बिलाल

रदियल्लाहु अन्हु ने इस क़दर नवाफिल पढ़े जिस क़दर उन के मुकद्दर में थे जबकि रसूलुल्लाह ﷺ आप के सहाबा सो गए जब फज्र का वक़्त करीब पहुंचा तो बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने फज्र मशरिक की तरफ रुख कर के अपने सवारी के साथ टेक लगा ली तो बिलाल रदियल्लाहु अन्हु पर नींद का ग़लबा हो गया और वह अपने सवारी के साथ टेक लगाए हुए सो गए, रसूलुल्लाह ﷺ बेदार न हुए और न बिलाल रदियल्लाहु अन्हु और न ही आप का कोई और सहाबी हत्ता कि उन पर धूप आ गई। तो उनमें से सबसे पहले रसूलुल्लाह ﷺ बेदार हुए। रसूलुल्लाह ﷺ ने घबरा कर फ़रमाया: "बिलाल!" बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, (अल्लाह के रसूल!) जो चीज़ आप पर ग़ालिब आई वही चीज़ मुझ पर ग़ालिब गई, आप ﷺ ने फ़रमाया: "(यहाँ से) अपने जानवरों को चलाओ", उन्होंने थोड़ी दूर तक अपने जानवरों को हांका। रसूलुल्लाह ﷺ ने वुज़ू किया और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने नमाज़ के लिए इकामत कही और आप ने उन्हें नमाज़ पढ़ाई, जब आप ﷺ नमाज़ पढ़ चुके तो फ़रमाया: "जो शख्स नमाज़ पढ़ना भूल जाए तो वह उस के याद आने पर इसे पढ़ ले, क्योंकि अल्लाह तआला ने फ़रमाया: "मेरे ज़िक्र के लिए नमाज़ कायम करो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (309 / 680)، (1560)

٦٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:«» إِذَا أُقِيمَتِ الصَّلَاةُ فَلَا تَقُومُوا حَتَّى تَرَوْنِي قَدْ خرجت "

685. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब नमाज़ के लिए इकामत कही जाए तो तुम खड़े न हुआ करो हत्ता कि तुम मुझे देख लो की मैं (हुजरे शरीफ से) बाहर आ चूका हो"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (637) و مسلم (156 / 604)، (1365)

٦٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أُقِيمَت الصَّلَاة فَلَا تأتوها تَسْعَوْنَ وَأْتُوهَا تَمْشُونَ وَعَلَيْكُمُ السَّكِينَةُ فَمَا أَدْرَكْتُمْ فَصَلُّوا وَمَا فاتكم فَأَتمُّوا» ص:٢١»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «فَإِنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا كَانَ يَعْمِدُ إِلَى الصَّلَاةِ فَهُوَ فِي صَلَاةٍ»»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّانِ

686. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब नमाज़ के लिए इकामत कह दि जाए तो फिर नमाज़ की तरफ दौड़ते हुए मत आओ, बल्कि इत्मीनान व सुकून और वक़ार (गरिमा) के साथ आओ, पस तुम जो पा लो पढ़ लो और जो तुम से रह जाए इसे पूरा कर लो", बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की एक रिवायत में है: "क्योंकि जब तुम में से कोई नमाज़ का क़सद करता है तो वह नमाज़ ही में होता है"|1 (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (908) و مسلم (151 / 602)، (1360)

وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّانِ

यह बाब दूसरी फस्ल से खाली है

अज़ान में ताखीर करने का बयान • بَاب تَأْخِيرِ الْأَذَانِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٦٨٧ - (صَحِيح) عَن زيد بن أسلم أَنه قَالَ: عَرَّسَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةً بِطَرِيقِ مَكَّةَ وَوَكَّلَ بِلَالًا أَنْ يُوقِظَهُمْ لِلصَّلَاةِ فَرَقَدَ بِلَالٌ وَرَقَدُوا حَتَّى اسْتَيْقَظُوا وَقَدْ طَلَعَتْ عَلَيْهِمُ الشَّمْسُ فَاسْتَيْقَظَ الْقَوْمُ وَقَدْ فَزِعُوا فَأَمَرَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَرْكَبُوا حَتَّى يَخْرُجُوا مِنْ ذَلِكَ الْوَادِي وَقَالَ: «إِنَّ هَذَا وَادٍ بِهِ شَيْطَانٌ» . فَرَكِبُوا حَتَّى خَرَجُوا مِنْ ذَلِكَ الْوَادِي ثُمَّ أَمَرَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَنْزِلُوا وَأَنْ يَتَوَضَّئُوا وَأَمَرَ بِلَالًا أَنْ يُنَادِيَ لِلصَّلَاةِ أَوْ يُقِيمَ فَصَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالنَّاسِ ثُمَّ انْصَرَفَ إِلَيْهِم وَقَدْ رَأَى مِنْ فَزَعِهِمْ فَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّ اللَّهَ قَبَضَ أَرْوَاحَنَا وَلَوْ شَاءَ لَرَدَّهَا إِلَيْنَا فِي حِينٍ غَيْرِ هَذَا فَإِذَا رَقَدَ أَحَدُكُمْ عَنِ الصَّلَاةِ أَوْ نَسِيَهَا ثُمَّ فَزِعَ إِلَيْهَا فَلْيُصَلِّهَا كَمَا كَانَ يُصَلِّيهَا فِي وَقْتِهَا» ثُمَّ الْتَفَتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ فَقَالَ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ أَتَى بِلَالًا وَهُوَ قَائِمٌ يُصَلِّي فأضجعه فَلم يَزَلْ يُهَدِّئُهُ كَمَا يُهَدَّأُ الصَّبِيُّ حَتَّى نَامَ» ثُمَّ دَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِلَالًا فَأَخْبَرَ بِلَالٌ ص:٢١ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَثَلُ الَّذِي أَخْبَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَبَا بَكْرٍ فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: أَشْهَدُ أَنَّكَ رَسُولُ اللَّهِ. رَوَاهُ مَالك مُرْسلاييييبي

687. ज़ैद बिन असलम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक रात तरीक़ ए मक्का में रात के आखिरी हिस्से में पड़ाव डाला और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को हुक्म फ़रमाया कि वह उन्हें नमाज़ के लिए बेदार करें, पस बिलाल रदियल्लाहु अन्हु और वह सब सो गए हत्ता कि वह सब बेदार हुए तो सूरज तुलुअ हो चुका था। जब वो बेदार हुए तो घबरा गए। रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें इस वादी से निकल जाने का हुक्म फ़रमाया और फ़रमाया इस वादी में शैतान है, पस सहाबा किराम रदियल्लाहु अन्हुम सवार हुए हत्ता कि वह इस वादी से निकल गए। फिर रसूल ﷺ ने उन्हें हुक्म फ़रमाया कि वह पड़ाव डालें और वुज़ू करें। आप ﷺ ने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को नमाज़ के लिए आज़ान या इकामत कहने का हुक्म फ़रमाया। रसूलुल्लाह ﷺ ने सहाबा किराम को नमाज़ पढ़ाई। जब आप ﷺ फारिग़ हुए तो उनकी बेचेनी देख कर फ़रमाया: “लोगो! बेशक अल्लाह ने हमारी रूहें कब्ज़ कीं। अगर वह चाहता तो उन्हें इस वक़्त के अलावा किसी और वक़्त तुलुअ ए आफ़ताब से पहले हमारी तरफ लौटा देता जब तुम में से कोई नमाज़ के वक़्त सो जाए या वह इसे भूल जाए फिर इसे उस के मुतल्लिक आगाही हो जाए तो वो इसे वैसे ही पढ़े जैसे वो इसे उस के वक़्त में पढ़ा करता था “, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने अबू बक्र सिद्दीक रदियल्लाहु अन्हु की तरफ मुतावज्जे हो कर फ़रमाया: “शैतान बिलाल के पास आया जबकि वह नमाज़ पढ़ रहे थे। उस ने उन्हें लेटा दिया। फिर वह उन्हें थपकी देता रहा जैसे बच्चे को थपकी दी जाती है, हत्ता कि वह सो गए। फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को बुलाया तो बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ को वैसे ही बताया जैसे रसूलुल्लाह ﷺ ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु को बताया था। अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैं गवाही देता हूँ कि आप ﷺ अल्लाह के रसूल हैं।" इमाम मालिक राहिमुल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 14 ، 15 ح 25) * سنده ضعيف لا رساله وله شواهد كثيرة عند مسلم (680)، (1560) و غيره

٦٨٨ - وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " خَصْلَتَانِ مُعَلَّقَتَانِ فِي أَعْنَاقِ الْمُؤَذِّنِينَ لِلْمُسْلِمِينَ: صِيَامُهُمْ وَصَلَاتُهُمْ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهييييبي

688. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमानों के दो उमूर की ज़िम्मेदारी व हिफाज़त मुअज्ज़िनो की गर्दनों में मुअल्लक़ है, उन के रोज़े और उनकी नमाज़ें ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (712) * مروان بن سالم : متروک متهم ، و بقية مدلس و عنعن

• بَاب الْمَسَاجِد ومواضع الصَّلَاة — मसाजिद और नमाज़ पढ़ने के मकामात का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٦٨٩ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا دَخَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْبَيْتَ دَعَا فِي نَوَاحِيهِ كُلِّهَا وَلَمْ يُصَلِّ حَتَّى خَرَجَ مِنْهُ فَلَمَّا خَرَجَ رَكَعَ رَكْعَتَيْنِ فِي قُبُلِ الْكَعْبَةِ وَقَالَ: «هَذِهِ الْقِبْلَة» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

689. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब नबी ﷺ बैतुल्लाह के अन्दर तशरीफ़ ले गए तो आप ने उस के तमाम अतराफ़ में दुआ फरमाई, लेकिन आप ने नमाज़ नहीं पढ़ी हत्ता कि आप वहां से बाहर तशरीफ़ ले आए। पस जब बाहर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने काबा के सामने दो रकते पढ़ाईं और फ़रमाया: “ये काबा ही क़िब्ला है”| (बुखारी)

رواه البخارى (398)

٦٩٠ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ مُسْلِمٌ عَنْهُ عَنْ أُسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ

690. इमाम मुस्लिम ने इसे इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से और उन्होंने उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (395 / 1330)، (3237)

٦٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دخل الْكَعْبَة وَأُسَامَة بن زيد وبلال وَعُثْمَان بن طَلْحَة الحَجبي فَأَغْلَقَهَا عَلَيْهِ وَمَكَثَ فِيهَا فَسَأَلْتُ بِلَالًا حِينَ خَرَجَ مَاذَا صَنَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: جعل عمودا عَن يَسَارِهِ وَعَمُودَيْنِ عَنْ يَمِينِهِ وَثَلَاثَةَ أَعْمِدَةٍ وَرَاءَهُ وَكَانَ الْبَيْتُ يَوْمَئِذٍ عَلَى سِتَّةِ أَعْمِدَةٍ ثُمَّ صلى

691. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ उसामा बिन ज़ैद, उस्मान बिन तल्हा, हजबिय्य और बिलाल बिन रबाह रदी अल्लाह अन्हुम काबा के अन्दर तशरीफ़ ले गए तो उस्मान ने बैतुल्लाह का दरवाज़ा बंद कर दिया, आप ﷺ थोड़ी देर के लिए वहां ठहरे और जब बाहर तशरीफ़ लाए तो मैंने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु से पूछा रसूलुल्लाह ﷺ ने अंदर किया गया उन्होंने ने फ़रमाया: आप ने एक सुतून अपने बाएं, दो सुतून अपने दाएं और तीन सुतून अपने पीछे कर लिए। उन दिनों बैतुल्लाह छः सुतून पर था फिर आप ﷺ ने नमाज़ पढ़ी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (505) و مسلم (388 / 1329)، (3230)

٦٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلَاةٌ فِي مَسْجِدِي هَذَا خَيْرٌ مِنْ أَلْفِ صَلَاةٍ فِيمَا سِوَاهُ إِلَّا الْمَسْجِدَ الْحَرَام»

692. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी इस मस्जिद (मस्जिद ए नबवी) में एक नमाज़ मस्जिद ए हराम के अलावा दीगर मसाजिद की हज़ार नमाज़ से बेहतर है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1190) و مسلم (505 / 1394)، (3374)

٦٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تُشَدُّ الرِّحَالُ إِلَّا إِلَى ثَلَاثَةِ مَسَاجِدَ: مَسْجِدِ الْحَرَامِ وَالْمَسْجِدِ الْأَقْصَى وَمَسْجِدِي هَذَا "

693. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन मसाजिद मस्जिद ए हराम मस्जिद ए अक्सा और मेरी इस मस्जिद के सिवा किसी और मस्जिद के लिए रखते सफ़र न बांधा जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1197) و مسلم (415 / 827 بعد ح 1338)، (3384)

٦٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا بَيْنَ بَيْتِي وَمِنْبَرِي رَوْضَةٌ مِنْ رِيَاضِ الْجَنَّةِ ومنبري على حَوْضِي

694. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे घर और मेरे मिम्बर के दरमियान जो जगह है वह जन्नत का बागीचा है और मेरा मिम्बर मेरे हौज़ (कौसर) पर होगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1196) و مسلم (502 / 1391)، (3370)

٦٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْتِي مَسْجِدَ قبَاء كل سبت مَا شيا وراكبا فَيصَلي فِيهِ رَكْعَتَيْنِ

695. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ हर हफ्ते कभी पैदल और कभी सवारी पर मस्जिद ए कुबा तशरीफ़ ले जाया करते थे और वहां दो रकते पढ़ा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1193) و مسلم (516 / 1399 ، 521 / 1399)، (3390 و 3396)

٦٩٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَحَبُّ الْبِلَادِ إِلَى اللَّهِ مَسَاجِدُهَا وَأَبْغَضُ الْبِلَاد إِلَى الله أسواقها» . رَوَاهُ مُسلم

696. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के नज़दीक सबसे ज़्यादा पसंदीदा मक़ामात मसाजिद है और सबसे ज़्यादा नापसंदीदा जगह बाज़ार है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (288 / 671)، (1528)

٦٩٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ بَنَى لِلَّهِ مَسْجِدًا بَنَى اللَّهُ لَهُ بَيْتًا فِي الْجَنَّةِ»

697. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की रज़ा की ख़ातिर मस्जिद बनाता है तो अल्लाह उस के लिए जन्नत में घर बनाता है” (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (450) و مسلم (24 / 533)، (1189)

٦٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ غَدَا إِلَى الْمَسْجِدِ أَوْ رَاحَ أَعَدَّ اللَّهُ لَهُ نُزُلَهُ مِنَ الْجَنَّةِ كُلَّمَا غَدَا أَوْ رَاحَ»

698. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स सुबह व शाम जितनी मर्तबा मस्जिद में जाता है, अल्लाह उस के लिए उतनी मर्तबा ही जन्नत में खाने का इह्तेमाम फरमाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (622) و مسلم (285 / 669)، (1524)

٦٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْظَمُ النَّاسِ أَجْرًا فِي الصَّلَاةِ أَبْعَدُهُمْ فَأَبْعَدُهُمْ مَمْشًى وَالَّذِي يَنْتَظِرُ الصَّلَاةَ حَتَّى يُصَلِّيَهَا مَعَ الْإِمَامِ أَعْظَمُ أجرا من الَّذِي يُصَلِّي ثمَّ ينَام»

699. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स जितनी दूर से चल कर नमाज़ पढ़ने आता है तो वह इसी क़दर ज़्यादा अजर हासिल करता है और जो शख़्स नमाज़ का इंतज़ार करता रहता है हत्ता कि वह इमाम के साथ नमाज़ पढ़ता है तो वह इस शख़्स से ज़्यादा अजर हासिल करता है जो अकेला नमाज़ पढ़ कर सो जाता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (651) و مسلم (277 / 662)، (1513)

٧٠٠ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: خَلَتِ الْبِقَاعُ حَوْلَ الْمَسْجِدِ فَأَرَادَ بَنُو سَلِمَةَ أَنْ يَنْتَقِلُوا قُرْبَ الْمَسْجِدِ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُمْ: «بَلَغَنِي أَنَّكُمْ تُرِيدُونَ أَنْ تَنْتَقِلُوا قُرْبَ الْمَسْجِدِ» . قَالُوا: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَدْ أَرَدْنَا ذَلِكَ. فَقَالَ: «يَا بَنِي سَلِمَةَ دِيَارَكُمْ تُكْتَبْ آثَارُكُم دِيَارَكُمْ تكْتب آثَارُكُم» . رَوَاهُ مُسلم

700. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मस्जिद ए नबवी के आस पास कुछ जगह खाली हुई तो बनू सलमा ने मस्जिद के करीब मुन्तकिल होने का इरादा किया, नबी ﷺ को पता चला तो आप ने उन्हें फ़रमाया: "मुझे पता चला है के तुम मस्जिद के करीब आना चाहते हो?" उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! हमारा इरादा तो यही है आप ﷺ ने फ़रमाया: "बनू सलमा अपने घर ही में रहो तुम्हारे कदम लिखे जाते हैं अपने घर ही में रहो तुम्हारे मस्जिद की तरफ उठने वाले कदम लिखे जाते हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (280 / 665)، (1519)

٧٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «سَبْعَة يظلهم الله تَعَالَى فِي ظِلِّهِ يَوْمَ لَا ظِلَّ إِلَّا ظِلُّهُ إِمَامٌ عَادِلٌ وَشَابٌّ نَشَأَ فِي عِبَادَةِ اللَّهِ وَرجل قلبه مُعَلّق بِالْمَسْجِدِ وَرَجُلَانِ تَحَابَّا فِي اللَّهِ اجْتَمَعَا عَلَيْهِ وَتَفَرَّقَا عَلَيْهِ وَرَجُلٌ ذَكَرَ اللَّهَ خَالِيًا فَفَاضَتْ عَيْنَاهُ وَرجل دَعَتْهُ امْرَأَة ص:٢٢ ذَات منصب وَجَمَالٍ فَقَالَ إِنِّي أَخَافُ اللَّهَ وَرَجُلٌ تَصَدَّقَ بِصَدَقَةٍ فَأَخْفَاهَا حَتَّى لَا تَعْلَمَ شِمَالُهُ مَا تُنْفِقُ يَمِينُهُ»

701. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सात खुश नसीब ऐसे है जिन्हें अल्लाह अपना साया नसीब फरमाएगा जिस रोज़ उस के साये के सिवा कोई साया नहीं होगा, आदिल हुक्मरान, वह नौजवान जो अल्लाह की इबादत में परवान चढ़ा, वह आदमी जिस का दिल मस्जिद के साथ मुअल्लक़ है, जब मस्जिद से निकलता है तो वह मस्जिद से ला ताअल्लुक़ नहीं होता हत्ता कि वह वहां लौट जाता है, वह दो आदमी जो अल्लाह की रज़ा की खातिर बाहम मुहब्बत करते हैं इसी बुनियाद पर इकठ्ठे होते हैं और अगर जुदा होते हैं तो भी इस मुहब्बत पर कायम रहते है, वह आदमी जिस ने तन्हाई में अल्लाह को याद किया तो उसकी आँखे अश्कबार हो गईं, वह आदमी जिसे हसब व जमाल वाली औरत ने (बुराई की) दावत दी तो उस ने कहा: मैं अल्लाह से डरता हूँ और वह आदमी जिस ने जो सदका किया उस ने इसे इस क़दर छुपा रखा हत्ता कि उस का बायाँ हाथ नहीं जानता कि उस के दाएं हाथ ने क्या खर्च किया है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (660) و مسلم (91 / 1031)، (2380)

٧٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلَاةُ الرَّجُلِ فِي الْجَمَاعَةِ تُضَعَّفُ عَلَى صَلَاتِهِ فِي بَيْتِهِ وَفِي سُوقِهِ خَمْسًا وَعِشْرِينَ ضِعْفًا وَذَلِكَ أَنَّهُ إِذَا تَوَضَّأَ فَأَحْسَنَ الْوُضُوءَ ثُمَّ خَرَجَ إِلَى الْمَسْجِدِ لَا يُخْرِجُهُ إِلَّا الصَّلَاةُ لَمْ يَخْطُ خُطْوَةً إِلَّا رُفِعَتْ لَهُ بِهَا دَرَجَةٌ وَحُطَّ عَنْهُ بِهَا خَطِيئَةٌ فَإِذَا صَلَّى لَمْ تَزَلِ الْمَلَائِكَةُ تُصَلِّي عَلَيْهِ مَا دَامَ فِي مُصَلَّاهُ اللَّهُمَّ صَلِّ عَلَيْهِ اللهِ ارْحَمْهُ وَلَا يَزَالُ أَحَدُكُمْ فِي صَلَاةٍ مَا انْتَظَرَ الصَّلَاةَ» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «إِذَا دَخَلَ الْمَسْجِدَ كَانَتِ الصَّلَاةُ تَحْبِسُهُ» . وَزَادَ فِي دُعَاءِ الْمَلَائِكَةِ: " اللَّهُمَّ اغْفِرْ لَهُ اللَّهُمَّ تُبْ عَلَيْهِ. مَا لَمْ يُؤْذِ فِيهِ مَا لَمْ يُحْدِثْ فِيهِ

702. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी जो नमाज़ बा जमाअत अदा करता है उसकी वह नमाज़ उस के घर या बाज़ार में पढ़ी जाने वाली नमाज़ से पच्चीस गुना ज़्यादा अज्र व सवाब रखती है, वह इसलिए कि जब वह वुज़ू करता है और अच्छी तरह वुज़ू करता है और फिर वह महज़ नमाज़ अदा करने के लिए रवाना होता है तो उस के हर कदम पर उस का एक दर्जा बुलंद कर दिया जाता है और उसकी वजह से उस का एक गुनाह मुआफ़ कर दिया जाता है, पस जब वह नमाज़ पढ़ कर अपने जाए नमाज़ पर बैठा रहता है तो फ़रिश्ते उस के लिए दुआए करते रहते है, ऐ अल्लाह! इस पर रहमतें नाज़िल फरमा। ऐ अल्लाह! उस पर रहम फरमा। और जब कोई शख़्स नमाज़ के इंतज़ार में रहता है तो वह (हुक्म व सवाब के लिहाज़ से) नमाज़ में होता है”| # और एक रिवायत में है फ़रमाया: “जब वह मस्जिद में आए और नमाज़ इसे मस्जिद में रोके रखे”, इमाम मुस्लिम (रह) ने फरिश्तों की दुआ में यह इज़ाफा नकल किया है: “अल्लाह इसे बख्श दे ए अल्लाह! उसकी तौबा कबूल फरमा और जब तक वह किसी को तकलीफ पहुंचाए न उस का वुज़ू टूटे तो फरिश्तों की दुआ का सिलसिला जारी रहता है ‘‘ (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (647) و مسلم (272 / 649 بعد ح 661)، (1506)

٧٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي أَسَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا دَخَلَ أَحَدُكُمُ الْمَسْجِدَ فَلْيَقُلِ: اللَّهُمَّ افْتَحْ لِي أَبْوَابَ رَحْمَتِكَ. وَإِذَا خَرَجَ فَلْيَقُلِ: الله إِنِّي أسألك من فضلك ". رَوَاهُ مُسلم

703. अबू उसैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई मस्जिद में दाखिल हो तो वह यह दुआ पढ़े: “अल्लाह मेरे लिए अपने रहमत के दरवाज़े खोल दे और जब वह मस्जिद से बाहर आए तो यह दुआ पढ़े: “अल्लाह मैं तुझ से तेरे फ़ज़ल का सवाल करता हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (68 / 713)، (1652)

٧٠٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا دَخَلَ أَحَدُكُمُ الْمَسْجِدَ فَلْيَرْكَعْ رَكْعَتَيْنِ قَبْلَ أَنْ يجلس»

704. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई मस्जिद में दाखिल हो तो वह बैठने से पहले दो रकतें पढ़े”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (444) و مسلم (69 / 714)، (1654)

٧٠٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَقْدَمُ مِنْ سَفَرٍ إِلَّا نَهَارًا فِي الضُّحَى فَإِذَا قَدِمَ بَدَأَ بِالْمَسْجِدِ فَصَلَّى فِيهِ رَكْعَتَيْنِ ثمَّ جلس فِيهِ "

705. क़ाब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ चाश्त के वक़्त सफ़र से मदीना वापस आया करते थे। जब आप वापस तशरीफ़ लाते तो सबसे पहले मस्जिद में तशरीफ़ लाते और वहां दो रकते पढ़ते फिर वहां बैठ जाते"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (3088) و مسلم (74 / 716)، (1659)

٧٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ ص:٢٢ سَمِعَ رَجُلًا يَنْشُدُ ضَالَّةً فِي الْمَسْجِدِ فَلْيَقُلْ: لَا رَدَّهَا اللَّهُ عَلَيْكَ فَإِنَّ الْمَسَاجِد لم تبن لهَذَا ". رَوَاهُ مُسلم

706. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी आदमी को गुमशुदा जानवर (या कोई भी चीज़) के मुतल्लिक मस्जिद में एलान करते सुने तो वह शख़्स कहे अल्लाह तुम्हारी वह चीज़ तुम्हें वापस न लौटाए क्योंकि मस्जिदें इसलिए तो नहीं बनाई गईं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (79 / 568)، (1260)

٧٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَكَلَ مِنْ هَذِهِ الشَّجَرَةِ الْمُنْتِنَةِ فَلَا يَقْرَبَنَّ مَسْجِدَنَا فَإِنَّ الْمَلَائِكَةَ تَتَأَذَّى مِمَّا يَتَأَذَّى مِنْهُ الْإِنْسُ»

707. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स इस बदबूदार पौधे, प्याज़, लहसुन वगैरा से कुछ खा ले तो वह हमारी मस्जिद में न आए क्योंकि फ़रिश्ते इस चीज़ से तकलीफ महसूस करते हैं, जिस से इंसान तकलीफ महसूस करते हैं"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (854 ، 855) و مسلم (72 / 564)، (1252)

٧٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْبُزَاقُ فِي الْمَسْجِد خَطِيئَة وكفارتها دَفنهَا»

708. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मस्जिद में थूकना गुनाह है और उस का कफ्फारा इसे दफन कर देना है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (415) و مسلم (55 / 552)، (1231)

٧٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عُرِضَتْ عَلَيَّ أَعْمَالُ أُمَّتِي حَسَنُهَا

وَسَيِّئُهَا فَوَجَدْتُ فِي محَاسِن أَعمالهَا الْأَذَى يماط عَن الطَّرِيق وَوَجَدْتُ فِي مَسَاوِئِ أَعْمَالِهَا النُّخَاعَةَ تَكُونُ فِي الْمَسْجِد لَا تدفن» . رَوَاهُ مُسلم

709. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत के अच्छे बुरे तमाम आमाल मुझ पर पेश किए गए, मैंने रास्ते से तकलीफदेह चीज़ को दूर कर देना, उस के मुहसिन आमाल में पाया और वह थूक जो मस्जिद में हो और इसे साफ़ न किया जाए तो मैंने इसे उस के बुरे आमाल में पाया"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (57 / 554)، (1233)

٧١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قَامَ أَحَدُكُمْ إِلَى الصَّلَاةِ فَلَا يَبْصُقْ أَمَامَهُ فَإِنَّمَا يُنَاجِي اللَّهَ مَا دَامَ فِي مُصَلَّاهُ وَلَا عَنْ يَمِينِهِ فَإِنَّ عَنْ يَمِينِهِ مَلَكًا وَلْيَبْصُقْ عَنْ يَسَارِهِ أَوْ تَحْتَ قَدَمِهِ فَيَدْفِنُهَا»

710. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई शख़्स नमाज़ पढ़ रहा हो तो वह अपने सामने न थूके क्योंकि
वह जब तक नमाज़ में होता है अपने रब से हम कलाम होता है और वह अपने दाएं तरफ भी न थूके क्योंकि उस के दाएं जानिब फ़रिश्ता है और अगर ज़रूरत हो तो अपने बाएं जानिब या अपने पाँव के नीचे थूके और इसे दफ्न कर दे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (416) و مسلم (53 / 550)، (1230)

٧١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةِ أَبِي سَعِيدٍ: «تَحْتَ قدمه الْيُسْرَى»

711. और अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु की रिवायत में है: "अपने बाएँ पाँव के नीचे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (408 ، 409) و مسلم (52 / 548)، (1225)

٧١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي مَرَضِهِ الَّذِي لَمْ يَقُمْ مِنْهُ: «لَعَنَ اللَّهُ الْيَهُودَ وَالنَّصَارَى اتَّخَذُوا قُبُورَ أَنْبِيَائِهِمْ مَسَاجِد»

712. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने इस मर्ज़ के दौरान जिस से आप ﷺ सेहतयाब न हो सके फ़रमाया: "अल्लाह यहूदी और नसारा पर लानत फरमाए उन्होंने अपने अंबिया अलैहिस्सलाम की क़ब्रो को सजदाह गाह बना लिया"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (4443 ، 4444) و مسلم (22 / 531)، (1187)

٧١٣ - (صَحِيح) وَعَن جُنْدُب قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَلَا وَإِنَّ مَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ كَانُوا يَتَّخِذُونَ قُبُورَ أَنْبِيَائِهِمْ وَصَالِحِيهِمْ مَسَاجِدَ أَلَا فَلَا تَتَّخِذُوا الْقُبُورَ مَسَاجِدَ إِنِّي أَنْهَاكُمْ عَنْ ذَلِكَ» . رَوَاهُ مُسلم

713. जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “सुन लो! तुम से पहले लोग अपने अंबिया अलैहिस्सलाम और अपने स्वालेह लोगों की क़बरो को सजदाह गाह बना लिया करते थे ख़बरदार तुम क़ब्रो को सजदाह गाह न बनाना बेशक मैं तुम्हें उस से मना करता हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (23 / 532)، (1188)

٧١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اجْعَلُوا فِي بُيُوتِكُمْ مِنْ صَلَاتِكُمْ وَلَا تَتَّخِذُوهَا قُبُورًا»

714. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने नफ्ल नमाज़ अपने घरो में पढ़ा करो उन्हें कब्रिस्तान न बनाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (432) و مسلم (208 / 777)، (1820)

• بَاب الْمَسَاجِد ومواضع الصَّلَاة	मसाजिद और नमाज़ पढ़ने के मकामात का बयान
• الْفَصْل الثَّانِي	दूसरी फस्ल

٧١٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ قِبْلَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

715. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किब्ला मशरिक व मगरिब के बीच में है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (344 وقال : حسن صحيح) [و ابن ماجه (1011) من طريق آخر]

٧١٦ - (حسن) وَعَنْ طَلْقِ بْنِ عَلِيٍّ قَالَ: خَرَجْنَا وَفْدًا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَايَعْنَاهُ وَصَلَّيْنَا مَعَهُ وَأَخْبَرْنَاهُ أَنَّ بِأَرْضِنَا بِيعَةً لَنَا فَاسْتَوْهَبْنَاهُ مِنْ فَضْلِ طَهُورِهِ. فَدَعَا بِمَاءٍ فَتَوَضَّأَ وتمضمض ثمَّ صبه فِي إِدَاوَةٍ وَأَمَرَنَا فَقَالَ: «اخْرُجُوا فَإِذَا أَتَيْتُمْ أَرْضَكُمْ فَاكْسِرُوا بِيعَتَكُمْ وَانْضَحُوا مَكَانَهَا بِهَذَا الْمَاءِ وَاتَّخِذُوهَا مَسْجِدًا» قُلْنَا: إِنَّ الْبَلَدَ بَعِيدٌ وَالْحَرَّ شَدِيدٌ وَالْمَاءَ يُنْشَفُ فَقَالَ: «مُدُّوهُ مِنَ الْمَاءِ فَإِنَّهُ لَا يَزِيدُهُ إِلَّا طِيبًا» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

716. तलक़ बिन अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम वफद की सूरत में रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश हुए तो हमने आप की बैत की, आप के साथ नमाज़ पढ़ी और आप को बताया हमारे मुल्क में हमारा एक गिरजा है, आप हमें अपने वुज़ू से बचा हुआ पानी इनायत फरमा दें। चुनांचे आप ﷺ ने पानी मंगवाया, वुज़ू किया और कुल्ली की। फिर इसे हमारे लिए एक बर्तन में डाल दिया और हमें जाने की इजाज़त देते हुए फ़रमाया: "जब तुम अपने सर ज़मीन पर पहुंचे तो अपने गिरजे को तोड़ दो। उस जगह पर यह पानी छिड़को और वहां मस्जिद बनाओ", हमने अर्ज़ किया: हमारा मुल्क दूर है जबकि गर्मी शदीद है, इसलिए यह पानी तो खुश्क हो जाएगा। आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस में और पानी मिला लेना क्योंकि उस से उसकी बरकत मज़ीद बढ़ जाएगी"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائى (1 / 38 ح 702) [و صححه ابن حبان : 304]

٧١٧ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة قَالَت: أَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِبِنَاءِ الْمَسْجِدِ فِي الدُّورِ وَأَنْ يُنَظَّفَ وَيَطَيَّبَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

717. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुहल्लों में मस्जिद बनाने और उन्हें पाक साफ़ रखने का हुक्म फ़रमाया"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (455) و الترمذى (594) و ابن ماجه (758) [و صححه ابن حبان : 306]

٧١٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَمَرْتُ بِتَشْيِيدِ الْمَسَاجِدِ» . قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: لَتُزَخْرِفُنَّهَا كَمَا زَخْرَفَتِ الْيَهُود وَالنَّصَارَى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

718. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मुझे मसाजिद को चूने का लेप करने का हुक्म नहीं दिया गया", इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: "तुम उन्हें इस तरह सजावट करोगे जैसे यहूदी और नसारा ने सजावट किया। " (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (448) [و صححه ابن حبان (305) و قول ابن عباس علقه البخارى (فتح البارى : 1 / 539 قبل ح 446)] * سفيان الثورى عنعن

٧١٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «من أَشْرَاطِ السَّاعَةِ أَنْ يَتَبَاهَى النَّاسُ فِي الْمَسَاجِدِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

719. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अलामात ए कियामत में से एक निशानी यह है कि लोग मसाजिद के बारे में बाहम फख्र करेंगे"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (449) و النسائى (2 / 32 ح 690) و الدارمى (1 / 327 ح 1415) و ابن ماجه (739) [و صححه ابن خزيمة (1322 ، 1323) و ابن حبان (308)]

٧٢٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «عُرِضَتْ عَلَيَّ أُجُورُ أُمَّتِي حَتَّى الْقَذَاةُ يُخْرِجُهَا الرَّجُلُ مِنَ الْمَسْجِدِ وَعُرِضَتْ عَلَيَّ ذُنُوبُ أُمَّتِي فَلَمْ أَرَ ذَنْبًا أَعْظَمَ مِنْ سُورَةٍ مِنَ الْقُرْآنِ أَوْ آيَةٍ أُوتِيهَا رَجُلٌ ثُمَّ نَسِيَهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

720. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत के आमाल का सवाब मुझ पर पेश किया गया हत्ता कि वह तिनका भी जिसे आदमी मस्जिद से उठाकर बाहर फेंक देता है इस का सवाब भी लिखा हुआ था , और मेरी उम्मत के गुनाह भी मुझ पर पेश किए गए तो मैंने उस से बड़ा कोई गुनाह नहीं देखा कि किसी आदमी को कुरान की कोई सूरत या कोई आयत अता की गई और उस ने याद करने के बाद उसे भुला दिया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2916 وقال : غريب) و ابوداؤد (461) * ابن جريج مدلس وبل يسمع من مطلب شيئاً و المطلب : لم يسمع من سيدنا انس رضى الله عنه

٧٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَشِّرِ الْمَشَّائِينَ فِي الظُّلَمِ إِلَى الْمَسَاجِدِ بِالنُّورِ التَّامِّ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

721. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंधेरे में चल कर मस्जिद की तरफ आने वालों को रोज़ ए कियामत मुकम्मल नूर की खुशखबरी सुना दो”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (223 وقال : غريب) و ابوداؤد (561) [و للحديث شواهد]

٧٢٢ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ وَأنس

722. इमाम इब्ने माजा ने सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु और अनस रदियल्लाहु अन्हु से इसे रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (780 عن سهل و صححه الحاكم على شرط الشيخين 1 / 212 ح 768 و وافقه الذهبى ، ابن ماجه 781 عن انس رضى الله عنه) و الحاكم (1 / 212 عن انس رضى الله عنه و قال : رواية مجهولة)]

٧٢٣ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا رَأَيْتُمُ الرَّجُلَ يَتَعَاهَدُ الْمَسْجِد فَاشْهَدُوا لَهُ بِالْإِيمَان فَإِن الله تَعَالَى يَقُولُ (إِنَّمَا يَعْمُرُ مَسَاجِدَ اللَّهِ مَنْ آمَنَ بِاللَّه وَالْيَوْم الآخر وَأَقَام الصَّلَاة وَآتى الزَّكَاة)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

723. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस आदमी को मस्जिद की आबादी के लिए कोशां देखो तो उस के ईमान की गवाही दो , क्योंकि अल्लाह तआला फरमाता है “अल्लाह

की मस्जिदों को सिर्फ वही लोग आबाद कर सकते है जो अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखते हों"| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2617 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (802) و الدارمى (1 / 278 ح 1226) [و صححه ابن حبان (الموارد : 310)] * والراجح ان دراجًا حسن الحديث عن ابى الهيثم و عن غيره

٧٢٤ - (ضَعِيف) وَعَن عُثْمَان بن مَظْعُون قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ائْذَنْ لَنَا فِي الِاخْتِصَاءِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ مِنَّا مَنْ خَصَى وَلَا اخْتَصَى إِنَّ خِصَاءَ أُمَّتِي الصِّيَامُ» . فَقَالَ ائْذَنْ لَنَا فِي السِّيَاحَةِ. فَقَالَ: «إِنْ سِيَاحَةَ أُمَّتِي الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» . فَقَالَ: ائْذَنْ لَنَا فِي التَّرَهُّبِ. فَقَالَ: «إِن ترهب أمتِي الْجُلُوس فِي الْمَسَاجِد انتظارا للصَّلَاة» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

724. उस्मान बिन मज़उन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने अर्ज़ किया, "अल्लाह के रसूल! हमें खस्सी होने की इजाज़त अता फरमाइए, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने किसी को खस्सी किया या अपने आप को खस्सी किया तो वह हम में से नहीं क्योंकि मेरी उम्मत का खस्सी होना रोज़ा रखना है।" उन्होंने कहा: हमें सफ़र की इजाज़त मरहमत फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरी उम्मत की सफ़र जिहाद फी सबिलिल्लाह है" उन्होंने अर्ज़ किया, हमें रह्बानियत इख़्तियार करने की इजाज़त दे दें। आप ﷺ ने फ़रमाया: "नमाज़ के इंतज़ार में मसाजिद में बैठना मेरी उम्मत की रह्बानियत है।" (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (2 / 370 ح 484) * فيه رشدين بن سعد عن ابن انعم (الافريقى) وهما ضعيفان ، واما قوله :'' ان سياحة امتى الجهاد فى سبيل الله '' فصحيح ، رواه ابوداؤد (2486)

٧٢٥ - (صَحِيح) وَعَن عبد الرَّحْمَن بن عائش قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " رَأَيْتُ رَبِّيَ عَزَّ وَجَلَّ فِي أَحْسَنِ صُورَةٍ قَالَ: فَبِمَ يَخْتَصِمُ الْمَلَأُ الْأَعْلَى؟ قُلْتُ: أَنْتَ أَعْلَمُ قَالَ: فَوَضَعَ كَفَّهُ بَيْنَ كَتِفِيَّ فَوَجَدْتُ بَرْدَهَا بَيْنَ ثَدْيَيَّ فَعَلِمْتُ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَتَلَا: (وَكَذَلِكَ نُرِي إِبْرَاهِيمَ مَلَكُوتَ السَّمَاوَاتِ ص:٢٢ وَالْأَرْضِ وَلِيَكُونَ من الموقنين)»» رَوَاهُ الدَّارِمِيّ مُرْسلا وللترمذي نَحوه عَنهُ

725. अब्दुल रहमान बिन आइश रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैंने ख्वाब में अपने रब अज्ज़वजल को बेहतरीन सूरत में देखा, उस ने फ़रमाया मुकर्रब फ़रिश्ते किसी चीज़ के बारे में बहस व मुबाहसा कर रहे हैं मैंने अर्ज़ किया: "तू बेहतर जानता है", आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस ने मेरे कंधो के दरमियान अपना हाथ रखा तो मैंने उसकी ठंडक अपने क़ल्ब व सदर में महसूस की और मैंने ज़मीन व आसमान की हर चीज़ जान ली", और फिर आप ने यह आयत तिलावत फरमाई: "और इसी तरह हमने इब्राहीम को आसमानों की और ज़मीन की बादशाहत दिखाई ताकि वह यकीन रखने वालों में से हो जाए", दारमी ने मुरसल रिवायत किया और तिरमिज़ी में भी उन्हीं से इसी की मिस्ल है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمى (2 / 126 ح 2155) و الترمذى (من حديث معاذ بن جبل رضى الله عنه : 3235 وقال : حسن) * عبد الرحمن بن عائش له صحبة ، رضى الله عنه

٧٢٦ - وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ وَمُعَاذِ بْنِ جبل وَزَادَ فِيهِ: قَالَ: يَا مُحَمَّدُ {هَلْ تَدْرِي فِيمَ يَخْتَصِمُ الْمَلَأُ الْأَعْلَى؟ قُلْتُ: نَعَمْ فِي الْكَفَّارَاتِ. وَالْكَفَّارَاتُ: الْمُكْثُ فِي الْمَسَاجِدِ بَعْدَ الصَّلَوَاتِ وَالْمَشْيِ عَلَى الْأَقْدَامِ إِلَى الْجَمَاعَاتِ وَإِبْلَاغِ الْوَضُوءِ فِي الْمَكَارِهِ فَمَنْ فَعَلَ ذَلِكَ عَاشَ بِخَيْرٍ وَمَاتَ بِخَيْرٍ وَكَانَ مِنْ خَطِيئَتِهِ كَيَوْمَ وَلَدَتْهُ أُمُّهُ وَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ} إِذَا صَلَّيْتَ فَقُلِ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ فِعْلَ الْخَيْرَاتِ وَتَرْكَ الْمُنْكَرَاتِ وَحُبَّ الْمَسَاكِينِ وَإِذَا أَرَدْتَ بِعِبَادِكَ فِتْنَةً فَاقْبِضْنِي إِلَيْكَ غَيْرَ مَفْتُونٍ. قَالَ: وَالدَّرَجَاتُ: إِفْشَاءُ السَّلَامِ وَإِطْعَامُ الطَّعَامِ وَالصَّلَاةُ بِاللَّيْلِ وَالنَّاسُ نِيَامٌ. وَلَفْظُ هَذَا الْحَدِيثِ كَمَا فِي الْمَصَابِيحِ لَمْ أَجِدْهُ عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَن إِلَّا فِي شرح السّنة.

726. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा और मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु से मरवी है और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने उस में यह इज़ाफा किया है: “अल्लाह ने फ़रमाया: मुहम्मद ﷺ क्या आप जानते हैं कि मुकर्रब फ़रिश्ते किसी चीज़ के बारे में बहस व मुबाहसा कर रहे हैं?" मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! गुनाह ख़त्म करने वाले आमाल के बारे में बहस कर रहे हैं और गुनाह ख़त्म करने वाले आमाल यह हैं: नमाज़ों के बाद मस्जिद में बैठें रहना, बा जमाअत नमाज़ पढ़ने के लिए पैदल चल कर जाना और नागवारी के बावजूद खूब अच्छी तरह वुज़ू करना। पस जो यह करेगा वह बेहतर जिंदगी बसर करेगा और उसकी मौत भी अच्छी होगी और वह गुनाहों से ऐसे पाक हो जाएगा जैसे उसकी माँ ने इसे आज जन्म दिया हो और फ़रमाया "मुहम्मद जब आप नमाज़ से फारिग़ हो जाओ तो यह दुआ किया करो: ऐ अल्लाह! मैं तुझ से नेक काम बजा लाने, बुरे काम छोड़ देने और मसाकिन से मुहब्बत करने की दरख्वास्त करता हूँ और जब तू अपने बंदों को किसी आज़माइश वा फितने से दो चार करने का इरादा फरमाए, तो मुझे उस से दो चार किए बगैर अपने तरफ उठा लेना”, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “बुलंदी दरजात वाले आमाल यह हैं, सलाम आम करना, खाना खिलाना और जब लोग सो रहे हों तो नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ना।”, और इस हदीस के अल्फाज़ जैसे के मसाबिह में हैं मैंने अब्दुल रहमान की सनद से शरहुल सुन्नाह में पाए हैं। (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (4 / 35 ، 37 ح 924 من حديث عبد الرحمن بن عائش المصرى رضى الله عنه) مصابيح السنة (1 / 290 ح 512) و رواه الترمذى (3234 ، 3235) و انظر الحديث السابق (725)

٧٢٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي أُمَامَة الْبَاهِلِيّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «ثَلَاثَة كلهم ضَامِن ص:٢٢ على الله عز وَجل رَجُلٌ خَرَجَ غَازِيًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ ضَامِن على الله حَتَّى يتوفاه فيدخله الْجنَّة أَو يردهُ بِمَا نَالَ من أجرأوغنيمة وَرَجُلٌ رَاحَ إِلَى الْمَسْجِدِ فَهُوَ ضَامِنٌ عَلَى الله حَتَّى يتوفاه فيدخله الْجنَّة أَو يردهُ بِمَا نَالَ مِنْ أَجْرٍ وَغَنِيمَةٍ وَرَجُلٌ دَخَلَ بَيْتَهُ بِسَلَامٍ فَهُوَ ضَامِنٌ عَلَى اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

727. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन आदमियों की मुकम्मल हिफाज़त करना अल्लाह के जिम्मे है, वह आदमी जो अल्लाह की राह में जिहाद के लिए रवाना हो तो वह अल्लाह की हिफाज़त में है हत्ता कि अल्लाह इसे फौत कर के जन्नत में दाखिल फरमा दे, या इसे हासिल होने वाले अज्र या माले गनीमत के साथ वापस लौटा दे, वह आदमी जो मस्जिद की तरफ जाए तो वह भी अल्लाह की हिफाज़त में है और वह आदमी जो अपने घर में दाखिल होते वक़्त सलाम करता है वह भी अल्लाह की हिफाज़त में है”। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2494) [و صححه الحاكم 2 / 73 ، 74 و وافقه الذهبى]

1192. मसरुक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रसूलुल्लाह ﷺ की रात की नमाज़ के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: फजर की दो रक्अतो के अलावा सात, नौ और ग्यारह रक्अत थी | (बुखारी)

رواه البخارى (1139)

١١٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ لِيُصَلِّيَ افْتتح صلَاته بِرَكْعَتَيْنِ خفيفتين. رَوَاهُ مُسلم

1193. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नबी ﷺ नमाज़ ए तहज्जुद के लिए रात को खड़े होते तो आप दो हल्की रक्अतो से अपने नमाज़ का इफ्तेताह किया करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (197 / 767)، (1806)

١١٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا قَامَ أَحَدُكُمْ مِنَ اللَّيْلِ فَلْيَفْتَحِ الصَّلَاة بِرَكْعَتَيْنِ خفيفتين. رَوَاهُ مُسلم

1194. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई रात को कयाम करे तो दो हल्की रक्अतो से आगाज़ करे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (198 / 768)، (1807)

١١٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: بِتُّ عِنْدَ خَالَتِي مَيْمُونَةَ لَيْلَةً وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدَهَا فَتَحَدَّثَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَعَ أَهْلِهِ سَاعَةً ثُمَّ رَقَدَ فَلَمَّا كَانَ ثُلُثُ اللَّيْلِ الْآخِرُ أَوْ بَعْضُهُ قَعَدَ فَنَظَرَ إِلَى السَّمَاءِ فَقَرَأَ: (إِنَّ فِي خَلْقِ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَاخْتِلَافِ اللَّيْلِ وَالنَّهَارِ لآيَات لأولي الْأَلْبَاب " حَتَّى خَتَمَ السُّورَةَ ثُمَّ قَامَ إِلَى الْقِرْبَةِ فَأَطْلَقَ شِنَاقَهَا ثُمَّ صَبَّ فِي الْجَفْنَةِ ثُمَّ تَوَضَّأَ وُضُوءًا حَسَنًا بَيْنَ الْوُضُوءَيْنِ لَمْ يُكْثِرْ وَقَدْ أَبْلَغَ فَقَامَ فَصَلَّى فَقُمْتُ وَتَوَضَّأْتُ فَقُمْتُ عَنْ يَسَارِهِ فَأَخَذَ بِأُذُنِي فَأَدَارَنِي عَنْ يَمِينِهِ فَتَتَامَّتْ صَلَاتُهُ ثَلَاثَ عَشْرَةَ رَكْعَةً ثُمَّ اضْطَجَعَ فَنَامَ حَتَّى نَفَخَ وَكَانَ إِذَا نَامَ نَفَخَ فَآذَنَهُ بِلَالٌ بِالصَّلَاةِ فَصَلَّى وَلَمْ يَتَوَضَّأْ وَكَانَ فِي دُعَائِهِ: «اللَّهُمَّ اجْعَلْ فِي قَلْبِي نُورًا وَفِي بَصَرِي نُورًا وَفِي سَمْعِي نُورًا وَعَنْ يَمِينِي نُورًا وَعَنْ يَسَارِي نُورًا وَفَوْقِي نُورًا ص:٣٧ وتحتي نورا وأمامي نورا وَخَلْفِي نُورًا وَاجْعَلْ لِي نُورًا» وَزَادَ بَعْضُهُمْ: «وَفِي لِسَانِي نُورًا» وَذُكِرَ: " وَعَصَبِي وَلَحْمِي وَدَمِي وَشِعَرِي وبشري)»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: «وَاجْعَلْ فِي نَفْسِي نُورًا وَأَعْظِمْ لِي نُورًا» وَفِي أُخْرَى لِمُسْلِمٍ: «اللَّهُمَّ أَعْطِنِي نورا»

1195. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने अपनी खाला मैमुना रदियल्लाहु अन्हा के यहाँ एक रात बसर की जबकि नबी ﷺ उन के वहां थे रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने अहले खाना के साथ कुछ देर बात चित की और फिर सो गए, जब आखिरी तिहाई रात या कुछ रात बाकी रह गई तो आप उठ कर बैठ गए और आसमान की तरफ नज़र उठाकर यह आयत तिलावत फरमाई: “बेशक ज़मीन व आसमान की तखलीक में और शब हो रोज़ के आने जाने में अक़्ल मंदों के लिए निशानिया हैं”, हत्ता कि आप ने सूरत मुकम्मल फरमाई फिर आप मश्किज़े की तरफ गए फिर उस का मुंह खोल कर टब में पानी लिया और इफरात हो तफरित के बगैर खूब अच्छी तरह वुज़ू किया, फिर आप खड़े हो कर नमाज़ पढ़ने लगे, मैं भी खड़ा हुआ और वुज़ू कर के आप के बाएँ जानिब खड़ा हो गया, आप ने मुझे कान से पकड़ कर घुमा कर अपने दाएँ जानिब कर लिया आप ने तेरह रक्अत नमाज़ मुकम्मल की फिर आप लेट गए और सो गए हत्ता कि आप खराटे भरने लगे और जब आप सो जाते तो खराटे भरने फिर बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने आप ﷺ को नमाज़ की इत्तिला दिया, पस आप ने और वुज़ू न किया और आप यह दुआ किया करते थे: “अल्लाह मेरा दिल में मेरी आंखो में मेरे कानों में मेरे दाएँ मेरे बाएँ मेरे ऊपर मेरे नीचे मेरे आगे और मेरे पीछे और मेरे लिए नूर कर दे”, और उनमें से बाज़ ने यह इज़ाफा नकल किया है: “मेरी ज़ुबान में नूर कर दे”, और यह भी ज़िक्र किया है: “मेरे पुश्त, गोश्त, मेरा खून, मेरे बाल और मेरा बदन नुरानी बना दे”| और सहीहैन की रिवायत में है: “और मेरे नफ्स में नूर और बहोत ही नूर बख्श”, और एक दूसरी रिवायत में जो मुस्लिम में है: “अल्लाह तू मुझे नूर अता फरमा”,|”| (मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (6316) و مسلم (181 / 763)، (1788 و 1797) [و الرواية الاولى 189 / 763] * الرواية الثانية عند مسلم (191 / 763)

١١٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ: أَنَّهُ رَقَدَ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاسْتَيْقَظَ فَتَسَوَّكَ وَتَوَضَّأَ وَهُوَ يَقُول: (إِن فِي خلق السَّمَاوَات وَالْأَرْض. . .)»» حَتَّى خَتَمَ السُّورَةَ ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى رَكْعَتَيْنِ أَطَالَ فِيهِمَا الْقِيَامَ وَالرُّكُوعَ وَالسُّجُودَ ثُمَّ انْصَرَفَ فَنَامَ حَتَّى نَفَخَ ثُمَّ فَعَلَ ذَلِكَ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ سِتَّ رَكَعَاتٍ كُلُّ ذَلِكَ يَسْتَاكُ وَيَتَوَضَّأُ وَيَقْرَأُ هَؤُلَاءِ الْآيَاتِ ثُمَّ أَوْتَرَ بِثَلَاثٍ. رَوَاهُ مُسلم

1196. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के वह रसूलुल्लाह ﷺ के यहाँ सोए आप बेदार हुए मिस्वाक की और वुज़ू किया और आप ﷺ फरमा रहे थे: “बेशक आसमानों और ज़मीन की तखलीक में .....” आख़िर सूरत तक फिर आप खड़े हुए दो रकते पढ़ाइ उनमें कयाम और रुकू व सुजूद लम्बा किया फिर आप कर सो गए हत्ता कि आप खराटे भरने लगे फिर आप ने तीन मर्तबा ऐसे करते हुए छे रकते पढ़ाइ आप हर मर्तबा मिस्वाक

करते वुज़ू करते और उन आयात की तिलावत फरमाते थे फिर आप ﷺ ने तीन वित्र पढ़े| (मुस्लिम)

رواه مسلم (191 / 763)، (1799)

١١٩٧ - (صَحِيح) وَعَن زيد بن خَالِد الْجُهَنِيّ أَنَّهُ قَالَ: لَأَرْمُقَنَّ صَلَاةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اللَّيْلَةَ فَصَلَّى رَكْعَتَيْنِ خَفِيفَتَيْنِ ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ طَوِيلَتَيْنِ طَوِيلَتَيْنِ طَوِيلَتَيْنِ ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ وَهُمَا دُونَ اللَّتَيْنِ قَبْلَهُمَا ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ وَهُمَا دُونَ اللَّتَيْنِ قَبْلَهُمَا ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ وَهُمَا دُونَ اللَّتَيْنِ قَبْلَهُمَا ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ وَهُمَا دُونَ اللَّتَيْنِ قَبْلَهُمَا] ثُمَّ أَوْتَرَ فَذَلِكَ ثَلَاثَ عَشْرَةَ رَكْعَةً. رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» قَوْله: ثمَّ صلى رَكْعَتَيْنِ وهما دون اللَّتَيْنِ قَبْلَهُمَا أَرْبَعَ مَرَّاتٍ هَكَذَا فِي ص:٣٧ صَحِيح مُسْلِم وأفراده من كتاب الْحميدِي وموطأ مَالك وَسنَن أبي دَاوُد وجامع الْأُصُول

1197. ज़ैद बिन खालिद जुहनी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने ने फ़रमाया: में आज रात रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ ए तहज्जुद मुलाहेज़ा करूँगा, आप ﷺ ने दो हलकी सी रकते पढ़ाइ फिर, दो रकते बहोत ही लम्बी पढ़ाइ, फिर दो रकते पढ़ाइ, जो पहली दो से कदरे मुख़्तसर थी, फिर दो रकते उन से कम लम्बी पढ़ाइ, फिर दो रकते उन से कम लम्बी पढ़ाइ, फिर आप ने वित्र पढ़ा, यह तेरह रकते हुई रवाह मुस्लिम, मालिक, अबू दावुद, इमाम मुस्लिम रहिमहुल्लाह ने ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु का यह कौल: “आप ने रकते पढ़ाइ और वह पहली दो से कदरे मुख़्तसर थी”, चार मर्तबा ज़िक्र किया है और सहीह मुस्लिम में और अफराद मुस्लिम में किताब अल हुमैदी और मौत्ता मालिक, सुनन अबी दावुद और जामेअ अल अस्वल में इसी तरह मजकूर है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (195 / 765)، (1804) و مالک فی الموطا (1 / 122 ح 265) و ابوداؤد (1366) و ذکره ابن الاثیر فی جامع الاصول (7 / 52 ح 4192)

١١٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا بَدَّنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَثَقُلَ كَانَ أَكْثَرُ صَلَاتِهِ جَالِسًا

1198. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ उमर सैदा और बोझल हो गए तो आप ज़्यादातर बैठ कर नमाज़ पढ़ा करते थे| (मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1118) و مسلم (117 / 732)، (1711)

١١٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: لَقَدْ عَرَفْتُ النَّظَائِرَ الَّتِي كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرِنُ بَيْنَهُنَّ فَذَكَرَ عِشْرِينَ سُورَةً مِنْ أَوَّلِ الْمُفَصَّلِ عَلَى تَأْلِيفِ ابْنِ مَسْعُودٍ سُورَتَيْنِ فِي رَكْعَةٍ آخِرُهُنَّ (حم الدُّخان)»» و (عَم يتساءلون)

1199. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं इन एक जैसी सूरतो को जानता हूँ जिन्हें नबी ﷺ मिला कर पढ़ा करते थे उनमें से आखिरी दो सूरते حم الدُّخان (हामीम अल दुखान) और नबा ((عم يتساءلون (अम यतासलून) है| (मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (4996) و مسلم (275 / 822)، (1908)

तहज्जुद की नमाज़ का बयान • بَاب صَلَاة اللَّيْل

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٢٠٠ - (صَحِيح) عَنْ حُذَيْفَةَ: أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي مِنَ اللَّيْلِ وَكَانَ يَقُولُ: «الله أكبر» ثَلَاثًا «ذُو الْمَلَكُوتِ وَالْجَبَرُوتِ وَالْكِبْرِيَاءِ وَالْعَظَمَةِ» ثُمَّ اسْتَفْتَحَ فَقَرَأَ الْبَقَرَةَ ثُمَّ رَكَعَ فَكَانَ رُكُوعُهُ نَحْوًا مِنْ قِيَامِهِ فَكَانَ يَقُولُ فِي رُكُوعِهِ: «سُبْحَانَ رَبِّيَ الْعَظِيمِ» ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ الرُّكُوعِ فَكَانَ قِيَامُهُ نَحْوًا مِنْ رُكُوعِهِ يَقُولُ: «لِرَبِّيَ الْحَمْدُ» ثُمَّ سَجَدَ فَكَانَ سُجُودُهُ نَحْوًا مِنْ قِيَامِهِ فَكَانَ يَقُولُ فِي سُجُودِهِ: «سُبْحَانَ رَبِّيَ الْأَعْلَى» ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ السُّجُودِ وَكَانَ يَقْعُدُ فِيمَا بَيْنَ السَّجْدَتَيْنِ نَحْوًا مِنْ سُجُودِهِ وَكَانَ يَقُولُ: «رَبِّ ص:٣٧ اغْفِرْ لِي رَبِّ اغْفِرْ لِي» فَصَلَّى أَرْبَعَ رَكَعَاتٍ قَرَأَ فِيهِنَّ (الْبَقَرَةَ وَآلَ عِمْرَانَ وَالنِّسَاءَ وَالْمَائِدَةَ أَوِ الْأَنْعَامَ)»» شَكَّ شُعْبَة)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1200. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को तहज्जुद पढ़ते हुए देखा आप ने तीन बार (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा और फिर दुआ पढ़ी, फिर आप ने रुकू किया तो आप का रुकू कयाम की तरह तवील था, आप अपने रुकू में यह दुआ किया करते थे: “पाक है मेरा रब अज़मत वाला”, फिर आप ने रुकू से अपना सर उठाया तो आप का कयाम रुकू की तरह था आप वहां यह दुआ करते थे: “मेरे रब के लिए हर किस्म की हम्द है” फिर आप ने सजदाह किया आप के सुजूद भी आप के कयाम के बराबर थे, आप ﷺ अपने सुजूद में यह दुआ किया करते थे “ पाक है मेरा रब बहोत बुलंद”, फिर आप ने सुजूद से सर उठाया आप अपने सजदो के दरमियान अपने सुजूद के बराब दी बैठते थे और यह दुआ किया करते थे: “मेरे रब मुझे बख्श दे”, आप ﷺ ने चार रकते पढ़ाइ और आप ने उनमें सूरत अल बकरह, آلَ عِمْرَانَ (आले इमरान) النسا (अल निसा) المائد (अल माइदा) या الانعم (अल अनाम) तिलावत फरमाइ, शुअबा को المائد (अल माइदा) या الانعم (अल अनाम) में शक हुआ है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (874) [و ابن ماجه (897) و النسائى (2 / 199200 ح 1070)]

١٢٠١ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَامَ بِعَشْرِ آيَاتٍ لَمْ يُكْتَبْ مِنَ الْغَافِلِينَ وَمَنْ قَامَ بِمِائَةِ آيَةٍ كُتِبَ مِنَ الْقَانِتِينَ وَمَنْ قَامَ بِأَلْفِ آيَةٍ كُتِبَ من المقنطرين» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1201. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स दस आयात का इह्तेमाम करता है वह गाफिलिन में नहीं रखा जाता जो सौ आयात (की तिलावत व हिफ्ज़ और अमल) का इह्तेमाम करता है तो वह इताअत गुज़ारो में लिख दिया जाता है और जो शख़्स हज़ार आयात का इह्तेमाम करता है तो वह दोहरा अज्र व सवाब पाने वालो में लिख दिया जाता है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1398) [و صححه ابن خزيمة (1144) و ابن حبان (662)]

١٢٠٢ - (ضَعِيف) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: كَانَ قِرَاءَةُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِاللَّيْلِ يَرْفَعُ طَوْرًا وَيَخْفِضُ طَوْرًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1202. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ तहज्जुद में किराअत करते वक़्त कभी अपने आवाज़ बुलंद करते और कभी पस्त करते थे | (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1328) [و صححه ابن خزيمة (1159) و ابن حبان (657) و الحاكم (1 / 310) و وافقه الذهبى]

١٢٠٣ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَتْ قِرَاءَةُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى قَدْرِ مَا يَسْمَعُهُ مَنْ فِي الْحُجْرَةِ وَهُوَ فِي الْبَيْتِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1203. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ इस क़दर बुलंद आवाज़ से किराअत करते थे की आप घर के अन्दर किराअत करते तो सहन में मौजूद शख़्स आप ﷺ की किराअत सुन सकता था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1327) [و الترمذى فى الشمائل : 321]

١٢٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ لَيْلَةً فَإِذَا هُوَ بِأَبِي بَكْرٍ يُصَلِّي يَخْفِضُ مِنْ صَوْتِهِ وَمَرَّ بِعُمَرَ وَهُوَ يُصَلِّي رَافِعًا صَوْتَهُ قَالَ: فَلَمَّا اجْتَمَعَا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا أَبَا بَكْرٍ مَرَرْتُ بِكَ وَأَنْتَ تُصَلِّي تَخْفِضُ صَوْتَكَ» قَالَ: قَدْ أَسْمَعْتُ مَنْ نَاجَيْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَقَالَ لِعُمَرَ: «مَرَرْتُ بِكَ وَأَنْتَ تُصَلِّي رَافِعًا صَوْتَكَ» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أُوقِظُ الْوَسْنَانَ وَأَطْرُدُ الشَّيْطَانَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا بَكْرٍ ارْفَعْ مِنْ صَوْتِكَ شَيْئًا» وَقَالَ لِعُمَرَ: ص:٣٧ «اخْفِضْ مِنْ صَوْتِكَ شَيْئًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وروى التِّرْمِذِيّ نَحوه

1204. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ एक रात तशरीफ़ लाए तो देखा के अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु पस्त आवाज़ से नमाज़ पढ़ रहे थे और हज़रत उमर रदियल्लाहु अन्हु के पास से गुज़रे तो वह बुलंद आवाज़ से नमाज़ पढ़ रहे थे रावी बयान करते हैं, जब वह दोनों नबी ﷺ के पास इकठ्ठे हुए तो आप ﷺ ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया " मैं तुम्हारे पास से गुज़रा और तुम आहिस्ता आवाज़ से नमाज़ पढ़ रहे थे", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने जिस से सरगोशी की उस को सुना दिया (यानी अल्लाह पाक को) और आप ﷺ ने उमर रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: "मैं तुम्हारे पास से गुज़रा था और तुम बुलंद आवाज़ से नमाज़ पढ़ रहे थे", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं सोए लोगों को जगा रहा था और शैतान को भगा रहा था नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अबू बक्र तुम अपने आवाज़ कुछ बुलंद करो और उमर रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया तुम अपने आवाज़ कुछ पस्त रखो"| अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1329) و الترمذى (447 وقال : غريب) [و صححه ابن خزيمة (1161) و ابن حبان (656) و الحاكم (1 / 130) على شرط مسلم و وافقه الذهبى]

١٢٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى أَصْبَحَ بِآيَةٍ وَالْآيَةُ: (إِنْ تُعَذِّبْهُمْ فَإِنَّهُمْ عِبَادُكَ وَإِنْ تَغْفِرْ لَهُمْ فَإِنَّك أَنْت الْعَزِيز الْحَكِيم)»» رَوَاهُ النَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

1205. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक ही आयत तिलावत करते हुए सुबह कर दी, और वह आयत यह थी: "अगर तो उन्हें अज़ाब दे तो वह तेरे बंदे है और अगर तो उन्हें बख्श दे तो तो ग़ालिब हिकमत वाला है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائى (2 / 177 ح 1011) و ابن ماجه (1350) [و صححه الحاكم 1 / 241 و وافقه الذهبى]

١٢٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ رَكْعَتَيِ الْفَجْرِ فَلْيَضْطَجِعْ على يَمِينه» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

1206. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई सुबह की दो रकते पढ़े तो वह अपने दाएँ पहलु पर लेट जाए| (सहीह,ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (420 وقال : حسن صحيح غريب) و ابوداؤد (1261) [و ابن خزيمة : 1120] * سليمان الاعمش مدلس و لم اجد تصريح سماعه و اخطا من صحيح هذا السند

तहज्जुद की नमाज़ का बयान • بَاب صَلَاة اللَّيْل

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٢٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ مَسْرُوقٍ قَالَ: سَأَلْتُ عَائِشَةَ: أَيُّ الْعَمَلِ كَانَ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَتْ: الدَّائِمُ قُلْتُ: فَأَيُّ حِينَ كَانَ يَقُومُ مِنَ اللَّيْلِ؟ قَالَتْ: كَانَ يَقُومُ إِذا سمع الصَّارِخ

1207. मसरुक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरियाफ्त किया, रसूलुल्लाह ﷺ के नज़दीक सबसे ज़्यादा पसंदीदा अमल कौन सा था? उन्होंने ने फ़रमाया: जिस पर कायम हो, मैंने पूछा: आप ﷺ रात के किसी वक़्त तहज्जुद पढ़ा करते थे, उन्होंने ने फ़रमाया: जब आप मुर्गे की आवाज़ सुनते तब आप ﷺ तहज्जुद पढ़ा करते थे| (मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1132) و مسلم (131 / 741)، (1730)

١٢٠٨ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: مَا كُنَّا نَشَاءُ أَنْ نَرَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي اللَّيْلِ مُصَلِّيًا إِلَّا رَأَيْنَاهُ وَلَا نَشَاءُ أَنْ نَرَاهُ نَائِما إِلَّا رَأَيْنَاهُ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1208. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम रसूलुल्लाह ﷺ को रात तहज्जुद पढ़ते हुए देखना चाहो तो तो हम आप को इस हालत में देख लेते थे और अगर हम आप को सोया हुआ देखना चाहो तो तो हम आप को सोया हुआ देख लेते थे| (हसन)

صحيح ، رواه النسائى (3 / 213 ، 214 ح 1628) [و البخارى : 1141 ، 1972 ، 1973]

١٢٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ حُمَيْدِ بْنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ قَالَ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: قُلْتُ وَأَنَا فِي سَفَرٍ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: وَاللَّهِ لَأَرْقُبَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلصَّلَاةِ حَتَّى أَرَى فِعْلَهُ فَلَمَّا صَلَّى صَلَاةَ الْعِشَاءِ وَهِيَ الْعَتَمَةُ اضْطَجَعَ هَوِيًّا مِنَ اللَّيْلِ ثُمَّ اسْتَيْقَظَ فَنَظَرَ فِي الْأُفُقِ فَقَالَ: (رَبَنَا مَا خلقت هَذَا بَاطِلا)»» حَتَّى بَلَغَ إِلَى (إِنَّكَ لَا تُخْلِفُ الْمِيعَادَ)»» ثُمَّ أَهْوَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى فِرَاشِهِ فَاسْتَلَّ مِنْهُ سِوَاكًا ثُمَّ أَفْرَغَ فِي قَدَحٍ مِنْ إِدَاوَةٍ عِنْدَهُ مَاءً فَاسْتَنَّ ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى حَتَّى قُلْتُ: قَدْ صَلَّى قَدْرَ مَا نَامَ ثُمَّ اضْطَجَعَ حَتَّى قُلْتُ قَدْ نَامَ قَدْرَ مَا صَلَّى ثُمَّ اسْتَيْقَظَ فَفَعَلَ كَمَا فَعَلَ أَوَّلَ مَرَّةٍ وَقَالَ مِثْلَ مَا قَالَ فَفَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَلَاثُ مَرَّاتٍ قَبْلَ الْفَجْرِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1209. हुमैद बिन अब्दुल रहमान बिन ऑफ बयान करते हैं, नबी ﷺ के किसी सहाबी ने बयान किया की मैं एक सफ़र मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ था, इस दौरान मैंने कहा: अल्लाह की क़सम! मैं रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ देखने के लिए आप को गौर से देखता रहूँगा हत्ता कि में आप का फ़ैल देख सकू, जब आप ﷺ ने नमाज़ ए ईशा पढ़ ली तो आप रात देर तक सोए रहे, फिर बेदार हुए तो अफक पर नज़र डालकर यह आयत ए करीमा तिलावत फरमाई: “हमारे परवरदिगार तूने यह नाहक पैदा नहीं फरमाया”, हत्ता कि आप ﷺ यहाँ तक पहुंचे: “बेशक तू वादा खिलाफी नहीं करता”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने बिस्तर की तरफ हाथ बढ़ाया और वहां से मिस्वाक निकाली, फिर किसी बर्तन से प्याले में पानी डाला और मिस्वाक की फिर नमाज़ पढ़ी, हत्ता कि मैंने कहा: आप जितनी देर सोए थे इस क़दर नमाज़ पढ़ी, फिर आप लेट गए हत्ता कि मैंने दिल में कहा: आप ने जिस क़दर नमाज़ पढ़ी इसी क़दर सो गए, फिर आप बेदार हुए तो पहली मर्तबा की तरह अमल दोहराया और आप ने वही आयात तिलावत की, रसूलुल्लाह ﷺ ने फज्र से पहले तीन मर्तबा ऐसे किया | (हसन)

اسناده صحيح ، رواه النسائى (3 / 213 ح 1627)

١٢١٠ - (صَحِيح) وَعَن يَعْلَى بْنِ مُمَلَّكٍ أَنَّهُ سَأَلَ أُمَّ سَلَمَةَ زَوْجَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ص:٣٨ قِرَاءَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصَلَاتِهِ؟ فَقَالَتْ: وَمَا لَكُمْ وَصَلَاتُهُ؟ كَانَ يُصَلِّي ثُمَّ يَنَامُ قَدْرَ مَا صَلَّى ثُمَّ يُصَلِّي قَدْرَ مَا نَامَ ثُمَّ يَنَامُ قَدْرَ مَا صَلَّى حَتَّى يُصْبِحَ ثُمَّ نَعَتَتْ قِرَاءَتَهُ فَإِذَا هِيَ تَنْعَتُ قِرَاءَةً مُفَسَّرَةً حَرْفًا حَرْفًا)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ

1210. यअली बिन मुमल्लक से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ की ज़ौजा ए मोहतरमा उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से नबी ﷺ की किराअत और नमाज़ के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम उनकी नमाज़ के मुतल्लिक पूछ कर क्या करोगे? आप ﷺ नमाज़ पढ़ा करते थे फिर आप ने जितनी देर नमाज़ पढ़ी होती इतनी देर सो जाते थे, फिर जिस क़दर सोए इसी क़दर नमाज़ पढ़ते, फिर जितनी देर नमाज़ पढ़ी होती इसी

क़दर सो जाते थे, हत्ता कि सुबह हो जाती फिर, उन्होंने आप ﷺ की किराअत के मुतल्लिक बताया तो उन्होंने फ़रमाया के आप की किराअत का एक एक हरफ वाज़ेह होता था| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1466) و الترمذى (2932 وقال : حسن صحيح غريب) و النسائى (3 / 214 ح 1630)

• بَابُ مَا يَقُولُ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ — तहज्जुद की नमाज़ के अज़कार का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٢١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ يَتَهَجَّدُ قَالَ: «اللَّهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ أَنْتَ قَيِّمُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَمَنْ فِيهِنَّ وَلَكَ الْحَمْدُ أَنْتَ نُورُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَمَنْ فِيهِنَّ وَلَكَ الْحَمْدُ أَنْتَ مَلِكُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَمَنْ فِيهِنَّ وَلَكَ الْحَمْدُ أَنْتَ الْحَقُّ وَوَعْدُكَ الْحَقُّ وَلِقَاؤُكَ حَقٌّ وَقَوْلُكَ حَقٌّ وَالْجَنَّةُ حَقٌّ وَالنَّارُ حَقٌّ وَالنَّبِيُّونَ حَقٌّ وَمُحَمَّدٌ حَقٌّ وَالسَّاعَةُ حَقٌّ اللَّهُمَّ لَكَ أَسْلَمْتُ وَبِكَ آمَنْتُ وَعَلَيْكَ تَوَكَّلْتُ وَإِلَيْكَ أَنَبْتُ وَبِكَ خَاصَمْتُ وَإِلَيْكَ حَاكَمْتُ فَاغْفِرْ لِي مَا قَدَّمْتُ وَمَا أَخَّرْتُ وَمَا أَسْرَرْتُ وَمَا أَعْلَنْتُ وَمَا أَنْتَ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي أَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَأَنْتَ الْمُؤَخِّرُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ»

1211. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब नबी ﷺ तहज्जुद पढ़ते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर कहने के बाद यह दुआ पढ़ते, “ए अल्लाह! हर किस्म की हम्द तेरे ही लिए है, ज़मीन व आसमान और जो कुछ उनमें है उन्हे, तू ही कायम रखने वाला है, हर किस्म की तारीफ़ तेरे ही लिए है, ज़मीन व आसमान और जो कुछ उनमें है उस का तू ही नूर है, हर किस्म की तारीफ़ तेरे लिए है, ज़मीन व आसमान और जो कुछ इस में है उस का तू ही मालिक है, हर किस्म की तारीफ़ तेरे ही लिए है तू हक़ है, तेरा वादा हक़ है, तेरी मुलाकात हक़ है, तेरी बात हक़ है, जन्नत हक़ है, जहन्नम हक़ है, तमाम अंबिया अस) हक़ है, मुहम्मद ﷺ हक़ है और कियामत हक़ है, अल्लाह में तेरे सामने झुक गया तुझ पर ईमान लाया तुझ पर तवक्कुल किया, तेरी तरफ रुजू किया, मैंने तेरी ही तौफिक से झगड़ा किया, मैंने तुझे ही अपना हाकिम तसव्वुर किया अब तू मेरे अगले पिछले ज़ाहिर व पोशीदा, और जिन्हे तू मुझ से ज़्यादा जानता है के सारे गुनाह मुआफ़ फरमादे, तू ही तरक्की और गिरावट देने वाला है, सिर्फ तू ही माबूद है और तेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1120) و مسلم (199 / 769)، (1808)

١٢١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ افْتَتَحَ صَلَاتَهُ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ رَبَّ جِبْرِيلَ وَمِيكَائِيلَ وَإِسْرَافِيلَ فَاطِرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ عَالِمَ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ أَنْتَ تَحْكُمُ بَيْنَ عِبَادِكَ فِيمَا كَانُوا فِيهِ يَخْتَلِفُونَ اهْدِنِي لِمَا ص:٣٨ اخْتُلِفَ فِيهِ مِنَ الْحَقِّ بِإِذْنِكَ إِنَّكَ تَهْدِي مَنْ تَشَاءُ إِلَى صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ» . رَوَاهُ مُسلم

1212. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नबी ﷺ रात तहज्जुद के लिए खड़े होते तो आप अपने नमाज़ का इफ्तेताह इस दुआ से करते थे: “ए अल्लाह! जिब्राइल, मिकाइल और इस्राफील के रब ज़मीन व

आसमान को अदम से वुजूद में लाने वाले हाज़िर व गायब के जानने वाले तू ही अपने बंदो का इन उमूर में फैसला फरमाएगा, जिन में वह इख्तिलाफ करते हैं उन इख्तिलाफी उमूर में अपने तौफिक से तू ही मेरी रहनुमाई फरमा बेशक, तू ही जिसे चाहता है सीधी राह की तरफ रहनुमाई फरमाता है"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (200 / 770)، (1811)

١٢١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ تَعَارَّ مِنَ اللَّيْلِ فَقَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ وَسُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ ثُمَّ قَالَ: رَبِّ اغْفِرْ لِي أَوْ قَالَ: ثُمَّ دَعَا استيجيب لَهُ فَإِنْ تَوَضَّأَ وَصَلَّى قُبِلَتْ صَلَاتُهُ " رَوَاهُ البُخَارِيّ

1213. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स रात को उठ कर यह दुआ पढ़े: "अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत है और हर किस्म की हम्द इसी के लिए है और वह हर चीज़ पर कादिर है, अल्लाह पाक है, हम्द अल्लाह ही के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं अल्लाह बहोत बड़ा है, गुनाह से बचना और नेकी करना महज़ अल्लाह की तौफिक से मुमकिन है? फिर वह यह कहे मेरे रब मुझे बख्श दे.' या फ़रमाया: "फिर उस ने दुआ की तो उसकी दुआ कबूल की जाती है? अगर वह वुज़ू करे और नमाज़ पढ़े तो उसकी नमाज़ कबूल की जाती है"। (बुखारी)

رواه البخارى (1154)

• بَابُ مَا يَقُولُ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ — तहज्जुद की नमाज़ के अज़कार का बयान

• الْفَصْلُ الثَّانِي — दूसरी फस्ल

١٢١٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اسْتَيْقَظَ مِنَ اللَّيْلِ قَالَ: «لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ أَسْتَغْفِرُكَ لِذَنْبِي وَأَسْأَلُكَ رَحْمَتَكَ اللَّهُمَّ زِدْنِي عِلْمًا وَلَا تُزِغْ قَلْبِي بَعْدَ إِذْ هَدَيْتَنِي وَهَبْ لِي مِنْ لَدُنْكَ رَحْمَةً إِنَّكَ أَنْتَ الْوَهَّابُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1214. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ रात को बेदार होते तो आप यह दुआ पढ़ते ((لا اله الا انت ،،،،، انک انت الوهاب)) " तेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं तू पाक है, अल्लाह अपने हम्द के साथ में अपने गुनाहों की तुझ से मगफिरत तलब करता हूँ और तेरी रहमत का तुझ से सवाल करता हूँ ऐ अल्लाह! मेरे इल्म में इज़ाफा फरमा बेशक, तू ही अता फरमाने वाला है"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5061) [و صححه ابن حبان (2359) و الحاكم 1 / 540) و وافقه الذهبى]

١٢١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَبِيتُ عَلَى ذِكْرٍ طَاهِرًا فَيَتَعَارَّ مِنَ اللَّيْلِ فَيسْأَل اللَّهُ خَيْرًا إِلَّا أَعْطَاهُ اللَّهُ إِيَّاهُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

1215. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो मुसलमान अल्लाह का ज़िक्र करते हुए बा वुज़ू सो जाए और फिर वह रात के किसी वक़्त बेदार हो कर अल्लाह से किसी खैर व भलाई का सवाल करे तो अल्लाह वही खैर इसे अता फरमा देता है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 241 ح 22443) و ابوداؤد (5042) [و ابن ماجه : 3881]

١٢١٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ شَرِيقٍ الْهَوْزَنِيِّ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى عَائِشَةَ فَسَأَلْتُهَا: بِمَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَفْتَتِحُ إِذَا هَبَّ مِنَ اللَّيْلِ فَقَالَتْ: سَأَلْتَنِي عَنْ شَيْءٍ مَا سَأَلَنِي عَنْهُ أَحَدٌ قَبْلَكَ كَانَ إِذَا هَبَّ مِنَ اللَّيْلِ كَبَّرَ عَشْرًا وَحَمِدَ اللَّهَ عَشْرًا وَقَالَ: «سُبْحَانَ اللَّهِ وَبِحَمْدِهِ عَشْرًا» وَقَالَ: «سُبْحَانَ الْمَلِكِ الْقُدُّوسِ» عشرا واستغفر عشرا وَهَلل عَشْرًا ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنْ ضِيقِ الدُّنْيَا وَضِيقِ يَوْمِ الْقِيَامَةِ» عَشْرًا ثمَّ يفْتَتح الصَّلَاة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1216. शरीक अल हवजनी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा के पास हाज़िर हो कर उन से दरियाफ्त किया जब रसूलुल्लाह ﷺ रात को बेदार होते तो आप किसी ज़िक्र से आगाज़ फरमाते थे उन्होंने ने फ़रमाया: तुमने ऐसी चीज़ के बारे में मुझ से सवाल किया है जिसके मुतल्लिक तुम से पहले किसी ने मुझ से दरियाफ्त नहीं किया, जब आप रात को बेदार होते तो आप ﷺ दस मर्तबा اللَّهُ أَكْبَرُ ( ) ( ) ( )अल्लाहुअकबर)) दस मर्तबा اَلْحَمْدُلِلهِ ( ) (الْحَمْدُ لِلَّهِ) अल्हम्दुलिल्लाह), दस मर्तबा سُبْحَانَ اللَّهِ وَبِحَمْدِهِ (सुबहानल्लाह बिहम्दिही), दस मर्तबा سُبْحَانَ الْمَلِكِ الْقُدُّوسِ (सुबहान अल मलिकुल कुद्दुस) दस मर्तबा " اسْتَغْفَرَ اللَّهَ (अस्तगफिरुल्लाह)" और दस मर्तबा 'لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ (ला इलाहा इल्ला अल्लाह)" पढ़ते फिर दस मर्तबा दुआ फरमाते: "अल्लाह मैं दुनिया में रोज़ ए कियामत की सख्तियो और तकलीफों से तेरी पनाह चाहता हूँ" फिर आप नमाज़ ए तहज्जुद शुरू फरमाते | (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (5085) [وله شواهد]

• بَابُ مَا يَقُولُ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ — तहज्जुद की नमाज़ के अज़कार का बयान

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

١٢١٧ - (صَحِيح) عَن أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ كَبَّرَ ثُمَّ يَقُولُ: «سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالَى جَدُّكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ» ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا» ثُمَّ يَقُولُ: «أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ مِنْ هَمْزِهِ وَنَفْخِهِ وَنَفْثِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ بَعْدَ قَوْلِهِ: «غَيْرُكَ» ثُمَّ يَقُولُ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ» ثَلَاثًا وَفِي آخر الحَدِيث: ثمَّ يقْرَأ

1217. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ के लिए उठते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कह कर यह दुआ पढ़ते: “पाक है तो अल्लाह अपने हम्द के साथ बा बरकत है उम्म तेरा बुलंद है उन तेरी और तेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं फिर आप ﷺ फरमाते: “अल्लाह बहोत ही बड़ा है” फिर फरमाते: “मैं अल्लाह समीअ हो अलीम की पनाह का तलबगार हो शैतान मरदूद से उस के वसवसे उस के कब्र और उस के जादू से”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई और अबू दावुद ने ((غيرک)) के बाद यह इज़ाफा नकल किया है के आप ﷺ तीन मर्तबा फरमाते لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ (ला इलाहा इल्ला अल्लाह) और हदीस के आख़िर में है फिर आप ﷺ किराअत करते. (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (242) و ابوداؤد (775) و النسائى (2 / 132 ح 900) [و صححه ابن خزيمة (467) و تقدم طرفه (816)]

١٢١٨ - (صَحِيح) وَعَن ربيعَة بن كَعْب الْأَسْلَمِيّ قَالَ: كُنْتُ أَبِيتُ عِنْدَ حُجْرَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكُنْتُ أَسْمَعُهُ إِذَا قَامَ من اللَّيْل يَقُول: «سُبْحَانَ رب الْعَالمين» الْهَوِي ثُمَّ يَقُولُ: «سُبْحَانَ اللَّهِ وَبِحَمْدِهِ» الْهَوِيّ. رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَلِلتِّرْمِذِيِّ نَحْوُهُ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح

1218. रबीअ बिन काब असलमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के हुजरे के करीब रात बसर किया करता था, जब आप रात तहज्जुद के लिए उठते तो मैं आप ﷺ को देर तक यह पढ़ते हुए सुनता.” पाक है तमाम जहानों का रब”, और: “पाक है अल्लाह अपने हम्द के साथ”, नसई, तिरमिज़ी मैं भी इसी तरह है और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (3 / 209 ح 1619) و الترمذى (3416) [و اصله عند مسلم : 226 / 489]

• بَابُ التَّحْرِيضِ عَلَى قِيَامِ اللَّيْلِ — रात के कयाम (तहज्जुद) पर रगबत दिलाने का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٢١٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: " يَعْقِدُ الشَّيْطَانُ عَلَى قَافِيَةِ رَأْسِ أَحَدِكُمْ إِذَا هُوَ نَامَ ثَلَاثَ عُقَدٍ يَضْرِبُ عَلَى كُلِّ عُقْدَةٍ: عَلَيْكَ لَيْلٌ طَوِيلٌ فَارْقُدْ. فَإِنِ اسْتَيْقَظَ فَذَكَرَ اللَّهَ انْحَلَّتْ عُقْدَةٌ فَإِنْ تَوَضَّأَ انْحَلَّتْ عُقْدَةٌ فَإِنْ صَلَّى انْحَلَّتْ عُقْدَةٌ فَأَصْبَحَ نَشِيطًا طيب النَّفس وَإِلَّا أصبح خَبِيث النَّفس كسلانا "

1219. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई सो जाता है तो शैतान उसकी गुद्दी पर तीन गिर है लगा देता है, वह हर गिरह पर यह फुसुं फूंक देता है अभी तो बहोत रात है, सो जाओ अगर तो वह बेदार हो कर अल्लाह का ज़िक्र करता है, तो एक गिरह खुल जाती है, फिर अगर वुज़ू

कर लेता है तो दूसरी गिरह खुल जाती है और अगर नमाज़ भी पढ़ो ले तो तीसरी गिरह भी खुल जाती है और वह सुबह को हश्शाश बश्शाश होता है, जबकि बसूरत दीगर वह ग़मगी हो परेशान और सुस्ती का शिकार होता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1142) و مسلم (207 / 776)، (1819)

١٢٢٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ قَالَ: قَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى تَوَرَّمَتْ قَدَمَاهُ فَقِيلَ لَهُ: لِمَ تَصْنَعُ هَذَا وَقَدْ غُفِرَ لَكَ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِكِ وَمَا تَأَخَّرَ؟ قَالَ: «أَفَلَا أَكُونُ عَبْدًا شَكُورًا»

1220. मुगिरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ इस क़दर कयाम फरमाते के आप के पाँव सूज जाते आप से अर्ज़ किया गया, आप यह तवील कयाम क्यों करते हैं, जबकि आप की अगली पिछली सब लग्ज़िश मुआफ़ कर दी गई है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तो फिर क्या मैं शुक्र गुज़ार बंदा न बनू"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (4836) و مسلم (79 / 2819)، (7124)

١٢٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: ذُكِرَ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلٌ فَقيل لَهُ مازال نَائِمًا حَتَّى أَصْبَحَ مَا قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ قَالَ: «ذَلِكَ رَجُلٌ بَالَ الشَّيْطَانُ فِي أُذُنِهِ» أَو قَالَ: «فِي أُذُنَيْهِ»

1221. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के पास एक आदमी का तज़किरह करते हुए बताया गया के वह शख़्स सुबह होने तक सोया रहता है और नमाज़ भी नहीं पढ़ता, आप ﷺ ने फ़रमाया: "शैतान ऐसे आदमी के कान या फ़रमाया उस के कानों में पेशाब कर देता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1144) و مسلم (205 / 774)، (1817)

١٢٢٢ - (صَحِيح) وَعَن أم سَلمَة قَالَتْ: اسْتَيْقَظَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةً فَزِعًا يَقُولُ: «سُبْحَانَ اللَّهِ مَاذَا أَنْزِلَ اللَّيْلَةَ مِنَ الْخَزَائِنِ؟ وَمَاذَا أُنْزِلَ مِنَ الْفِتَنِ؟ مَنْ يُوقِظُ ص:٣٨ صَوَاحِبَ الْحُجُرَاتِ» يُرِيدُ أَزْوَاجَهُ «لِكَيْ يُصَلِّينَ؟ رُبَّ كَاسِيَةٍ فِي الدُّنْيَا عَارِيَةٍ فِي الْآخِرَة» أخرجه البُخَارِيّ

1222. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ एक रात घबराए हुए बेदार हुए तो फ़रमाया: "सुबहानल्लाह आज रात किस कदर खज़ाने नाज़िल किए गए और किस कदर फितने अज़ाब नाज़िल किए गए उन हुजरे वालो को कौन जगाएगा ?" यानी आप ﷺ अपने अज़वाज ए मूतहरात के बारे में फरमा रहे थे: "ताकि वह नमाज़ ए तहज्जुद पढ़े कितने ही औरते है जो दुनिय में तो लिबास ज़ेबतीन (पहना हुआ) किए हुए हैं लेकिन वह आखिरत में हुर्रिया होगी"| (बुखारी)

رواه البخارى (7069)

١٢٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَنْزِلُ رَبُّنَا تَبَارَكَ وَتَعَالَى كُلَّ لَيْلَةٍ إِلَى السَّمَاءِ الدُّنْيَا حِينَ يَبْقَى ثُلُثُ اللَّيْلِ الْآخِرُ يَقُولُ: مَنْ يَدْعُونِي فَأَسْتَجِيبَ لَهُ؟ مَنْ يَسْأَلُنِي فَأُعْطِيَهُ؟ مَنْ يَسْتَغْفِرُنِي فَأَغْفِرَ لَهُ؟ "»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: ثُمَّ يَبْسُطُ يَدَيْهِ وَيَقُولُ: «مَنْ يُقْرِضُ غَيْرَ عَدُومٍ وَلَا ظَلُومٍ؟ حَتَّى ينفجر الْفجْر»

1223. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर रात जब आखिरी तिहाई रात बाकी रह जाती है तो हमारा रब तबारक व तआला आसमानी दुनिया पर नुज़ूल फरमाता है और पूछता है कोई है जो मुझ से दुआ करे में उसकी दुआ कबूल करू कोई है जो मुझ से मांगे में उसे अता करू और कोई है जो मुझ से मगफिरत तलब करे तो में उसे बख्श दू"| और मुस्लिम की रिवायत में है: "फिर वह अपने दोनों हाथ फैला कर फरमाता है, कोई है जो अता करने वाले सखी और इंसाफ करने वाले को क़र्ज़ अता करे (यह सिलसिला जारी रहता है) हत्ता कि फज्र तुलुअ हो जाती है " (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1145) و مسلم (168 / 758 ، (1772 و 1775) الرواية الثانية 172 ، 171 / 758)

١٢٢٤ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ فِي اللَّيْلِ لَسَاعَةً لَا يُوَافِقُهَا رَجُلٌ مُسْلِمٌ يَسْأَلُ اللَّهَ فِيهَا خَيْرًا مِنْ أَمْرِ الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ إِلَّا أَعْطَاهُ إِيَّاه وَذَلِكَ كل لَيْلَة» رَوَاهُ مُسلم

1224. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: "बेशक रात में एक ऐसी घड़ी है के इस वक़्त कोई मुसलमान शख़्स दुनिया व आखिरत की जो भी चीज़ अल्लाह से मांगता है तो वह इसे वही चीज़ अता फरमा देता है और यह हर रात होता है"| (मुस्लिम)

: رواه مسلم (166 / 757)، (1770)

١٢٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَحَبُّ الصَّلَاةِ إِلَى اللَّهِ صَلَاةُ دَاوُدَ وَأَحَبُّ الصِّيَامِ إِلَى اللَّهِ صِيَامُ دَاوُدَ كَانَ يَنَامُ نِصْفَ اللَّيْلِ وَيَقُومُ ثُلُثَهُ وَيَنَامُ سُدُسَهُ وَيَصُومُ يَوْمًا وَيُفْطِرُ يَوْمًا»

1225. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "दाउद (अ) की नमाज़ और दाउद (अ) का रोज़ा अल्लाह को इन्तिहाई महबूब है, आप आधी रात सोते और तिहाई रात कयाम करते थे फिर रात का छठा हिस्सा सोते थे और एक दिन रोज़ा रखते और एक दिन इफ्तार करते यानी छोड़ते थे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1131) و مسلم (189 / 1159)، (2739)

١٢٢٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ تَعْنِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنَامُ أَوَّلَ اللَّيْلِ وَيُحْيِي آخِرَهُ ثُمَّ إِنْ كَانَتْ لَهُ حَاجَةٌ إِلَى أَهْلِهِ قَضَى حَاجَتَهُ ثُمَّ يَنَامُ فَإِنْ كَانَ عِنْدَ النداء الأول جنبا وثب فَأَفَاضَ عَلَيْهِ الماس وَإِنْ لَمْ

يَكُنْ جُنُبًا تَوَضَّأَ لِلصَّلَاةِ ثُمَّ صلى رَكْعَتَيْنِ "

1226. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ रात का इब्तिदाई हिस्सा सोते और आखिरी हिस्सा तहज्जुद पढ़ते हुए जागते थे फिर अगर आप ने ताल्लुक ए जन व शव कायम करना होता तो कायम करते फिर सो जाते अगर आप आज़ान अव्वल के वक़्त जुनुबी होते तो आप जल्दी से ग़ुस्ल फरमाते और अगर जुनुबी न होते तो नमाज़ के लिए वुज़ू करते फिर दो रकते पढ़ते| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1146) و مسلم (129 / 739)، (1728)

• بَابُ التَّحْرِيضِ عَلَى قِيَامِ اللَّيْلِ	**रात के कयाम (तहज्जुद) पर रगबत दिलाने का बयान**
• الْفَصْلُ الثَّانِي	**दूसरी फस्ल**

١٢٢٧ - (حسن بشواهده) عَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَيْكُمْ بِقِيَامِ اللَّيْلِ فَإِنَّهُ دَأْبُ الصَّالِحِينَ قَبْلَكُمْ وَهُوَ قُرْبَةٌ لَكُمْ إِلَى رَبِّكُمْ وَمَكْفَرَةٌ لِلسَّيِّئَاتِ وَمَنْهَاةٌ عَنِ الْإِثْمِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1227. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ा करो क्योंकि वह तुम से पहले स्वालेहीन की रवीश है, तुम्हारे रब का कुर्ब हासिल करने गुनाहों की मुआफी और गुनाहों से बाज़ रहने का ज़रिया है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3549 ب) [و صححه الحاكم على شرط البخارى (1 / 308) و وافقه الذهبى]

١٢٢٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ يَضْحَكُ اللَّهُ إِلَيْهِمْ الرَّجُلُ إِذَا قَامَ بِاللَّيْلِ يُصَلِّي وَالْقَوْمُ إِذَا صَفُّوا فِي الصَّلَاةِ وَالْقَوْمُ إِذَا صَفُّوا فِي قِتَالِ الْعَدُوِّ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

1228. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोगों पर अल्लाह खुश होता है, वह आदमी जो नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ता है, वह लोग जो नमाज़ के लिए सफ बंदी करते हैं और वह लोग जो दुश्मन के खिलाफ लड़ने के लिए सफ बंदी करते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (4 / 42 ح 929) [و ابن ماجه : 200] * فيه مجالد بن سعيد وهو ضعيف

١٢٢٩ - (صَحِيح) وَعَن عَمْرو بن عبسة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَقْرَبُ مَا يَكُونُ الرَّبُّ مِنَ الْعَبْدِ فِي جَوْفِ اللَّيْلِ الْآخِرِ فَإِنِ اسْتَطَعْتَ أَنْ تَكُونَ مِمَّنْ يَذْكُرُ اللَّهَ فِي تِلْكَ السَّاعَةِ فَكُنْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

صَحِيحٌ ص:٣٨ غَرِيب إِسْنَادًا

1229. अमर बिन अबसत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "रात के आखिरी हिस्से में रब तआला बंदे के इन्तिहाई करीब होता है, अगर तुम इस वक़्त अल्लाह को याद करने वालो में शामिल हो सको तो हो जाओ", और इमाम तिरमिज़ी में ने फ़रमाया: यह हदीस सनद के लिहाज़ से हसन सहीह ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3549 ب) [و صححه الحاكم (1 / 163165) و اصله عند مسلم (832)، (1930)]

١٢٣٠ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَحِمَ اللَّهُ رَجُلًا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ فَصَلَّى وَأَيْقَظَ امْرَأَتَهُ فَصَلَّتْ فَإِنْ أَبَتْ نَضَحَ فِي وَجْهِهَا الْمَاءَ. رَحِمَ اللَّهُ امْرَأَةً قَامَتْ مِنَ اللَّيْلِ فَصَلَّتْ وَأَيْقَظَتْ زَوْجَهَا فَصَلَّى فَإِنْ أَبَى نَضَحَتْ فِي وَجْهِهِ المَاء» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1230. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह इस बंदे पर रहम फरमाए जो रात उठ कर तहज्जुद पढ़े, अपने अहलिया को जगाते और वह नमाज़ पढ़े लेकिन अगर वह इनकार करे तो उस के चेहरे पर पानी छिडके अल्लाह इस औरत पर रहम फरमाए जो रात को उठ कर तहज्जुद पढ़े अपने खाविंद को उठाए और वह नमाज़ पढ़े लेकिन अगर वह इनकार करे तो वह उस के चेहरे पर पानी के छींटे मारे"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1308) و النسائى (3 / 205 ح 1611) [و صححه ابن خزيمة (1148) و ابن حبان (646) و الحاكم على شرط مسلم (1 / 309) و وافقه الذهبى]

١٢٣١ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الدُّعَاءِ أَسْمَعُ؟ قَالَ: «جَوْفُ اللَّيْلِ الآخر ودبر الصَّلَوَات المكتوبات» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1231. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! ﷺ कौन सी दुआ ज़्यादा कबूल होती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "रात के आखिरी हिस्से में और फ़र्ज़ नमाज़ो के बाद की गई दुआ"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3499 وقال : حسن) تقدم (968) فراجعه لعلته

١٢٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ غُرَفًا يُرَى ظَاهِرُهَا مِنْ بَاطِنِهَا وَبَاطِنُهَا مِنْ ظَاهِرِهَا أَعَدَّهَا اللَّهُ لِمَنْ أَلَانَ الْكَلَامَ وَأَطْعَمَ الطَّعَامَ وَتَابَعَ الصِّيَامَ وَصَلَّى بِاللَّيْلِ وَالنَّاسُ نيام» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

1232. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जन्नत में कुछ ऐसे कमरे है (जो इस क़दर शिफाक है के उनका ज़ाहिर उन के बातिन से और उनका बातिन उन के ज़ाहिर से नज़र

आता होगा अल्लाह ने उन्हें ऐसे लोगों के लिए तैयार किया है जो नरम गुफ्तगू करते हैं खाना खिलाते है कसरत से नफ्ल रोज़े रखते है और नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ते है जबकि लोग सो रहे होते हैं", बयहकी की शौबुल ईमान | (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (3829) [و احمد (5 / 343) و انظر الحديث الآتى : 1233] * عبد الرحمن بن اسحاق الكوفى ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة و انظر تخريج الحديث السابق (1232) فائدة : و روى الحاكم (1 / 321 ح 1200) من حديث عبدالله بن عمر رضى الله عنه مرفوعاً :'' ان فى الجنة غرفاً يرى ظاهرها من بباطنها و باطها من ظاهرها ،،، لمن اطاب الكلام و اطعم و بات قائمًا و الناس نيام '' و سنده حسن و صححه الحاكم على شرط مسلم و وافقه الذهبى

١٢٣٣ - (صَحِيح) وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ عَنْ عَلِيٍّ نَحْوَهُ وَفِي رِوَايَتِهِ: «لمن أطاب الْكَلَام»

1233. और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने अली रदियल्लाहु अन्हु से इसी तरह रिवायत किया है और उनकी रिवायत में है: "जिस ने अच्छी गुफ्तगू की"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (1984 ، 2527 وقال : غريب) * عبد الرحمن بن اسحاق الكوفى ضعيف

• بَابُ التَّحْرِيضِ عَلَى قِيَامِ اللَّيْلِ — रात के कयाम (तहज्जुद) पर रगबत दिलाने का बयान

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

١٢٣٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَبْدَ اللَّهِ لَا تَكُنْ مِثْلَ فُلَانٍ كَانَ يَقُومُ مِنَ اللَّيْلِ فَتَرَكَ قيام اللَّيْل»

1234. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "अब्दुल्लाह फलां शख़्स की तरह न हो जाना वह तहज्जुद पढ़ा करता था लेकिन अब उस ने तहज्जुद पढ़ना छोड़ दिया है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1152) و مسلم (185 / 1159)، (2733)

١٢٣٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُثْمَانَ بْنِ أَبِي الْعَاصِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: " كَانَ لِدَاوُدَ عَلَيْهِ السَّلَامُ مِنَ اللَّيْلِ سَاعَةٌ يُوقِظُ فِيهَا أَهْلَهُ يَقُولُ: يَا آلَ دَاوُدَ قُومُوا فَصَلُّوا فَإِنَّ هَذِهِ سَاعَةٌ يَسْتَجِيبُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ فِيهَا الدُّعَاءَ إِلَّا لِسَاحِرٍ أَوْ عشار ". رَوَاهُ أَحْمد

1235. उस्मान बिन अबिल आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “दाउद (अ) के लिए रात की एक घड़ी थी जिस में वह अपने अहले खाना को जगाते हुए फरमाते थे आले दावुद खड़े हो जाओ और नमाज़ पढ़ो, क्योंकि इस घड़ी में अल्लाह अज्ज़वजल जादूगर और महसूल वुसुल करने वाले की दुआ के सिवा हर दुआ कबूल फरमाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 22 ح 16390) * على بن زيد بن جدعان ضعيف و فيه علل أخرى

١٢٣٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَفْضَلُ الصَّلَاةِ بَعْدَ الْمَفْرُوضَةِ صَلَاةٌ فِي جَوف اللَّيْل» . رَوَاهُ أَحْمد

1236. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “फ़र्ज़ नमाज़ के बाद रात के आखिरी हिस्से में पढ़ी गई नमाज़ सबसे बेहतर है”| (सहीह)

صحيح رواه احمد (2 / 342 ح 8488) [و رواه مسلم كما سياتى : 2039، (2755)]

١٢٣٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: جَاءَ رجل إِلَى النَّبِي صلى فَقَالَ: إِن فلَانا يُصَلِّي بِاللَّيْلِ فَإِذَا أَصْبَحَ سَرَقَ فَقَالَ: إِنَّهُ سَيَنْهَاهُ مَا تَقُولُ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

1237. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ क्या फलां शख़्स रात को तहज्जुद पढ़ता है और जब सुबह होती है चोरी करता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक वह अनकरीब तुम्हारी बताई हुई बात नमाज़ इसे रोक देगी”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (2 / 447) و البيهقى فى شعب الايمان (3261)

١٢٣٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذا أَيْقَظَ الرَّجُلُ أَهْلَهُ مِنَ اللَّيْلِ فَصَلَّيَا أَوْ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ جَمِيعًا كُتِبَا فِي الذَّاكِرِينَ وَالذَّاكِرَاتِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1238. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब आदमी रात के वक़्त अपने अहलिया को जगाता है तो वह दोनों नमाज़ पढ़ते है या वह दोनों इकठ्ठे दो रकते पढ़ते है तो वह दोनों ज़ाकरिन और ज़ाकिरात में लिख दिए जाते हैं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1309) و ابن ماجه (1335) [و صححه ابن حبان (645) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 316) و وافقه الذهبى] * سفيان و الاعمش مدلسان و عنعنا

١٢٣٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَشْرَافُ أُمَّتِيْ حَمَلَةُ الْقُرْآنِ وَأَصْحَابُ اللَّيْلِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

1239. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हामिलिन कुरान और तहज्जुद गुज़ार लोग मेरी उम्मत के शरफाअ है"| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2703) * فيه نهشل : كذاب و سعد بن سعيد الجرجانى : ضعيف و الضحاك لم يدرک ابن عباس

١٢٤٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ أَبَاهُ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ كَانَ يُصَلِّي مِنَ اللَّيْلِ مَا شَاءَ اللَّهُ حَتَّى إِذَا كَانَ مِنْ آخِرِ اللَّيْلِ أَيْقَظَ أَهْلَهُ لِلصَّلَاةِ يَقُولُ لَهُمْ: الصَّلَاةُ ثُمَّ يَتْلُو هَذِهِ الْآيَةَ: (وَأْمُرْ أَهْلَكَ بِالصَّلَاةِ وَاصْطَبِرْ عَلَيْهَا لَا نَسْأَلُكَ رِزْقًا نَحن نرزقك وَالْعَاقِبَة للتقوى)»» رَوَاهُ مَالك

1240. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन के वालिद उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु जिस क़दर अल्लाह चाहता नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ते रहते, हत्ता कि जब रात का आखिरी हिस्सा होता तो आप अपने अहले खाना को नमाज़ के लिए उठाते तो उन्हें कहते नमाज़ पढ़ो या नमाज़ का वक़्त हो गया है, फिर आप यह आयत तिलावत फरमाते: "अपने घरवालो को नमाज़ का हुक्म दें और उस पर कायम रहे, हम आप से रोज़ी के तालिब नहीं, बल्कि हम आप को रिज़क़ देते हैं और अंजाम तो पर परहेज़गारो ही के लिए है"| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 119 ح 258) و سنده صحيح

• بَاب الْقَصْد فِي الْعَمَل — आमाल में मियाना रवी का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٢٤١ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُفْطِرُ مِنَ الشَّهْرِ حَتَّى يُظَنَّ أَنْ لَا يَصُومَ مِنْهُ وَيَصُومُ حَتَّى يُظَنَّ أَنْ لَا يُفْطِرَ مِنْهُ شَيْئًا وَكَانَ لَا تَشَاءُ أَنْ تَرَاهُ مِنَ اللَّيْلِ مُصَلِّيًا إِلَّا رَأَيْتَهُ وَلَا نَائِمًا إِلَّا رَأَيْتَهُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1241. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी महीने इस क़दर इफ्तार करते के हम ख्याल करते के आप इस माह रोज़ा नहीं रखेंगे और कभी इस क़दर रोज़े रखते हत्ता कि हम ख्याल करते के आप इस माह बिलकुल इफ्तार ही नहीं करेंगे ऐसे ही अगर आप को नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ते हुए देखना चाहो तो आप को नमाज़ पढ़ते हुए देख सकते हो और अगर तुम आप को सोया हुआ देखना चाहो तो सोया हुआ देख सकते हो''| (बुखारी)

رواه البخارى (1141)

١٢٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَحَبُّ الْأَعْمَالِ إِلَى الله أدومها وَإِن قل»

1242. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह को वह अमल सबसे ज़्यादा महबूब है जिस पर कायम हो ख्वाह वह मुख़्तस रही हो"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (43) و مسلم (215 / 782)، (1827)

١٢٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خُذُوا مِنَ الْأَعْمَالِ مَا تُطِيقُونَ فَإِنَّ اللَّهَ لَا يمل حَتَّى تملوا»

1243. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ऐसे आमाल किया करो जिन की तुम ताकत रखते हो क्योंकि अल्लाह नहीं उकताता लेकिन तुम उकता जाओगे"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1151) و مسلم (220 / 785)، (1833)

١٢٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِيُصَلِّ أَحَدُكُمْ نَشَاطَهُ وَإِذَا فَتَرَ فَلْيَقْعُدْ)

1244. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम में से कोई शख़्स इतनी मुद्दत ही नमाज़ पढ़े जो रगबत और ख़ुशी के साथ पढ़ी जाए और जब थकान मालुम हो तो छोड़ कर बैठ जाए"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1150) و مسلم (219 / 784)، (1831)

١٢٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا نَعَسَ أَحَدُكُمْ وَهُوَ يُصَلِّي فَلْيَرْقُدْ حَتَّى يَذْهَبَ عَنْهُ النَّوْمُ فَإِنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا صَلَّى وَهُوَ نَاعِسٌ لَا يدْرِي لَعَلَّه يسْتَغْفر فيسب نَفسه»

1245. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी को नमाज़ पढ़ते हुए ऊंघ आए तो वह सो जाए यहाँ तक के नींद पूरी हो जाए, क्योंकि जब तुम में से कोई नमाज़ पढ़ते हुए ऊंघ रहा हो तो इसे पता नहीं होता के वह मगफिरत तलब कर रहा है या अपने लिए बद्दुआ कर रहा है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (212) و مسلم (222 / 786)، (1835)

١٢٤٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الدِّينَ يُسْرٌ وَلَنْ يُشَادَّ الدِّينَ أَحَدٌ إِلَّا غَلَبَهُ فَسَدِّدُوا وَقَارِبُوا وَأَبْشِرُوا وَاسْتَعِينُوا ص:٣٩ بِالْغَدْوَةِ وَالرَّوْحَةِ وَشَيْءٍ مِنَ الدُّلْجَةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

1246. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक दीन आसान है, जो शख़्स दीन पर सख्ती करेगा तो वह उस पर ग़ालिब आ जाएगा तुम मियाने रिवाय (संयम) इख़्तियार करो करीब रहो और खुशखबरी कबूल करो निज़ दिन के पहले पहर उस के आखिरी पहर और रात के कुछ वक़्त की इबादत के ज़रिए मदद तलब करो| (बुखारी)

رواه البخارى (39)

١٢٤٧ - (صَحِيح) وَعَن عمر رَضِي الله ع نه قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ نَامَ عَنْ حِزْبِهِ أَوْ عَنْ شَيْءٍ مِنْهُ فَقَرَأَهُ فِيمَا بَيْنَ صَلَاةِ الْفَجْرِ وَصَلَاةِ الظُّهْرِ كُتِبَ لَهُ كَأَنَّمَا قَرَأَهُ مِنَ اللَّيْل» . رَوَاهُ مُسلم

1247. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स रात को अपना वज़ीफ़ा या उस का कुछ हिस्सा न कर सके तो फिर अगर वह नमाज़ ए फजर और नमाज़ ए ज़ुहर के दरमियान वही वज़ीफ़ा कर ले तो उस के लिए इतना ही सवाब लिख दिया जाता है गोया उस ने इसे रात के वक़्त किया है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (142 / 747)، (1745)

١٢٤٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَائِمًا فَإِنْ لَمْ تَسْتَطِعْ فَقَاعِدًا فَإِنْ لَمْ تستطع فعلى جنب» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

1248. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "खड़े हो कर नमाज़ पढ़ो अगर इस्तिताअत न हो तो फिर बैठ कर और अगर उसकी भी इस्तिताअत न हो तो फिर पहलु के बल नमाज़ पढ़ो| (बुखारी)

رواه البخارى (1117)

١٢٤٩ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حُصَيْن: أَنَّهُ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ صَلَاةِ الرَّجُلِ قَاعِدًا. قَالَ: «إِنْ صَلَّى قَائِمًا فَهُوَ أَفْضَلُ وَمَنْ صَلَّى قَاعِدًا فَلَهُ نِصْفُ أَجْرِ الْقَائِمِ وَمَنْ صَلَّى نَائِمًا فَلَهُ نصف أجل الْقَاعِد» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

1249. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने बैठ कर नमाज़ पढ़ने वाले शख़्स के बारे में नबी ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर वह खड़ा हो कर नमाज़ पढ़ता तो वह बेहतर है और जो शख़्स बैठ कर नमाज़ पढ़े तो उस के लिए खड़े हो कर नमाज़ पढ़ने वाले से आधी अज़र है और जो शख़्स लेट कर नमाज़ पढ़े तो उस के लिए बैठ कर नमाज़ पढ़ने वाले से आधी अज़र है| (बुखारी)

رواه البخارى (1116)

आमाल में मियाना रवी का बयान • بَاب الْقَصْد فِي الْعَمَل

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٦٥٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ بِقَبْرٍ دُفِنَ لَيْلًا فَقَالَ: «مَتَى دُفِنَ هَذَا؟» قَالُوا: الْبَارِحَةَ. قَالَ: «أَفَلَا آذَنْتُمُونِي؟» قَالُوا: دَفَنَّاهُ فِي ظُلْمَةِ اللَّيْلِ فَكَرِهْنَا أَنْ نُوقِظَكَ فَقَامَ فَصَفَفْنَا خَلفه فصلى عَلَيْهِ

1658. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ एक कब्र के पास से गुज़रे जहा गुज़िश्ता रात किसी को दफ़न किया गया था| आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे कब दफ़न किया गया? सहाबी ने अर्ज़ किया, गुज़िश्ता रात| आप ﷺ ने फ़रमाया : तुम ने मुझे क्यूँ न बताया? उन्होंने अर्ज़ किया, हम ने रात की तारीकी में इसे दफ़न किया था, इसलिए हम ने आप को बेदार करना मुनासिब न समझा, पस आप खड़े हुए तो हम ने आप के पीछे सफे बाँधी फिर आप ने इस की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1247) و مسلم (69 / 954)، (2213)

١٦٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ امْرَأَةً سَوْدَاءَ كَانَتْ تَقُمُّ الْمَسْجِدَ أَوْ شَابٌّ فَفَقَدَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلَ عَنْهَا أَوْ عَنْهُ فَقَالُوا: مَاتَ. قَالَ: «أَفَلَا كُنْتُمْ آذَنْتُمُونِي؟» قَالَ: فَكَأَنَّهُمْ صَغَّرُوا أَمْرَهَا أَوْ أَمْرَهُ. فَقَالَ: «دلوني على قَبره» فدلوه فصلى عَلَيْهَا. قَالَ: «إِنَّ هَذِهِ الْقُبُورَ مَمْلُوءَةٌ ظُلْمَةً عَلَى أَهْلِهَا وَإِنَّ اللَّهَ يُنَوِّرُهَا لَهُمْ بِصَلَاتِي عَلَيْهِمْ» . وَلَفظه لمُسلم

1659. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि एक सियाह फाम खातून जो की मस्जिद की सफाई किया करती या कोई नोजवान था, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे न देखा तो आप ने इस के बारे में सवाल किया, सहाबी ने अर्ज़ किया, वह तो वफात पा चूका, आप ﷺ ने फ़रमाया तुम ने मुझे क्यूँ न बताया? रावी बयान करते हैं, गोया इन्होंने इस के मुआमले को कमतर समझा | आप ﷺ ने फ़रमाया मुझे इस की कब्र बताओ उन्होंने बता दिया तो आप ने वह नमाज़े जनाज़ा पढ़ी, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया यह क़ब्रे अपने असहाब पर अंधेरो से भरी पड़ी है और बेशक अल्लाह मेरे नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ने की ज़रिए इन्हें मुन्नवर फरमा देता है | बुखारी, मुस्लिम और अल्फाज़ सहीह मुस्लिम के है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1337) و مسلم (71 / 956)، (2215) و اللفظ له

١٦٦٠ - (صَحِيح) وَعَنْ كُرَيْبٍ مَوْلَى ابْنِ عَبَّاسٍ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ أَنَّهُ مَاتَ لَهُ ابْنٌ بِقُدَيْدٍ أَوْ بِعُسْفَانَ فَقَالَ: يَا كُرَيْبُ انْظُرْ مَا اجْتَمَعَ لَهُ مِنَ النَّاسِ. ص:٥٢ قَالَ: فَخَرَجْتُ فَإِذَا نَاسٌ قَدِ اجْتَمَعُوا لَهُ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: تَقُولُ: هُمْ أَرْبَعُونَ؟ قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: أَخْرِجُوهُ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ رَجُلٍ مُسْلِمٍ يَمُوتُ فَيَقُومُ عَلَى جَنَازَتِهِ أَرْبَعُونَ رَجُلًا لَا يُشْرِكُونَ بِاللَّهِ شَيْئًا إِلَّا شَفَّعَهُمُ اللَّهُ فِيهِ» . رَوَاهُ مُسلم

1660. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा के आज़ाद करदा गुलाम कुरय्ब इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की कुदय्द या उस्फान के मुकाम पर इन का बेटा फौत हो गया| उन्होंने फ़रमाया कुरय्ब देखो इस के (जनाज़े) के लिए कितने लोग जमा हो चुके हैं? रावी बयान करते हैं, मैं बाहर आया तो देखा के लोग जमा हो चुके थे मैंने आप को बताया तो उन्होंने पूछा वह चालीस है? उन्होंने कहा: जी हा, फिर इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: इसे ले चलो, क्यूंकि मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना : जो मुसलमान फौत हो जाए और फिर चालीस मुवाहिद (जो अल्लाह का शरीक नहीं ठहराते) इस कि नमाज़े जनाज़ा पढ़ ले तो अल्लाह इस शख़्स के बारे में इन की शफाअत कुबूल फरमाता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 948)، (2199)

١٦٦١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَا مِنْ مَيِّتٍ تُصَلِّي عَلَيْهِ أُمَّةٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ يَبْلُغُونَ مِائَةً كُلُّهُمْ يَشْفَعُونَ لَهُ: إِلَّا شفعوا فِيهِ ". رَوَاهُ مُسلم

1661. आइशा रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: जिस मय्यत पर सौ

मुसलमान जनाज़ा पढ़े और वह तमाम इस के हक में सिफारिश करे तो इस के हक में इन की सिफारिश कुबूल की जाती है | (मुस्लिम)

رواه مسلم (58 / 947)، (2198)

١٦٦٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: مَرُّوا بِجَنَازَةٍ فَأَثْنَوْا عَلَيْهَا خَيْرًا. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَجَبَتْ» ثُمَّ مَرُّوا بِأُخْرَى فَأَثْنَوْا عَلَيْهَا شَرًّا. فَقَالَ: «وَجَبَتْ» فَقَالَ عُمَرُ: مَا وَجَبَتْ؟ فَقَالَ: «هَذَا أَثْنَيْتُمْ عَلَيْهِ خَيْرًا فَوَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ وَهَذَا أَثْنَيْتُمْ عَلَيْهِ شَرًّا فَوَجَبَتْ لَهُ النَّارُ أَنْتُم شُهَدَاء الله فِي الأَرْض» . وَفِي رِوَايَةٍ: «الْمُؤْمِنُونَ شُهَدَاءُ اللَّهِ فِي الْأَرْضِ»

1662. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, वह एक जनाज़े के पास से गुज़रे तो उन्होंने इस की अच्छाई बयान की, जिस पर नबी ﷺ ने फ़रमाया: वाजिब हो गई| फिर वह दूसरे जनाज़े के पास से गुज़रे तो उन्होंने इस की बुराई की, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: वाजिब हो गई", उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया: क्या वाजिब हो गई? आप ﷺ ने फ़रमाया तुम ने इस की अच्छाई बयान की तो इस के लिए जन्नत वाजिब हो गई और जिस की तुम ने बुराई बयान की तो इस के लिए जहन्नम वाजिब हो गई, तुम ज़मीन पर अल्लाह के गवाह हो | बुखारी मुस्लिम और एक रिवायत में है मोमिन पर अल्लाह के गवाह हो | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1367) و مسلم (60 / 949)، (2200)

١٦٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا مُسْلِمٍ شَهِدَ لَهُ أَرْبَعَةٌ بِخَيْرٍ أَدْخَلَهُ اللَّهُ الْجَنَّةَ» قُلْنَا: وَثَلَاثَةٌ؟ قَالَ: «وَثَلَاثَةٌ» . قُلْنَا وَاثْنَانِ؟ قَالَ: «وَاثْنَانِ» ثُمَّ لم نَسْأَلهُ عَن الْوَاحِد. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1663. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जिस मुसलमान के बारे में चार आदमीं गवाही दे की वह अच्छा है तो अल्लाह इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा, "हम ने अर्ज़ किया, और तिन आदमी? आप ﷺ ने फ़रमाया तिन आदमी भी, हम ने अर्ज़ किया, दो आदमी? आप ﷺ ने फ़रमाया दो आदमीं भी, फिर हम ने एक के बारे में आप से नहीं पूछा| (बुखारी)

رواه البخارى (1368)

١٦٦٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسُبُّوا الْأَمْوَاتَ فَإِنَّهُمْ قَدْ أَفْضَوْا إِلَى مَا قدمُوا» رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1664. आइशा रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया फौत शुदा को बुरा भला मत कहो क्यूंकि वह तो अपनी सज़ा पा चुके| (बुखारी)

رواه البخارى (1393)

١٦٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يجمع بَين الرجلَيْن فِي قَتْلَى أُحُدٍ فِي ثَوْبٍ وَاحِدٍ ثُمَّ يَقُولُ: «أَيُّهُمْ أَكْثَرُ أَخْذًا لِلْقُرْآنِ؟» فَإِذَا أُشِيرَ لَهُ إِلَى أَحَدِهِمَا قَدَّمَهُ فِي اللَّحْدِ وَقَالَ: «أَنَا شَهِيدٌ عَلَى هَؤُلَاءِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . وَأَمَرَ بِدَفْنِهِمْ بِدِمَائِهِمْ وَلَمْ يُصَلِّ عَلَيْهِمْ وَلَمْ يُغَسَّلُوا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

1665. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है, रसूलुल्लाह ﷺ शुहदा ए उहद के दो दो आदमी को एक एक कपड़े में इकठ्ठा करते और फरमाते इन में से कुरान का इल्म किस को ज़्यादा था? जब इन में से किसी एक की तरफ इशारा कर दिया जाता तो आप ﷺ इसे पहले लहद में उतारते और फरमाते रोज़े कियामत इन लोगों की गवाही दूंगा| आप ने इन्हें इसी खून आलूद हालत में दफ़न करने का हुक्म फ़रमाया, आप ने इन की न नमाज़े जनाजा पढ़ी न इन्हें ग़ुस्ल दिया गया | (बुखारी)

رواه البخارى (1347)

١٦٦٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِفَرَسٍ مَعْرُورٍ فَرَكِبَهُ حِينَ انْصَرَفَ مِنْ جَنَازَةِ ابْنِ الدَّحْدَاحِ وَنَحْنُ نمشي حوله. رَوَاهُ مُسلم

1666. जाबिर बिन समुरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ इब्ने दह्दाह की नमाज़े जनाज़ा से फारिग़ हुए तो काठी के बगैर एक घोडा आप की खिदमत में पेश किया गया जिस पर आप सवार हो गए जबकि हम आप के इर्द गिर्द पैदल चलते रहे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (89 / 965)، (2238)

• الْمَشْي بالجنازة وَالصَّلَاة عَلَيْهَا
जनाज़े के साथ जाने और जनाज़े की नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي
दूसरी फस्ल

١٦٦٧ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الرَّاكِبُ يَسِيرُ خَلْفَ الْجَنَازَةِ والماشي يمشي خلفهَا وأمامها وَعَن يَمِينهَا وَعَن يسارها قَرِيبا مِنْهَا وَالسَّقْطُ يُصَلَّى عَلَيْهِ وَيُدْعَى لِوَالِدَيْهِ بِالْمَغْفِرَةِ وَالرَّحْمَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَفِي رِوَايَةِ أَحْمَدَ وَالتِّرْمِذِيِّ وَالنَّسَائِيِّ وَابْن مَاجَه قَالَ: «الرَّاكِب خلف الْجِنَازَة وَالْمَاشِي حَيْثُ شَاءَ مِنْهَا وَالطِّفْلُ يُصَلَّى عَلَيْهِ» وَفِي المصابيح عَن الْمُغيرَة بن زِيَاد

1667. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी ﷺ ने फ़रमाया : सवार शख़्स जनाज़े के पीछे जबकि पेदल चलने वाला इस के पीछे, इस के आगे, इस के दाएँ और इस के बाएँ इस के करीब करीब चलेगा और नामुकम्मल पैदा होने वाले बच्चे की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ी जाएगी और इस के वालिदेन के लिए मगफिरत व रहमत की दुआ की जाएगी | अहमद, तिरमिजी और इब्ने माजा की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया सवार

जनाज़े के पीछे जबकि पैदल चलने वाला जैसा चाहे चल सकता है, और बच्चे की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी जाएगी , मसाबिह में मुगिरा बिन ज़ियाद से मरवी है| (सहीह,हसन)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3180) و احمد (4 / 247) و الترمذى (1031 وقال : حسن صحيح) و النسائى (4 / 58 ح 1950) و ابن ماجه (1481)

١٦٦٨ - (صَحِيح) وَعَنِ الزُّهْرِيِّ عَنْ سَالِمٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبَا بَكْرٍ وَعُمَرَ يَمْشُونَ أَمَامَ الْجَنَازَةِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ وَأَهْلُ الْحَدِيثِ كَأَنَّهُمْ يَرَوْنَهُ مُرْسَلًا

1668. जोहरी सलीम से और वह अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ अबु बक्र और उस्मान रदियल्लाहु अन्हुमा को जनाज़े के आगे चलते हुए देखा | अहमद, अबू दावुद, तिरमिजी, नसई, इब्ने माजा में है और इमाम तिरमिजी ने फ़रमाया : और मुहद्दिसन इसे मुरसल समझते है | (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (2 / 8 ح 4539) و ابوداؤد (3179) و الترمذى (1007 و اعله) و النسائى (4 / 56 ح 1946) و ابن ماجه (1482) * الراجح انه حديث صحيح و اعل بما لا يقدح

١٦٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْجَنَازَةُ مَتْبُوعَةٌ وَلَا تَتْبَعُ لَيْسَ مَعَهَا مَنْ تَقَدَّمَهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو ماجد الرَّاوِي رجل مَجْهُول

1669. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जनाज़े के पीछे चलना चाहिए इस के आगे नहीं चलना चाहिए और जो शख़्स इस के आगे चलता है तो वह (शरइ लिहाज से) इस के साथ नहीं, तिरमिजी, अबुदावुद, इब्ने माजा तिरमिजी ने फ़रमाया अबू माजिद रावी मजहूल है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1011) و ابوداؤد (3184) و ابن ماجه (1484)

١٦٧٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " من تبع جَنَازَة وحلمها ثَلَاثَ مَرَّاتٍ: فَقَدْ قَضَى مَا عَلَيْهِ مِنْ حَقِّهَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1670. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स जनाज़े के साथ चले और तीन मरतबा इसे उठाए इस ने अपने जिम्मे उस का हक अदा कर दिया | तिरमिजी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه الترمذى (1041) * فيه ابو المهزم : متروک

١٦٧١ - (ضَعِيف) وَقَدْ رَوَى فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» : أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَمَلَ جَنَازَةَ سَعْدِ ابْن معَاذ بَين العمودين

1671. शरह सुनन में मरवी है की नबी ﷺ ने सअद बिन मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु के जनाज़े को दो पायो के दरमियान से उठाया | (इस की कोई असल नहीं)

لا اصل له ، رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 337 بعد ح 1488 بدون [و ابن سعد فى الطبقات الكبرىٰ (3 / 431) عن محمد بن عمر الواقدى عن ابراهيم بن اسماعيل بن ابى حبيبة عن شيوخ من بنى عبد الاشهل به الخ والواقدى كذاب]

١٦٧٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جَنَازَةٍ فَرَأَى نَاسًا رُكْبَانًا فَقَالَ: «أَلَا تَسْتَحْيُونَ؟ إِنَّ مَلَائِكَةَ اللَّهِ عَلَى أَقْدَامِهِمْ وَأَنْتُمْ عَلَى ظُهُورِ الدَّوَابِّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ نَحْوَهُ وَقَالَ التِّرْمِذِيّ: ص:٥٢ وَقد روى عَن ثَوْبَان مَوْقُوفا

1672. सोबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के साथ एक जनाज़े में शरीक हुए, आप ﷺ ने कुछ लोगों को सवारीयों पर देखा तो फ़रमाया : क्या तुम्हें हया नहीं आती के फ़रिश्ते तो पैदल चल रहे हैं और तुम सवारियों पर हो | तिरमिजी, इब्ने मजन और अबू दावुद ने भी इसी तरह रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया यह सोबन रदियल्लाहु अन्हु से मौकूफ रिवायत की गई है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (1012) و ابن ماجه (1480) و سندهما ضعيف ، فيه ابوبكر بن ابى مريم ضعيف مختلط ، و رواه ابوداؤد (3177) من طريق آخر عن ثوبان بى و ليس عنده :'' الاتستحيون '' الخ و فى سنده يحيى بن ابى كثير وهو مدلس و عنعن

١٦٧٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَرَأَ عَلَى الْجَنَازَةِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1673. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि नबी ﷺ ने नमाज़े जनाज़ा में सुरह फातिहा पढ़ी| (सहीह,ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (1026 وقال : ليس اسناده بذالک القوى ، ابراهيم بن عثمان هو ابو شيبة) الواسطى : منكر الحديث) و ابوداؤد (لم اجده ، و رواه : 3198 موقوفًا و سنده صحيح) و ابن ماجه (1495) * ابو شيبة هذا متهم و حديث البخارى (1335) و ابى داود يغنى عنه ، انظر الحديث السابق (1654)

١٦٧٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّيْتُمْ عَلَى الْمَيِّتِ فَأَخْلِصُوا لَهُ الدُّعَاءَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1674. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब तुम जनाज़ा पढ़ो तो मय्यत के लिए खुलूस के साथ दुआ करो | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3199) و ابن ماجه (1497) [و ابن حبان (الموارد : 754755)

١٦٧٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا صَلَّى عَلَى الْجَنَازَةِ قَالَ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِحَيِّنَا وَمَيِّتِنَا وَشَاهِدِنَا وَغَائِبِنَا وَصَغِيرِنَا وَكَبِيرِنَا وَذَكَرِنَا وَأُنْثَانَا. اللَّهُمَّ مَنْ أَحْيَيْتَهُ مِنَّا فَأَحْيِهِ عَلَى الْإِسْلَامِ وَمَنْ تَوَفَّيْتَهُ مِنَّا فَتَوَفَّهُ عَلَى الْإِيمَانِ. اللَّهُمَّ لَا تَحْرِمْنَا أَجْرَهُ وَلَا تَفْتِنَّا بَعْدَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ ص:٥٢ وَابْنُ مَاجَهْ

1675. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़े जनाज़ा पढ़ते तो यह दुआ फरमाते: “ऐ अल्लाह हमारे जिन्दो, हमारे मुर्दों, हमारे मौजूद, हमारे गैर मौजूद हमारे छोटो और हमारे बड़ो और हमारे मर्दों और हमारी औरतो की मगफिरत फरमा, ऐ अल्लाह! तू हम में से जिसे जिंदा रखे तो इसे इस्लाम पर जिंदा रख और तू हम से जिसे फौत करे तो इसे इमान पर फौत करना, ऐ अल्लाह! हमें इस के अजर से महरूम न करना और न इस के बाद हमें फितने का शिकार करना | (सहीह,हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 368 ح 8795) و ابوداؤد (3201) و الترمذى (1024 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (1498)

١٦٧٦ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْ إِبْرَاهِيمَ الْأَشْهَلِيِّ عَنْ أَبِيهِ وانتهت رِوَايَته عِنْد قَوْله: و «أنثانا» . وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: «فَأَحْيِهِ عَلَى الْإِيمَانِ وَتَوَفَّهُ عَلَى الْإِسْلَامِ» . وَفِي آخِرِهِ: «وَلَا تُضِلَّنَا بعده»

1676. और इमाम नसई ने इब्राहीम अश्हली अन अबी की सनद से रिवायत किया है और इन की रिवायत “ हमारी औरतो को माफ़ फरमा तक “ ख़त्म हो जाती है और अबू दावुद की रिवायत में है: “इस इमान पर ज़िन्दा रख और इस्लाम पर फौत कर, और इस के आखिरी में है : इस के बाद हमें गुमराह न करना| (हसन)

حسن ، رواه النسائى (4 / 74 ح 1988) و ابوداؤد (3201)

١٦٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ وَاثِلَةَ بْنِ الْأَسْقَعِ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى رَجُلٍ مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنَّ فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ فِي ذِمَّتِكَ وَحَبْلِ جِوَارِكَ فَقِهِ مِنْ فِتْنَةِ الْقَبْرِ وَعَذَابِ النَّارِ وَأَنْتَ أَهْلُ الْوَفَاءِ وَالْحَقِّ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لَهُ وَارْحَمْهُ إِنَّكَ أَنْتَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْن مَاجَه

1677. वासिलाह बिन अल-असका रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी मुसलमान शख़्स की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी तो मैंने आप को यह दुआ करते हुए सुना: “ऐ अल्लाह फलां बिन फलां तेरी जिम्मे और तेरी रहमत के साए में है इसे फितने कब्र और अजाब ए जहन्नम से बचा तू अहले वफा और अहले हक है, ऐ अल्लाह इस की मगफिरत फरमा इस पर रहम फरमा. बेशक तू बख्शने वाला रहम करने वाला है| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3202) و ابن ماجه (1499) * الوليد بن مسلم صرح بالسماع المسلسل عند ابن منذر فى الاوسط (5 / 441)

١٦٧٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اذْكُرُوا مَحَاسِنَ مَوْتَاكُمْ وَكُفُّوا عَنْ مُسَاوِيهِمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

1678. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : अपने फौत शुदा कि अच्छाई बयान किया करो और इनकी बुरे बयान करने से परहेज़ करो | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4900) و الترمذى (1019 وقال : حديث غريب ، سمعت محمدًا [البخارى] يقول : عمران بن انس المكى منكر الحديث)

١٦٧٩ - (صَحِيح) وَعَنْ نَافِعٍ أَبِي غَالِبٍ قَالَ: صَلَّيْتُ مَعَ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ عَلَى جَنَازَةِ رَجُلٍ فَقَامَ حِيَال رَأسه ثمَّ جاؤوا بِجَنَازَةِ امْرَأَةٍ مِنْ قُرَيْشٍ فَقَالُوا: يَا أَبَا حَمْزَةَ صَلِّ عَلَيْهَا فَقَامَ حِيَالَ وَسَطِ السَّرِيرِ فَقَالَ لَهُ الْعَلَاءُ بْنُ زِيَادٍ: هَكَذَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ على الْجِنَازَة مَقَامَك مِنْهَا؟ وَمِنَ الرَّجُلِ مَقَامَكَ مِنْهُ؟ قَالَ: نَعَمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ نَحْوُهُ مَعَ زِيَادَةٍ وَفِيهِ: فَقَامَ عِنْد عجيزة الْمَرْأَة

1679. नाफेअ अबू ग़ालिब रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु के साथ एक आदमी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी तो वह इस के सर के मुकाबिल खड़े हुए, अलाअ बिन ज़ियाद ने इन से पूछा: क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ को इसी तरह देखा है की आप औरत का जनाज़ा पढ़ाते वक़्त इस जगह (चार पाई के वुसत में) खड़े हुए थे और एक आदमी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ाते वक़्त इस जगह खड़े हुए थे जहाँ आप खड़े हुए हैं? उन्होंने फ़रमाया हाँ | तिरमिजी, इब्ने माजा अबू दावुद की एक रिवायत में इसी तरह है इस में कुछ इजाफा है की आप (औरत की नमाज़े जनाज़ा पढ़ाते वक़्त) औरत के सिरिन के पास खड़े हुए | (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1034 وقال : حديث حسن) و ابن ماجه (1494) و ابوداؤد (3194)

• الْمَشْي بالجنازة وَالصَّلَاة عَلَيْهَا	जनाज़े के साथ जाने और जनाज़े की नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान
• الْفَصْل الثَّالِث	तीसरी फस्ल

١٦٨٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي لَيْلَى قَالَ: كَانَ ابْن حنيف وَقيس ابْن سَعْدٍ قَاعِدَيْنِ بِالْقَادِسِيَّةِ فَمُرَّ عَلَيْهِمَا بِجَنَازَةٍ فَقَامَا فَقيل لَهما: إِنَّهَا مِنْ أَهْلِ الْأَرْضِ أَيْ مِنْ أَهْلِ الذِّمَّةِ فَقَالَا: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّتْ بِهِ جَنَازَةٌ فَقَامَ فَقِيلَ لَهُ: إِنَّهَا جَنَازَة يَهُودِيّ. فَقَالَ: «أليست نفسا؟»

1680. अब्दुल रहमान बिन अबी लैला बयान करते हैं, सहल बिन हुनैफ़ और कैस बिन सईद रदियल्लाहु अन्हुमा कादसिया में तशरीफ़ फरमा थे की इन के पास से एक जनाज़ा गुज़रा तो वह दोनों खड़े हो गए उन्हें बताया गया कि यह जिम्मी (काफ़िर) शख़्स का जनाज़ा है उन दोनों ने फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ के पास से एक जनाज़ा गुज़रा तो आप खड़े हो गए आप को बताया गया कि यह एक यहूदी का जनाज़ा है तो आप ﷺ ने फ़रमाया : क्या वह जान नहीं ? (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1312) و مسلم (81 / 961)، (2225)

١٦٨١ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا تَبِعَ جَنَازَةً لَمْ يَقْعُدْ حَتَّى تُوضَعَ فِي اللَّحْدِ فَعَرَضَ لَهُ حَبْرٌ مِنَ الْيَهُودِ فَقَالَ لَهُ: إِنَّا هَكَذَا نضع يَا مُحَمَّدُ قَالَ: فَجَلَسَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «خَالِفُوهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَبِشْرُ بْنُ رَافِعٍ الرَّاوِي لَيْسَ بِالْقَوِيّ

1681. उबदा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी जनाज़े में शरीक होते तो आप मय्यत को लहद में उतारने तक नहीं बैठते थे, एक यहूदी आलिम आप के पास आया तो इस ने आप से कहा, मुहम्मद ﷺ बे शक हम भी ऐसे ही करते हैं, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ बैठ गए और फ़रमाया : इन की मुखालिफत करो तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा| इमाम तिरमिजी ने फ़रमाया यह हदीस गरीब है बशीर बिन राफीअ रावी क़वी नहीं| (सहीह,ज़ईफ़,मुस्लिम)

ضعيف ، رواه الترمذى (1020) و ابوداؤد (3176) و ابن ماجه (1545) [و حديث مسلم (962)، (2227) يغنى عنه] * ابو الاسباط بشر بن رافع الحارثى و عبدالله بن سليمان بن جنادة منكر الحديث

١٦٨٢ - (حسن) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَنَا بِالْقِيَامِ فِي الْجَنَازَةِ ثُمَّ جَلَسَ بَعْدَ ذَلِكَ وَأَمَرَنَا بِالْجُلُوسِ. رَوَاهُ أَحْمد

1682. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने जनाज़ा देख कर हमें खड़े होने का हुक्म फ़रमाया, इस के बाद फिर आप बैठ गए तो आप ने हमें बैठ जाने का हुक्म फ़रमाया | (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 82 ح 623 و سنده حسن)

١٦٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ سِيرِينَ قَالَ: إِنَّ جَنَازَةً مَرَّتْ بِالْحَسَنِ بْنِ عَلِيٍّ وَابْنِ عَبَّاسٍ فَقَامَ الْحَسَنُ وَلَمْ يَقُمِ ابْنُ عَبَّاسٍ فَقَالَ الْحَسَنُ: أَلَيْسَ قَدْ قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِجَنَازَةِ يَهُودِيٍّ؟ قَالَ: نَعَمْ ثُمَّ جلس. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1683. मुहम्मद बिन सिरिन बयान करते हैं, हसन बिन अली रदियल्लाहु अन्हुमा और इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा के पास से एक जनाज़ा गुज़रा तो हसन रदियल्लाहु अन्हु खड़े हो गए लेकिन इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा खड़े न हुए तो हसन रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: क्या रसूलुल्लाह ﷺ यहूदी के जनाज़े के लिए खड़े नहीं हुए थे? उन्होंने फ़रमाया : हा (लेकिन) फिर आप बैठें रहते थे | (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (4 / 46 ح 1925)

١٦٨٤ - (صَحِيح) وَعَنْ جَعْفَرِ بْنِ مُحَمَّدٍ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ الْحَسَنَ بْنَ عَلِيٍّ كَانَ جَالِسًا فَمُرَّ عَلَيْهِ بِجَنَازَةٍ فَقَامَ النَّاسُ حَتَّى جَاوَزَتِ الْجَنَازَةُ فَقَالَ الْحَسَنُ: إِنَّمَا مُرَّ بِجَنَازَةِ يَهُودِيٍّ وَكَانَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى طَرِيقِهَا جَالِسا وَكره أَن تعلوا رَأسه

جَنَازَة يَهُودِيّ فَقَامَ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1684. ज़ाफ़र बिन मुहम्मद अपने वालिद से रिवायत करते हैं की हसन बिन अली रदियल्लाहु अन्हुमा बैठें हुए थे की इन के पास से जनाज़ा गुज़रा तो लोग खड़े हो गए हत्ता कि जनाज़ा गुज़र गया तो हसन रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया : एक यहूदी का जनाज़ा गुज़रा जबकि रसूलुल्लाह ﷺ इस के रास्ते पर बैठें हुए थे आप ने इस बात को नापसंद फ़रमाया किसी यहूदी शख़्स का जनाज़ा आप के सर मुबारक से बुलंद हो जाए लिहाज़ा खड़े हो गए | (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (4 / 47 ح 1928)

١٦٨٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي مُوسَى أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا مَرَّتْ بِكَ جَنَازَةُ يَهُودِيٍّ أَوْ نَصْرَانِيٍّ أَوْ مُسْلِمٍ فَقُومُوا لَهَا فَلَسْتُمْ لَهَا تَقُومُونَ إِنَّمَا تَقُومُونَ لِمَنْ مَعَهَا من الْمَلَائِكَة» . رَوَاهُ أَحْمد

1685. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब हमारे पास से यहूदी या किसी नसरानी या किसी मुसलमान का जनाज़ा गुज़रे तो तुम इस के लिए खड़े हो जाओ, तुम इस के लिए नहीं खड़े हो रहे बल्कि तुम उन फरिश्तो के लिए खड़े हुए हो जो इस (जनाज़े) के साथ हैं | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 391 ح 19720) * فيه ليث (بن ابى سليم) ضعيف

١٦٨٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ جَنَازَةً مَرَّتْ بِرَسُولِ اللَّهِ فَقَامَ فَقِيلَ: إِنَّهَا جَنَازَةُ يَهُودِيٍّ فَقَالَ: «إِنَّمَا قُمْت لِلْمَلَائِكَة» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1686. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ के पास से एक जनाज़ा गुज़रा तो आप खड़े हो गए आप को बताया गया कि यह किसी यहूदी का जनाज़ा है, आप ﷺ ने फ़रमाया : मैं तो सिर्फ फरिश्तो की खातिर खड़ा हुआ हूँ| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائى (4 / 48 ح 1931) * قتادة عنعن و للحديث شاهد ضعيف عند احمد (4 / 413)

١٦٨٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَالِكِ بْنِ هُبَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَمُوتُ فَيُصَلِّي عَلَيْهِ ثَلَاثَةُ صُفُوفٍ مِنَ الْمُسْلِمِينَ إِلَّا أَوْجَبَ» . فَكَانَ مَالِكٌ إِذَا اسْتَقَلَّ أَهْلَ الْجَنَازَةِ جَزَّأَهُمْ ثَلَاثَةَ صُفُوفٍ لِهَذَا الْحَدِيثِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَفِي رِوَايَةِ التِّرْمِذِيِّ: قَالَ كَانَ مَالِكُ بْنُ هُبَيْرَةَ إِذَا صَلَّى الْجِنَازَةَ فَتَقَالَّ النَّاسَ عَلَيْهَا جَزَّأَهُمْ ثَلَاثَةَ أَجْزَاءٍ ثُمَّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى عَلَيْهِ ثَلَاثَةُ صُفُوفٍ أَوْجَبَ» . وروى ابْن مَاجَه نَحوه

1687. मालिक बिन हुबैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना : कोई मुसलमान फौत हो जाए और मुसलमानों के तिन सफे इस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़े तो इस के लिए (जन्नत)

वाजिब हो जाती है, जब मालिक रदियल्लाहु अन्हु देखते की जनाज़ा पढ़ने वाले काम है तो आप इस हदीस की बुनियाद पर इन्हें तिन सफों में तकसीम फरमा देते थे | अबू दावुद तिरमिजी की रिवायत में है की जब मालिक बिन हुबेर रदियल्लाहु अन्हु कोई नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ते और जनाज़ा पढ़ने वाले काम होते तो वह इन्हें तिन हिस्सों में तकसीम फरमा देते फिर बयान करते रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जिस शख़्स पर तिन सफे नमाज़े जनाज़ा पढ़ती है तो इस पर (जन्नत) वाजिब हो गई| और इब्ने माजा ने भी इसी तरह की रिवायत की है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3166) و الترمذى (1028 وقال : حسن) و ابن ماجه (1490) * محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و للحديث علة أخرى قادحة

١٦٨٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الصَّلَاةِ عَلَى الْجَنَازَةِ: " اللَّهُمَّ أَنْتَ رَبُّهَا وَأَنْتَ خَلَقْتَهَا وَأَنْتَ هَدَيْتَهَا إِلَى الْإِسْلَامِ وَأَنْتَ قَبَضْتَ رُوحَهَا ص:٥٣ وَأَنْتَ أَعْلَمُ بِسِرِّهَا وَعَلَانِيَتِهَا جِئْنَا شُفَعَاءَ فَاغْفِرْ لَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1688. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नमाज़े जनाज़ा के बारे में नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ यह दुआ पढ़ा करते थे: “ऐ अल्लाह तू इस का रब है, तूने इसे पैदा फ़रमाया, तूने इसे इस्लाम की राह दिखाई, तूने इस की रूह कब्ज़ करली और तू इस के ज़ाहिर और बातिन से वाकिफ है, हम सिफारिश बन के आए है, इस की मगफिरत फरमा | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3200)

١٦٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ قَالَ: صَلَّيْتُ وَرَاءَ أَبِي هُرَيْرَةَ عَلَى صَبِيٍّ لَمْ يَعْمَلْ خَطِيئَةً قَطُّ فَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: اللَّهُمَّ أَعِذْهُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ. رَوَاهُ مَالك

1689. सईद बिन मुसय्यब रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु के पीछे एक ऐसे बच्चे की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ी जिस ने कभी कोई गुनाह किया ही नहीं वह दुआ कर रहे थे: “ऐ अल्लाह इसे अज़ाबे कब्र से बचा ले| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (1 / 228 ح 537)

١٦٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبُخَارِيِّ تَعْلِيقًا قَالَ: يَقْرَأُ الْحَسَنُ عَلَى الطِّفْلِ فَاتِحَةَ الْكِتَابِ وَيَقُولُ: اللَّهُمَّ اجْعَلْهُ لَنَا سلفا وفرطا وذخرا وَأَجرا

1690. इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने मुअल्लक रिवायत बयान करते हुए फ़रमाया : हसन बसरी रहिमहुल्लाह

बच्चे की नमाज़े जनाज़ा में सूरत उल फातिहा पढ़ते और यह दुआ करते : ऐ अल्लाह इसे हमारे लिए अमीरे सामान' और आगेचलने वाला, ज़खीरा और सवाब बना | (सहीह,ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البخارى فى صححه (كتاب الجنائز باب 65 قبل ح 1335) و الحافظ ابن حجر فى تغليق التعليق (2 / 484) * فيه سعيد بن ابى عروبة مدلس و عنعن

١٦٩١ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الطِّفْلُ لَا يُصَلَّى عَلَيْهِ وَلَا يَرِثُ وَلَا يُوَرَّثُ حَتَّى يَسْتَهِلَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: «وَلَا يُورث»

1691. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी ﷺ ने फ़रमाया : जब तक पैदा होने वाला बच्चा चीखे नहीं तब तक इस की न जनाज़े कि नमाज़ पढ़ी जाएगी न वह वारिस बनेगा और नहीं इस की मीरास तकसीम होगी | तिरमिजी, इब्ने माजा, लेकिन इन्होंने यह ज़िक्र नहीं किया के इस की मीरास तकसीम नहीं होगी | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1032) و ابن ماجه (1508) * ابو الزبير مدلس و عنعن و للحديث طرق ضعيفة عند ابن حبان (الموارد : 1223) و الحاكم (4 / 348349) و غيرهما

١٦٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَقُومَ الْإِمَامُ فَوْقَ شَيْءٍ وَالنَّاسُ خَلْفَهُ يَعْنِي أَسْفَلَ مِنْهُ. رَوَاهُ الدراقطني وَأَبُو دَاوُد

1692. अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इमाम को किसी बुलंद जगह पर खड़े होने से मना फ़रमाया, जबकि मुक्तदी इस से नीचे हो | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (2 / 88) [و ابوداؤد : 597] * الاعمش مدلس و عنعن و للحديث شاهد ضعيف عند ابى داود (598)

• بَاب دفن الْمَيِّت — मय्यत को दफ़न करने का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٦٩٣ - (صَحِيح) عَنْ عَامِرِ بْنِ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ أَن سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ فِي مَرَضِهِ الَّذِي هَلَكَ فِيهِ: أَلْحِدُوا لِي لَحْدًا وَانْصِبُوا عَلَى اللَّبِنِ نَصْبًا كَمَا صُنِعَ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1693. आमिर बिन सईद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि सईद बिन अबी वकास

रदियल्लाहु अन्हु ने अपने मर्ज वफात में फ़रमाया: मेरे लिए लहद तैयार करना और इस पर ईंटे खड़ी करना जिस तरह रसूलुल्लाह ﷺ (की कब्र) के साथ किया गया | (मुस्लिम)

رواه مسلم (90 / 966)، (2040)

١٦٩٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: جُعِلَ فِي قَبْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَطِيفَةٌ حَمْرَاء. رَوَاهُ مُسلم

1694. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, , रसूलुल्लाह ﷺ की कब्र में एक सुर्ख चादर बिछाई गई थी | (मुस्लिम)

رواه مسلم (91 / 967)، (2241)

١٦٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ سُفْيَانَ التَّمَّارِ: أَنَّهُ رَأَى قَبْرَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُسَنَّمًا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

1695. सुफियान अल्तम्मार रहिमहुल्लाह से रिवायत है कि इन्होंने नबी ﷺ की कब्र को कोहान की तरह देखा | (बुखारी)

رواه البخارى (1390)

١٦٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الْهَيَّاجِ الْأَسَدِيِّ قَالَ: قَالَ لِي عَلِيٌّ: أَلَا أَبْعَثُكَ عَلَى مَا بَعَثَنِي عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: إِن لَا تَدَعَ تِمْثَالًا إِلَّا طَمَسْتَهُ وَلَا قَبْرًا مشرفا إِلَّا سويته. رَوَاهُ مُسلم

1696. अबू अलहय्यान असदी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अली रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे फ़रमाया : क्या मैं तुम्हें ऐसे काम पर मामूर न करु जिस पर रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे मामूर व मबउस फ़रमाया था, की तुम हर मूर्ति को मिटा दो और हर ऊँची कब्र को बराबर कर दो | (मुस्लिम)

رواه مسلم (93 / 969)، (2243)

١٦٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُجَصَّصَ الْقَبْرُ وَأَنْ يُبْنَى عَلَيْهِ وَأَنْ يُقْعَدَ عَلَيْهِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1697. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कब्र को पुख्त बनाने, इस पर इमारत बनाने और इस पर (मुजावर) बन कर बैठनेसे मना फ़रमाया है | (मुस्लिम)

رواه مسلم (94 / 970)، (2245)

١٦٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَرْثَدٍ الْغَنَوِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَجْلِسُوا عَلَى الْقُبُورِ وَلَا تُصَلُّوا إِلَيْهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1698. अबू मर्सद गनवीय्यी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : क़ब्रो पर (मुजावर बन कर) मत बेठो न इन की तरफ रुख करके नमाज़ पढ़ो| (मुस्लिम)

رواه مسلم (97 / 972)، (2250)

١٦٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ يَجْلِسَ أَحَدُكُمْ عَلَى جَمْرَةٍ فَتُحْرِقَ ثِيَابَهُ فَتَخْلُصَ إِلَى جِلْدِهِ خَيْرٌ لَهُ مِنْ أَنْ يجلس على قبر» . رَوَاهُ مُسلم

1699. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : अगर तुम में से कोई शख़्स आग के अंगारे पर बैठ जाए वह इस के कपड़े जला कर इस की जिल्द तक पहुँच जाए तो यह इस के लिए कब्र पर बैठनेसे बेहतर है | (मुस्लिम)

رواه مسلم (96 / 971)، (2248)

• بَاب دفن الْمَيِّت — मय्यत को दफ़न करने का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

١٧٠٠ - (ضَعِيف) عَنْ عُرْوَةَ بْنِ الزُّبَيْرِ قَالَ: كَانَ بِالْمَدِينَةِ رَجُلَانِ أَحَدُهُمَا يَلْحَدُ وَالْآخَرُ لَا يَلْحَدُ. فَقَالُوا: أَيُّهُمَا جَاءَ أَوَّلًا عَمِلَ عَمَلَهُ. فَجَاءَ الَّذِي يَلْحَدُ فَلَحَدَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

1700. उर्वा बिन जुबैर बयान करते हैं, मदीना में दो आदमी थे उस में से एक लहद बनता था, जबकि दूसरा लहद तैयार नहीं करता था, सहाबी ने फ़रमाया इन दोनों में से जो पहले आयेगा वह अपना काम करेगा, पस लहद बनाने वाला शख़्स पहले आया तो फिर रसूलुल्लाह ﷺ के लिए लहद तैयार की गई | (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 388 ح 1510) [و مالک فى الموطا (1 / 231 ح 547] * السند مرسل وله شاهد عند ابن ماجه (1557 ، وهو حسن)

١٧٠١ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّحْدُ لَنَا وَالشَّقُّ لغيرنا» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1701. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : हमारे (मुसलमानों के) लिए लहद ही और शक्क (दहाने की शक्ल वाली कब्र) हमारे अलावा दूसरे के लिए है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1045 وقال : غريب) و ابوداؤد (3208) و النسائى (4 / 80 ح 2011) و ابن ماجه (1554) * فيه عبدالاعلى الثعلبى : ضعيف ، قال الهيشمى :'' والاكثر على تضعيفه '' (مجمع الزوائد (1 / 147) وللحديث شواهد ضعيفة

١٧٠٢ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ عَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ

1702. और इमाम अहमद ने जरीर बिन अब्दुल्लाह से रिवायत किया है | (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (4 / 357 ح 19371 فيه الحجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و 4 / 359 ح 19390 فيه ابو جناب : ضعيف مدلس) * وله طريق آخر عند ابن ماجه (1555) و سنده ضعيف

١٧٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ هِشَامِ بْنِ عَامِرٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَوْمَ أُحُدٍ: «احْفُرُوا وَأَوْسِعُوا وَأَعْمِقُوا وَأَحْسِنُوا وَادْفِنُوا الِاثْنَيْنِ وَالثَّلَاثَةَ فِي قبر وَاحِد وَقدمُوا أَكْثَرهم قُرْآنًا» . رَوَاهُ أمد وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ إِلَى قَوْله وأحسنوا

1703. हिश्शाम बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी ﷺ ने गजवा ए ओहद के रोज़ फ़रमाया : वसी और गहरी क़बरे तैयार करो और अच्छी तरह दफन करो और एक कब्र में दो दो तिन तिन को दफन करो और इन में से ज़्यादा कुरान जानने वाले को पहले दफन करो | अहमद, तिरमिजी, अबू दावुद, नसई और इब्ने माजा ने और अच्छी तरह दफन करो तक रिवायत किया है | (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه احمد (4 / 19 ح 16359) و الترمذى (1713 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (3215) و النسائى (4 / 81 ح 2013) و ابن ماجه (1560)

١٧٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمُ أُحُدٍ جَاءَتْ عَمَّتِي بِأَبِي لِتَدْفِنَهُ فِي مَقَابِرِنَا فَنَادَى مُنَادِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رُدُّوا الْقَتْلَى إِلَى مَضَاجِعِهِمْ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَلَفظه لِلتِّرْمِذِي

1704. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गजवा ए उहद के रोज़ मेरी फूफी मेरे शहीद वालिद को ले आई ताकी वह इन्हें हमारे कब्रस्तान में दफ़न करे, पस रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ से एलान करने वाले ने एलान किया शुहदा को इन की सहादत गाह की तरफ वापस ले आओ | अहमद, तिरमिजी, अबू दावुद, नसई, दारमी | हदीस के अल्फाज़ तिरमिजी के है| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه احمد (3 / 297 ح 14216) و الترمذى (1717 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (3165) و النسائى (4 / 79 ح 2006) و الدارمى (1 / 23 ح 46)

١٧٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: سُلَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ قِبَلِ رَأْسِهِ. رَوَاهُ الشَّافِعِي

1705. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को सर की जानिब से कब्र में उतारा गया | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الشافعى فى الام (1 / 273) * فيه الثقة : لم اعرفه ، و عمر بن عطاء (بن وراز) : ضعيف

١٧٠٦ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ قَبْرًا لَيْلًا فَأَسْرِجَ لَهُ بسراج فَأخذ مِنْ قِبَلِ الْقِبْلَةِ وَقَالَ: «رَحِمَكَ اللَّهُ إِنْ كُنْتَ لَأَوَّاهًا تَلَّاءً لِلْقُرْآنِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ فِي شرح السّنة: إِسْنَاده ضَعِيف

1706. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि नबी ﷺ रात के वक़्त एक कब्र में दाखिल हुए तो आप के लिए चिराग रोशन किया गया, आपने (मय्यत को) क़िबला की तरफ से लिया और फ़रमाया : अल्लाह तुम पर रहम फरमाए तू बहुत ज़्यादा तजरीअ (बहुत रोने वाला) और बहुत ज़्यादा कुरान की तिलावत करने वाला था | तिरमिजी और इन्होंने (इमाम बगवी) ने शरह सुनन में फ़रमाया सनद जईफ है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1057 وقال : حسن) و البغوى فى شرح السنة (5 /398 بعد ح 1514) * فيه حجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و رواه ابن ماجه (1520) مختصرًا و سنده ضعيف

١٧٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَدْخَلَ الْمَيِّتَ الْقَبْرَ قَالَ: «بِسم الله وَبِاللَّهِ وعَلى ملكة رَسُولِ اللَّهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: " وَعَلَى سُنَّةِ رَسُولِ اللَّهِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى أَبُو دَاوُد الثَّانِيَة

1707. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि जब मय्यत को कब्र में दाखिल किया जाता तो नबी ﷺ यूँ फरमाते : अल्लाह के नाम के साथ अल्लाह की तौफीक के साथ और अल्लाह के रसूल! ﷺ की मिल्लत व दीन पर और एक रिवायत है : और रसूलुल्लाह ﷺ के तरीके पर | अहमद, तिरमिजी, इब्ने माजा, और अबू दावुद ने दूसरी रिवायत बयान की है | (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه احمد (2 / 59 ح 2533) و الترمذى (1046 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (1550) و ابوداؤد (3213)

١٧٠٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَعْفَرِ بْنِ مُحَمَّدٍ عَنْ أَبِيهِ مُرْسَلًا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حثا عَلَى الْمَيِّتِ ثَلَاثَ حَثَيَاتٍ بِيَدَيْهِ جَمِيعًا وَأَنَّهُ رَشَّ عَلَى قَبْرِ ابْنِهِ إِبْرَاهِيمَ وَوَضَعَ عَلَيْهِ حَصْبَاءَ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَرَوَى الشَّافِعِيُّ من قَوْله: «رش»

1708. जाफर बिन मुहम्मद रहिमहुल्लाह ने अपने वालिद से मुरसल रिवायत बयान करते हैं, कि नबी ﷺ ने दोनों हाथ मिलाकर मय्यत (यानि कब्र) पर तीन मुट्ठी मिट्टी डाली और आप ﷺ ने अपने बेटे इब्राहीम की कब्र

पर पानी छिड़का और इस पर कंकरिया रखी | शरह अल सुनन और इमाम शाफई ने पानी छिडकने के अल्फाज़ रिवायत किये | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 401 ح 1515) و الشافعى فى الام (1 / 276277) * فيه ابراهيم بن محمد الاسلمى : متروک متهم و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن ماجه (1565) و غيره

١٧٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن تجصص الْقُبُور وَأَن يكْتب لعيها وَأَن تُوطأ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1709. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने क़ब्रो को पुख्ता करने, इन पर लिखने (क़ुतुब लगाने) और इन्हें रोंदने से मना फ़रमाया | (सहीह,हसन,मुस्लिम)

صحيح ، رواه الترمذى (1052 وقال : حسن صحيح) [و اصله فى صحيح مسلم (94 / 970)، (2245) بدون هذا اللفظ]

١٧١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جَابر قَالَ: رُشَّ قَبْرُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَ الَّذِي رَشَّ الْمَاءَ عَلَى قَبْرِهِ بِلَالُ بْنُ رَبَاحٍ بِقِرْبَةٍ بَدَأَ مِنْ قِبَلِ رَأْسِهِ حَتَّى انْتَهَى إِلَى رِجْلَيْهِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ. فِي دَلَائِل النُّبُوَّة

1710. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, , रसूलुल्लाह ﷺ की कब्र पर पानी छिड़का गया, बिलाल बिन रबाह रदियल्लाहु अन्हु ने एक मश्किज़े की ज़रिए आप की कब्र पर पानी छिड़का, उन्होंने आप के सर मुबारक की तरफ से छिडकना शुरू किया और आप के पैर तक छिडकते गए | (मौज़ु)

اسناده موضوع ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (7 / 264) * فيه الواقدى : كذاب متروک

١٧١١ - (حسن) وَعَنِ الْمُطَّلِبِ بْنِ أَبِي وَدَاعَةَ قَالَ: لَمَّا مَاتَ عُثْمَان ابْن مَظْعُونٍ أَخْرِجَ بِجَنَازَتِهِ فَدُفِنَ أَمَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا أَنْ يَأْتِيَهُ بِحَجَرٍ فَلم يسْتَطع حملهَا فَقَامَ إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَحَسَرَ عَنْ ذِرَاعَيْهِ. قَالَ الْمُطَّلِبُ: قَالَ الَّذِي يُخْبِرُنِي عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى بَيَاضِ ذِرَاعَيْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ حَسَرَ عَنْهُمَا ثُمَّ حَمَلَهَا فَوَضَعَهَا عِنْدَ رَأْسِهِ وَقَالَ: «أُعَلِّمُ بِهَا قَبْرَ أَخِي وَأَدْفِنُ إِلَيْهِ مَنْ مَاتَ من أَهلِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1711. मुत्तलिब बिन अबी वदाअत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब उस्मान बिन मज़उन रदियल्लाहु अन्हु ने वफात पाई, इन का जनाज़ा लाया गया, जब इन्हें दफ़न कर दिया गया तो नबी ﷺ ने एक आदमी को हुक्म फ़रमाया के वह एक पत्थर आप के पास लाए, वह आदमीं इसे न उठा सका, तो रसूलुल्लाह ﷺ खुद उठ कर इस तरफ गए आप ने आस्तीने ऊपर चढ़ाई, मुत्तलिब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जिस शख़्स ने मुझे वाकिया बयान किया इस ने कहा गोया में रसूलुल्लाह के बाज़ुओ की सफेदी देख रहा हूँ जब आप ने आस्तीने उठाई थी, फिर आप ने इस पत्थर को उठाया और इसे इन (उस्मान बिन मज़उन रदियल्लाहु अन्हु) के सर के पास रख कर

फ़रमाया : में इस के ज़रिए अपने भाई की कब्र के बारे बताऊंगा और अपने खानदान में से फौत होने वाले शख़्स को इस के करीब दफन करूँगा | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3206)

١٧١٢ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْقَاسِمِ بْنِ مُحَمَّدٍ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى عَائِشَةَ فَقُلْتُ: يَا أُمَّاهُ اكْشِفِي لِي عَنْ قَبْرِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصَاحِبَيْهِ فَكَشَفَتْ لِي عَنْ ثَلَاثَةِ قُبُورٍ لَا مُشْرِفَةٍ وَلَا لَا طئة مَبْطُوحَةٍ بِبَطْحَاءِ الْعَرْصَةِ الْحَمْرَاءِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1712. कासिम बिन मुहम्मद बयान करते हैं, मैं आइशा रदियल्लाहु अन्हा के पास गया तो मैंने कहा मा जी मुझे नबी ﷺ और आप के दोनों साथियों की क़ब्रे तो दिखा दें, इन्होंने मुझे तीनों क़ब्रे दिखा दी वह न तो बुलंद थी न ज़मीन के बराबर थी और इन पर मकाम ए अरसत के सुर्ख संग्रिज़े बिछाए हुए थे | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3220)

١٧١٣ - (صَحِيح) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ ص:٥٣ وَسَلَّمَ فِي جَنَازَةِ رجل من الْأَنْصَار فَانْتَهَيْنَا إِلَى الْقَبْرِ وَلما يُلْحَدْ بَعْدُ فَجَلَسَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ وَجَلَسْنَا مَعَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَزَادَ فِي آخِرِهِ: كن على رؤوسنا الطير

1713. बारअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ में एक अंसारी शख़्स के जनाज़े में शरीक हुए, हम कब्र पर पहुँच गए लेकिन अभी लहद तैयार नहीं हुई थी, नबी ﷺ किबला रुख हो कर बैठ गए और हम भी आप के साथ बैठ गए | अबू दावुद व नसई, इब्ने माजा और इन्होंने हदीस के आख़िर में यह इजाफा नक़ल किया है गोया हमारे सरो पर परिंदे हो | (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3212) و النسائی (4 / 78 ح 2003) و ابن ماجه (1549)

١٧١٤ - (حسن) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَسْرُ عَظْمِ الْمَيِّتِ كَكَسْرِهِ حَيًّا» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

1714. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत अहि की रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मैय्यत की हड्डी का टूटना जिंदा की हड्डी के टूटने के जैसा है | (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 238 ح 564 بلاغا) و ابوداؤد (3207) و ابن ماجه (1616)

मय्यत को दफ़न करने का बयान • بَاب دفن الْمَيِّت

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٧١٥ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: شَهِدْنَا بِنْتَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُدْفَنُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسٌ عَلَى الْقَبْرِ فَرَأَيْتُ عَيْنَيْهِ تَدْمَعَانِ فَقَالَ: " هَلْ فِيكُمْ مَنْ أَحَدٍ لَمْ يُقَارِفِ اللَّيْلَةَ؟ . فَقَالَ أَبُو طَلْحَةَ: أَنَا. قَالَ: فَانْزِلْ فِي قَبْرِهَا فَنَزَلَ فِي قبرها ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

1715. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के साहबज़ादी की तद्फिन के वक़्त हम मौजूद थे, रसूलुल्लाह ﷺ कब्र के पास तशरीफ़ फरमा थे मैंने आप की आँखों को अश्कबार देखा, आप ﷺ ने फ़रमाया: क्या तुम में कोई ऐसा शख़्स है जिस ने आज रात अपनी अहलिया से सुहबत न की हो? अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैं! आप ﷺ ने फरमाया कि आप इस की कब्र में उतरो और वह इन की कब्र में उतरे | (बुखारी)

رواه البخارى (1285)

١٧١٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ لِابْنِهِ وَهُوَ فِي سِيَاقِ الْمَوْتِ: إِذَا أَنَا ص:٥٣ مُتُّ فَلَا تَصْحَبْنِي نَائِحَةٌ وَلَا نَارٌ فَإِذَا دَفَنْتُمُونِي فَشُنُّوا عَلَيَّ التُّرَابَ شَنًّا ثُمَّ أَقِيمُوا حَوْلَ قَبْرِي قَدْرَ مَا يُنْحَرُ جَزُورٌ وَيُقَسَّمُ لَحْمُهَا حَتَّى أَسْتَأْنِسَ بِكُمْ وَأَعْلَمَ مَاذَا أُرَاجِعُ بِهِ رُسُلَ رَبِّي. رَوَاهُ مُسلم

1716. अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु ने जब वह निज़ा के आलम में थे अपने बेटे से कहा: जब में फौत हो जाऊं तो मेरे साथ न कोई नोहा करने वाली जाए न आग, जब तुम मुझे दफ़न कर चुको और मुझ पर मिटटी डाल लो तो फिर इतनी देर तक मेरी कब्र के गिर्द खड़े रहना जितनी देर में ऊंट जिबह कर के इस का गोश्त तकसीम किया जाता है, हत्ता कि मैं तुम्हारी वजह से खुश और परसुकून हो जाऊ और मैं जान लू के मैं अपने रब के भेजे हुए कासीदो (फरिश्तो) को क्या जवाब देता हूँ | (मुस्लिम)

رواه مسلم (192 / 121)، (321)

١٧١٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِذَا مَاتَ أَحَدُكُمْ فَلَا تَحْبِسُوهُ وَأَسْرِعُوا بِهِ إِلَى قَبْرِهِ وَلْيُقْرَأْ عِنْدَ رَأْسِهِ فَاتِحَةُ الْبَقَرَةِ وَعِنْدَ رِجْلَيْهِ بِخَاتِمَةِ الْبَقَرَةِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان. وَقَالَ: وَالصَّحِيح أَنه مَوْقُوف عَلَيْهِ

1717. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना : जब तुम में से कोई फौत हो जाए तो इसे (दफ़न करने से) न रोके रखो, बलके इसे जल्दी दफन करो और (दफ़न करने के बाद) सिरहाने सूरतुल बकरा का इब्तिदाई हिस्सा और इस के पैर के पास सूरतुल बकरा का आखिरी हिस्सा पढ़ा

जाए | बयहकी की शौबुल इमान और इन्होंने फ़रमाया दुरुस्त यह है कि यह मौकूफ है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9294) * عبد الرحمن بن العلاء و ثقه ابن حبان وحده كما فى تحقيقى لسنن الترمذى (979) و قبل : احتج ابن معين بحديثه (!)

١٧١٨ - (الصَّحِيح) وَعَنِ ابْنِ أَبِي مُلَيْكَةَ قَالَ: لَمَّا تُوُفِّيَ عبد الرَّحْمَن بن أبي بكر بالحبشي (مَوضِع قريب من مَكَّة)»» وَهُوَ مَوْضِعٌ فَحُمِلَ إِلَى مَكَّةَ فَدُفِنَ بِهَا فَلَمَّا قَدِمَتْ عَائِشَةُ أَتَتْ قَبْرَ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي بَكْرٍ فَقَالَتْ:»» وَكُنَّا كَنَدْمَانَيْ جَذِيمَةَ حِقْبَةً مِنَ الدَّهْرِ حَتَّى قِيلَ لَنْ يَتَصَدَّعَا»» فَلَمَّا تَفَرَّقْنَا كَأَنِّي وَمَالِكًا لِطُولِ اجْتِمَاعٍ لَمْ نَبِتْ لَيْلَةً مَعَا»» ثُمَّ قَالَتْ: وَاللَّهِ لَوْ حَضَرْتُكَ مَا دُفِنْتَ إِلَّا حَيْثُ مُتَّ وَلَوْ شهدتك مَا زرتك رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1718. इब्ने अबी मुलायका बयान करते हैं, जब अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हा ने मवज़िअ हुब्शा में वफात पाई तो उन्हें मक्का लाकर दफ़न किया गया, जब आइशा रदियल्लाहु अन्हा वहाँ तशरीफ़ लाइ तो वह अब्दुल रहमान बिन अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हा के कब्र पर आई और यह अशआर कहे : हम जजिम के दोनों मसाहिबो की तरह एक मुद्दत तक मिले जुले रहे, हत्ता के यह कहा जाने लगा की यह दोनों कभी जुदा नहीं होंगे, जब हम जुदा हुए तो गोया में और मालिक तवील मुद्दत तक इकठ्ठा रहने के बाद भी ऐसे थे जैसे हम एक रात भी इकट्ठा न रहे थे, फिर उन्होंने फ़रमाया अल्लाह की कसम अगर मैं मौजूद होती तो तुम्हें जाए वफात पर ही दफ़न किया जाता और अगर में तुम्हारी वफात के वक़्त मौजूद होती तो में तुम्हारी ज़ियारत करने न आती | (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1055) * ابن جريج مدلس و عنعن فى هذا اللفظ وله لون آخر عند عبدالرزاق 6535) و ابن ابى شيبة (3 / 343344 ح 11810) وله شاهد فى تاريخ دمشق لابن عساكر (35 / 31) و سنده صحيح و به صح الحديث

١٧١٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي رَافِعٍ قَالَ: سَلَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَعْدًا وَرَشَّ عَلَى قَبره مَاء. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1719. अबू राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सअद को सर की तरफ से कब्र में उतारा और इन की कब्र पर पानी छिड़का | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1551) * مندل و محمد بن عبيدالله بن ابى رافع ضعيفان

١٧٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى عَلَى جَنَازَةٍ ثُمَّ أَتَى الْقَبْر فَحَثَا عَلَيْهِ مِنْ قِبَلِ رَأْسِهِ ثَلَاثًا. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

1720. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने एक नमाज़े जनाज़ा पढ़ी फिर कब्र पर तशरीफ़ लाए और इस के सर की जानिब से इस पर तीन मुट्ठी मिट्टी डाली | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1565) * يحيى بن ابى كثير مدلس و جاء تصريح سماعه فى رواية موضوعة و للحديث شواهد ضعيفة

١٧٢١ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ حَزْمٍ قَالَ: رَآنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُتَّكِئًا عَلَى قَبْرٍ فَقَالَ: لَا تؤذ صَاحب هَذَا الْقَبْر أَولا تؤذه. رَوَاهُ أَحْمد

1721. अमर बिन हजम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझे एक कब्र पर टेक लगाए हुए देखा तो फ़रमाया : इस कब्र वाले को या इस को तकलीफ न पहुँचाओ | (सहीह,हसन)

حسن ، رواه احمد (اطراف المسند : 5 / 131 ، جامع المسانيد و السنن لابن كثير : 9 / 558559 ، اتحاف المهرة لابن حجر 12 / 465 ح 15934 ، مسند احمد طبع عالم الكتب 7 / 869870 ح 24256 و سنده حسن) * و رواه ابونعيم فى معرفة الصحابة (4 / 1981) قلت : ابن لهيعة تابعه عمرو بن الحارث

• الْبكاء على الْمَيِّت — मय्यत पे रोने का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٧٢٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: دَخَلْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أَبِي سَيْفٍ الْقَيْنِ وَكَانَ ظِئْرًا لِإِبْرَاهِيمَ فَأَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِبْرَاهِيمَ فَقَبَّلَهُ وَشَمَّهُ ثُمَّ دَخَلْنَا عَلَيْهِ بَعْدَ ذَلِكَ وَإِبْرَاهِيمُ يَجُودُ بِنَفْسِهِ فَجَعَلَتْ عَيْنَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَذْرِفَانِ. فَقَالَ لَهُ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ عَوْفٍ: وَأَنْتَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ فَقَالَ: " يَا ابْنَ عَوْفٍ إِنَّهَا رَحْمَةٌ ثُمَّ أَتْبَعَهَا بِأُخْرَى فَقَالَ: إِنَّ الْعَيْنَ تَدْمَعُ وَالْقَلْبَ يَحْزَنُ وَلَا نَقُولُ إِلَّا مَا يُرْضِي رَبَّنَا وَإِنَّا بِفِرَاقِك يَا إِبْرَاهِيم لَمَحْزُونُونَ "

1722. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ में अबू सैफ हदाद जो की (नबी ﷺ के बेटे) इब्राहीम के रिजाई बाप थे, इन के पास गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इब्राहीम को ले लिया, इसे चूमा और सुंघा, हम इस के बाद फिर इन के पास गए तो इब्राहीम आखिरी सांसो पर थे, रसूलुल्लाह ﷺ की आँखे अश्कबार हो गई तो अब्दुल रहमान बिन औफ़ रदियल्लाहु अन्हु ने आप से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप (भी रोते है) , आप ने फ़रमाया: इब्ने ऑफ! यह तो रहमत है | और फिर आप दोबारह रोए और फ़रमाया बेशक आँखे अस्क बार और दील गमगीन है लेकिन हम सिर्फ वही बात करेंगे जिस से हमारा परवरदीगार राज़ी हो ए इब्राहीम हम तेरी जुदाई पर यकीनन गमगीन है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1303) و مسلم (62 / 2315)، (6025)

١٧٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: أَرْسَلَتِ ابْنَةُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْهِ: إِنَّ ابْنًا لِي قُبِضَ فَأْتِنَا. فَأَرْسَلَ يُقْرِئُ السَّلَامَ وَيَقُولُ: «إِنَّ لِلَّهِ مَا أَخَذَ وَلَهُ مَا أَعْطَى وَكُلٌّ عِنْدَهُ بِأَجَلٍ مُسَمًّى فَلْتَصْبِرْ وَلْتَحْتَسِبْ» . فَأَرْسَلَتْ إِلَيْهِ تُقْسِمُ عَلَيْهِ لَيَأْتِيَنَّهَا فَقَامَ وَمَعَهُ سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ وَمُعَاذُ بْنُ جبل وَأبي بن كَعْب وَزيد ابْن ص:٥٤ ثَابِتٍ وَرِجَالٌ فَرُفِعَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الصَّبِيُّ وَنَفْسُهُ تَتَقَعْقَعُ فَفَاضَتْ عَيْنَاهُ. فَقَالَ سَعْدٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا هَذَا؟ فَقَالَ: «هَذِهِ رَحْمَةٌ جَعَلَهَا اللَّهُ فِي قُلُوبِ عِبَادِهِ. فَإِنَّمَا يَرْحَمُ اللَّهُ مِنْ عِبَادِهِ الرُّحَمَاء»

1723. उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की लख्ते जिगर ने आप की तरफ पैगाम भेजा के मेरा बेटा मौत के करीब है आप तशरीफ़ लाए, आप ﷺ ने सलाम भेजा और यह पैगाम दिया: यक़ीनन अल्लाह का है जो इस ने ले लिया और जो इस ने दे रखा है इस के यहाँ हर चीज़ का वक़्त मुक़र्रर है, पस सब्र करें और सवाब पे इन्होंने दोबाराह पैगाम भेजा और कसम दे कर अर्ज़ किया, के आप ज़रूर तशरीफ़ लाए, आप खड़े हुए और सअद बिन उबादा, मुआज़ बिन जबल, उबई बिन काब, ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हुम और कुछ और लोग आप के साथ तशरीफ़ लाए, बच्चे को रसूलुल्लाह ﷺ की गोद में दे दिया गया, जब के इस के साँसो का राबता टूट रहा था, आप की आँखे अश्कबार हो गई तो सअद रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह क्या हुआ? आप ﷺ ने फरमाया : यह (आंसू) तो अल्लाह की रहमत है जो अल्लाह ने अपने बन्दों के दिलों में पैदा फरमाई, अल्लाह भी अपने रहम करने वाले बन्दों पर ही रहम फरमाता है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1284) و مسلم (11 / 923)، (2135)

١٧٢٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: اشْتَكَى سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ شَكْوَى لَهُ فَأَتَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعُودُهُ مَعَ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ وَسَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ وَعَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ فَلَمَّا دَخَلَ عَلَيْهِ وَجَدَهُ فِي غَاشِيَةٍ فَقَالَ: (قَدْ قَضَى؟ قَالُوا: لَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَبَكَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا رَأَى الْقَوْمُ بُكَاءَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَكَوْا فَقَالَ: أَلَا تَسْمَعُونَ؟ أَنَّ اللَّهَ لَا يُعَذِّبُ بِدَمْعِ الْعَيْنِ وَلَا بِحُزْنِ الْقَلْبِ وَلَكِنْ يُعَذِّبُ بِهَذَا وَأَشَارَ إِلَى لِسَانِهِ أَوْ يَرْحَمُ وَإِنِ الْمَيِّت لعيذب ببكاء أَهله

1724. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, सअद बिन उबादा रदियल्लाहु अन्हु किसी बीमारी में मुब्तिला हुए तो नबी ﷺ इन की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए तशरीफ़ लाए जबकि अब्दुल रहमान बिन ऑफ, साद बिन अबी वकास और अब्दुल्लाह बिन मसउद भी आप के साथ थे जब आप इन के पास पहुंचे तो आप ने इन्हें बेहोशी के आलम में पाया तो फ़रमाया: क्या यह फौत हो चुके? सहाबी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! नहीं, पस नबी ﷺ रोने लगे जब लोगों ने आप को रोते हुए देखा तो वह भी रो दिए, आप ﷺ ने फ़रमाया : क्या तुम सुनते नहीं के अल्लाह आँखों के रोने और दिल के गमगीन होने पर अजाब नहीं देता लेकिन वह तो इस जबान की वजह से अजाब देता है, या रहम करता है और बेशक मैय्यत को इस के अहल खान के इस पर रोने की वजह से अजाब दिया जाता है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1304) و مسلم (12 / 924)، (2137)

١٧٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ مِنَّا مَنْ ضَرَبَ الْخُدُودَ وَشَقَّ الْجُيُوبَ وَدَعَا بِدَعْوَى الْجَاهِلِيَّةِ»

1725. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स रुखसार पिटे, गरीबान चाक करे और जहालत की सी बाते करे तो वह हम में से नहीं | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1294) و مسلم (165 / 103)، (285)

١٧٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي بردة قَالَ: أُغمي على أبي مُوسَى فَأَقْبَلَتِ امْرَأَتُهُ أُمُّ عَبْدِ اللَّهِ تَصِيحُ بِرَنَّةٍ ثُمَّ أَفَاقَ فَقَالَ: أَلَمْ تَعْلَمِي؟ وَكَانَ يُحَدِّثُهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَنَا بَرِيءٌ مِمَّنْ حَلَقَ وَصَلَقَ وَخَرَقَ» . وَلَفظه لمُسلم

1726. अबू बुरैदा बयान करते हैं, अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु पर बेहोशी तारी हो गई तो इन के अहलिया उम्मे अब्दुल्लाह ने जोर से रोना शुरू कर दिया, फिर इन्हें अफाका हो गया तो फ़रमाया : क्या तुम्हें मालूम नहीं? के रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मैं ऐसे शख़्स से बरी हूँ जो मुसीबत के वक़्त सर मुंडे और ऊँची आवाज़ से रोए और कपड़े चाक करे, बुखारी मुस्लिम और हदीस के अल्फाज़ सहीह मुस्लिम के है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1296) و مسلم (167 / 104)، (287)

١٧٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَرْبَعٌ فِي ص:٥٤ أُمَّتِي مِنْ أَمْرِ الْجَاهِلِيَّةِ لَا يَتْرُكُونَهُنَّ: الْفَخْرُ فِي الْأَحْسَابِ وَالطَّعْنُ فِي الْأَنْسَابِ وَالِاسْتِسْقَاءُ بِالنُّجُومِ وَالنِّيَاحَةُ ". وَقَالَ: «النَّائِحَةُ إِذَا لَمْ تَتُبْ قَبْلَ مَوْتِهَا تُقَامُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَعَلَيْهَا سِرْبَالٌ مِنْ قطران وَدرع من جرب» . رَوَاهُ مُسلم

1727. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया मेरी उम्मत में जाहिलियत की चार खस्लते ऐसी है जिन्हें वह नहीं छोड़ेंगे, हस्ब पर फखर करना, नसब पर तान करना, सितारो के ज़रिए बारिश तलब करना और नोहा करना और फ़रमाया : जो नोहा करने वाली मौत से पहले तोबा न करे तो कियामत के रोज़ इस पर गंधक की कमीज़ होगी और खारिश का कुरता होगा | (मुस्लिम)

رواه مسلم (29 / 934)، (2160)

١٧٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِامْرَأَةٍ تَبْكِي عِنْدَ قَبْرٍ فَقَالَ: «اتَّقِي اللَّهَ وَاصْبِرِي» قَالَتْ: إِلَيْكَ عَنِّي فَإِنَّكَ لَمْ تُصَبْ بِمُصِيبَتِي وَلَمْ تَعْرِفْهُ فَقِيلَ لَهَا: إِنَّهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. فَأَتَتْ بَابَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمْ تَجِدْ عِنْدَهُ بَوَّابِينَ فَقَالَتْ: لَمْ أَعْرِفْكَ. فَقَالَ: «إِنَّمَا الصَّبْرُ عِنْدَ الصَّدْمَةِ الْأُولَى»

1728. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ का एक औरत के पास से गुज़र हुआ जो एक कब्र के पास रो रही थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह से डरो और सब्र करो, इस ने कहा मुझ से दूर रहो, क्यूंकि तुम मेरी मुसीबत से दो चार नहीं हुए, इस ने आप को देख कर न पहचाना तो इसे बताया गया कि वह नबी ﷺ है, पस वह नबी ﷺ के दरवाज़े पर हाज़िर हुई तो इस ने देखा के वह कोई दरबान नहीं था, इस ने अर्ज़ किया, मैं आप को पहचान नहीं सकी, आप ﷺ ने फ़रमाया : सब्र तो इब्तिदाई सदमे के वक़्त है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1283) و مسلم (15 / 926)، (2140)

١٧٢٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَا يَمُوت لمُسلم ثَلَاث مِنَ الْوَلَدِ فَيَلِجُ النَّارَ إِلَّا تَحِلَّةَ الْقَسَمِ»

1729. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ फ़रमाया : जिस मुसलमान के तीन बच्चे फौत हो जाए तो वह सिर्फ कसम पूरी करने के खातिर ही जहन्नम में जाएगा (वो भी पुल सीरत से गुज़रते वक़्त) "| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (6656) و مسلم (2632)، (6696)

١٧٣٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِنِسْوَةٍ مِنَ الْأَنْصَارِ: " لَا يَمُوتُ لِإِحْدَاكُنَّ ثَلَاثَةٌ من الْوَلَد فتحتسبه إِلَّا دخلت الْجنَّة. فَقَالَ امْرَأَةٌ مِنْهُنَّ: أَوِ اثْنَانِ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: أَوْ اثْنَانِ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي رِوَايَةٍ لَهما: «ثَلَاثَة لم يبلغُوا الْحِنْث»

1730. अबू हुरैरा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अंसार की औरतों से फ़रमाया: तुम में से किसी के तीन बच्चे फौत हो जाए और वह इस से सवाब तलब करे तो वह जन्नत में दाखिल होंगे, इन में से किसी औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या दो पर भी? आप ﷺ ने फ़रमाया दो पर भी, मुस्लिम और सहीहैन की रिवायत में है तीन नाबालिग बच्चे | (मुस्लिम)

رواه مسلم (151 / 2632) و البخارى (102 ، 1250) و مسلم (153 / 2634)، (6698 و 6700)

١٧٣١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ اللَّهُ: مَا لِعَبْدِي الْمُؤْمِنِ عِنْدِي جَزَاءٌ إِذَا قَبَضْتُ صَفِيَّهُ مِنْ أَهْلِ الدُّنْيَا ثُمَّ احتسبه إِلَّا الْجنَّة ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1731. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह तआला फरमाते हैं : जब मैं अपने मोमिन बंदे की अहल दुनिया से किसी महबूब चीज़ उठाता हूँ और वह इस पर सब्र करता है तो इस के मेरे यहाँ जज़ा जन्नत के सिवा और कुछ नहीं | (बुखारी)

رواه البخارى (6420)

मय्यत पे रोने का बयान • الْبكاء على الْمَيِّت

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٧٣٢ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: لَعَنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ النَّائِحَةَ وَالْمُسْتَمِعَةَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1732. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बाया करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नोहा करने वाली और कसीदा इसे

सुनने वाली पर लानत फ़रमाई | (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3128) * محمد بن الحسن بن عطية العوفى و ابوه ضعيفان و جده ضعيف مدلس و للحديث شواهد ضعيفة عند البيهقى (4 / 63) و غيره

١٧٣٣ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَجَبٌ لِلْمُؤْمِنِ: إِنْ أَصَابَهُ خَيْرٌ حمد الله وَشَكَرَ وَإِنْ أَصَابَتْهُ مُصِيبَةٌ حَمِدَ اللَّهَ وَصَبَرَ فالمؤمن يُؤْجَرُ فِي كُلِّ أَمْرِهِ حَتَّى فِي اللُّقْمَةِ يَرْفَعُهَا إِلَى فِي امْرَأَتِهِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

1733. सअद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मोमिन की अजीब शान है, अगर इसे कोई खैर व भलाई नसीब होती है तो अल्लाह की हम्द बयान करता और शुक्र करता है, और अगर इसे कोई मुसिबत पहुँचती है तो भी अल्लाह की हम्द बयान करता है और सब्र करता है, पस मोमिन अपने (शुक्र व सब्र के) हर मुआमले में अज्र पाता है, हत्ता कि इस लुकमे पर भी जो वह अपने अहलिया के मुह में डालता है| (सहीह,मुस्लिम)

اسناده صحيح ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4485) [و احمد (1 / 173 ، [177 ح 1531 ، وسنده صحيح] 172)] * وله شاهد فى صحيح مسلم (2999)، (7500)

١٧٣٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ مُؤْمِنٍ إِلَّا وَله بَابَانِ: بَاب يصعد مِنْهُ علمه وَبَابٌ يَنْزِلُ مِنْهُ رِزْقُهُ. فَإِذَا مَاتَ بَكَيَا عَلَيْهِ فَذَلِكَ قَوْلُهُ تَعَالَى: (فَمَا بَكَتْ عَلَيْهِمُ السَّمَاء وَالْأَرْض)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1734. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : हर मोमिन के लिए दो दरवाज़े है, एक दरवाज़े से इस के आमाल ऊपर चढ़ते है और एक दरवाज़े से इस का रिज्क नाजिल होता हो, जब वह फौत हो जाता है तो वह दोनों इस पर रोते है पस यह अल्लाह तआला का फरमान है: इन पर न आसमान रोया न ज़मीन| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3255 وقال : غريب) * موسى بن عبيدة و يزيد بن ابان : ضعيفان

١٧٣٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» مَنْ كَانَ لَهُ فرطان من متي أَدْخَلَهُ اللَّهُ بِهِمَا الْجَنَّةَ ". فَقَالَتْ عَائِشَةُ: فَمَنْ كَانَ لَهُ فَرَطٌ مَنْ أُمَّتِكَ؟ قَالَ: «وَمَنْ كَانَ لَهُ فَرَطٌ يَا مُوَفَّقَةُ» . فَقَالَتْ: فَمَنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ فَرَطٌ مِنْ أُمَّتِكَ؟ قَالَ: «فَأَنَا فَرَطُ أُمَّتِي لَنْ يُصَابُوا بِمِثْلِي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1735. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: मेरी उम्मत में से जिस शख़्स के दो बच्चे पशिरो हुए (यानि फौत हो जाए) तो अल्लाह इन की वजह से इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, आप की उम्मत में जीस का एक पशिरो हो? आप ने फ़रमाया : मुवफ्फक (जिस

को तौफ़ीक़ दी गई हो) जिस का एक पशिरो हो (वो भी जन्नती है) , उन्होंने अर्ज़ किया, आप की उम्मत में से जिस का एक भी पशिरो न हो? आप ﷺ ने फ़रमाया : मैं अपनी उम्मत का पशिरो होंगा, उन्हें मेरी मिसाल कोई तकलीफ नहीं पहुंचेगी | तिरमिजी और इन्होंने कहा यह हदीस गरीब है | (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1062)

١٧٣٦ - (ضَعِيف) وَعَن أبي مُوسَى اشعري قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا مَاتَ وَلَدُ الْعَبْدِ قَالَ اللَّهُ تَعَالَى لِمَلَائِكَتِهِ: قَبَضْتُمْ وَلَدَ عَبْدِي؟ فَيَقُولُونَ: نَعَمْ. فَيَقُولُ: قَبَضْتُمْ ثَمَرَةَ فُؤَادِهِ؟ فَيَقُولُونَ: نَعَمْ. فَيَقُولُ: مَاذَا قَالَ عَبْدِي؟ فَيَقُولُونَ: حَمِدَكَ وَاسْتَرْجَعَ. فَيَقُولُ اللَّهُ: ابْنُوا لِعَبْدِي بَيْتًا فِي الْجَنَّةِ وَسَمُّوهُ بَيت الْحَمد ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

1736. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जब बंदे का बच्चा फौत हो जाता है तो अल्लाह तआला फरिश्तो से फरमाता है, क्या तुम ने मेरे बंदे के बच्चे (की रूह) को कब्ज़ कर लिया? वह अर्ज़ करते हैं, जी हाँ! फिर वह पूछता है क्या तूम ने इस के समर कल्ब (जिगर गोश्त की रूह) को कब्ज़ कर लिया? वह अर्ज़ करते हैं, जी हाँ! अल्लाह फरमाता है कि मेरे बंदे के लिए जन्नत में एक घर बना दो और इस का नाम बैतूल हम्द रखो | (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 415 ح 19963) و الترمذى (1021 وقال : حسن غريب) * وقال البيهقى فى السنن الكبرىٰ :'' الضحاک بن عبد الرحمن : لم يثبت سماعه من ابى موسى و عيسى بن سنان : ضعيف '' (1 / 284285)

١٧٣٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من عَزَّى مُصَابًا فَلَهُ مِثْلُ أَجْرِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ مَرْفُوعًا إِلَّا مِنْ حَدِيثِ عَلِيِّ بْنِ عَاصِمٍ الرَّاوِي وَقَالَ: وَرَوَاهُ بَعْضُهُمْ عَنْ مُحَمَّد بن سوقة بِهَذَا الْإِسْنَاد مَوْقُوفا

1737. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स किसी मुसिबत जदाह शख़्स को तसल्ली देता है तो इसे भी इसके मिसल अजर मिलता है| तिरमिजी इब्ने माजा और इमाम तिरमिजी ने फ़रमाया यह हदीस गरीब है और हम अली बिन आसिम से मरवी हदीस से इसे मरफु जानते हैं और इन्होंने (इमाम तिरमिजी) ने फ़रमाया ; इन में से बाज़ ने इसे मुहम्मद बिन सोक से इसी सनद के साथ मौकूफ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1073) و ابن ماجه (1602) * قال البيهقى :'' تفرد به على بن عاصم وهو احد ما انكر عليه '' (4 / 59) وهو ضعيف (تقدم : 1177) وله متابعات ضعيفة

١٧٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي بَرْزَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ عَزَّى ثَكْلَى كسي بردا فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

1738. अबू बरजा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स किसी औरत को जिस का बच्चा गुम हो जाए तसल्ली देता है, तो इसे जन्नत में एक कीमती लिबास पहनाया जाएगा| तिरमिजी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1076) * منية بنت عبيد : لا يعرف حالها

١٧٣٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ جَعْفَرٍ قَالَ: لَمَّا جَاءَ نَعْيُ جَعْفَرٍ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: صانعوا لِآلِ جَعْفَرٍ طَعَامًا فَقَدْ أَتَاهُمْ مَا يَشْغَلُهُمْ)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

1739. अब्दुल्लाह बिन जाफर रदियल्लाहु अन्हा बयान करते हैं, जाफर की सहादत की खबर आई तो नबी ﷺ ने फ़रमाया : आले जाफर के लिए खाना तैयार करो इन के पास ऐसी चीज़े (यानि खबर) आई है जो इन्हें मशगुल रखेगी | (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (998 وقال : حسن) و ابوداؤد (3122) و ابن ماجه (1610) [و صححه الحاكم (1 / 372) و وافقه الذهبى]

मय्यत पे रोने का बयान • الْبكاء على الْمَيِّت

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٧٤٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من نِيحَ عَلَيْهِ فَإِنَّهُ يُعَذَّبُ بِمَا نِيحَ عَلَيْهِ يَوْم الْقِيَامَة»

1740. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना : जिस शख़्स पर नोहा किया जाए तो इस पर नोहा किए जाने के बाईस रोज़े कियामत इसे अज़ाब दिया जाए | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1291) و مسلم (28 / 933)، (2157)

١٧٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَمْرَةَ بِنْتِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ أَنَّهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ عَائِشَةَ وَذُكِرَ لَهَا أَنَّ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عُمَرَ يَقُولُ: إِنَّ الْمَيِّتَ لَيُعَذَّبُ بِبُكَاءِ الْحَيِّ عَلَيْهِ تَقُولُ: يَغْفِرُ اللَّهُ لِأَبِي عَبْدِ الرَّحْمَنِ أَمَا إِنَّهُ لَمْ يَكْذِبْ وَلَكِنَّهُ نَسِيَ أَوْ أَخْطَأَ إِنَّمَا مَرَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى يَهُودِيَّةٍ يُبْكَى عَلَيْهَا فَقَالَ: «إِنَّهُمْ لَيَبْكُونَ عَلَيْهَا وَإِنَّهَا لتعذب فِي قبرها»

1741. अमरह बिन्ते अब्दुल रहमान रहिमहुल्लाह से रिवायत है के इन्होंने कहा, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से सुना और उन्हें बताया गया के अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, के मैय्यत को इस के

कबिले के इस पर रोने की वजह से अज़ाब दिया जाता है, उन्होंने फ़रमाया : अल्लाह अबू अब्दुल रहमान को माफ़ फरमाए इन्हों ने झूठ नहीं बोला, बल्कि वह भूल गई या गलती कर गए बात सिर्फ इतनी है के रसूलुल्लाह ﷺ एक यहूदी औरत के पास से गुज़रे जिस पर इस के घर वाले रो रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया : बेशक यह तो इस पर रो रहे जबकि इसे अपनी कब्र में अज़ाब हो रहा है | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1289) و مسلم (27 / 932)، (2156)

١٧٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي مُلَيْكَةَ قَالَ: تُوُفِّيَتْ بِنْتٌ لِعُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ بِمَكَّةَ فَجِئْنَا لِنَشْهَدَهَا وَحَضَرَهَا ابْنُ عُمَرَ وَابْنُ عَبَّاسٍ فَإِنِّي لَجَالِسٌ بَيْنَهُمَا فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بن عمر لعَمْرو بْنِ عُثْمَانَ وَهُوَ مُوَاجِهُهُ: أَلَا تَنْهَى عَنِ الْبُكَاءِ؟ فَإِنَّ ص:٥٤ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْمَيِّتَ لَيُعَذَّبُ بِبُكَاءِ أَهْلِهِ عَلَيْهِ» . فَقَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: قَدْ كَانَ عُمَرُ يَقُولُ بَعْضَ ذَلِكَ. ثُمَّ حَدَّثَ فَقَالَ: صَدَرْتُ مَعَ عُمَرَ مِنْ مَكَّةَ حَتَّى إِذَا كُنَّا بِالْبَيْدَاءِ فَإِذَا هُوَ بِرَكْبٍ تَحْتَ ظِلِّ سَمُرَةٍ فَقَالَ: اذْهَبْ فَانْظُرْ مَنْ هَؤُلَاءِ الرَّكْبُ؟ فَنَظَرْتُ فَإِذَا هُوَ صُهَيْبٌ. قَالَ: فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: ادْعُهُ فَرَجَعْتُ إِلَى صُهَيْبٍ فَقُلْتُ: ارْتَحِلْ فَالْحَقْ أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ فَلَمَّا أَنْ أُصِيبَ عُمَرُ دَخَلَ صُهَيْبٌ يبكي يَقُول: وَا أَخَاهُ واصاحباه. فَقَالَ عُمَرُ: يَا صُهَيْبُ أَتَبْكِي عَلَيَّ وَقَدْ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْمَيِّتَ لَيُعَذَّبُ بِبَعْضِ بُكَاءِ أَهْلِهِ عَلَيْهِ؟» فَقَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَلَمَّا مَاتَ عُمَرُ ذَكَرْتُ ذَلِك لعَائِشَة فَقَالَت: يَرْحَمُ اللَّهُ عُمَرَ لَا وَاللَّهِ مَا حَدَّثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن الْمَيِّتَ لَيُعَذَّبُ بِبُكَاءِ أَهْلِهِ عَلَيْهِ وَلَكِنْ: إِنَّ اللَّهَ يَزِيدُ الْكَافِرَ عَذَابًا بِبُكَاءِ أَهْلِهِ عَلَيْهِ. وَقَالَتْ عَائِشَةُ: حَسْبُكُمُ الْقُرْآنُ: (وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وزر أُخْرَى)»» قَالَ ابْن عَبَّاس عِنْد ذَلِك: وَالله أضحك وأبكي. قَالَ ابْنُ أَبِي مُلَيْكَةَ: فَمَا قَالَ ابْنُ عمر شَيْئا

1742. अब्दुल्लाह बिन अबी मुलायका रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु की बेटी मक्के वफात पा गई, तो हम इस के जनाज़े में शरीक होने के लिए आए, जबकि इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा और इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा भी तशरीफ़ लाए थे, मैं इन दोनों के दरम्यान बेठा हुआ था, अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने अम्र बिन उस्मान से फ़रमाया: जबकि वह इस के मुकाबले थे, किया तुम रोने से मना नहीं करते? क्यूंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैय्यत को इस के घर वालो के इस पर रोने की वजह से अज़ाब दिया जाता है, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया : उमर रदियल्लाहु अन्हु इस का बाज़ हिस्सा बयान किया करते थे, फिर उन्होंने (इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा) ने हदीस बयान की तो फ़रमाया : मैं उमर रदियल्लाहु अन्हु के साथ मक्के से वापस आया, हत्ता कि जब हम अल बयदा के करीब पहुंचे तो इन्होंने घने साए तक एक काफिला देखा तो फ़रमाया : जाओ देखो के यह कोन लोग है? मैंने देखा तो वह सुहैब रदियल्लाहु अन्हु थे, चुनांचे हम ने इन को बताया, तो इन्होंने फ़रमाया : इस (सुहैब रदियल्लाहु अन्हु) को बुलाओ में सहिब रदियल्लाहु अन्हु के पास गया तो मैंने कहा : यहाँ से कुच करो और अमीरुल मोमिनीन के पास चलो, फिर जब उमर रदियल्लाहु अन्हु को जख्मी कर दिया गया, तो सुहैब रदियल्लाहु अन्हु रोते हुए आए और कहने लगे : आह भाई पर कितना अफ़सोस है! आह भाई पर कितना अफ़सोस है! तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया सुहैब! क्या तुम मुझे पर रोते हो? जबकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया है: मय्यत को इस के घर वालो की तरफ से इस पर रोने की वजह से अज़ाब दिया जाता है, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया : जब उमर रदियल्लाहु अन्हु फौत हुए तो मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से यह ज़िक्र किया तो उन्होंने फ़रमाया : अल्लाह उमर रदियल्लाहु अन्हु पर रहम फरमाए. नहीं अल्लाह की कसम! रसूलुल्लाह ﷺ ने यह हदीस बयान

नहीं की के " मैयत को इस के घर वालो की तरफ से इस पर रोने की वजह से अज़ाब दिया जाता है, बलके अल्लाह काफ़िर शख़्स पर इस के घर वालो के रोने की वजह से अज़ाब बढ़ा देता है, और आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया : अल्लाह ही हंसाता है और रुलाता है, इब्ने अबी मुलायका ने फ़रमाया : इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने कोई बात न की | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (12861288) و مسلم (23 / 927929)، (2150)

١٧٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: لَمَّا جَاءَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَتْلُ ابْنِ حَارِثَةَ وَجَعْفَرٍ وَابْنِ رَوَاحَةَ جَلَسَ يُعْرَفُ فِيهِ الْحُزْنُ وَأَنَا أَنْظُرُ مِنْ صَائِرِ الْبَابِ تَعْنِي شَقَّ الْبَابِ فَأَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: إِنَّ نِسَاءَ جَعْفَرٍ وَذَكَرَ بُكَاءَهُنَّ فَأَمَرَهُ أَنْ يَنْهَاهُنَّ فَذَهَبَ ثُمَّ أَتَاهُ الثَّانِيَةَ لَمْ يُطِعْنَهُ فَقَالَ: انْهَهُنَّ فَأَتَاهُ الثَّالِثَةَ قَالَ: وَاللَّهِ غَلَبْنَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَزَعَمْتُ أَنَّهُ قَالَ: «فَاحْثُ فِي أَفْوَاهِهِنَّ التُّرَابَ» . ص:٥٤ فَقُلْتُ: أَرْغَمَ اللَّهُ أَنْفَكَ لَمْ تَفْعَلْ مَا أَمَرَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَمْ تَتْرُكْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ العناء

1743. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नबी ﷺ के पास इब्ने हरिस, जाफर और इब्ने रवाही (रअह) की खबर ए शहादत पहुंचे तो आप (मस्जिद में) बैठ गए और आप के चहरे पर गम के आसार वाजे थी, और मैं दरवाज़े की झिरी से देख रही थी, इतने में एक आदमी आप के पास आया तो इस ने अर्ज़ किया, जाफर रदियल्लाहु अन्हु की औरतें रो रही है, आप ﷺ ने ऐसे फ़रमाया के उन्हें मना करो, वह चला गया (और इन्हें मना किया लेकिन वह बाज़ न आइ) फिर वह दूसरी मरतबा आप के पास आया और अर्ज़ किया, के वह इस की बात नहीं मानते, आप ﷺ ने फ़रमाया : इन्हें मना करो, लेकिन वह तीसरी मरतबा फिर आया और अर्ज़ किया, : अल्लाह की कसम! अल्लाह के रसूल!! वह हम पर ग़ालिब आगई है, (आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने गुमान किया के आप ﷺ ने फ़रमाया : इन को मुं में मिटटी दालो, मैंने कहा : अल्लाह तेरी नाक खाक आलूद करे, रसूलुल्लाह ﷺ ने जो हुक्म दिया तो इसे बजा लाया न रसूलुल्लाह ﷺ को तकलीफ पहुँचाना तर्क किया | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1299) و مسلم (30 / 935)، (2161)

١٧٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: لَمَّا مَاتَ أَبُو سَلَمَةَ قُلْتُ غَرِيبٌ وَفِي أَرْضِ غُرْبَةٍ لَأَبْكِيَنَّهُ بُكَاءً يُتَحَدَّثُ عَنْهُ فَكُنْتُ قَدْ تَهَيَّأْتُ لِلْبُكَاءِ عَلَيْهِ إِذْ أَقْبَلَتِ امْرَأَةٌ تُرِيدُ أَنْ تُسْعِدَنِي فَاسْتَقْبَلَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَتُرِيدِينَ أَنْ تُدْخِلِي الشَّيْطَانَ بَيْتًا أَخْرَجَهُ اللَّهُ مِنْهُ؟» مَرَّتَيْنِ وَكَفَفْتُ عَنِ الْبُكَاءِ فَلَمْ أبك. رَوَاهُ مُسلم

1744. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब अबू सलमा रदियल्लाहु अन्हु फौत हुए तो मैंने कहा : परदेसी शख़्स परदेस में फौत हो गया, मैं इस मरतबा इस क़दर रोउंगी कि एक दास्ताँ बन जाएगी, मैं इस पर रोने की पूरी तैय्यारी कर चुकी कि एक औरत आई वह रोने में मेरा साथ देना चाहती थी, रसूलुल्लाह ﷺ इस की तरफ मुतवज्जेह हुए और फ़रमाया : क्या तुम ऐसे घर में शैतान दाखिल करना चाहती हो जहाँ से अल्लाह ने इसे निकाल बाहर किया है, आप ने दो मरतबा ऐसे फ़रमाया, पस मैं रोने से रुक गई और मैं न रोई | (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 922)، (2134)

١٧٤٥ - (صَحِيح) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: أُغْمِيَ عَلَى عَبْدِ اللَّهِ بْنِ رَوَاحَةَ فَجَعَلَتْ أُخْتُهُ عَمْرَةُ تبْكي: واجبلاه واكذا واكذا تُعَدِّدُ عَلَيْهِ فَقَالَ حِينَ أَفَاقَ: مَا قُلْتِ شَيْئًا إِلَّا قِيلَ لِي: أَنْتَ كَذَلِكَ؟ زَادَ فِي رِوَايَةٍ فَلَمَّا مَاتَ لَمْ تَبْكِ عَلَيْهِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

1745. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन रवाह रदियल्लाहु अन्हु पर बेहोशी तारी हुई तो इन के बहन उमरा रोने लगी और कहने लगी, आह पहाड़ पर कितना अफ़सोस, आह, इस तरह और इस तरह वह इन के मुहासन बयान करने लगी, जब उन्हें होश आया तो इन्होंने फ़रमाया: आप ने जो कुछ भी कहा, वह मुझ से पूछा गया कि क्या तुम इसी तरह हो? और एक रिवायत में यह नक़ल किया है : जब वह (अब्दुल्लाह बिन रवाह रदियल्लाहु अन्हु) शहीद हुए तो फिर वह इन पर न रोए | (बुखारी)

رواه البخارى (4267)

١٧٤٦ - (حَسَنٌ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَا من ميت يَمُوت فَيقوم باكيهم فيقولك: واجبلاه واسيداه وَنَحْوَ ذَلِكَ إِلَّا وَكَّلَ اللَّهُ بِهِ مَلَكَيْنِ يَلْهَزَانِهِ وَيَقُولَانِ: أَهَكَذَا كُنْتَ؟ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ حَسَنٌ

1746. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: जब कोई शख़्स फौत हो जाता है और इसे रोने वाले खड़े हो कर कहते हैं: आह पहाड़, आह सरदार और इस तरह की कोई बात की तो अल्लाह इस (मैय्यत) पर दो फ़रिश्ते मुकरर फरमा देता है, जो इसे मरते हुए धक्के दे कर कहते हैं: क्या तू ऐसे ही था? तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस हसन गरीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1003)

١٧٤٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: مَاتَ مَيِّتٌ مِنْ آلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاجْتَمَعَ النِّسَاءُ يَبْكِينَ عَلَيْهِ فَقَامَ عُمَرُ يَنْهَاهُنَّ وَيَطْرُدُهُنَّ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «دَعْهُنَّ فَإِنَّ الْعَيْنَ دَامِعَةٌ وَالْقَلْبَ مُصَابٌ وَالْعَهْدَ قَرِيبٌ» . رَوَاهُ ص:٥٤ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ

1747. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की आल में से कोई शख़्स फौत हो गया, तो औरतें जमा हो कर इस पर रोने लगी, जबकि उमर रदियल्लाहु अन्हु इन्हें रोकने और दूर हटाने के लिए खड़े हुए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : उमर इन्हें छोड़ दो क्यूंकि आंखे अश्कबार है और दिल गमनाक है और अभी सदमा ताज़ा है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 444) و النسائى (4 / 19 ح 1860) * سلمة بن الارزق : مستور ، لم اجد من و ثقه غير ابن حبان

١٧٤٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: مَاتَتْ زَيْنَبُ بِنْتُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَكَتِ النِّسَاء فَجعل عُمَرُ يَضْرِبُهُنَّ بِسَوْطِهِ فَأَخَّرَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدِهِ وَقَالَ: «مهلا يَا عمر» ثُمَّ قَالَ: «إِيَّاكُنَّ وَنَعِيقَ الشَّيْطَانِ» ثُمَّ

قَالَ: «إِنَّهُ مَهْمَا كَانَ مِنَ الْعَيْنِ وَمِنَ الْقَلْبِ فَمِنَ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ وَمِنَ الرَّحْمَةِ وَمَا كَانَ مِنَ الْيَدِ وَمِنَ اللِّسَانِ فَمِنَ الشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ أَحْمد

1748. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की साहब जादी जैनब रदियल्लाहु अन्हा वफात पा गई तो औरतें रोने लगी, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु कोड़े के साथ इन्हें मारने लगे, जिस पर रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने दस्ते मुबारक के साथ इन्हें पीछे कर दिया और फ़रमाया : उमर कुछ मुहलत दो फिर फ़रमाया (औरतों की जमात) शैतानी आवाज़ से बचो, फिर फ़रमाया जहाँ तक आंख (के अश्क बार होने) और दिल (के गमगीन होने) का ताल्लुक है तो वह अल्लाह अज्ज़वजल की तरफ से है और रहमत है और जो हाथ और ज़बान से कोई हरकत हो तो वह शैतान की तरफ से है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 335 ح 3103 ، 237238 ح 2127) * فيه على بن زيد بن جدعان ضعيف

١٧٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبُخَارِيِّ تَعْلِيقًا قَالَ: لَمَّا مَاتَ الْحَسَنُ بن الْحسن بن عَلِيّ ضَرَبَتِ امْرَأَتُهُ الْقُبَّةَ عَلَى قَبْرِهِ سَنَةً ثُمَّ رَفَعَتْ فَسَمِعَتْ صَائِحًا يَقُولُ: أَلَا هَلْ وَجَدُوا مَا فَقَدُوا؟ فَأَجَابَهُ آخَرُ: بَلْ يَئِسُوا فَانْقَلَبُوا

1749. इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने मुआल्क रिवायत बयान की है कि जब हसन बिन हसन बिन अली रहिमहुल्लाह फौत हुए, तो इन की अहलिया ने साल भर के लिए इन की कब्र पर खैमा लगा लिया, फिर इन्होंने उठा लिया तो इन्होंने किसी पुकारने वाले को सुना, क्या इन्होंने अपनि मफ्कुद चीज़ को पा लिया? दूसरे ने जवाब दिया नहीं बल्कि मायूस हो गई तो वापस चली गई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البخارى تعليقاً (الجنائز باب 61 قبل ح 1330) [و انظر تغليق التعليق (2 / 482] * محمد بن حميد : ضعيف و مغيرة بن مقسم مدلس ولم اجد تصريح سماعه

١٧٥٠ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ وَأَبِي بَرْزَةَ قَالَا: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جَنَازَةٍ فَرَأَى قَوْمًا قَدْ طَرَحُوا أَرْدِيَتَهُمْ يَمْشُونَ فِي قُمُصٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبِفِعْلِ الْجَاهِلِيَّةِ تَأْخُذُونَ؟ أَوْ بِصَنِيعِ الْجَاهِلِيَّةِ تَشَبَّهُونَ؟ لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ أَدْعُوَ عَلَيْكُمْ دَعْوَةً تَرْجِعُونَ فِي غَيْرِ صُوَرِكُمْ» قَالَ: فَأخذُوا أرديتهم وَلم يعودوا لذَلِك. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1750. इमरान बिन हुसैन और अबू यज़ीद रदियल्लाहु अन्हा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के साथ एक जनाज़े में शरीक हुए तो आप ने कुछ लोगों को देखा के इन्होंने अपनी ऊपर वाली चादरे उतार फेंकी है, और सिर्फ कमिस पहन कर चल रहे हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने (ये मंज़र देख कर) फ़रमाया: क्या तुम जाहिलियत का सा काम कर रहे हो या जाहिलियत के काम से मुशाबिहत इख़्तियार कर रहे हो? मैंने इरादा किया कि तुम्हारे लिए बद्दुआ करू की तुम्हारी सूरते मस्ख हो जाए, रावी बयान करते हैं, उन्होंने अपनी चादरे ले ली और फिर दोबारा ऐसा नहीं किया | (मौजु)

اسناده موضوع ، رواه ابن ماجه (1485) * نفيع بن الحارث ابوداؤد الاعمى كذاب و على بن الحزور : متروک

١٧٥١ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ تُتْبَعَ ص:٥٤ جَنَازَةٌ مَعهَا رانة. رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَه

1751. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ऐसे जनाज़े में शरीक होने से मना फ़रमाया जिसके साथ कोई नोहा करने वाली हो| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 92 ح 5668) و ابن ماجه (1583) * ابو يحيى القتات روى عنه اسرائيل احاديث كثيرة مناكير جدًا

١٧٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ لَهُ: مَاتَ ابْنٌ لِي فَوَجَدْتُ عَلَيْهِ هَلْ سَمِعْتَ مِنْ خَلِيلِكَ صَلَوَاتُ اللَّهِ عَلَيْهِ شَيْئًا يَطَيِّبُ بِأَنْفُسِنَا عَنْ مَوْتَانَا؟ قَالَ: نَعَمْ سَمِعْتُهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «صِغَارُهُمْ دَعَامِيصُ الْجَنَّةِ يلقى أحدهم أَبَاهُ فَيَأْخُذ بِنَاحِيَةِ ثَوْبِهِ فَلَا يُفَارِقُهُ حَتَّى يُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ مُسلم وَأحمد وَاللَّفْظ لَهُ

1752. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि एक आदमी ने इन से कहा की मेरा बेटा फौत हो गया तो मैंने इस पर बहुत गम किया है, क्या आप ने अपने खलील ﷺ से एसी चीज़ सुनी है जिस से हम अपने फौत शुदून के बारे में अपने दीलो को खुश कर ले, उन्होंने फ़रमाया, हाँ, मैं ने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना, आप ने फ़रमाया इन के छोटे बच्चे जन्नत के कतरे होंगे, इन में से एक अपने वालिद से मुलाक़ात करेगा तो वह इसे कपड़े के किनारे से पकड़ लेगा, फिर वह इस से अलग नहीं होगा हत्ता के वह इसे जन्नत में ले जाएगा | मुस्लिम अहमद और अल्फाज़ मुसनद अहमद के हैं | (मुस्लिम)

رواه مسلم (154 / 2635)، (6701) و احمد (2 / 488 ح 10330)

١٧٥٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: جَاءَتِ امْرَأَةٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ذَهَبَ الرِّجَالُ بِحَدِيثِكَ فَاجْعَلْ لَنَا مِنْ نَفْسِكَ يَوْمًا نَأْتِيكَ فِيهِ تُعَلِّمُنَا مِمَّا عَلَّمَكَ اللَّهُ. فَقَالَ: «اجْتَمِعْنَ فِي يَوْمِ كَذَا وَكَذَا فِي مَكَانِ كَذَا وَكَذَا» فَاجْتَمَعْنَ فَأَتَاهُنَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَعَلَّمَهُنَّ مِمَّا عَلَّمَهُ اللَّهُ ثُمَّ قَالَ: «مَا مِنْكُنَّ امْرَأَةٌ تُقَدِّمَ بَيْنَ يَدَيْهَا من وَلَدهَا ثَلَاثَة إِلَّا كَانَ لَهَا حِجَابا ن النَّارِ» فَقَالَتِ امْرَأَةٌ مِنْهُنَّ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَوِ اثْنَيْنِ؟ فَأَعَادَتْهَا مَرَّتَيْنِ. ثُمَّ قَالَ: «وَاثْنَيْنِ وَاثْنَيْنِ وَاثْنَيْنِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

1753. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक औरत रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो इस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप की हदीस के मुआमले में मर्द हज़रात सबकत ले गए, आप हमारे लिए भी एक दीन मुक़र्रर फरमा दें जीस रोज़ हम आप की खिदमत में हाज़िर हो आप हमें वह तालीम दे, जो अल्लाह ने आप ﷺ को दी हैं आप ने फ़रमाया : आप फलां फलां दीन फलां फलां जगह जमा हो जाया करे, पस वह इकट्ठी हो गई तो रसूलुल्लाह ﷺ इन के पास तशरीफ़ लाए, तो आप ने अल्लाह की तालीमात में से इन्हें कुछ तालीमात दी, फिर फ़रमाया, तुम में से जिसके तिन बच्चे फौत हो जाए तो वह इस के लिए जहन्नम से हिजाब बन जाएगे,

इन में से किसी औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगर दो हो? इस ने दो मर्तबा यह बात कही, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया अगर दो हो, अगर दो हो, अगर दो हो | (बुखारी)

رواه البخارى (101)

١٧٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مُسْلِمَيْنِ يُتَوَفَّى لَهُمَا ثَلَاثَةٌ إِلَّا أَدْخَلَهُمَا اللَّهُ الْجَنَّةَ بِفَضْلِ رَحْمَتِهِ إِيَّاهُمَا» . فَقَالُوا: يَا رَسُولَ الله أَو اثْنَان؟ قَالَ: «أواثنان» . قَالُوا: أَوْ وَاحِدٌ؟ قَالَ: «أَوْ وَاحِدٌ» . ثُمَّ قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ إِنَّ السِّقْطَ لَيَجُرُّ أُمَّهُ بِسَرَرِهِ إِلَى الْجَنَّةِ إِذَا احْتَسَبَتْهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ مِنْ قَوْلِهِ: «وَالَّذِي نَفسِي بِيَدِهِ»

1754. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जिस मुसलमान वालिदेन के तीन बच्चे फौत हो जाए तो अल्लाह इन पर अपना फज़ल व करम करते हुए इन्हें जन्नत में दाखिल फरमाएगा, सहाबी ने अर्ज़ किया, अगर दो हो? आप ﷺ ने फ़रमाया अगर दो हो, इन्होंने फिर अर्ज़ किया, अगर एक हो? आप ﷺ ने फ़रमाया अगर एक हो तब भी, फिर फ़रमाया इस जात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है, नामुकम्मल बच्चा अपनी माँ को अपनी आनुल (नाभ) से खिंच कर जन्नत में ले जाएगा बशर्ते वह इस (की वफात पर सब्र करे, अहमद इब्ने माजा ने से (وَالَّذِي نَفسِي بِيَدِهِ) आख़िर तक हदीस रिवायत की है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 241 ح 22441) و ابن ماجه (1609) * يحيى بن عبيدالله التيمى ضعيف

١٧٥٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " من قَدَّمَ ثَلَاثَةً مِنَ الْوَلَدِ لَمْ يَبْلُغُوا الْحِنْثَ: كَانُوا لَهُ حِصْنًا حَصِينًا مِنَ النَّارِ " فَقَالَ أَبُو ذَرٍّ: قَدَّمْتُ اثْنَيْنِ. قَالَ: «وَاثْنَيْنِ» . قَالَ أُبَيُّ بْنُ كَعْبٍ أَبُو الْمُنْذِرِ سَيِّدُ الْقُرَّاءِ: قدمت وَاحِد. قَالَ: «وَوَاحِد» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

1755. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जिस शख़्स के तीन नाबालिग बच्चे फौत हो जाए तो वह इस के लिए जहन्नम से मजबूत हिसार (किला) बन जाएँगे, अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मेरे दो बच्चे फौत हुए है, आप ﷺ ने फ़रमाया : दो भी, सय्यद अल्कुरा अबू मुन्ज़र उबय्य बिन काब रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मेरा एक बच्चा फौत हुआ है, आप ﷺ ने फ़रमाया : एक भी | तिरमिजी इब्ने माजा और इमाम तिरमिजी ने फ़रमाया यह हदीस गरीब है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1061) و ابن ماجه (1606) * ابو عبيدة لم يسمع من ابيه و ابو محمد مولى عمر : مجهول

١٧٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ قُرَّةَ الْمُزَنِيِّ: أَنَّ رَجُلًا كَانَ يَأْتِي النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَعَهُ ابْنٌ لَهُ. فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتُحِبُّهُ؟» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَحَبَّكَ اللَّهُ كَمَا أُحِبُّهُ. فَفَقَدَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَا فَعَلَ ابْنُ فُلَانٍ؟» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَاتَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَّا تحب أَلا تَأْتِيَ بَابًا مِنْ أَبْوَابِ الْجَنَّةِ إِلَّا وَجَدْتَهُ يَنْتَظِرُكَ؟» فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَهُ خَاصَّةً أَمْ لِكُلِّنَا؟ قَالَ: «بَلْ لِكُلِّكُمْ» . رَوَاهُ أَحْمد

1756. कुर्रतुल मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि एक आदमी अपने बेटे के साथ नबी ﷺ की खिदमत में आया करता था, नबी ﷺ ने इसे फ़रमाया: क्या तुम इसे मुहब्बत करते हो? इस ने अर्ज़ किया, : अल्लाह के रसूल!! मैं जैसे इस से मोहब्बत करता हूँ वैसे अल्लाह आप से मोहब्बत करे, नबी ﷺ ने इसे ना पाया तो पूछा: इन्ने फलां को क्या हुआ? उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल!! वह फौत हो गया, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : क्या तुम पसंद नहीं करते की तुम जन्नत की जीस दरवाज़े पर जाओ तो तुम इसे वहां अपने मुन्तजिर पाओ? किसी आदमी ने कहा, अल्लाह के रसूल!! क्या यह इस शख़्स के लिए खास है या हम सब के लिए है, आप ﷺ ने फ़रमाया : बलके तुम सब के लिए है | (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 25 ، 3435 ، 3 / 436) [و النسائى (4 / 23 ح 1871) و صححه ابن حبان (الموارد : 725) و الحاكم (1 / 384) و وافقه الذهبى]

١٧٥٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِن السِّقْطَ لَيُرَاغِمُ رَبَّهُ إِذَا أَدْخَلَ أَبَوَيْهِ النَّارَ فَيُقَالُ: أَيُّهَا السِّقْطُ الْمُرَاغِمُ رَبَّهُ أَدْخِلْ أَبَوَيْكَ الْجَنَّةَ فَيَجُرُّهُمَا بِسَرَرِهِ حَتَّى يُدْخِلَهُمَا الْجَنَّةَ ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1757. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब नामुकम्मल पैदा होने वाले बच्चे के वालिदेन को जहन्नम में दाखिल किये जाने का इरादा किया जाएगा तो वह अपने रब से झगड़ा करेगा तो इसे कहा जाएगा अपने रब से झगड़ा करने वाले नामुकम्मल बच्चे अपने वालिदेन को जन्नत में ले जा, वह अपने आनुल से उन्हें खिचेगा हत्ता के इन्हें जन्नत में ले जाएगा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1608) * مندل ضعيف و اسماء بنت عابس : لا يعرف حالها

١٧٥٨ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَقُولُ اللَّهُ تَبَارَكَ وَتَعَالَى: ابْنَ آدَمَ إِنْ صَبَرْتَ وَاحْتَسَبْتَ عِنْدَ الصَّدْمَةِ الْأُولَى لَمْ أَرْضَ لَكَ ثَوَابًا دُونَ ص:٥٥ الْجَنَّةِ ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1758. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया : अल्लाह तबारक व तआला फरमाता है, इन्ने आदम अगर तूने सदमे की इब्तिदा पर ही सब्र किया और सवाब की उम्मीद की तो मैं तेरे लिए जन्नत से कमतर सवाब पर राज़ी नहीं होऊंगा | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (1597) [و صححه البوصيرى]

١٧٥٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْحُسَيْنِ بْنِ عَلِيٍّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ وَلَا مُسْلِمَةٍ يُصَابُ بِمُصِيبَةٍ فَيَذْكُرُهَا وَإِنْ طَالَ عَهْدُهَا فَيُحْدِثُ لِذَلِكَ اسْتِرْجَاعًا إِلَّا جَدَّدَ اللَّهُ تَبَارَكَ وَتَعَالَى لَهُ عِنْدَ ذَلِكَ فَأَعْطَاهُ مِثْلَ أَجْرِهَا يَوْمَ أُصِيبَ بِهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

1759. हुसैन बिन अली रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: जब कोई मुसलमान

मर्द या मुसलमान औरत किसी मुसीबत में मुबतिला हो जाए और फिर इस (मुसीबत के वाकिया होने) के तवील मुद्दत के बाद इसे नए सिरे से याद आजाए और वह (إن لله وإنا إلي هي راجعون) पढ़ ले तो अल्लाह तबारक व तआला इस नए सिरे से इतनाही सवाब अता फरमा देता है जितना इसने मुसीबत के वाकिये के रोज़ सवाब अता किया था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (1 / 201 ح 1734) و البيهقى فى شعب الايمان (9695) * هشام بن زياد ابو المقدام متروک و امه '' لا تعرف '' كما فى آخر التقريب (ص 480)

١٧٦٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا انْقَطَعَ شِسْعُ أَحَدِكُمْ فَلْيَسْتَرْجِعْ فَإِنَّهُ مِنَ المصائب» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

1760. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब तुम में से किसी के जूते की तस्मी टूट जाए तो वह (إن لله وإنا إلي هي راجعون) पढ़े क्यूंकि यह भी मुसीबतों में से है | (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9693) * فيه يحيى بن عبيد الله : ضعيف متروک و ابوه مجهول و للحديث شواهد ضعيفة

١٧٦١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ الدَّرْدَاءِ قَالَتْ: سَمِعْتُ أَبَا الدَّرْدَاءِ يَقُولُ: سَمِعْتُ أَبَا الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى قَالَ: يَا عِيسَى إِنِّي بَاعِثٌ مِنْ بَعْدِكَ أُمَّةً إِذَا أَصَابَهُمْ مَا يُحِبُّونَ حَمِدُوا اللَّهَ وَإِنْ أَصَابَهُمْ مَا يَكْرَهُونَ احْتَسَبُوا وَصَبَرُوا وَلَا حِلْمَ وَلَا عَقْلَ. فَقَالَ: يَا رَبِّ كَيْفَ يَكُونُ هَذَا لَهُمْ وَلَا حِلْمَ وَلَا عَقْلَ؟ قَالَ: أُعْطِيهِمْ مِنْ حِلْمِي وَعِلْمِي ". رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

1761. उम्मे दरदा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अबू दरदा को बयान करते हुए सुना. उन्होंने कहा: मैंने अबुलकासिम ﷺ को फरमाते हुए सुना : अल्लाह तबारक व तआला ने फ़रमाया : इसा मैं तेरे बाद एक उम्मर भेजने वाला हूँ जब उन्हें कोई पसंदीदा चीज़ मिलेगी तो वह अल्लाह की हम्द बयान करेगी और अगर किसी नागवार चीज़ से वास्ता पड़ेगा तो वह सवाब की उम्मीद के साथ सब्र करेगी, हालाँकि कोई हिल्म व अक़ल नहीं होगी इन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार यह कैसे हो सकता है जबकि हिल्म व अक्ल न हो? फ़रमाया : मैं इन्हें अपने हिलम व इल्म से अता करूंगा | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9953) * عبدالله بن صالح كاتب الليث بن سعد : لم يرو عنه الحذاق هذا الحديث ، و يزيد بن ميسرة ابو حلبس : و ثقه ابن حبان وحده

क़ब्रो की ज़ियारत का बयान • بَاب زِيَارَة الْقُبُور

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٧٦٢ - (صَحِيح) عَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَهَيْتُكُمْ عَنْ زِيَارَةِ الْقُبُورِ فَزُورُوهَا وَنَهَيْتُكُمْ عَنْ لُحُومِ الْأَضَاحِي فَوْقَ ثَلَاثٍ فَأَمْسِكُوا مَا بَدَا لَكُمْ وَنَهَيْتُكُمْ عَنِ النَّبِيذِ إِلَّا فِي سِقَاءٍ فَاشْرَبُوا فِي الْأَسْقِيَةِ كُلِّهَا وَلَا تشْرَبُوا مُسكرا» . رَوَاهُ مُسلم

1762. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मैंने तुम्हें क़ब्रो की ज़ियारत से मना किया था, (अब) इन की ज़ियारत किया करो, मैंने तुम्हें तिन दीन से ज़्यादा कुरबानी का गोश्त रखने से मना किया था, अब जिस कदर ज़रूरत महसूस करो इसे रखो, मैंने मश्किज़े के अलावा नाबिज़ बनाने से तुम्हें मना किया था, तुम तमाम बरतनों में नबिज़ बना सकते हो, लेकिन नशा और मशरुब इस्तेमाल न करो | (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 977)، (2260)

١٧٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: زَارَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَبْرَ أُمِّهِ فَبَكَى وَأَبْكَى مَنْ حَوْلَهُ فَقَالَ: «اسْتَأْذَنْتُ رَبِّي فِي أَن أَسْتَغْفر لَهَا فَلم يُؤْذن لي ن وَاسْتَأْذَنْتُهُ فِي أَنْ أَزُورَ قَبْرَهَا فَأُذِنَ لِي فَزُورُوا الْقُبُورَ فَإِنَّهَا تُذَكِّرُ الْمَوْتَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1763. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अपनी वालिदाह की कब्र की ज़ियारत की तो आप खुद भी रोए और अपने आस पास वालो को भी रुलाया, फिर फ़रमाया : मैंने इन की मगफिरत तलब करने के मुतल्लिक अपने रब से इजाज़त तलब की तो मुझे इस की इजाज़त न मीली, फिर मैंने इन की कब्र की ज़ियारत के मुत्ताल्लिक उस से इजाज़त तलब की तो मुझे मिल गई, पस तुम क़ब्रो की ज़ियारत किया करो, क्यूंकि वह मौत को याद दिलाती है | (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 976)، (2259)

١٧٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعَلِّمُهُمْ إِذَا خَرَجُوا إِلَى الْمَقَابِرِ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ أَهْلَ الدِّيَارِ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ وَالْمُسْلِمِينَ وَإِنَّا إِنْ شَاءَ اللَّهُ بِكُمْ لَلَاحِقُونَ نَسْأَلُ اللَّهَ لَنَا وَلَكُمُ الْعَافِيَةَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1764. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब वह कब्रिस्तान जाने का इरादा करते तो रसूलुल्लाह ﷺ उन्हें यह दुआ सिखाया करते थे: मोमिन और मुसलमान घरवालो पर सलामती हो अगर अल्लाह ने चाहा तो मैं तुम्हारे साथ मिलने वाला हूँ, हम अपने और तुम्हारे लिए अल्लाह से आफियत तलब करते हैं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (104 / 975)، (2257)

क़ब्रो की ज़ियारत का बयान • بَاب زِيَارَة الْقُبُور

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٧٦٥ - (ضَعِيف) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقُبُورٍ بِالْمَدِينَةِ فَأَقْبَلَ عَلَيْهِمْ بِوَجْهِهِ فَقَالَ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ يَا أَهْلَ الْقُبُورِ يَغْفِرُ اللَّهُ لَنَا وَلَكُمْ أَنْتُمْ سَلَفُنَا وَنَحْنُ بِالْأَثَرِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

1765. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ का मदीने की क़ब्रो के पास गुज़र हुआ, तो आप ﷺ ने इन की तरफ चेहरा मुबारक करते हुए फ़रमाया: अहले कब्र! तुम पर सलामती हो, अल्लाह हमें और तुम्हें माफ़ फरमाए, तुम हमारे असलाफ़ हो और हम तुम्हारे पीछे आने वाले हैं| तिरमिजी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस हसन गरीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1053) * قابوس فيه لين كما فى تقريب التهذيب (5445) و ضعفه الجمهور

क़ब्रो की ज़ियारत का बयान • بَاب زِيَارَة الْقُبُور

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٧٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كُلَّمَا كَانَ لَيْلَتُهَا مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْرُجُ مِنْ آخِرِ اللَّيْلِ إِلَى الْبَقِيعِ فَيَقُولُ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ دَارَ قَوْمٍ مُؤْمِنِينَ وَأَتَاكُمْ مَا تُوعِدُونَ غَدًا مُؤَجَّلُونَ وَإِنَّا إِنْ شَاءَ اللَّهُ بِكُمْ لَاحِقُونَ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لأهل بَقِيع الْغَرْقَد» . رَوَاهُ مُسلم

1766. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ का रात कयाम मेरे पास होता तो आप रात के आखिरी हिस्से में बकी (कब्रस्तान) की तरफ तशरीफ़ ले जाते और फरमाते : मोमिन कौम के घरो तुम पर सलामती हो और जीस कल के लिए तुम से वादा किया गया था और तुम्हें इस के लिए मुहलत दी गई थी वह तुम तक पहुँच चूका और बेशक हम तुम से मिलने वाले हैं, ऐ अल्लाह बकी ए गरकद वालो की मगफिरत फरमा | (मुस्लिम)

رواه مسلم (102 / 974)، (2255)

١٧٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَيْفَ أَقُولُ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ تَعْنِي فِي زِيَارَةِ الْقُبُورِ قَالَ: " قُولِي: السَّلَامُ عَلَى أَهْلِ الدِّيَارِ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ وَالْمُسْلِمِينَ وَيَرْحَمُ اللَّهُ الْمُسْتَقْدِمِينَ مِنَّا وَالْمُسْتَأْخِرِينَ وَإِنَّا إِنْ شَاءَ اللَّهُ بِكُمْ للاحقون ". رَوَاهُ مُسلم

1767. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ज़ियारते कब्र के मौके पर में कैसे दुआ करू? आप ﷺ ने फ़रमाया : यह दुआ किया करो: मोमिन और मुसलमान घरवालो पर सलामती हो, अल्लाह हम से आगे जाने वालो और हम से पीछे रह जाने वालो पर रहम फरमाए, और अगर अल्लाह ने चाहा तो बेशक हम भी तुमसे मिलने वाले हैं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (103 / 974)، (2256)

١٧٦٨ - (مَوْضُوع) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ النُّعْمَانِ يُرْفَعُ الْحَدِيثَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ زَارَ قَبْرَ أَبَوَيْهِ أَوْ أَحَدِهِمَا فِي كُلِّ جُمُعَةٍ غُفِرَ لَهُ وَكُتِبَ بَرًّا» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي ص:٥٥ شعب الْإِيمَان مُرْسلا

1768. मुहम्मद बिन नोमान, नबी ﷺ से मरफुअ रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स हर जुमे अपने वालिदेन या इन में से एक की कब्र की ज़ियारत करता है तो इसे बख्श दिया जाता है और इसे (वालिदेन का) इताअत गुज़ार लिखा जाता है| बयहकी ने शौबुल इमान में मुरसल रिवायत किया है | (ज़ईफ़)

موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7901 / 1) * محمد بن النعمان ابو اليمان : مجهول (الجرح و التعديل 8 / 108) هو رواه عن يحيى بن العلاء)متروک متهم) عب عبد الكريم ابى امية : ضعيف عن مجاهد عن ابى هريرة به مرفوعًا ، رواه الطبرانى فى الصغير (2 / 69 ح 969) و الاوسط (6110) فهو موضوع

١٧٦٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُنْتُ نَهَيْتُكُمْ عَنْ زِيَارَةِ الْقُبُورِ فَزُورُوهَا فَإِنَّهَا تُزَهِّدُ فِي الدُّنْيَا وتذكر الْآخِرَة» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1769. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मैं तुम्हें क़ब्रो की ज़ियारत से मना किया करता था, अब इन की ज़ियारत किया करो, क्युंकी वह दुनिया से बे रगबत करती हैं और आखिरत की याद दिलाती हैं| (ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1571) * ابن جريج عنعن و للحديث شواهد عند مسلم (977)، (2260) و غيره دون قوله :'' فانها تزهد فى الدنيا''

١٧٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم لعن زوارات الْقُبُور. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح»» وَقَالَ: قَدْ رَأَى بَعْضُ أَهْلِ الْعِلْمِ أَنَّ هَذَا كَانَ قبل أَن يرخص النَّبِي فِي زِيَارَةِ الْقُبُورِ فَلَمَّا رَخَّصَ دَخَلَ فِي رُخْصَتِهِ الرِّجَالُ وَالنِّسَاءُ. وَقَالَ بَعْضُهُمْ: إِنَّمَا كَرِهَ زِيَارَةَ الْقُبُورِ لِلنِّسَاءِ لِقِلَّةِ صَبْرِهِنَّ وَكَثْرَةِ جَزَعِهِنَّ. تمّ كَلَامه

1770. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने कसरत के साथ क़ब्रो की ज़ियारत करने वाली औरतो पर लानत फरमाई है| अहमद तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिजी ने फ़रमाया यह हदीस

हसन सहीह है| मजिद फ़रमाया बाज़ अहले इल्म का खयाल है की यह ज़ियारत करो के मुत्ताल्लिक नबी ﷺ की रुखसत के पेहले था, जब आप ने इजाज़त दे दी तो आप की इजाज़त में मर्दों और औरते सब दाखिल है और इन में से बाज़ ने कहा आप ने औरतो के कब्रस्तान जाने को इसलिए नापसंद फ़रमाया की वह सब्र कम करती हैं जबकि वह शोक ज़्यादा करती है| इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह का कलम मुकम्मल हुआ | (हसन)

حسن ، رواه احمد (3 / 442443 ح 15742) و الترمذى (1056) و ابن ماجه (1576) * و للحديث شواهد

١٧٧١ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: كُنْتُ أَدْخُلُ بَيْتِيَ الَّذِي فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَإِنِّي وَاضِعٌ ثَوْبِي وَأَقُولُ: إِنَّمَا هُوَ زَوْجِي وَأَبِي فَلَمَّا دُفِنَ عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ مَعَهُمْ فَوَاللَّهِ مَا دَخَلْتُهُ إِلَّا وَأَنَا مَشْدُودَةٌ عَلَيَّ ثِيَابِي حَيَاء من عمر. رَوَاهُ أَحْمد

1771. आइशा रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैं अपने इस हुजरे में जिस में रसूलुल्लाह ﷺ (दफन है) चली जाया करती थी, और यही अपनी चादर उतार दिया करती थी और मैं (दिल में) कहती थी वह तो मेरे शौहर है, और दूसरे मेरे वालिद है, जब उमर रदियल्लाहु अन्हु को इन के साथ दफन कर दिया गया तो अल्लाह की कसम मैं उमर रदियल्लाहु अन्हु से हया की वजह से अपने ऊपर अच्छी तरह चादर लेकर वहां दाखिल होती हूँ | (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (6 / 202 ح 26179)

ज़कात का बयान • كتاب الزَّكَاة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٧٧٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ مُعَاذًا إِلَى الْيَمَنِ فَقَالَ: «إِنَّك تَأتي قوما من أهل الْكتاب. فَادْعُهُمْ إِلَى شَهَادَةِ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ. فَإِنْ هُمْ أطاعوا لذَلِك. فَأَعْلِمْهُمْ أَنَّ اللَّهَ قَدْ فَرَضَ عَلَيْهِمْ خَمْسَ صَلَوَاتٍ فِي الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ. فَإِنْ هم أطاعوا لذَلِك فأعلمهم أَن الله قد فرض عَلَيْهِم صَدَقَة تُؤْخَذ من أغنيائهم فَترد فِي فُقَرَائِهِمْ. فَإِنْ هُمْ أَطَاعُوا لِذَلِكَ. فَإِيَّاكَ وَكَرَائِمَ أَمْوَالِهِمْ وَاتَّقِ دَعْوَةَ الْمَظْلُومِ فَإِنَّهُ لَيْسَ بَيْنَهَا وَبَين الله حجاب»

1772. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु को यमन भेजा तो फ़रमाया: “तुम अहले किताब के पास जा रहे हो उन्हें इस गवाही देना कि तरफ दावत देना कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और बेशक मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल! हैं, अगर वह उस में तुम्हारी इताअत कर ली तो उन्हें बताओ के अल्लाह ने दिन-रात में इन पर पांच नमाज़े फ़र्ज़ की है अगर वह उस में भी तुम्हारी इताअत करे तो उन्हें बताना के अल्लाह ने इन पर सदका फ़र्ज़ किया है जो उन के माल दारो से लेकर उन के नादारो को दीया जाएगा अगर वह तुम्हारी यह बात भी मान लें तो फिर उन के अच्छे अच्छे माल लेने से बचा करना और मज़लूम की बद्दुआ से बचना क्योंकि उस के और अल्लाह के दरमियान कोई हिजाब नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1496) و مسلم (29 / 19)، (121)

١٧٧٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ صَاحِبِ ذَهَبٍ وَلَا فِضَّةٍ لَا يُؤَدِّي مِنْهَا حَقَّهَا إِلَّا إِذَا كَانَ يَوْمُ الْقِيَامَةِ صُفِّحَتْ لَهُ صَفَائِحُ مِنْ نَارٍ فَأُحْمِيَ عَلَيْهَا فِي نَارِ جَهَنَّمَ فَيُكْوَى بِهَا جَنْبُهُ وجبينه وظهره كلما بردت أُعِيدَتْ لَهُ فِي يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهُ خَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ حَتَّى يُقْضَى بَيْنَ الْعِبَادِ فَيُرَى سَبِيلُهُ إِمَّا إِلَى الْجَنَّةِ وَإِمَّا إِلَى النَّارِ» قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ فَالْإِبِلُ؟ قَالَ: «وَلَا ص:٥٥ صَاحِبُ إِبِلٍ لَا يُؤَدِّي مِنْهَا حَقَّهَا وَمِنْ حَقِّهَا حَلْبُهَا يَوْمَ وِرْدِهَا إِلَّا إِذَا كَانَ يَوْمُ الْقِيَامَةِ بُطِحَ لَهَا بِقَاعٍ قَرْقَرٍ أَوْفَرَ مَا كَانَت لَا يفقد مِنْهَا فصيلا وَاحِدًا تَطَؤُهُ بِأَخْفَافِهَا وَتَعَضُّهُ بِأَفْوَاهِهَا كُلَّمَا مَرَّ عَلَيْهِ أولاها رد عَلَيْهِ أخراها فِي يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهُ خَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ حَتَّى يُقْضَى بَيْنَ الْعِبَادِ فَيُرَى سَبِيلُهُ إِمَّا إِلَى الْجَنَّةِ وَإِمَّا إِلَى النَّارِ» قيل: يَا رَسُول الله فَالْبَقَرُ وَالْغَنَمُ؟ قَالَ: «وَلَا صَاحِبُ بَقَرٍ وَلَا غَنَمٍ لَا يُؤَدِّي مِنْهَا حَقَّهَا إِلَّا إِذَا كَانَ يَوْمُ الْقِيَامَةِ بُطِحَ لَهَا بِقَاعٍ قَرْقَرٍ لَا يَفْقِدُ مِنْهَا شَيْئًا لَيْسَ فِيهَا عَقْصَاءُ وَلَا جَلْحَاءُ وَلَا عَضْبَاءُ تَنْطِحُهُ بِقُرُونِهَا وَتَطَؤُهُ بِأَظْلَافِهَا كُلَّمَا مَرَّ عَلَيْهِ أُولَاهَا رُدَّ عَلَيْهِ أُخْرَاهَا فِي يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهُ خَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ حَتَّى يُقْضَى بَيْنَ الْعِبَادِ فَيُرَى سَبِيلُهُ إِمَّا إِلَى الْجَنَّةِ وَإِمَّا إِلَى النَّارِ» . قِيلَ: يَا رَسُول الله فالخيل؟ قَالَ: " الْخَيل ثَلَاثَةٌ: هِيَ لِرَجُلٍ وِزْرٌ وَهِيَ لِرَجُلٍ سِتْرٌ وَهِيَ لِرَجُلٍ أَجْرٌ. فَأَمَّا الَّتِي هِيَ لَهُ وِزْرٌ فَرَجُلٌ رَبَطَهَا رِيَاءً وَفَخْرًا وَنِوَاءً عَلَى أَهْلِ الْإِسْلَامِ فَهِيَ لَهُ وِزْرٌ. وَأَمَّا الَّتِي لَهُ سِتْرٌ فَرَجُلٌ رَبَطَهَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ لَمْ يَنْسَ حَقَّ اللَّهِ فِي ظُهُورِهَا وَلَا رِقَابِهَا فَهِيَ لَهُ سِتْرٌ. وَأَمَّا الَّتِي هِيَ لَهُ أَجْرٌ فَرَجُلٌ رَبَطَهَا فِي سَبِيلِ الله لأهل الْإِسْلَام فِي مرج أَو رَوْضَة فَمَا أَكَلَتْ مِنْ ذَلِكَ الْمَرْجِ أَوِ الرَّوْضَةِ مِنْ شَيْءٍ إِلَّا كُتِبَ لَهُ عَدَدَ مَا أَكَلَتْ حَسَنَاتٌ وَكُتِبَ لَهُ عَدَدَ

أَرْوَاثِهَا وَأَبْوَالِهَا حَسَنَاتٌ وَلَا تَقْطَعُ طِوَلَهَا فَاسْتَنَّتْ شَرَفًا أَوْ شَرَفَيْنِ إِلَّا كَتَبَ اللَّهُ لَهُ عَدَدَ آثَارِهَا وأوراثها حَسَنَاتٍ وَلَا مَرَّ بِهَا صَاحِبُهَا عَلَى نَهْرٍ فَشَرِبَتْ مِنْهُ وَلَا يُرِيدُ أَنْ يَسْقِيَهَا إِلَّا كَتَبَ اللَّهُ لَهُ عَدَدَ مَا شَرِبَتْ حَسَنَاتٍ " قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ص:٥٥ فَالْحُمُرُ؟ قَالَ: " مَا أُنْزِلَ عَلَيَّ فِي الْحُمُرِ شَيْءٌ إِلَّا هَذِهِ الْآيَةُ الْفَاذَّةُ الْجَامِعَةُ (فَمَنْ يَعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَيْرًا يَرَهُ وَمَنْ يَعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ شَرًّا يَرَهُ)»» الزلزلة. رَوَاهُ مُسلم

١٨٧٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ ثَلَاثَة فِي بَنِي إِسْرَائِيلَ أَبْرَصَ وَأَقْرَعَ وَأَعْمَى فَأَرَادَ اللَّهُ أَنْ يَبْتَلِيَهُمْ فَبَعَثَ إِلَيْهِمْ مَلَكًا فَأَتَى الْأَبْرَصَ فَقَالَ أَيُّ شَيْءٍ أَحَبُّ إِلَيْكَ قَالَ لَوْنٌ حَسَنٌ وَجِلْدٌ حَسَنٌ وَيَذْهَبُ عَنِّي الَّذِي قَدْ قَذِرَنِي النَّاسُ» قَالَ: «فَمَسَحَهُ فَذَهَبَ عَنْهُ قَذَرُهُ وَأُعْطِيَ لَوْنًا حَسَنًا وَجِلْدًا حَسَنًا قَالَ فَأَيُّ الْمَالِ أَحَبُّ إِلَيْكَ قَالَ الْإِبِلُ - أَوْ قَالَ الْبَقر شكّ إِسْحَق - إِلَّا أَنَّ الْأَبْرَصَ أَوِ الْأَقْرَعَ قَالَ أَحَدُهُمَا الْإِبِلُ وَقَالَ الْآخَرُ الْبَقَرُ قَالَ ص:٥٨ فَأُعْطِيَ نَاقَةً عُشَرَاءَ فَقَالَ بَارَكَ اللَّهُ لَكَ فِيهَا» قَالَ: «فَأَتَى الْأَقْرَعَ فَقَالَ أَي شَيْء أحب إِلَيْك قَالَ شَعَرٌ حَسَنٌ وَيَذْهَبُ عَنِّي هَذَا الَّذِي قَدْ قَذِرَنِي النَّاسُ» . قَالَ: " فَمَسَحَهُ فَذَهَبَ عَنْهُ وَأُعْطِيَ شَعَرًا حَسَنًا قَالَ فَأَيُّ الْمَالِ أَحَبُّ إِلَيْكَ قَالَ الْبَقَرُ فَأُعْطِيَ بَقَرَةً حَامِلًا قَالَ: «بَارَكَ اللَّهُ لَكَ فِيهَا» قَالَ: «فَأَتَى الْأَعْمَى فَقَالَ أَيُّ شَيْءٍ أَحَبُّ إِلَيْكَ قَالَ أَنْ يَرُدَّ اللَّهُ إِلَيَّ بَصَرِي فَأُبْصِرَ بِهِ النَّاسَ» . قَالَ: «فَمَسَحَهُ فَرَدَّ اللَّهُ إِلَيْهِ بَصَرَهُ قَالَ فَأَيُّ الْمَالِ أَحَبُّ إِلَيْكَ قَالَ الْغَنَمُ فَأُعْطِيَ شَاة والدا فأنتج هَذَانِ وَولد هَذَا قَالَ فَكَانَ لِهَذَا وَادٍ مِنَ الْإِبِلِ وَلِهَذَا وَادٍ مِنَ الْبَقَرِ وَلِهَذَا وَادٍ مِنَ الْغَنَمِ» . قَالَ: «ثُمَّ إِنَّهُ أَتَى الْأَبْرَصَ فِي صُورَتِهِ وَهَيْئَتِهِ فَقَالَ رَجُلٌ مِسْكِينٌ قَدِ انْقَطَعَتْ بِيَ الْحِبَالُ فِي سَفَرِي فَلَا بَلَاغَ لِيَ الْيَوْمَ إِلَّا بِاللَّهِ ثُمَّ بِكَ أَسْأَلُكَ بِالَّذِي أَعْطَاكَ اللَّوْنَ الْحسن وَالْجلد الْحسن وَالْمَال بَعِيرًا أتبلغ عَلَيْهِ فِي سَفَرِي فَقَالَ الْحُقُوق كَثِيرَة فَقَالَ لَهُ كَأَنِّي أَعْرِفُكَ أَلَمْ تَكُنْ أَبْرَصَ يَقْذَرُكَ النَّاسُ فَقِيرًا فَأَعْطَاكَ اللَّهُ مَالًا فَقَالَ إِنَّمَا وَرِثْتُ هَذَا الْمَالَ كَابِرًا عَنْ كَابِرٍ فَقَالَ إِنْ كُنْتَ كَاذِبًا فَصَيَّرَكَ اللَّهُ إِلَى مَا كُنْتَ» . قَالَ: «وَأَتَى الْأَقْرَعَ فِي صُورَتِهِ فَقَالَ لَهُ مِثْلَ مَا قَالَ لِهَذَا وَرَدَّ عَلَيْهِ مِثْلَ مَا رَدَّ عَلَى هَذَا فَقَالَ إِنْ كُنْتَ كَاذِبًا فَصَيَّرَكَ اللَّهُ إِلَى مَا كُنْتَ» . قَالَ: «وَأَتَى الْأَعْمَى فِي صُورَتِهِ وَهَيْئَتِهِ فَقَالَ رَجُلٌ مِسْكِينٌ وَابْنُ سَبِيلٍ انْقَطَعَتْ بِيَ الْحِبَالُ

فِي سَفَرِي فَلَا بَلَاغَ لِيَ الْيَوْمَ إِلَّا بِاللَّهِ ثُمَّ بِكَ أَسْأَلُكَ بِالَّذِي رَدَّ عَلَيْكَ بَصَرَكَ شَاةً أَتَبَلَّغُ بِهَا فِي سَفَرِي فَقَالَ قَدْ كُنْتُ أَعْمَى فَرَدَّ اللَّهُ إِلَيَّ بَصَرِي فَخُذْ مَا شِئْتَ وَدَعْ مَا شِئْتَ فَوَاللَّهِ لَا أجهدك ص:٥٨ الْيَوْم شَيْئا أَخَذْتَهُ لِلَّهِ فَقَالَ أَمْسِكْ مَالَكَ فَإِنَّمَا ابْتُلِيتُمْ فقد رَضِي عَنْك وَسخط على صاحبيك»

1878. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बनी इसराइल के तीन आदमी थे, बरस में मुब्तिला शख़्स गंजा और अंधा अल्लाह ने उन्हें आज़माने का इरादा फ़रमाया, तो उनकी तरफ एक फ़रिश्ता भेजा, वह बरस के मरीज़ शख़्स के पास आया तो कहा तुम्हें कौन सी चीज़ ज़्यादा पसंद है? उस ने कहा अच्छा रंग और खुबसूरत जल्द और यह बीमारी मुझ से हटा दि जाए जिस की वजह से लोग मुझे ना पसंद करते हैं, रावी बयान करते हैं, उस ने उस पर हाथ फेरा तो उस का मर्ज़ जाता रहा और इसे बेहतरीन रंगत और बेहतरीन जल्द अता कर दी गई, इस फ़रिश्ते ने पूछा तुम्हें कौन सा माल ज़्यादा महबूब है? उस ने कहा ऊंट या उस ने कहा गाय”, इसहाक रावी को शक हुआ की बरस के मरीज़ और गंजे इन दोनों में से एक ने ऊंट कहा और दूसरे ने गाय कहा फ़रमाया: “इसे दस माह की हामिला ऊंटनी दे दी गई तो इस फ़रिश्ते ने कहा अल्लाह इन के बारे में तुम्हें बरकत अता फरमाए”, रावी बयान करते हैं,: “फिर वह गंजे के पास गया तो उस ने कहा तुम्हें कौन सी चीज़ ज़्यादा पसंद है? उस ने कहा खुबसूरत ज़ुल्फे और मुझ से यह तकलीफ दूर कर दी जाए जिस की वजह से लोग मुझे ना पसंद करते हैं,“ रावी ने कहा: “उस ने उस पर हाथ फेरा तो वह तकलीफ जाती रही इसे खुबसूरत ज़ुल्फे अता कर दी गई, फिर उस ने पूछा तुम्हें कौन सा माल ज़्यादा महबूब है? उस ने कहा गाय इसे एक हामिला गाय दे दी गई और फ़रिश्ते ने कहा अल्लाह उस में तुम्हें बरकत अता फरमाए, रावी ने कहा फिर वह नाबिने शख़्स के पास गया तो कहा तुम्हें कौन सी चीज़ ज़्यादा महबूब है? उस ने कहा अल्लाह मुझे मेरी बसारत लौटा दे, ताकि में उस के ज़रिए लोगों को देख सकू,“ रावी ने कहा: “उस ने उस पर हाथ फेरा तो अल्लाह ने इसे उसकी बसारत लौटा दी, फिर उस ने पूछा तुम्हें कौन सा माल ज़्यादा पसंद है? उस ने कहा बकरिया, फिर इसे हामिला बकरी दे दी गई फिर ऊंट, गाय और बकरी ने बच्चे दिए तो इस (बरस वाले) के यहाँ वादी भर ऊंट हो गए, उस के वहां वादी भर गाय हो गई और इस (नाबिने) के यहाँ वादी भर बकरिया हो गई”, रावी बयान करते हैं,: “फिर वह (फ़रिश्ता) इसी सूरत व हय्यत में बरस में मुब्तिला शख़्स के पास आया तो उस ने कहा मिस्किन आदमी हूँ, दौरान ए सफ़र असबाब ख़तम हो चुके हैं, आज मुझे सिर्फ अल्लाह का सहारा है या फिर मैं तुम से उस ज़ात के वास्ते से सवाल करता हूँ जिस ने तुझे बेहतरीन रंगत और बेहतरीन जल्द और माल अता किया की तुम मुझे एक ऊंट दे दो, जिसके ज़रिए में अपने मंजिल पर पहुँच जाऊंगा, इस शख़्स ने कहा हुकुक बहोत ज़्यादा हैं (किस किस को दू) , इस फ़रिश्ते ने कहा ऐसे लगता है की मैं तुम्हें पहचानता हूँ क्या तुम बरस में मुब्तिला नहीं थे? लोग तुझे ना पसंद करते थे और तुम फ़क़ीर थे, अल्लाह ने तुम्हें माल अता किया, इस शख़्स ने कहा यह माल तो मुझे आबाअ अजदाद से मिला है, इस फ़रिश्ते ने कहा अगर तुम झूठे हो तो अल्लाह तुम्हें पहले की तरह कर देगा,“ रावी बयान करते हैं,: “फिर वह अपनी इसी सूरत में गंजे शख़्स के पास गया, तो उस ने इसे भी वही बात की है जो उस ने इस बरस वाले से कही थी और उस ने वैसे ही जवाब दिया, जैसे इस शख़्स ने जवाब दिया था, फ़रिश्ते ने कहा अगर तुम झूठे हो तो अल्लाह तुम्हें फिर पहले की तरह कर दे,“ रावी बयान करते हैं,: “फिर वह अपनी इसी सूरत व हय्यत में नाबिने शख़्स के पास गया, तो कहा मिस्किन आदमी और मुसाफ़िर हूँ मेरे दौरान ए सफ़र असबाब मुन्कतेअ हो गए है, आज मंजिल तक पहुँचने के लिए मुझे अल्लाह का सहारा है, और फिर मैं तुम से उस ज़ात का वसिले बना कर सवाल करता हूँ, जिस ने तुम्हारी बिनाई लौटाई की तुम एक बकरी दे दो जिसके ज़रिए में अपने मंजिल पर पहुँच जाऊंगा इस शख़्स ने कहा यक़ीनन में एक नाबीना

शख़्स था, अल्लाह ने मेरी बिनाई लौटा दी, जो चाहो ले जाओ और जो चाहो छोड़ जाओ, अल्लाह की क़सम! आज जो कुछ तुम अल्लाह की खातिर उठाओगे उस पर में तुम पर कोई सख्ती नहीं करूँगा, इस (फ़रिश्ते) ने कहा अपना माल अपने पास रखो, तुम्हारी तो आज़माइश की गई थी, अल्लाह तआला तुम पर राज़ी हो गया और तेरे दो साथियो पर नाराज़ हो गया"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3464) و مسلم (6 / 2961)، (7431)

١٨٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أم بجيد قَالَتْ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الْمِسْكِينَ لِيَقِفُ عَلَى بَابِي حَتَّى أَسْتَحْيِيَ فَلَا أَجِدُ فِي بَيْتِي مَا أَدْفَعُ فِي يَدِهِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ادْفَعِي فِي يَدِهِ وَلَوْ ظِلْفًا مُحْرَقًا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1879. उम्म बजिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मिस्किन मेरे दरवाज़े पर खड़ा हो जाता है, हत्ता कि मुझे हया आती है की मैं उस के हाथ पर रखने के लिए घर में कोई चीज़ नहीं पाती तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उस के हाथ पर कुछ न कुछ रख दिया करो ख्वाह जला हुआ खुर ही क्यों न हो", अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: "ये हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (6 / 382383 ح 2768927691) و ابوداؤد (1667) و الترمذى (665)

١٨٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مولى لعُثْمَان رَضِي الله عَنهُ قَالَ: أَهْدِيَ لِأُمِّ سَلَمَةَ بُضْعَةٌ مِنْ لَحْمٍ وَكَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْجِبُهُ اللَّحْمُ فَقَالَتْ لِلْخَادِمِ: ضَعِيهِ فِي الْبَيْتِ لَعَلَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْكُلُهُ فَوَضَعَتْهُ فِي كَوَّةِ الْبَيْتِ. وَجَاءَ سَائِلٌ فَقَامَ عَلَى الْبَابِ فَقَالَ: تَصَدَّقُوا بَارَكَ اللَّهُ فِيكُمْ. فَقَالُوا: بَارَكَ اللَّهُ فِيكَ. فَذَهَبَ السَّائِلُ فَدَخَلَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا أَمَّ سَلَمَةَ هَلْ عِنْدَكُمْ شَيْءٌ أَطْعَمُهُ؟» . فَقَالَتْ: نَعَمْ. قَالَتْ لِلْخَادِمِ: اذْهَبِي فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِذَلِكِ اللَّحْمِ. فَذَهَبَتْ فَلَمْ تَجِدْ فِي الْكَوَّةِ إِلَّا قِطْعَةَ مَرْوَةٍ فَقَالَ النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «فَإِن ذَلِك اللَّحْمَ عَادَ مَرْوَةً لِمَا لَمْ تُعْطُوهُ السَّائِلَ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي دَلَائِل النُّبُوَّة

1880. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा गुलाम बयान करते हैं, उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा को गोश्त का एक टुकड़ा बतौर हदिया पेश किया गया, जबकि नबी ﷺ को गोश्त पसंद था तो उन्होंने खादिम से फ़रमाया इसे घर में रखो, शायद के नबी ﷺ इसे तनावुल फरमाए, उस ने इसे घर के ताक में रखा और इतने में साइल दरवाज़े पर कर खड़ा हो गया और कहने लगा अल्लाह तुम्हें बरकत अता फरमाए सदका करो, अहले खाना ने भी कहा अल्लाह तुम्हें बरकत अता फरमाए (यानी तुम्हारा भला हो) , वह साइल चला गया तो नबी ﷺ तशरीफ़ ले आए आप ने फ़रमाया: "उम्म सलमा क्या तुम्हारे पास कोई चीज़ है के में उसे खालूँ ?" उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! और खादिम से फ़रमाया जाओ और रसूलुल्लाह ﷺ के लिए वह गोश्त लाओ, वह गई तो वहां ताक में (गोश्त के बजाए) सिर्फ एक सफ़ेद पत्थर पड़ा हुआ था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "वो गोश्त सफ़ेद पत्थर बन गया तुमने इसे साइल को क्यों न दिया ?"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 300) * مولى لعثمان : مجهول ، و الجريرى اختلط و على بن عاصم : ضعيف ، ومن دونه نظر وله شاهد ضعيف جدًا عند البيهقى فى الدلائل (6 / 297) فيه خارجة بن مصعب : متروك و حديث (1860) يغنى عنه

١٨٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس رَضِي الله عَنْهُمَا قَالَتْ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِشَرِّ النَّاسِ مَنْزِلًا؟ قِيلَ: نَعَمْ قَالَ: الَّذِي يُسْأَلُ بِاللَّهِ وَلَا يُعْطِي بِهِ ". رَوَاهُ أَحْمد

1881. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें मक़ाम व मर्तबा के लिहाज़ से बदतरीन शख़्स के बारे में बताऊँ ?” अर्ज़ किया गया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस से अल्लाह के नाम पर सवाल किया जाए और वह न दे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (319 ح 29312932) [و الترمذى (1652 وقال : حسن غريب) و النسائى (5 / 8384 ح 2570) وله شاهد عند احمد (1 / 226 ، 311)]

١٨٨٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ أَنَّهُ اسْتَأْذَنَ عَلَى عُثْمَانَ فَأَذِنَ لَهُ وَبِيَدِهِ عَصَاهُ فَقَالَ عُثْمَانُ: يَا كَعْبُ إِنَّ عَبْدَ الرَّحْمَنِ تُوُفِّيَ وَتَرَكَ مَالًا فَمَا تَرَى فِيهِ؟ فَقَالَ: إِنْ ص:٥٩ كَانَ يَصِلُ فِيهِ حَقَّ اللَّهِ فَلَا بَأْسَ عَلَيْهِ. فَرَفَعَ أَبُو ذَرٍّ عَصَاهُ فَضَرَبَ كَعْبًا وَقَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا أُحِبُّ لَوْ أَنَّ لِي هَذَا الْجَبَلَ ذَهَبًا أُنْفِقُهُ وَيُتَقَبَّلُ مِنِّي أَذَرُ خَلْفِي مِنْهُ سِتَّ أَوَاقِيَّ» . أَنْشُدُكَ بِاللَّهِ يَا عُثْمَانُ أَسَمِعْتَهُ؟ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. قَالَ: نعم. رَوَاهُ أَحْمد

1882. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से अन्दर जाने की इजाज़त तलब की तो उन्होंने उन्हें इजाज़त दे दि और उन के हाथ में एक लाठी थी तो उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: काब अब्दुल रहमान रदियल्लाहु अन्हु वफात पा गए और उन्होंने माल छोड़ा है, इस बारे में तुम्हारा क्या ख़याल है? उन्होंने कहा: अगर तो वह इस बारे में अल्लाह का हक़ अदा किया करते थे, तो फिर कोई हरज नहीं, अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु ने लाठी उठाई और काब को दे मारी, और कहा मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मैं यह पसंद नहीं करता के अगर मेरे पास इस पहाड़ बराबर सोना हो और मैं उसे खर्च कर दू वह मुझ से कबूल भी हो जाए और फिर मैं अपने पीछे छे उकिय्यह छोड़ जाऊ”, उस्मान में तुम्हें अल्लाह की क़सम! देता हूँ क्या आप ने इसे सुना है? तीन मर्तबा कहा उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 63 ح 453) * فيه ابن لهيعة ضعيف من جهة اختلاطه و صرح بالسماع و لاصل الحديث شواهد عند احمد (5 / 148 ، 160 ، 176) و ابن ماجه (4132) و البخارى (7228 ، 2388) و مسلم (94)، (2302) و غيرهم فالمر فوع حسن بالشواهد بغير هذا السياق

١٨٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ الْحَارِثِ قَالَ: صَلَّيْتُ وَرَاءَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْمَدِينَةِ الْعَصْرَ فَسَلَّمَ ثُمَّ قَامَ مُسْرِعًا فَتَخَطَّى رِقَابَ النَّاسِ إِلَى بَعْضِ حُجَرِ نِسَائِهِ فَفَزِعَ النَّاسُ مِنْ سُرْعَتِهِ فَخَرَجَ عَلَيْهِمْ فَرَأَى أَنَّهُمْ قَدْ عَجِبُوا مِنْ سُرْعَتِهِ قَالَ: «ذَكَرْتُ شَيْئًا مِنْ تِبْرٍ عِنْدَنَا فَكَرِهْتُ أَنْ يَحْبِسَنِي فَأَمَرْتُ بِقِسْمَتِهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ قَالَ: «كُنْتُ خَلَّفْتُ فِي الْبَيْتِ تِبْرًا مِنَ الصَّدَقَةِ فَكَرِهْتُ أَنْ أبيته»

1883. उक्बा बिन हारिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने मदीना में नबी ﷺ के पीछे नमाज़ ए असर अदा की तो आप सलाम फेर कर खड़े हुए और तेज़ी के साथ लोगों की गरदने फलांगते हुए अपने बाज़ अज़वाज ए मूतहरात के हुजरों की तरफ तशरीफ़ ले गए, सहाबा किराम आप की इस तेज़ी और जल्दी से परेशान हो गए,

जब आप उन के पास वापस तशरीफ़ लाए और आप ने देखा के उन्होंने आप की तेज़ी पर ताज्जुब किया है, आप ने फ़रमाया: “मुझे सोने की एक दल्ली टुकड़ा याद गई, जो हमारे पास थी, मुझे नागवार गुज़रा के वह मुझे अल्लाह की याद से रोके रखे, लिहाज़ा मैंने उसकी तकसीम का हुक्म फरमा दिया”, बुखारी, और सहीह बुखारी की दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: “मैंने सदका की सोने की दल्ली घर छोड़ी थी मैंने इसे रातभर घर रखन ना पसंद किया| (बुखारी)

رواه البخارى (851 ، 1430)

١٨٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدِي فِي مَرضه سِتَّةُ دَنَانِيرَ أَوْ سَبْعَةٌ فَأَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أُفَرِّقَهَا فَشَغَلَنِي وَجَعُ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ سَأَلَنِي عَنْهَا: «مَا فَعَلَتِ السِّتَّةُ أَوِ السَّبْعَة؟» قلت: لَا وَالله لقد كَانَ شَغَلَنِي وَجَعُكَ فَدَعَا بِهَا ثُمَّ وَضَعَهَا فِي كَفِّهِ فَقَالَ: «مَا ظَنُّ نَبِيِّ اللَّهِ لَوْ لَقِيَ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ وَهَذِهِ عِنْدَهُ؟» . رَوَاهُ أَحْمد

1884. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने कहा: जब रसूलुल्लाह ﷺ बीमार हुए तो मेरे पास आप के छह या सात दीनार थे रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं उन्हें तकसीम कर दूँ, लेकिन नबी ﷺ की तकलीफ ने मुझे मसरूफ रखा, आप ने उन के मुतल्लिक फिर मुझ से पूछा: “आप ने उन छह या सात दिनारो का क्या किया ?” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह की क़सम! आप की तकलीफ ने मुझे मसरूफ कर दिया, उन्होंने वह मंगवाए फिर उन्हें अपने हथेली में रखा फ़रमाया: “अल्लाह का नबी क्या गुमान करे के वह अल्लाह अज्ज़वजल से मुलाकात करे और यह उस के पास हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 104 ح 25240) * موسى بن جبير : حسن الحديث كما حققته فى السراج المنير فى تحقيق تفسير ابن كثير ، ولم اكمل هذا الكتاب

١٨٨٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ عَلَى بِلَالٍ وَعِنْدَهُ صُبْرَةٌ مِنْ تَمْرٍ فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا بِلَالُ؟» قَالَ: شَيْءٌ ادَّخَرْتُهُ لِغَدٍ. فَقَالَ: «أَمَا تَخْشَى أَنْ ص:٥٩ تَرَى لَهُ غَدًا بخارا فِي نَار جَهَنَّمَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ أَنْفِقْ بِلَالُ وَلَا تَخْشَ من ذِي الْعَرْش إقلالا»

1885. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ बिलाल रदियल्लाहु अन्हु के पास तशरीफ़ ले गए तो इस वक़्त खजूरो का एक ढेर उन के पास था, आप ने फ़रमाया: “बिलाल यह क्या है?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैंने कल के लिए कुछ ज़खीरा किया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम डरते नहीं के कल रोज़ ए कियामत तू उसे जहन्नम की आग देखेगा, बिलाल खर्च कर और अर्श वाली ज़ात से मुफलिसी का अंदेशा न कर”| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (1345 ، نسخة محققة : 1283) [و سنده حسن و فيه اختلاف كثير ، وله شواهد عند الطبرانى (1 / 340341) و غيره]

١٨٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّخَاءُ شَجَرَةٌ فِي

الْجَنَّةِ فَمَنْ كَانَ سَخِيًّا أَخَذَ بِغُصْنٍ مِنْهَا فَلَمْ يَتْرُكْهُ الْغُصْنُ حَتَّى يُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ. وَالشُّحُّ شَجَرَةٌ فِي النَّارِ فَمَنْ كَانَ شَحِيحًا أَخَذَ بِغُصْنٍ مِنْهَا فَلَمْ يَتْرُكْهُ الْغُصْنُ حَتَّى يُدْخِلَهُ النَّارَ» . رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

1886. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सखावत जन्नत में एक दरख्त है, पस जो शख़्स सखी होगा तो वह उसकी एक शाख को पकड़ लेगा, फिर शाख इसे नहीं छोड़ेगी हत्ता कि वह इसे जन्नत में ले जाएगी, जबकि बखील व तमअ जहन्नम का एक दरख्त है जो शख़्स बखील होगा तो वह उसकी एक शाख पकड़ लेगा और वह शाख इसे नहीं छोड़ेगी हत्ता कि इसे जहन्नम में ले जाएगी"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10877 ، نسخة محققة : 10377) و ابن عدى فى الكامل (1 / 236) و ابن الجوزى فى الموضوعات (2 / 182) * فيه عبدالعزيز بن عمران : متروک ، و ابراهيم بن اسماعيل بن ابى حبيبة : ضعيف

١٨٨٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَادِرُوا بِالصَّدَقَةِ فَإِنَّ الْبَلَاءَ لَا يَتَخَطَّاهَا» . رَوَاهُ رَزِينٌ

1887. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सदका करने में जल्दी किया करो क्योंकि बला व मुसीबत उस से आगे नहीं पहुंच सकती"| (मुझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * و روى البيهقى (4 / 189) و ابن الجوزى فى الموضوعات (2 / 153) باسانيد ضعيفة جدًا عن مختار بن فلفل عن انس بن مالک به نحو المعنى ، و روى الطبرانى فى الاوسط (6 / 299 ح 5639) من حديث على رضى الله عنه نحوه و فيه عيسى بن عبدالله عن ابيه :متروک يروى عن ابيه اشياء موضوعة ، انظر لسان الميزان (4 / 461)

• بَاب فضل الصَّدَقَة — सदके की फ़ज़ीलत का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٨٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَصَدَّقَ بِعَدْلِ تَمْرَةٍ مِنْ كَسْبٍ طَيِّبٍ وَلَا يَقْبَلُ اللَّهُ إِلَّا الطَّيِّبَ فَإِنَّ اللَّهَ يَتَقَبَّلُهَا بِيَمِينِهِ ثُمَّ يُرَبِّيهَا لِصَاحِبِهَا كَمَا يُرَبِّي أَحَدُكُمْ فَلُوَّهُ حَتَّى تَكُونَ مِثْلَ الْجَبَلِ»

1888. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स हलाल कमाई से खजूर के बराबर सदका करता है, जबकि अल्लाह सिर्फ हलाल माल ही कबूल करता है तो अल्लाह इसे अपने दाएँ हाथ में कबूल फरमाता है, फिर इसे उस के मालिक के लिए इस तरह पढ़ाता है जिस तरह तुम में से कोई अपने घोड़े के बच्चे की परवरिश करता है, हत्ता कि वह पहाड़ की तरह हो जाती है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1410) و مسلم (63 / 1014)، (2342)

١٨٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا نقصت صَدَقَة من مَال شَيْئا وَمَا زَادَ اللَّهُ عَبْدًا بِعَفْوٍ إِلَّا عِزًّا وَمَا تَوَاضَعَ أَحَدٌ لِلَّهِ إِلَّا رَفَعَهُ اللَّهُ» . رَوَاهُ مُسلم

1889. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सदका से माल कम नहीं होता, दरगुज़र करने और मुआफ़ कर देने से अल्लाह बंदे की इज्ज़त में इज़ाफा फरमाता है, और जो कोई अल्लाह की खातिर आजिज़ी इख़्तियार करता है तो अल्लाह उस को बड़ा दर्जा अता फरमाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (69 / 2588)، (6592)

١٨٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَنْفَقَ زَوْجَيْنِ مِنْ شَيْءٍ مِنَ الْأَشْيَاءِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ دُعِيَ مِنْ أَبْوَاب الْجنَّة واللجنة أَبْوَابٌ فَمَنْ كَانَ مِنْ أَهْلِ الصَّلَاةِ دُعِيَ مِنْ بَابِ الصَّلَاةِ وَمَنْ كَانَ مِنْ أَهْلِ الْجِهَاد دعِي من بَاب الْجِهَاد وَمن كَانَ مَنْ أَهْلِ الصَّدَقَةِ دُعِيَ مِنْ بَابِ الصَّدَقَةِ وَمَنْ كَانَ مِنْ أَهْلِ الصِّيَامِ دُعِيَ مِنْ بَابِ الرَّيَّانِ» . فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: مَا عَلَى مَنْ دُعِيَ مِنْ تِلْكَ الْأَبْوَابِ مِنْ ص:٥٩ ضَرُورَةٍ فَهَلْ يُدْعَى أَحَدٌ مِنْ تِلْكَ الْأَبْوَابِ كُلِّهَا؟ قَالَ: «نعم وَأَرْجُو أَن تكون مِنْهُم»

1890. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने किसी चिज़ का जोड़ा अल्लाह की राह में खर्च किया, तो उसे जन्नत के दरवाज़ो से बुलाया जाएगा और जन्नत के आठ दरवाज़े है, जो शख़्स नमाज़ी होगा इसे बाब अल सलात से दावत दी जाएगी, जो मुजाहिद होगा इसे बाब अल जिहाद से आवाज़ दी जाएगी, जो अहल ए सदके में से होगा इसे बाब सदका से बुलाया जाएगा, रोज़दार को बाब अल रय्यान से आवाज़ दी जाएगी”| अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, वैसे ज़रूरी तो नहीं के किसी को इन सब दरवाज़ो से बुलाया जाए, फिर भी क्या किसी को उन तमाम दरवाज़ो से दावत दी जाएगी, आप ने फ़रमाया: हाँ में उम्मीद करता हूँ कि आप उन्हीं में से होंगे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1898) و مسلم (85 / 1207)، (2371)

١٨٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَصْبَحَ مِنْكُمُ الْيَوْمَ صَائِمًا؟» قَالَ أَبُو بكر: أَنا قَالَ: «فن تَبِعَ مِنْكُمُ الْيَوْمَ جِنَازَةً؟» قَالَ أَبُو بَكْرٍ: أَنَا. قَالَ: «فَمَنْ أَطْعَمَ مِنْكُمُ الْيَوْمَ مِسْكِينًا؟» قَالَ أَبُو بَكْرٍ: أَنَا. قَالَ: «فَمَنْ عَادَ مِنْكُمُ الْيَوْمَ مَرِيضًا؟» . قَالَ أَبُو بَكْرٍ: أَنَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا اجْتَمَعْنَ فِي امْرِئٍ إِلَّا دَخَلَ الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ مُسلم

1891. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज तुम में से कौन रोज़े से है?” अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आज तुम में से कौन जनाज़े के साथ शरीक हुआ ?” अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आज तुम में से किस ने मिस्कीनो को खाना खिलाया ?” अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैंने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आज तुम में से किस ने मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) की ?” अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैंने

रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स में यह खसलते जमा हो जाए तो वह जन्नत में दाखिल हो जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (87 / 1208)، (2374)

١٨٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا نِسَاءَ الْمُسْلِمَاتِ لَا تَحْقِرَنَّ جَارَةٌ لِجَارَتِهَا وَلَوْ فِرْسِنَ شَاةٍ»

1892. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान औरत कोई पड़ोसन अपने पड़ोसन के किसी हदिये को हकीर न समझे ख्वाह वह बकरी का खुर ही हो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6017) و مسلم (90 / 1030)، (2379)

١٨٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ وَحُذَيْفَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ مَعْرُوف صَدَقَة»

1893. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु और हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर अच्छे काम, भली बात, भुला कलाम सदका है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6021 عن جابر) و مسلم (52 / 1005، (2328) عن حذيفة)

١٨٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَحْقِرَنَّ مِنَ الْمَعْرُوفِ شَيْئًا وَلَوْ أَنْ تَلْقَى أَخَاكَ بِوَجْهٍ طليق» . رَوَاهُ مُسلم

1894. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नेकी के किसी भी काम को मामूली मत समझो ख्वाह तुम अपने भाई को कुशादाह पेशानी से मिलो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (144 / 2626)، (6690)

١٨٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ صَدَقَةٌ» . قَالُوا: فَإِنْ لَمْ يَجِدْ؟ قَالَ: «فَلْيَعْمَلْ بِيَدَيْهِ فَيَنْفَعَ نَفْسَهُ وَيَتَصَدَّقَ» . قَالُوا: فَإِنْ لَمْ يَسْتَطِعْ؟ أَوْ لَمْ يَفْعَلْ؟ قَالَ: «فيعين ذَا الْحَاجَةِ الْمَلْهُوفَ» . قَالُوا: فَإِنْ لَمْ يَفْعَلْهُ؟ قَالَ: «فيأمر بِالْخَيرِ» . قَالُوا: فَإِن لمي فعل؟ قَالَ: «فَيمسك عَن الشَّرّ فَإِنَّهُ لَهُ صَدَقَة»

1895. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर मुसलमान पर सदका करना वाजिब है”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अगर वह न पाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने हाथो से कमाई

करे और अपने आप को फ़ायदा पहुंचाए, और सदका करे,'' उन्होंने अर्ज़ किया, अगर वह इस्तिताअत न रखे या न कर पाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ज़रूरत मंद मजबूर शख़्स की मदद करे,'' उन्होंने अर्ज़ किया, अगर वह यह भी न कर सके, आप ﷺ ने फ़रमाया: "नेकी का हुक्म करे,'' उन्होंने अर्ज़ किया, अगर न कर सके आप ﷺ ने फ़रमाया: "बुराई से रुक जाए क्योंकि यह भी उस के लिए सदका है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6022) و مسلم (55 / 1008)، (2333)

١٨٩٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كُلُّ سُلَامَى مِنَ النَّاسِ عَلَيْهِ صَدَقَةٌ: كُلَّ يَوْمٍ تَطْلُعُ فِيهِ الشَّمْسُ يَعْدِلُ بَيْنَ الِاثْنَيْنِ صَدَقَةٌ وَيُعِينُ ص:٥٩ الرَّجُلَ عَلَى دَابَّتِهِ فَيَحْمِلُ عَلَيْهَا أَوْ يَرْفَعُ عَلَيْهَا مَتَاعَهُ صَدَقَةٌ والكلمة الطّيبَة صَدَقَة وكل خطْوَة تخطوها إِلَى الصَّلَاةِ صَدَقَةٌ وَيُمِيطُ الْأَذَى عَنِ الطَّرِيقِ صَدَقَة "

1896. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इंसान के हर जोड़ पर हर रोज़ सदका करना वाजिब है, दो आदमियों के दरमियान अदल करना सदका है, आदमी की उसकी सवारी के बारे में मदद करना वह इसे सवारी पर बिठाए या उस का सामान उस पर रखवाए यह भी सदका है, अच्छी बात करना सदका है, नमाज़ की तरफ हर कदम उठाना सदका है और रास्ते से तकलीफदेह चीज़ दूर कर देना सदका है"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2989) و مسلم (56 / 1009)، (2335)

١٨٩٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَلَقَ كُلَّ إِنْسَانٍ مِنْ بَنِي آدَمَ عَلَى سِتِّينَ وَثَلَاثِمِائَةِ مَفْصِلٍ فَمَنْ كَبَّرَ اللَّهَ وَحَمِدَ اللَّهَ وَهَلَّلَ اللَّهَ وَسَبَّحَ اللَّهَ وَاسْتَغْفَرَ اللَّهَ وَعَزَلَ حَجَرًا عَنْ طَرِيقِ النَّاسِ أَوْ شَوْكَةً أَوْ عَظْمًا أَوْ أَمَرَ بِمَعْرُوفٍ أَوْ نَهَى عَنْ مُنْكَرٍ عَدَدَ تِلْكَ السِّتِّينَ وَالثَّلَاثِمِائَةِ فَإِنَّهُ يَمْشِي يَوْمَئِذٍ وَقَدْ زَحْزَحَ نَفْسَهُ عَنِ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

1897. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर इंसान के तीनसो साठ जोड़ है जिस शख़्स ने (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर (الْحَمد لله) तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) (سُبْحَانَ لا اله الا الله) सुबहानल्लाह और (اللهِ اسْتَغْفَرَ اللَّهَ (अस्तगफिरुल्लाह) कहा और लोगों के रास्ते से पत्थर या कांटा या हड्डी को दूर कर दिया या नेकी का हुक्म या बुराई से मना किया और यह काम तीनसो साठ अदद के बराबर किया तो वह इस रोज़ इस तरह चलता है के उस ने अपने आप को जहन्नम से बचा लिया है"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 / 1007)، (2330)

١٨٩٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ بِكُلِّ تَسْبِيحَةٍ صَدَقَةً وَكُلُّ تَكْبِيرَةٍ صَدَقَةٌ وَكُلُّ تَحْمِيدَةٍ صَدَقَةٌ وَكُلُّ تَهْلِيلَةٍ صَدَقَةٌ وَأَمْرٌ بِالْمَعْرُوفِ صَدَقَةٌ وَنَهْيٌ عَنِ الْمُنْكَرِ صَدَقَةٌ وَفِي بُضْعِ أَحَدِكُمْ صَدَقَةٌ» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيَأْتِي أَحَدُنَا شَهْوَتَهُ وَيَكُونُ لَهُ فِيهَا أَجْرٌ؟ قَالَ: «أَرَأَيْتُمْ لَوْ وَضَعَهَا فِي حَرَامٍ أَكَانَ عَلَيْهِ فِيهِ وِزْرٌ؟ فَكَذَلِكَ إِذَا وَضَعَهَا

فِي الْحَلَالِ كَانَ لَهُ أجر» . رَوَاهُ مُسلم

1898. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर तस्बीह सदका है, हर तकबीर सदका है, हर तस्बीह सदका है, हर तहलील (لا اله الا الله) कहना सदका है, अम्र बिल मारुफ़ सदका है, बुराई से मना करना सदका है और तुम्हारा अपने अहलिया से जिमाअ करना सदका है” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम में से कोई अपने शहवत पूरी करता है तो उस पर इसे अज़र मिलेगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे बताओ अगर वह हराम तरीके से शहवत पूरी करते तो किया उस पर गुनाह होता, इसी तरह जब वह हलाल तरीके से इसे पूरा करेगा तो उसे अज़र मिलेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (53 / 1006)، (2329)

١٨٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعْمَ الصَّدَقَةُ اللِّقْحَةُ الصَّفِيُّ مِنْحَةً وَالشَّاةُ الصَّفِيُّ مِنْحَةً تَغْدُو بِإِنَاءٍ وَتَرُوحُ بِآخَرَ»

1899. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दूध देने वाली बेहतरीन ऊंटनी आरियतन (तोहफे में) देना और दूध देने वाली बेहतरीन बकरी जो सुबह व शाम बर्तन फिर देती तो अतिया (हफे में) देना बेहतरीन सदका है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5608) و مسلم (74 / 1020)، (2358)

١٩٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَغْرِسُ غَرْسًا أَوْ يَزْرَعُ زَرْعًا فَيَأْكُلُ مِنْهُ إِنْسَانٌ أَوْ طَيْرٌ أَوْ بَهِيمَةٌ إِلَّا كَانَت لَهُ صَدَقَة»

1900. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कोई मुसलमान सजर कारि (वृक्षारोपण) करता है या काश्तकारि करता है फिर कोई इंसान या परिंदे या कोई हैवान उस में से खा लेता है तो यह उस के लिए सदका है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6012) و مسلم (12 / 1552)، (3973)

١٩٠١ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ عَنْ جَابِرٍ: «وَمَا سُرِقَ مِنْهُ لَهُ صَدَقَة»

1901. और सहीह मुस्लिम में जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है: जो इस में से चोरी हो जाए तो वह भी इस के लिए सदका है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (7 / 1552)، (3968)

١٩٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «غُفِرَ لِامْرَأَةٍ مُومِسَةٍ مَرَّتْ بِكَلْبٍ عَلَى رَأْسِ رَكِيٍّ يَلْهَثُ كَادَ يَقْتُلُهُ الْعَطَشُ فَنَزَعَتْ خُفَّهَا فَأَوْثَقَتْهُ بِخِمَارِهَا فَنَزَعَتْ لَهُ مِنَ الْمَاءِ فَغُفِرَ لَهَا بِذَلِكَ» . قِيلَ: إِنَّ لَنَا فِي الْبَهَائِمِ أَجْرًا؟ قَالَ: «فِي كُلِّ ذَاتِ كبد رطبَة أجر»

1902. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एक बदकार औरत को बख्श दिया गया के वह कुंवो के किनारे एक कुत्ते के पास से गुज़रे जो के अपने ज़ुबान बाहर निकाले हांप रहा था, करीब था के शिद्दत प्यास इसे हलाक कर डाले, उस ने अपना जूता उतारा और इसे अपने दुपट्टे से बांध कर उस के लिए पानी निकाला तो उसे इस वजह से बख्श दिया गया,‘‘ अर्ज़ किया गया, क्या हैवानो के साथ हुस्ने सुलूक करने से भी हमारे लिए अज़र है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर जान दार चीज़ के साथ अच्छा सुलूक करने में अज़र है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3321) و مسلم (154 / 2245)، (5860)

١٩٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عُذِّبَتِ امْرَأَةٌ فِي هِرَّةٍ أَمْسَكَتْهَا حَتَّى مَاتَتْ مِنَ الْجُوعِ فَلَمْ تَكُنْ تُطْعِمُهَا وَلَا تُرْسِلُهَا فَتَأْكُلَ مِنْ خَشَاشِ الْأَرْضِ»

1903. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एक औरत को एक बिल्ली की वजह से अज़ाब में मुब्तिला किया गया उस ने इसे बांध रखा था हत्ता कि वह भूख की वजह से मर गई उस ने खुद इसे खिलाया ना इसे छोड़ा के वह खशरात अल अर्ज़ खा लेती”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3318) و مسلم (2242، (5852) كلاهما من حديث ابى هريرة)

١٩٠٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَرَّ رَجُلٌ بِغُصْنِ شَجَرَةٍ عَلَى ظَهْرِ طَرِيقٍ فَقَالَ: لِأُنَحِّيَنَّ هَذَا عَنْ طَرِيقِ الْمُسلمين لَا يؤذيهم فَأدْخل الْجنَّة "

1904. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एक आदमी एक दरख्त की शाख के पास से गुज़रा जो के राह गुज़र पर थी, उस ने कहा में उसे मुसलमानों की राहे से हटा देता हूँ ताकि यह उन्हें तकलीफ न पहुंचाए, इसे (इस बिना पर) जन्नत में दाखिल कर दिया गया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (652) و مسلم (127 / 1914)، (4940)

١٩٠٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ رَأَيْتُ رَجُلًا يَتَقَلَّبُ فِي الْجَنَّةِ فِي شَجَرَةٍ قَطَعَهَا مِنْ ظَهْرِ الطَّرِيقِ كَانَتْ تُؤْذِي النَّاس» . رَوَاهُ مُسلم

1905. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैंने एक आदमी को एक दरख्त की वजह से जन्नत में इधर उधर फीरते देखा के उस ने राह गुज़र से इसे काट दिया था, जो के लोगों के लिए तकलीफ का बाईस था"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (129 / 1914 بعد ح 2617)، (6671)

١٩٠٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَرْزَةَ قَالَ: قُلْتُ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ عَلِّمْنِي شَيْئًا أَنْتَفِعْ بِهِ قَالَ: «اعْزِلِ الْأَذَى عَنْ طَرِيقِ الْمُسْلِمِينَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيث عدي ابْن حَاتِمٍ: «اتَّقُوا النَّارَ» فِي بَابِ عَلَامَاتِ النُّبُوَّةِ

1906. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! मुझे कोई नफ़ामंद चीज़ बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुसलमानों की गुज़र गाह से तकलीफदेह चीज़ को हटा दे," अनकरीब हम अदि बिन हातिम से मरवी हदीस: "दोज़ख से बचाव इख़्तियार करो," को इंशाअल्लाह तआला बाब अलामत नबूवत में ज़िक्र करेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (131 / 2618)، (6673) 0 حديث عدى بن حاتم : اتقوا النار ياتى (5857)

सदके की फ़ज़ीलत का बयान • بَاب فضل الصَّدَقَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٩٠٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَلَامٍ قَالَ: لَمَّا قَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ جِئْتُ فَلَمَّا تَبَيَّنْتُ وَجْهَهُ عَرَفْتُ أَنَّ وَجْهَهُ لَيْسَ بِوَجْهِ كَذَّابٍ. فَكَانَ أَوَّلُ مَا قَالَ: «أَيُّهَا النَّاسُ أَفْشُوا السَّلَامَ وَأَطْعِمُوا الطَّعَامَ وَصِلُوا الْأَرْحَامَ وَصَلُّوا بِاللَّيْلِ وَالنَّاسُ نِيَامٌ تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ بِسَلام» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

1907. अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो मैं भी आप की ज़ियारत के लिए आया, जब मैंने गौर के साथ आप का चेहरा मुबारक देखा तो मैंने पहचान लिया के आप का चेहरा किसी झूठे शख़्स का चेहरा नहीं, आप ﷺ ने सबसे पहले फ़रमाया: "लोगो! इस्लाम आम करो, खाना खिलाओ, सिलह रहमी करो और रात के वक़्त जबकि लोग सो रहे हो नमाज़ पढ़ो (इस तरह) तुम सलामती के साथ जन्नत में दाखिल हो जाओगे"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (2485 وقال : صحيح) و ابن ماجه (1334) و الدارمى (1 / 340341 ح 1668)

١٩٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اعْبُدُوا الرَّحْمَنَ وَأَطْعِمُوا

الطَّعَامَ وَأَفْشُوا السَّلَامَ تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ بِسَلام» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

1908. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "रहमान की इबादत करो, खाना खिलाओ और सलाम आम करो, तुम सलामती के साथ जन्नत में दाखिल हो जाओगे"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1855 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3694)

١٩٠٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الصَّدَقَةَ لَتُطْفِئُ غَضَبَ الرَّبِّ وَتَدْفَعُ مِيتَةَ السَّوْءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

1909. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक सदका रब के गज़ब को ख़तम करता है और बुरी मौत को दूर करता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (664 وقال : غريب) * عبدالله بن عيسى : ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

١٩١٠ - وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ : قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ مَعْرُوفٍ صَدَقَةٌ وَإِنَّ مِنَ الْمَعْرُوفِ أَنْ تَلْقَى أَخَاكَ بِوَجْهٍ طَلْقٍ وَأَنْ تُفْرِغَ مِنْ دَلْوِكَ فِي إِنَاءِ أَخِيكَ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

1910. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर अच्छे काम सदका है, तुम्हारा अपने भाई को कुशादाह पेशानी से मिलना और तुम्हारा अपने बाल्टी से अपने भाई के बर्तन में पानी डाल देना भी नेकी में से है"| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (3 / 344 ح 14766) و الترمذى (1970 وقال : حسن صحيح)

١٩١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَبَسُّمُكَ ص:٥٩ فِي وَجْهِ أَخِيك صَدَقَة وأمرك بِالْمَعْرُوفِ صَدَقَة ن وَنَهْيُكَ عَنِ الْمُنْكَرِ صَدَقَةٌ وَإِرْشَادُكَ الرَّجُلَ فِي أَرْضِ الضَّلَالِ لَكَ صَدَقَةٌ وَنَصْرُكَ الرَّجُلَ الرَّدِيءَ الْبَصَرِ لَكَ صَدَقَةٌ وَإِمَاطَتُكَ الْحَجَرَ وَالشَّوْكَ وَالْعَظْمَ عَن الطَّرِيقِ لَكَ صَدَقَةٌ وَإِفْرَاغُكَ مِنْ دَلْوِكَ فِي دَلْوِ أَخِيكَ لَكَ صَدَقَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1911. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम्हारा अपने भाई को देख कर तबस्सुम फरमाना नेकी, का हुक्म करना, बुराई से रोकना, राह भोले शख़्स की रहनुमाई करना, नाबीना शख़्स की मदद करना, पत्थर कांटे और हड्डी को रास्ते से हटा देना और अपने डोल से किसी भाई के डोल में पानी डालना भी सदका है"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1956)

١٩١٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ عُبَادَةَ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أُمَّ سَعْدٍ مَاتَتْ فَأَيُّ الصَّدَقَةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «الْمَاءُ» . فَحَفَرَ بِئْرًا وَقَالَ: هَذِهِ لأم سعد. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1912. सईद बिन अब्बाद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उम्म साद रदियल्लाहु अन्हु वफात पा चुकी हैं (इन के लिए) कौन सा सदका करना अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “पानी”, उन्होंने एक कुंवा खुदवाया और फ़रमाया यह उम्म साद के लिए है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1678) و النسائی (6 / 254 ح 3694) و للحديث طرق كثيرة وهو حديث حسن

١٩١٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا مُسْلِمٍ كَسَا مُسْلِمًا ثَوْبًا عَلَى عُرْيٍ كَسَاهُ اللَّهُ مِنْ خُضْرِ الْجَنَّةِ وَأَيُّمَا مُسْلِمٍ أَطْعَمَ مُسْلِمًا عَلَى جُوعٍ أَطْعَمَهُ اللَّهُ مِنْ ثِمَارِ الْجَنَّةِ. وَأَيُّمَا مُسلم سقا مُسْلِمًا عَلَى ظَمَأٍ سَقَاهُ اللَّهُ مِنَ الرَّحِيقِ الْمَخْتُوم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1913. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान किसी नंगे बदन मुसलमान को लिबास पहनाए, तो अल्लाह इसे जन्नत का सब्ज़ लिबास पहनाएगा और जो मुसलमान किसी भूके मुसलमान को खाना खिलाए तो अल्लाह इसे जन्नत के मेवे खिलाएगा और जो मुसलमान किसी प्यासे मुसलमान को पानी पिलाए तो अल्लाह इसे कस्तूरी से सीलबंद खालिस शराब पिलाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1682) و الترمذی (2449 وقال : غريب) * ابو خالد الدالانی مدلس و عنعن وله شاهد ضعيف جدًا عند الترمذی (1637) و باطل ، عند ايضًا (2449)

١٩١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن فَاطِمَة بنت قيس قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ فِي الْمَالِ لَحَقًّا سِوَى الزَّكَاةِ» ثُمَّ تَلَا: (لَيْسَ الْبَرَّ أَنْ تُوَلُّوا وُجُوهَكُمْ قبل الْمشرق وَالْمغْرب)»» الْآيَة. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

1914. फ़ातिमा बिन्ते कैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “माल में ज़कात के अलावा भी हक़ है”| फिर आप ने यह आयत तिलावत फरमाई: “नेकी यही नहीं के तुम अपने चेहरे मशरिक व मगरिब की तरफ कर लो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (659660 وقال : هذا حديث اسناده ليس بذاک و ابو حمزة ميمون الاعور يضعف) و ابن ماجه (1789) و الدارمی (1 / 385 ح 1644)

١٩١٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ بُهَيْسَةَ عَنْ أَبِيهَا قَالَتْ: قَالَ: يَا رَسُول الله مَا لشَيْء الَّذِي لَا يَحِلُّ مَنْعُهُ؟ قَالَ: «الْمَاءُ» . قَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ مَا الشَّيْءُ الَّذِي لَا يَحِلُّ مَنْعُهُ؟ قَالَ: «الْمِلْحُ» . قَالَ: يَا نَبِيَّ الله مَا لاشيء الَّذِي لَا يَحِلُّ مَنْعُهُ؟ قَالَ: «أَنْ تَفْعَلَ الْخَيْر خير لَك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1915. बुहयसत अपने वालिद से रिवायत करती हैं उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह कौन सी चीज़ है जिस से रोकना जाईज़ नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: "पानी," उन्होंने फिर अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! वह कौन सी चीज़ है जिस से रोकना जाईज़ नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: "नमक," उन्होंने फिर अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! वह कौन सी चीज़ है जिस से रोकना जाईज़ नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: "यह कि तुम भलाई के काम करो वह तुम्हारे लिए बेहतर है"। (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (3476 و 1669) * سيار بن منظور و ابوه مستوران و ثقهما ابن حبان وحده

١٩١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من أحيى أَرْضًا مَيِّتَةً فَلَهُ فِيهَا أَجْرٌ وَمَا أَكَلَتِ الْعَافِيَةُ مِنْهُ فَهُوَ لَهُ صَدَقَةٌ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ والدارمي

1916. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स बंजर ज़मीन काश्त करता है तो उस के लिए इस काश्त करने में अज़र है और हर तालिब रीज़्क उस में से जो खा जाए तो वह उस के लिए सदका है"। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الدارمى (2 / 267 ح 2610) [و الترمذى (1379) و النسائى فى الكبرىٰ (57565758)]

١٩١٧ - (صَحِيح) وَعَنِ الْبَرَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَنَحَ مِنْحَةَ لَبَنٍ أَو روق أَوْ هَدَى زُقَاقًا كَانَ لَهُ مِثْلَ عِتْقِ رَقَبَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1917. बराअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स दूध वाला जानवर अतिया (तोहफे में) दे दे या कोई क़र्ज़ दे दे या किसी को रास्ता बता दे तो उस के लिए गुलाम आज़ाद करने के बराबर सवाब है"। (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1957 وقال : حسن صحيح غريب)

١٩١٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي جُرَيٍّ جَابِرِ بْنِ سُلَيْمٍ قَالَ: أَتَيْتُ الْمَدِينَةَ فَرَأَيْتُ رَجُلًا يَصْدُرُ النَّاسُ عَنْ رَأْيِهِ لَا يَقُولُ شَيْئًا إِلَّا صَدَرُوا عَنْهُ قُلْتُ مَنْ هَذَا قَالُوا: هَذَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قُلْتُ: عَلَيْكَ السَّلَامُ يَا رَسُولَ اللَّهِ مَرَّتَيْنِ قَالَ: «لَا تقل عَلَيْك السَّلَام فَإِن عَلَيْكَ السَّلَامُ تَحِيَّةُ الْمَيِّتِ قُلِ السَّلَامُ عَلَيْكَ» قلت: أَنْت رَسُول الله؟ قَالَ: «أَنا رَسُول الله الَّذِي إِذا أَصَابَكَ ضُرٌّ فَدَعَوْتَهُ كَشَفَهُ عَنْكَ وَإِنْ أَصَابَكَ عَامُ سَنَةٍ فَدَعَوْتَهُ أَنْبَتَهَا لَكَ وَإِذَا كُنْتَ بِأَرْض قفراء أَوْ فَلَاةٍ فَضَلَّتْ رَاحِلَتُكَ ص:٥٩ فَدَعَوْتَهُ رَدَّهَا عَلَيْكَ» . قُلْتُ: اعْهَدْ إِلَيَّ. قَالَ: «لَا تَسُبَّنَّ أَحَدًا» قَالَ فَمَا سَبَبْتُ بَعْدَهُ حُرًّا وَلَا عَبْدًا وَلَا بَعِيرًا وَلَا شَاةً. قَالَ: «وَلَا تَحْقِرَنَّ شَيْئًا مِنَ الْمَعْرُوفِ وَأَنْ تُكَلِّمَ أَخَاكَ وَأَنْتَ مُنْبَسِطٌ إِلَيْهِ وَجْهُكَ إِنَّ ذَلِكَ مِنَ الْمَعْرُوفِ وَارْفَعْ إِزَارَكَ إِلَى نِصْفِ السَّاقِ فَإِنْ أَبَيْتَ فَإِلَى الْكَعْبَيْنِ وَإِيَّاكَ وَإِسْبَالَ الْإِزَارِ فَإِنَّهَا مِنَ الْمَخِيلَةِ وَإِنَّ اللَّهَ لَا يُحِبُّ الْمَخِيلَةَ وَإِنِ امْرُؤٌ شَتَمَكَ وَعَيَّرَكَ بِمَا يَعْلَمُ فِيكَ فَلَا تعيره بِمَا تعلم فِيهِ فَإِنَّمَا وَبَالُ ذَلِكَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ مِنْهُ حَدِيثَ السَّلَامِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «فَيَكُونَ لَكَ أَجْرُ ذَلِكَ وَوَبَالُهُ عَلَيْهِ»

1918. अबू जुरय्यी जाबिर बिन सलीम बयान करते हैं, मैं मदीना आया तो मैंने एक आदमी को देखा के लोग उस के हुक्म की तामिल करते हैं, वह जो कहता है के उस पर अमल करते हैं, मैने पूछा यह कौन शख़्स है? उन्होंने बताया यह अल्लाह के रसूल! है, रावी बयान करते हैं, मैंने दो मर्तबा कहा, अलयका अस्सलाम या रसूल अल्लाह आप ﷺ ने फ़रमाया: "अलयका अस्सलाम कहो अलयका अस्सलाम तो मय्यत के लिए दुआ सलाम है, कहो अस्सलामु अलयकुम", रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ क्या आप ﷺ अल्लाह के रसूल! है? तो आप ने फ़रमाया: "मैं इस अल्लाह का रसूल हूँ कि अगर तुम्हें कोई तकलीफ पहुँच जाए और तू उस से दुआ करो तो वह तकलीफ को तुझ से दूर कर दे और अगर तू कहत साली में मुब्तिला हो जाए और उस से दुआ करे तो वह तुझे सर सब्ज़ी शादाबी अता फरमादे, जब तू किसी रेगिस्तान या सहरा में हो और तेरी सवारी गुम हो जाए फिर तू उस से दुआ करे तो वह इसे वापस लौटा दे मैंने अर्ज़ किया: मुझे कोई वसीयत फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "किसी को गाली न देना", रावी बयान करते हैं, मैंने फिर उस के बाद ना किसी आज़ाद को गाली दी न किसी गुलाम को न किसी ऊंट को ना ही किसी बकरी को, आप ﷺ ने फ़रमाया: "नेकी के किसी काम को हकीर न जानना, अगर तू अपने भाई से कुशादाह पेशानी से गुफ्तगू करे तो यह भी नेकी है, अपना आज़ार आधी पिंडली तक रख, अगर तू ऐसे न करे तो फिर टखनो तक और टखनो से नीचे आज़ार तहबंद सलवार पजामा वगैरा लटकाने से बचा कर, क्योंकि यह तकब्बुर है और अल्लाह तकब्बुर पसंद नहीं करता और अगर कोई आदमी तुझे गाली दे और तुझ पर ऐब लगाए जिसके मुतल्लिक वह जानता हो के वह ऐब तुम में मौजूद है, तो उस के मुतल्लिक जो तुम जानते हो उस पर ऐब न लगाओ उस का वबाल इसी पर होगा "| अबू दावुद, इमाम तिरमिज़ी ने इस हदीस से सलाम वाला हिस्सा रिवायत किया है और एक रिवायत में है: "तुम्हें उस का अज़र मिलेगा जबकि उस पर वबाल होगा"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4084) و الترمذى (27212722 وقال : حسن صحيح)

١٩١٩ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة إِنَّهُمْ ذَبَحُوا شَاةً فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا بَقِيَ مِنْهَا؟» قَالَتْ: مَا بَقِي مِنْهَا إِلَّا كتفها قَالَ: «بَقِي كلهَا غير كتفها» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَصَححهُ

1919. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है उन्हों यानी अहले बैत ने एक बकरी जिबह की तो नबी ﷺ ने दरियाफ्त फ़रमाया: "उस से कुछ बचा है?" उन्होंने अर्ज़ किया, उसकी दस्ती बची है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस की दस्ती के सिवा बाकी सब बच गया है" तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2470)

١٩٢٠ - (ضَعِيف) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ كُ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ كَسَا مُسْلِمًا ثَوْبًا إِلَّا كَانَ فِي حفظ من الله مادام عَلَيْهِ مِنْهُ خرقَة» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

1920. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जब कोई मुसलमान किसी मुसलमान को लिबास फराहम करता है तो जब तक इस लिबास का एक टुकड़ा उस पर रहता

है तो वह शख़्स अल्लाह की हिफाज़त में रहता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (لم اجده) و الترمذى (2484 وقال : حسن غريب) [و صححه الحاكم (4 / 196) و تعقبه الذهبى] * خالد بن طهمان ابو العلاء : خلط قبل موته بعشر سنين و كان قبل ذلک ثقه ، قاله ابن معين ، فالحديث ضعيف من اجل اختلاطه

١٩٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ يَرْفَعُهُ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ يُحِبُّهُمُ اللَّهُ: رَجُلٌ قَامَ مِنَ اللَّيْلِ يَتْلُوا كِتَابَ اللَّهِ وَرَجُلٌ يَتَصَدَّقُ بِصَدَقَةٍ بِيَمِينِهِ يُخْفِيهَا أُرَاهُ قَالَ: مِنْ شِمَالِهِ وَرَجُلٌ كَانَ فِي سَرِيَّةٍ فَانْهَزَمَ أَصْحَابُهُ فَاسْتَقْبَلَ الْعَدُوَّ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَيْرُ مَحْفُوظٍ أَحَدُ رُوَاتِهِ أَبُو بكر بن عَيَّاش كثير الْغَلَط

1921. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु मरफुअ रिवायत बयान करते हैं, फ़रमाया: “तीन शख़्स है जिन्हें अल्लाह पसंद करता है, दौरान ए तहज्जुद कुरान की तिलावत करने वाला, दाएँ हाथ से सदका करने वाला जो इसे अपने बाएँ हाथ से भी छुपा रखता है, और एक वह आदमी जो किसी लश्कर में हो और इस के साथी शिकस्त खा जाए, लेकिन वह फिर भी दुश्मन के सामने सीना सुपर्द रहे” | तिरमिज़ी और इन्हों ने फ़रमाया: यह हदीस महफूज़ नहीं, उस का एक रावी अबू बक्र बिन अय्याश कसरत के साथ गलतिया करता है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (2567) * سنده ضعيف و للحديث شواهد

١٩٢٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «ثَلَاثَةٌ يُحِبُّهُمُ اللَّهُ وَثَلَاثَةٌ يُبْغِضُهُمُ اللَّهُ فَأَمَّا الَّذِينَ يُحِبُّهُمُ اللَّهُ فَرَجُلٌ أَتَى قَوْمًا فَسَأَلَهُمْ بِاللَّه وَلم يسألهم بِقرَابَة بَيْنَهُ وَبَيْنَهُمْ فَمَنَعُوهُ فَتَخَلَّفَ رَجُلٌ بِأَعْيَانِهِمْ فَأَعْطَاهُ سِرًّا لَا يَعْلَمُ بِعَطِيَّتِهِ إِلَّا اللَّهُ وَالَّذِي أَعْطَاهُ وَقَوْمٌ سَارُوا لَيْلَتَهُمْ حَتَّى إِذَا كَانَ النَّوْمُ أَحَبَّ إِلَيْهِمْ مِمَّا يُعْدَلُ بِهِ فَوَضَعُوا رُءُوسَهُمْ فَقَامَ يَتَمَلَّقُنِي وَيَتْلُو آيَاتِي وَرَجُلٌ كَانَ فِي سَرِيَّة فلقي الْعدو فهزموا وَأَقْبل بِصَدْرِهِ حَتَّى يُقْتَلَ أَوْ يُفْتَحَ لَهُ وَالثَّلَاثَةُ الَّذِينَ يُبْغِضُهُمُ اللَّهُ الشَّيْخُ الزَّانِي وَالْفَقِيرُ الْمُخْتَالُ والغني الظلوم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

1922. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन शख़्स ऐसे है जिन्हें अल्लाह पसंद करता है और तीन ऐसे है जिन्हें अल्लाह नापसंद करता है, रहे वह जिन्हें अल्लाह पसंद करता है तो उनमें से एक वह आदमी है जो किसी कौम के पास जाए और अल्लाह के नाम पर उन से सवाल करे, वह उन से अपने बाहमी क़राबत वजह से सवाल न करे, लेकिन वह इसे कुछ न दें, एक आदमी ने अपने साथियो से अलग हो कर छुपा तौर पर इसे कुछ दे दिया, जिसे सिर्फ अल्लाह जानता है और वह लेने वाला जानता है, और एक वह कौम जो सारी रात चलती रही हत्ता कि जब नींद उन्हें तमाम चीजों से ज़्यादा महबूब हो गई तो वह सो गए, इस असना में एक आदमी खड़ा हो कर खुशु व खुज़ू के साथ मुझ से दुआ करने लगा और मेरी आयात की तिलावत करने लगा, और (तीसरा) वह शख़्स जो किसी लश्कर में दुश्मन से बरसर पुरकार हो लेकिन वह शिकस्त खा जाए तो यह फिर भी सीना सुपर्द रहे, हत्ता कि इसे शहीद कर दिया जाए या इसे फतह हासिल हो जाए और वह तीन जिन्हें अल्लाह नापसंद करता है बुढा ज़ानि, मुतकब्बर फ़क़ीर और ज़ालिम मालदार है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2568) و النسائى (5 / 84 ح 2571 و 3 / 207208 ح 1616) و صححه ابن خزيمة (2456 ، 2464) و ابن حبان (813 ، 16021603) و الحاكم (2 / 113) و وافقه الذهبى

١٩٢٣ - (ضَعِيف) وَعَن أنس بن مَالك عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ الْأَرْضَ جَعَلَتْ تَمِيدُ فَخَلَقَ الْجِبَالَ فَقَالَ بِهَا عَلَيْهَا فَاسْتَقَرَّتْ فَعَجِبَتِ الْمَلَائِكَةُ مِنْ شِدَّةِ الْجِبَالِ فَقَالُوا يَا رَبِّ هَلْ مِنْ خَلْقِكَ شَيْءٌ أَشَدُّ مِنِ الْجِبَالِ قَالَ نعم الْحَدِيد قَالُوا يَا رَبِّ هَلْ مِنْ خَلْقِكَ شَيْءٌ أَشَدُّ مِنَ الْحَدِيدِ قَالَ نَعَمِ النَّارُ فَقَالُوا يَا رب هَل من خلقك شَيْء أَشد من النَّار قَالَ نعم المَاء قَالُوا يَا رب فَهَل مِنْ خَلْقِكَ شَيْءٌ أَشَدُّ مِنَ الْمَاءِ قَالَ نَعَمِ الرِّيحُ فَقَالُوا يَا رَبِّ هَلْ مِنْ خَلْقِكَ شَيْءٌ أَشَدُّ مِنَ الرِّيحِ قَالَ نَعَمِ ابْن آدم تصدق بِصَدقَة بِيَمِينِهِ يخفيها من شِمَالِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ»» وَذُكِرَ حَدِيثُ مُعَاذٍ: «الصَّدَقَةُ تُطْفِئُ الْخَطِيئَةَ» . فِي كتاب الْإِيمَان

1923. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह ने ज़मीन पैदा फरमाई तो वह हिलने लगी तो फिर उस ने पहाड़ पैदा किए और उन्हें इस ज़मीन पर रखने का हुक्म फ़रमाया तो वह ठहर गई फरिश्तो को पहाड़ो की शिद्दत पर ताज्जुब हुआ तो उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! क्या तेरी मखलूक में पहाड़ो से शदीद तर कोई चीज़ है? अल्लाह तआला ने फ़रमाया: हाँ, लोहा तो उन्होंने फिर अर्ज़ किया, रब जी! क्या तेरी मखलूक में लोहे से भी शदीद तर कोई चीज़ है? फ़रमाया हां पानी, उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! क्या तेरी मखलूक में पानी से शदीद तर कोई चीज़ है? फ़रमाया हां आग, उन्होंने अर्ज़ किया, क्या तेरी मखलूक में आग से भी शदीद तर कोई चीज़ है? फ़रमाया हां हवा, फिर उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! क्या तेरी मखलूक में हवा से भी शदीद तर कोई चीज़ है? फ़रमाया हां वह इब्ने आदम जो अपने दाएँ हाथ से सदका करता है तो उसे अपने बाएँ हाथ से छुपा रखता है"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: "सदका खताए मिटा देता है" किताब अल ईमान में ज़िक्र की गई है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3369) 0 الصدقة تطفى الخطيئة ، تقدم (29)

सदके की फ़ज़ीलत का बयान • بَاب فضل الصَّدَقَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٩٢٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ عَبْدٍ مُسْلِمٍ يُنْفِقُ مِنْ كُلِّ مَالٍ لَهُ زَوْجَيْنِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ إِلَّا اسْتَقْبَلَتْهُ حَجَبَةُ الْجَنَّةِ كُلُّهُمْ يَدْعُوهُ إِلَى مَا عِنْدَهُ» . قُلْتُ: وَكَيْفَ ذَلِكَ؟ قَالَ: «إِنْ كَانَتْ إِبِلًا فَبَعِيرَيْنِ وَإِنْ كَانَت بقرة فبقرتين» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1924. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो बंदा मुस्लिम अपने सारे माल से जोड़ा अल्लाह की राह में खर्च करता है तो जन्नत के तमाम दरबाने अपने अपनी नेअमतो के साथ उस का इस्तेकबाल करते हैं" मैंने अर्ज़ किया: वह कैसे खर्च करे फ़रमाया: "अगर ऊंट हो तो दो ऊंट और अगर गाय हो तो दो गाय"| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (6 / 4849 ح 3187)

١٩٢٥ - (صَحِيح) وَعَنْ مَرْثَدِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: حَدَّثَنِي بَعْضِ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ ظِلَّ الْمُؤْمِنِ يَوْمَ الْقِيَامَة صدقته» . رَوَاهُ أَحْمد

1925. मर्सडी बिन अब्दुल्लाह रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के किसी सहाबी ने मुझे हदीस बयान की के इस ने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "रोज़ ए कियामत मोमिन का सदका ही उस के लिए बाईसे साया होगा"| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 233 ح 18207) و ابن خزيمة (2432)و ابن اسحاق صرح بالسماع عند فالسند حسن] * وله شاهد صحيح عند ابن خزيمة (4 / 94 ح 2431) و ابن حبان (817) و صححه الحاكم (1 / 416) و وافقه الذهبى

١٩٢٦ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ وَسَّعَ عَلَى عِيَالِهِ فِي النَّفَقَةِ يَوْمَ عَاشُورَاءَ وَسَّعَ اللَّهُ عَلَيْهِ سَائِرَ سَنَتِهِ» . قَالَ سُفْيَانُ: إِنَّا قَدْ جربناه فوجدناه كَذَلِك. رَوَاهُ رزين

1926. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स आशुराह के दिन अपने अहल व अयाल पर फराखी के साथ खर्च करता है तो अल्लाह पूरा साल इसे फराखी अता फरमा देता है" सुफियान शोरी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: हम उस का तजरुबा कर चुके हैं और हमने इसे इसी तरह पाया है| (ज़ईफ़)

١٩٨٧ - (صَحِيح) عَن حَفْصَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَجْمَعِ الصِّيَامَ قَبْلَ الْفَجْرِ فَلَا صِيَامَ لَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ أَبُو دَاوُد: وَقفه على حَفْصَة معمر والزبيدي وَابْنُ عُيَيْنَةَ وَيُونُسُ الْأَيْلِيُّ كُلُّهُمْ عَنِ الزُّهْرِيِّ

1987. हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स तुलुअ ए फज्र से पहले रोज़े की नियत न करे तो उस का रोज़ा नहीं"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, दारमी और अबू दावुद ने फ़रमाया: मअमर ज़ुबैदी इब्ने उयेना और युनुस अयली ने इस हदीस को हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा पर मौकूफ करार दिया है और इन सब ने ज़ुहरी से रिवायत किया है | (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (730) و ابوداؤد (2454) و النسائى (4 / 196 ح 2334) و الدارمى (2 / 67 ح 1705) * ابن شهاب الزهرى مدلس و عنعن و الموقوف صحيح، انظر سنن النسائى (2338 ، 2345)

١٩٨٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَمِعَ النِّدَاءَ أَحَدُكُمْ وَالْإِنَاءُ فِي يَدِهِ فَلَا يَضَعْهُ حَتَّى يَقْضِيَ حَاجَتَهُ مِنْهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1988. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई आज़ान फज्र सुने और खाने पीने का) बर्तन उस के हाथ में हो तो वह अपने ज़रूरत पूरी करने के बाद इसे नीचे रखे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2350)

١٩٨٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَحَبُّ عِبَادِي إِلَيَّ أَعْجَلُهُمْ فطرا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1989. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला फरमाता है, मुझे अपने वह बंदे ज़्यादा महबूब है जो उनमें से इफ्तार करने में जल्दी करते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (700701 وقال : حسن غريب) * الوليد بن مسلم و الزهرى مدلسان و عنعنا

١٩٩٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلْمَانَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَفْطَرَ أَحَدُكُمْ فَلْيُفْطِرْ عَلَى تَمْرٍ فَإِنَّهُ بَرَكَةٌ فَإِنْ لَمْ يَجِدْ فَلْيُفْطِرْ عَلَى مَاءٍ ص:٦٢ فَإِنَّهُ طَهُورٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ. وَلَمْ يَذْكُرْ: «فَإِنَّهُ بَرَكَةٌ» غَيْرُ التِّرْمِذِيِّ

1990. सलमान बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई इफ्तार करे तो वह खजूर से इफ्तार करे क्योंकि वह बाईस ए बरकत है, अगर वह न पाए तो फिर पानी से इफ्तार कर ले क्योंकि वह बाईस तहारत है”| अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, दारमी लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा “ क्योंकि वह बाईस ए बरकत है” सिर्फ इमाम तिरमिज़ी ने यह अल्फाज़ एक दूसरी रिवायत से नकल किए है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 1718 ح 16326 ، 16328 ، 16332) و الترمذى (658 وقال : حسن) و ابوداؤد (2355) و ابن ماجه (1699) و الدارمى (2 / 7 ح 1708)

١٩٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُفْطِرُ قَبْلَ أَنْ يُصَلِّيَ عَلَى رطبات فَإِن لم تكن فتميرات فإنلم تكن تُمَيْرَات حسى حَسَوَاتٍ مِنْ مَاءٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيب

1991. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, “नबी ﷺ नमाज़ ए मग़रिब पढ़ने से पहले चंद ताज़ा खजूरो से इफ्तार किया करते थे, अगर ताज़ा खजूरे न होती तो फिर चंद छुवारो से, और अगर छुवारे न होते तो फिर पानी

के चंद घूंट पि लिया करते थे”| तिरमिज़ी, अबू दावुद और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (696) و ابوداؤد (2356)

١٩٩٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من فَطَّرَ صَائِمًا أَوْ جَهَّزَ غَازِيًا فَلَهُ مِثْلُ أَجْرِهِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَمُحْيِي السّنة فِي شرح السّنة وَقَالَ صَحِيح

1992. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी रोज़दार का रोज़ा इफ्तार कराए या किसी मुजाहिद की तय्यारी करा दे, तो उसे भी इस रोजादार या मुजाहिद की मिस्ल अज़र मिलता है” बयहकी की शौबुल ईमान और मुह्यी अल सुन्नी ने शरह सुन्ना में रिवायत किया और उन्होंने कहा: यह रिवायत सहीह है”| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (3953 ، نسخة محققة : 3667 ، السنن الكبرىٰ له 4 / 240) و البغوى فى شرح السنة (6 / 377 ح 18181819) * سفيان الثورى مدلس و عنعن و للحديث شواهد عند الترمذى (807 ، 1630) و ابن حبان (الاحسان : 4611 / 4630) و غيره

١٩٩٣ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَفْطَرَ قَالَ: «ذَهَبَ الظَّمَأُ وَابْتَلَّتِ الْعُرُوقُ وَثَبَتَ الْأَجْرُ إِنْ شَاءَ الله» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1993. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब नबी ﷺ रोज़ा इफ्तार करते तो आप यह दुआ पढ़ा करते थे: “प्यास जाती रही रगे तर हो गई और अगर अल्लाह ने चाहा तो अज़र साबित हो गया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2357)

١٩٩٤ - (حسن) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ زُهْرَةَ قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَفْطَرَ قَالَ: «اللَّهُمَّ لَكَ صُمْتُ وَعَلَى رِزْقِكَ أَفْطَرْتُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد مُرْسلا

1994. मुआज़ बिन जुहरा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, कि नबी ﷺ जब इफ्तार करते तो आप ﷺ यह दुआ पढ़ा करते थे: “अल्लाह मैंने तेरी ही लिए रोज़ा रखा और तेरे ही रीज़्क से इफ्तार किया”| अबू दावुद ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2358) * السند مرسل

• بَاب فِي مسَائِل مُتَفَرِّقَة من كتاب الصَّوْم	रोज़े से मुतल्लिक मुतफ़र्रिक मसाइल का बयान
• الْفَصْل الثَّالِث	तीसरी फस्ल

١٩٩٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَزَالُ الدِّينُ ظَاهِرًا مَا عَجَّلَ النَّاسُ الْفِطْرَ لِأَنَّ الْيَهُودَ وَالنَّصَارَى يُؤَخِّرُونَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1995. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तक लोग इफ्तार करने में जल्दी करते रहेंगे दीन ग़ालिब रहेगा क्योंकि यहूद व नसारा इफ्तार करने में ताखीर करते हैं”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2353) و ابن ماجه (1698)

١٩٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي عَطِيَّةَ قَالَ: دَخَلْتُ أَنَا وَمَسْرُوقٌ عَلَى عَائِشَةَ فَقُلْنَا: يَا أُمَّ الْمُؤْمِنِينَ رَجُلَانِ مِنْ أَصْحَابِ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَحَدُهُمَا يُعَجِّلُ الْإِفْطَارَ وَيُعَجِّلُ الصَّلَاةَ وَالْآخَرُ: يُؤَخِّرُ الْإِفْطَارَ وَيُؤَخِّرُ الصَّلَاةَ. قَالَتْ: أَيُّهُمَا يُعَجِّلُ الْإِفْطَارَ وَيُعَجِّلُ الصَّلَاةَ؟ قُلْنَا عَبْدُ اللَّهِ بْنُ مَسْعُودٍ. قَالَتْ: هَكَذَا صَنَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْآخَرُ أَبُو مُوسَى. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1996. अबू अतिय्या रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं और मसरुक आइशा रदियल्लाहु अन्हा की खिदमत में हाज़िर हुए तो हमने अर्ज़ किया: उम्मुल मुअमिनिन मुहम्मद ﷺ के सहाबा में से दो आदमी है उनमें से एक जल्दी इफ्तार करते हैं और जल्दी ही नमाज़ ए मग़रिब पढ़ते है, जबकि दूसरे देर से इफ्तार करते हैं और देर से नमाज़ पढ़ते है, उन्होंने ने फ़रमाया: उनमें से कौन जल्द इफ्तार करता है और जल्द नमाज़ पढ़ता है, हमने अर्ज़ किया: अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ ने भी ऐसे ही किया जबकि दूसरे अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (49 / 1099)، (2556)

١٩٩٧ - (حسن) وَعَنِ الْعِرْبَاضِ بْنِ سَارِيَةَ قَالَ: دَعَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى السَّحُورِ فِي رَمَضَانَ فَقَالَ: «هَلُمَّ إِلَى الْغَدَاءِ الْمُبَارَكِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والسنائي

1997. इरबाज़ बिन सारीया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने रमज़ान में मुझे सहरी की दावत देते हुए फ़रमाया: “मुबारक खाने की तरफ आओ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2344) و النسائی (4 / 145 ح 2165)

١٩٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعْمَ سَحُورُ الْمُؤْمِنِ التَّمْرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1998. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मोमिन की बेहतरीन सहरी खजूर है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2345)

• بَاب تَنْزِيه الصَّوْم
उन कामो का बयान जिन से रोज़े की हालत में बचना चाहिए

• الْفَصْل الأول
पहली फस्ल

١٩٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَدَعْ قَوْلَ الزُّورِ وَالْعَمَلَ بِهِ فَلَيْسَ لِلَّهِ حَاجَةٌ فِي أَنْ يَدَعَ طَعَامَهُ وَشَرَابَه» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1999. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स रोज़े की हालत में झूठ और बुरे आमाल तर्क नहीं करता तो अल्लाह को कोई हाजत नहीं के वह शख़्स अपना खाना पीना छोड़ दे"| (बुखारी)

رواه البخارى (1903)

٢٠٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَبِّلُ وَيُبَاشِرُ وَهُوَ صَائِمٌ وَكَانَ أَمْلَكَكُمْ لأربه

2000. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ रोज़ा की हालत में बोसा ले लिया करते थे और गले मिल लिया करते थे और आप अपने ख्वाहिश पर तुम से ज़्यादा काबू रखने वाले थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1927) و مسلم (65 / 1106)، (2576)

٢٠٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُدْرِكُهُ الْفَجْرُ فِي رَمَضَانَ وَهُوَ جُنُبٌ مِنْ غَيْرِ حُلْمٍ فَيَغْتَسِلُ وَيَصُومُ

2001. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को रमज़ान में कभी जिमाअ की वजह से हालत जनाबत में सुबह हो जाती तो आप ग़ुस्ल करते और फिर रोज़ा रखते| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1930) و مسلم (76 / 1109)، (2590)

٢٠٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ احْتَجَمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ وَاحْتَجَمَ وَهُوَ صَائِمٌ

2002. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि नबी ﷺ ने इहराम और रोज़ा की हालत में पछने (हिजामा) लगवाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1938) و مسلم (87 / 1202)، (2885)

٢٠٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من نسي وَهُوَ صَائِم فأل أَوْ شَرِبَ فَلْيُتِمَّ صَوْمَهُ فَإِنَّمَا أَطْعَمَهُ اللَّهُ وسقاه»

2003. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स भूल जाए के वह रोज़े से है और वह खा ले या पि ले तो वह अपना रोज़ा पूरा करे क्योंकि इसे तो अल्लाह ने खिलाया है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1933) و مسلم (171 / 1155)، (2716)

٢٠٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: بَيْنَمَا نَحْنُ جُلُوسٌ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَهُ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُول الله هَلَكت. قَالَ: «مَالك؟» قَالَ: وَقَعْتُ عَلَى امْرَأَتِي وَأَنَا صَائِمٌ. ص:٦٢ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ تَجِدُ رَقَبَةً تُعْتِقُهَا؟» . قَالَ: لَا قَالَ: «فَهَلْ تَسْتَطِيعُ أَنْ تَصُومَ شَهْرَيْنِ مُتَتَابِعَيْنِ؟» قَالَ: لَا. قَالَ: «هَلْ تَجِدُ إِطْعَامَ سِتِّينَ مِسْكِينًا؟» قَالَ: لَا. قَالَ: «اجْلِسْ» وَمَكَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَبينا نَحْنُ عَلَى ذَلِكَ أُتِيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَرَقٍ فِيهِ تَمْرٌ وَالْعَرَقُ الْمِكْتَلُ الضَّخْمُ قَالَ: «أَيْنَ السَّائِلُ؟» قَالَ: أَنَا. قَالَ: «خُذْ هَذَا فَتَصَدَّقْ بِهِ» . فَقَالَ الرَّجُلُ: أَعَلَى أَفْقَرَ مِنِّي يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ فَوَاللَّهِ مَا بَيْنَ لَابَتَيْهَا يُرِيدُ الْحَرَّتَيْنِ أَهْلُ بَيْتٍ أَفْقَرُ م أَهْلِ بَيْتِي. فَضَحِكَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى بَدَتْ أَنْيَابُهُ ثُمَّ قَالَ: «أَطْعِمْهُ أهلك»

2004. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की इतने में एक आदमी ने आप की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में तो मारा गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें क्या हुआ ?” उस ने अर्ज़ किया, मैं रोज़े की हालत में अपने अहलिया से जिमाअ कर बैठा हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई गुलाम है जिसे तू आज़ाद कर दे ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम लगातार दो माह रोज़े रख सकते ह ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम साठ मिस्कीनो को खाना खिला सकते हो?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बैठ जाओ”, पस

नबी ﷺ ने तवक्क़फ़ फ़रमाया, हम इसी असना में थे की खजूरो का एक बड़ा टोकरा नबी ﷺ की खिदमत में पेश किया गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मसअला दरियाफ्त करने वाला कहाँ है" इस शख़्स ने अर्ज़ किया, मैं हाज़िर हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये लो इसे सदका कर दो", इस आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मैं अपने से ज़्यादा मुहताज शख़्स पर सदका करू? अल्लाह की क़सम! (मदीना में) दो पथरिले किनारों के दरमियान कोई ऐसा घर नहीं जो मेरे घरवालो से ज़्यादा ज़रूरत मंद हो (यह सुन कर) नबी ﷺ इस क़दर हँसे के आप के दांत मुबारक ज़ाहिर हो गए फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे अपने घरवालो को खिलाओ"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1936) و مسلم (181 / 1111)، (2595)

उन कामो का बयान जिन से रोज़े की हालत में बचना चाहिए

• بَاب تَنْزِيه الصَّوْم

दूसरी फस्ल

• الْفَصْل الثَّانِي

٢٠٠٥ - (ضَعِيف) عَن عَائِشَة: أَن النبي صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَانَ يُقَبِّلُهَا وَهُوَ صَائِم ويمص لسنانها. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2005. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ रोज़ा की हालत में कभी उनका बोसा ले लिया करते थे और उन की ज़ुबान चूस लिया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2386) * فيه محمد بن دينار صدوق لكنه اختلط

٢٠٠٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ إِنَّ رَجُلًا سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ الْمُبَاشَرَةِ لِلصَّائِمِ فَرخص لَهُ. وَأَتَاهُ آخَرُ فَسَأَلَهُ فَنَهَاهُ فَإِذَا الَّذِي رَخَّصَ لَهُ شَيْخٌ وَإِذَا الَّذِي نَهَاهُ شَابٌّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2006. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है किसी आदमी ने रोज़दार के लिए अपने अहलिया से गले मिलने के बारे में नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने इसे रुखसत इनायत फरमा दी, फिर एक और आदमी आया और उस ने आप से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने इसे रोक दिया, जिस शख़्स को रुखसत इनायत फरमाई थी वह बुढा आदमी था और जिसे रोक दिया था वह एक नोजवान शख़्स था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2387)

٢٠٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «من ذرعه الْقَيْء وَهُوَ ص:٦٢ صَائِمٌ فَلَيْسَ عَلَيْهِ قَضَاءٌ وَمَنِ اسْتَقَاءَ عَمْدًا فَلْيَقْضِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ

غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ عِيسَى بْنِ يُونُس. وَقَالَ مُحَمَّد يَعْنِي البُخَارِيّ لَا أَرَاهُ مَحْفُوظًا

2007. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स को रोज़ा की हालत में कै आजाए तो उस पर कोई कज़ा नहीं और जो शख़्स जान बुझकर कै करे तो वह (रोज़े की) कज़ा करे"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, हम इसा बिन युनुस से मरवी हदीस के हवाले से ही इसे जानते हैं जबकि मुहम्मद यानी इमाम बुखारी ने फ़रमाया: में उसे महफूज़ नहीं समझता| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (720) و ابوداؤد (2380) و ابن ماجه (1676) و الدارمى (2 / 14 ح 1736) * هشام بن حسان مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٢٠٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَعْدَانَ بْنِ طَلْحَةَ أَنَّ أَبَا الدَّرْدَاءِ حَدَّثَهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَاءَ فَأَفْطَرَ. قَالَ: فَلَقِيتُ ثَوْبَانَ فِي مَسْجِدِ دِمَشْقَ فَقُلْتُ: إِنَّ أَبَا الدَّرْدَاءِ حَدَّثَنِي أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَاءَ فَأَفْطَرَ. قَالَ: صَدَقَ وَأَنَا صَبَبْتُ لَهُ وضوءه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ والدارمي

2008. मअदान बिन तल्हा से रिवायत है के अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु ने इसे हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने कै की तो आप ने रोज़ा इफ्तार कर लिया, रावी बयान करते हैं, मैं दमिश्क की मस्जिद में सौबान से मिला तो मैंने कहा के अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कै की तो आप ने रोज़ा इफ्तार कर लिया उन्होंने कहा: उन्होंने (यानी अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु ने) ठीक कहा है और मैंने आप के लिए आप के वुज़ू का पानी उंडेला था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2381) و الترمذى (87)

٢٠٠٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ رَبِيعَةَ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا لَا أُحْصِي يَتَسَوَّكُ وَهُوَ صَائِمٌ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2009. आमिर बिन रबिआ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अनगिनत मर्तबा नबी ﷺ को रोज़ा की हालत में मिस्वाक करते हुए देखा है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (725) و ابوداؤد (2364) * عاصم بن عبيد الله ضعيف

٢٠١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " اشتكيت عَيْنِي أَفَأَكْتَحِلُ وَأَنَا صَائِمٌ؟ قَالَ: «نَعَمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: لَيْسَ إِسْنَادُهُ بِالْقَوِيِّ وَأَبُو عَاتِكَةَ الرَّاوِي يضعف

2010. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़

किया, मुझे आशूब ए चशम हो गया, मैं रोज़ा की हालत में सुरमा डाल लूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ", तिरमिज़ी और उन्होंने ने फ़रमाया: उसकी इसनाद क़वी नहीं, अबू आतिक रावी जईफ है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (726) * ابو عاتكة ضعيف

٢٠١١ - (صَحِيح) وَعَنْ بَعْضِ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: لَقَدْ رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْعَرْجِ يَصُبُّ عَلَى رَأْسِهِ الْمَاءَ وَهُوَ صَائِمٌ مِنَ الْعَطَشِ أَوْ مِنَ الْحَرِّ. رَوَاهُ مَالك

2011. नबी ﷺ के किसी सहाबी से रिवायत है उन्होंने कहा, मैंने मक़ाम अरज पर नबी ﷺ को हालत ए रोज़ा में प्यास या गर्मी की वजह से सर पर पानी डालते हुए देखा| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 294 ح 660) و ابوداؤد (2365)

٢٠١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى رَجُلًا بِالْبَقِيعِ وَهُوَ يَحْتَجِمُ وَهُوَ آخِذٌ بِيَدِي لِثَمَانِيَ عَشْرَةَ خَلَتْ مِنْ رَمَضَانَ فَقَالَ: «أَفْطَرَ ص:٦٢ الْحَاجِمُ وَالْمَحْجُومُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ. قَالَ الشَّيْخُ الْإِمَامُ مُحْيِي السُّنَّةِ رَحِمَهُ اللَّهُ عَلَيْهِ: وَتَأَوَّلَهُ بَعْضُ مَنْ رَخَّصَ فِي الْحِجَامَةِ: أَيْ تَعَرُّضًا لِلْإِفْطَارِ: الْمَحْجُومُ لِلضَّعْفِ وَالْحَاجِمُ لِأَنَّهُ لَا يَأْمَنُ مِنْ أَنْ يَصِلَ شَيْءٌ إِلَى جَوْفِهِ بمص الملازم

2012. शद्दाद बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ बकी में एक आदमी के पास से गुज़रे जब के वह पछने (हिजामा) लगवा रहा था, आप मेरा हाथ थामे हुए थे और रमज़ान की अठरा तारीख थी आप ﷺ ने फ़रमाया: "पछने लगाने और लगाने वाले का रोज़ा तूट गया"| अबू दावुद, इब्ने माजा दारमी अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी ने फ़रमाया: और जिन बाज़ हज़रात ने रोज़ा की हालत में पछने (हिजामा) लगाने की इजाज़त दि है उन्होंने यह तावील की है के पछने (हिजामा) लगाने वाला कमज़ोरी की वजह से इफ्तार के करीब पहुँच जाता है, जब के पछने (हिजामा) लगाने वाला इस चूसने की वजह से पेट में कोई चीज़ पहुँचने से बच नहीं सकता| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2369) و ابن ماجه (1681) و الدارمى (2 / 14 ح 1737) [و انظر شرح السنة (6 / 304 بعد ح 1759]

٢٠١٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَفْطَرَ يَوْمًا مِنْ رَمَضَانَ مِنْ غَيْرِ رُخْصَةٍ وَلَا مَرَضٍ لَمْ يَقْضِ عَنْهُ صَوْمُ الدَّهْرِ كُلِّهِ وَإِنْ صَامَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَالْبُخَارِيُّ فِي تَرْجَمَةِ بَابٍ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: سَمِعْتُ مُحَمَّدًا يَعْنِي الْبُخَارِيّ يَقُول. أَبُو الطوس الرَّاوِي لَا أَعْرِفُ لَهُ غَيْرَ هَذَا الْحَدِيثِ

2013. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी रुखसत (सफ़र वगैरा) और मर्ज़ के बगैर रमज़ान का एक रोज़ा छोड़ दे, तो फिर अगर वह पूरी जिंदगी रोज़े रखता रहे तो वह

इस एक दिन के रोज़े के अज्र व सवाब को नहीं पा सकता", अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा दारमी और इमाम बुखारी ने تَرْجَمَة بَاب (तरजुमतुल बाब) में रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: मैंने मुहम्मद यानी इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह को फरमाते हुए सुना, मैं अबुल मुतव्विस रावी को इस हदीस के अलावा नहीं जानता के उस ने कोई और हदीस भी रिवायत की हो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 386 ح 9002) و الترمذى (723) و ابوداؤد (23962397) و ابن ماجه (1672) و الدارمى (2 / 10 ح 1721) و البخارى (الصوم باب اذا جامع فى رمضان 29 قبل ح 1935 ، تعليقاً) * ابو المطوس لين الحديث و ابوه مجهول

٢٠١٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَمْ مِنْ صَائِمٍ لَيْسَ لَهُ مِنْ صِيَامِهِ إِلَّا الظَّمَأُ وَكَمْ مِنْ قَائِمٍ لَيْسَ لَهُ من قِيَامه إِلَّا السهر» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2014. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कितने ही रोज़दार है जिन्हें अपने रोज़े से सिर्फ प्यास हासिल होती है और कितने ही कयाम करने वाले हैं जिन्हें अपने कयाम से जागने के सिवा कुछ हासिल नहीं होता"| दरमि और लकिट बिन सबीर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस वुज़ू की सुन्नत में बयान की गई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمى (2 / 301 ح 2723) 0 حديث لقيط بن صبرة تقدم (405)

• بَاب تَنْزِيه الصَّوْم
उन कामो का बयान जिन से रोज़े की हालत में बचना चाहिए

• الْفَصْل الثَّالِث
तीसरी फस्ल

٢٠١٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاثٌ لَا يُفْطِرْنَ ص:٦٢ الصَّائِمَ الْحِجَامَةُ وَالْقَيْءُ وَالِاحْتِلَامُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَيْرُ مَحْفُوظٍ وَعَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ زيد الرَّاوِي يضعف فِي الحَدِيث

2015. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तीन चीज़े रोज़ा नहीं तोड़ती, पछने, कै और इहतिलाम"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस महफूज़ नहीं, अब्दुल रहमान बिन ज़ैद रावी हदीस में जईफ है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (719) * عبد الرحمن بن زيد بن اسلم ضعيف جدًا عن ابيه و للحديث شواهد ضعيفة

٢٠١٦ - (صَحِيح) وَعَنْ ثَابِتٍ الْبُنَانِيِّ قَالَ: سُئِلَ أَنَسُ بْنُ مَالِكٍ: كُنْتُمْ تَكْرَهُونَ الْحِجَامَةَ لِلصَّائِمِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى

اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: لَا إِلَّا مِنْ أَجْلِ الضَّعْفِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2016. साबित बुनानी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया गया तुम रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में रोज़दार के पछने (हिजामा) लगाने को ना पसंद किया करते थे, उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, सिर्फ कमज़ोरी के पेश नज़र| (बुखारी)

رواه البخارى (1940)

٢٠١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبُخَارِيِّ تَعْلِيقًا قَالَ: كَانَ ابْنُ عُمَرَ يَحْتَجِمُ وَهُوَ صَائِمٌ ثُمَّ تَرَكَهُ فَكَانَ يَحْتَجِمُ بِاللَّيْلِ

2017. इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह से मुअल्लक रिवायत है उन्होंने कहा: इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा रोज़ा की हालत में पछने (हिजामा) लगाया करते थे, फिर इसे तर्क कर दिया, फिर आप रात के वक़्त पछने (हिजामा) लगवाते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (الصوم باب : 32 قبل ح 1938)

٢٠١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَطاء قَالَ: إِن مضمض ثُمَّ أَفْرَغَ مَا فِي فِيهِ مِنَ الْمَاءِ لَا يضيره أَنْ يَزْدَرِدَ رِيقَهُ وَمَا بَقِيَ فِي فِيهِ وَلَا يَمْضُغُ الْعِلْكَ فَإِنِ ازْدَرَدَ رِيقَ الْعِلْكَ لَا أَقُولُ: إِنَّهُ يُفْطِرُ وَلَكِنْ يُنْهَى عَنْهُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ فِي تَرْجَمَةِ بَابٍ

2018. अता रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अगर कुल्ली करे फिर मुंह के पानी को गिरा दे तो फिर अगर वह अपना थूक और जो पानी उस के मुंह में बाकी रह गया था निगल ले तो उस के लिए मुज़िर नहीं, अलबत्ता वह गोंद न चबाए अगर वह गोंद का लुआब निगल ले तो मैं नहीं कहता के वह रोज़ा तोड़ लेगा, लेकिन इसे उस से रोका जाएगा"| इमाम बुखारी ने इसे तर्जुमतुल बाब में रिवायत किया है| (बुखारी)

رواه البخارى (الصوم باب : 28 بعد ح 1934)

मुसाफिर के रोज़े का बयान • بَاب صَوْم الْمُسَافِر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٠١٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: إِنَّ حَمْزَةَ بْنَ عَمْرٍو الْأَسْلَمِيَّ قَالَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَصُومُ فِي السَّفَرِ وَكَانَ كَثِيرَ الصِّيَامِ. فَقَالَ: «إِنْ شِئْتَ فَصم وَإِن شِئْت فَأفْطر»

2019. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कि हम्ज़ा बिन अम्र असलमी रदियल्लाहु अन्हु बहोत ज़्यादा रोज़े रखा करते थे, उन्होंने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, क्या मैं दौरान ए सफ़र रोज़ा रख लिया करू, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम चाहो तो रोज़ा रखो और अगर तुम चाहो तो न रखो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1943) و مسلم (103 / 1121)(2625)

٢٠٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَسِتَّ عَشْرَةَ مَضَتْ مِنْ شَهْرِ رَمَضَانَ فَمِنَّا مَنْ صَامَ وَمِنَّا مَنْ أَفْطَرَ فَلَمْ يَعِبِ الصَّائِمُ عَلَى الْمُفْطِرِ وَلَا الْمُفْطِرُ عَلَى الصَّائِمِ. رَوَاهُ مُسلم

2020. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने सोलह रमज़ान को रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में जिहाद किया, हम में से कुछ ने रोज़ा रखा हुआ था और कुछ ने रोज़ा नहीं रखा हुआ था ,रोज़दार ने रोज़ा न रखने वाले को मायूब समझा न इफ्तार करने वाले ने रोज़दार को मायूब समझा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (93 / 1116)، (2615)

٢٠٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَرَأَى زِحَامًا وَرَجُلًا قَدْ ظُلِّلَ عَلَيْهِ فَقَالَ: «مَا هَذَا؟» قَالُوا: صَائِمٌ. فَقَالَ: «لَيْسَ مِنَ الْبِرِّ الصَّوْمُ فِي السَّفَرِ»

2021. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र में थे की आप ने हुजूम और एक आदमी देखा, जिस पर साया किया हुआ है, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे क्या हुआ ?” सहाबा ने अर्ज़ किया, रोज़दार है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सफ़र में रोज़ा रखना कोई नेकी नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1946) و مسلم (92 / 1115)، (2612)

٢٠٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كُنَّا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي السَّفَرِ فَمِنَّا الصَّائِمُ وَمِنَّا الْمُفْطِرُ فَنَزَلْنَا مَنْزِلًا فِي وم حَارٍّ فَسَقَطَ الصَّوَّامُونَ وَقَامَ الْمُفْطِرُونَ فَضَرَبُوا الْأَبْنِيَةَ وَسَقَوُا الرِّكَابَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَهَبَ الْمُفْطِرُونَ ص:٦٢ الْيَوْمَ بِالْأَجْرِ»

2022. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के साथ शरीक ए सफ़र थे, हम में से कुछ रोज़े से थे और कुछ ने रोज़ा नहीं रखा हुआ था, एक सख्त गरम दिन में हमने एक जगह पड़ाव डाला तो रोजादार तो निढाल हो कर गिर पड़े, जबकि जिन लोगों ने रोज़ा नहीं रखा हुआ था वह खड़े हुए और उन्होंने खैमे लगाए और सवारियों को पानी पिलाया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज रोज़ा न रखने वाले अज़र ले गए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2890) و مسلم (100 / 1119)، (2622)

٢٠٢٣ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ الْمَدِينَةِ إِلَى مَكَّةَ فَصَامَ حَتَّى بَلَغَ عُسْفَانَ ثُمَّ دَعَا بِمَاءٍ فَرَفَعَهُ إِلَى يَدِهِ لِيَرَاهُ النَّاسُ فَأَفْطَرَ حَتَّى قَدِمَ مَكَّةَ وَذَلِكَ فِي رَمَضَانَ. فَكَانَ ابْنُ عَبَّاسٍ يَقُولُ: قَدْ صَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَفْطَرَ. فَمن شَاءَ صَامَ وَمن شَاءَ أفطر "

2023. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मदीना से मक्का के लिए रवाना हुए तो आप ने रोज़ा रखा हत्ता कि आप मक़ाम उस्फान पर पहुंचे तो आप ने पानी मंगवाया और इसे हाथ से बुलंद किया ताकि लोगों से देख लें, पस आप ने रोज़ा इफ्तार कर लिया हत्ता कि आप मक्का पहुँच गए और यह रमज़ान का वाकिए है, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा फ़रमाया करते थे रसूलुल्लाह ﷺ ने दौरान ए सफ़र रोज़ा रखा भी है और इफ्तार भी किया है, जो चाहे रोज़ा रखे और जो चाहे न रखे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1948) و مسلم (88 / 1113)، (2604)

٢٠٢٤ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَة لمُسلم عَن جَابر رَضِي الله عَنهُ أَنه شرب بعد الْعَصْر

2024. सहीह मुस्लिम में जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है की आप ने असर के बाद पानी पिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (91 / 1114)، (2611)

मुसाफिर के रोज़े का बयान • بَاب صَوْم الْمُسَافِرِ

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٠٢٥ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ الْكَعْبِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن اللَّهَ وَضَعَ عَنِ الْمُسَافِرِ شَطْرَ الصَّلَاةِ وَالصَّوْمَ عَنِ الْمُسَافِرِ وَعَنِ الْمُرْضِعِ وَالْحُبْلَى» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

2025. अनस बिन मालिक काबी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने मुसाफिर से आधी नमाज़ साकित फरमा दी, जबकि मुसाफ़िर, दूध पिलाने वाली और हामिला खातून से रोज़ा साकित फरमा दिया"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2408) و الترمذى (715 وقال : حسن) و النسائى (4 / 180 ح 2276) و ابن ماجه (1667)

٢٠٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْمُحَبَّقِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ لَهُ حَمُولَةٌ تَأْوِي إِلَى شِبْعٍ فَلْيَصُمْ رَمَضَانَ من حَيْثُ أدْركهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2026. सलमा बिन मुहब्बक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स के पास सवारी हो जो शक्म सीरी के मक़ाम पर इसे पहुंचा दे वह रोज़े रखे जहाँ भी वह रमज़ान को पा ले"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (24102411) * عبد الصمد بن حبيب ضعيف ضعفه الجمهور و حبيب بن عبدالله : مجهول

मुसाफिर के रोज़े का बयान • بَاب صَوْم الْمُسَافِر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٠٢٧ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ عَامَ الْفَتْحِ إِلَى مَكَّةَ فِي رَمَضَانَ فَصَامَ حَتَّى بَلَغَ كُرَاعَ الْغَمِيمِ فَصَامَ النَّاسُ ثُمَّ دَعَا بِقَدَحٍ مِنْ مَاءٍ فَرَفَعَهُ حَتَّى نَظَرَ النَّاسُ إِلَيْهِ ثُمَّ شَرِبَ فَقِيلَ لَهُ بَعْدَ ذَلِكَ إِنَّ بَعْضَ النَّاسِ قَدْ صَامَ. فَقَالَ: «أُولَئِكَ الْعُصَاةُ أُولَئِكَ الْعُصَاةُ» . رَوَاهُ مُسلم

2027. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ फतह मक्का के साल रमज़ान में मक्का के लिए रवाना हुए तो आप ने रोज़ा रखा, हत्ता कि आप मक़ाम कुराअ अल गमिम पर पहुंचे, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने भी रोज़ा रखा हुआ था, फिर आप ने पानी का प्याला मंगाया, इसे बुलंद किया हत्ता कि सहाबा किराम ने इसे देख लिया, फिर आप ने इसे नोश फ़रमाया उस के बाद आप को बताया गया के बाज़ लोगों ने रोज़ा रखा हुआ है, अभी तक इफ्तार नहीं किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो नाफरमान है वह नाफरमान हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (90 / 1114)، (2610)

٢٠٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَائِمُ رَمَضَانَ فِي السَّفَرِ كَالْمُفْطِرِ فِي الْحَضَرِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2028. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "दौरान ए सफ़र रमज़ान का रोज़ा रखने वाला हालत कयाम में रोज़ा न रखने वाले की तरह है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1666) * ابو سلمة لم يسمع من ابيه كما قال على بن المدينى و احمد و ابن معين و غيرهم فالسند منقطع

٢٠٢٩ - (صَحِيح) وَعَن حَمْزَة بن عَمْرو السّلمِيّ أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَجِدُ بِي قُوَّةً عَلَى الصِّيَامِ فِي السَّفَرِ فَهَلْ عَلَيَّ جُنَاحٌ؟ قَالَ: «هِيَ رُخْصَةٌ مِنَ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ فَمَنْ أَخَذَ بِهَا فَحَسَنٌ وَمَنْ أَحَبَّ أَنْ يَصُومَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسلم

2029. हम्ज़ा बिन अम्र असलमी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में

दौरान ए सफ़र रोज़ा रखने की कुव्वत रखता हूँ तो क्या दौरान ए सफ़र रोज़ा रखने पर मुझे गुनाह होगा, आप ﷺ ने फ़रमाया:" वह अल्लाह अज्ज़वजल की तरफ से एक रुखसत है, जिस ने इसे ले लिया तो उस ने अच्छा किया और जो शख़्स रोज़ा रखना चाहे तो उस पर कोई गुनाह नहीं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (107 / 1121)، (2629)

• بَاب الْقَضَاء
क़ज़ा रोज़ो का बयान

• الْفَصْل الأول
पहली फस्ल

٢٠٣٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ يَكُونُ عَلَيَّ الصَّوْمُ مِنْ رَمَضَانَ فَمَا أَسْتَطِيعُ أَنْ أَقْضِيَ إِلَّا فِي شَعْبَانَ. قَالَ يَحْيَى بْنُ سَعِيدٍ: تَعْنِي الشّغل من النَّبِي أَو بِالنَّبِيِّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم

2030. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मुझ पर रमज़ान के रोज़े होते तो मैं सिर्फ शाबान मैं इन की कज़ा दे सकती थी, याह्या बिन सईद बयान करते हैं, उनकी मुराद यह है कि कज़ा में ताखीर नबी ﷺ की मशगुलियत की वजह से थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1950) و مسلم (151 / 1146)، (2687)

٢٠٣١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ لِلْمَرْأَةِ أَنْ تَصُومَ وَزَوْجُهَا شَاهِدٌ إِلَّا بِإِذْنِهِ وَلَا تَأْذَنَ فِي بَيْتِهِ إِلَّا بِإِذْنِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

2031. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "किसी औरत के लिए अपने खाविंद के पास होते हुए उसकी इजाज़त के बगैर नफ्ली रोज़ा रखना जाईज़ नहीं और वह उसकी इजाज़त के बगैर किसी को उस के घर में आने की इजाज़त न दे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (84 / 1026)، (2370)

٢٠٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ مُعَاذَةَ الْعَدَوِيَّةِ أَنَّهَا قَالَتْ لِعَائِشَةَ: مَا بَالُ الْحَائِضِ تَقْضِي الصَّوْمَ وَلَا تَقْضِي الصَّلَاةَ؟ قَالَتْ عَائِشَةُ: كَانَ يُصِيبُنَا ذَلِكَ فَنُؤْمَرُ بِقَضَاءِ الصَّوْمِ وَلَا نُؤْمَرُ بِقَضَاءِ الصَّلَاةِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2032. मुआज़ अद्विय्या रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से अर्ज़ किया, हाइज़ा का क्या मुआमला है के वह रोज़ा की कज़ा देती है और नमाज़ की कज़ा नहीं देती, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: हम भी उस से दो चार होती थी तो हमें रोज़े की कज़ा का हुक्म दिया जाता था, जबकि नमाज़

की कज़ा का हुक्म नहीं दिया जाता था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (69 / 335)، (763)

٢٠٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَاتَ وَعَلَيْهِ صَوْمٌ صَامَ عَنْهُ وليه»

2033. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स फौत हो जाए और उस के ज़िम्मे रोज़े हो तो उसकी तरफ से उस का वारिस रोज़े रखेगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1952) و مسلم (153 / 1147)، (2692)

क़ज़ा रोज़ो का बयान • بَاب الْقَضَاء
दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٠٣٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ نَافِعٍ عَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ مَاتَ وَعَلَيْهِ صِيَامُ شَهْرِ رَمَضَانَ فَلْيُطْعَمْ عَنْهُ مَكَانَ كُلِّ يَوْمٍ مِسْكِينٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: وَالصَّحِيحُ أَنه مَوْقُوف على ابْن عمر

2034. नाफेअ रहिमहुल्लाह इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स फौत हो जाए और उस के ज़िम्मे माहे रमज़ान के रोज़े हो तो उसकी तरफ से हर रोज़े के बदले एक मिस्कीनो को खाना खिलाया जाए"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: दुरुस्त बात यह है कि यह अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा पर मौकूफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (718) * محمد بن عبد الرحمن بن ابى ليلى : ضعيف مشهور

क़ज़ा रोज़ो का बयान • بَاب الْقَضَاء
तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٠٣٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مَالِكٍ بَلَغَهُ أَنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ يُسْأَلُ: هَلْ يَصُومُ أَحَدٌ عَنْ أَحَدٍ أَوْ يُصَلِّي أَحَدٌ عَنْ أَحَدٍ؟ فَيَقُولُ: لَا يَصُومُ أَحَدٌ عَنْ أَحَدٍ. وَلَا يُصَلِّي أَحَدٌ عَنْ أحد. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ

2035. इमाम मालिक रहिमहुल्लाह फरमाते हैं उन्हें यह खबर पहुंची है के इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से

मसअला दरियाफ्त किया गया था, क्या कोई शख़्स किसी दूसरे की तरफ से रोज़ा रख सकता है, या कोई किसी दूसरे शख़्स की तरफ से नमाज़ पढ़ सकता है, उन्होंने ने फ़रमाया: "कोई किसी की तरफ से रोज़ा रख सकता है न कोई किसी की तरफ से नमाज़ पढ़ सकता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک (1 / 303 ح 681) * هذا منقطع ، من البلاغات و روى البيهقى (4 / 254) بسند صحيح عن ابن عمر قال :'' لا يصوم احد عن احد و لكن تصدقوا عند من ماله للصوم لكل يوم مسكينًا '' و صححه البيهقى

नफ्ल रोज़ो का बयान • باب صيام التطوع

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٠٣٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ حَتَّى نَقُولَ: لَا يُفْطِرُ وَيُفْطِرُ حَتَّى نَقُولَ: لَا يَصُومُ وَمَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اسْتكْمل صِيَام شهر قطّ إِلَّا رَمَضَانَ وَمَا رَأَيْتُهُ فِي شَهْرٍ أَكْثَرَ مِنْهُ صِيَامًا فِي شَعْبَانَ»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَتْ: كَانَ يَصُوم شعْبَان كُله وَكن يَصُوم شعْبَان إِلَّا قَلِيلا

2036. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नफ्ली रोज़े मुसलसल रखते रहते हत्ता कि हम कहती के आप रोज़ा रखना तर्क नहीं करेंगे और आप रोज़ा रखना तर्क फरमा देते हत्ता कि हम कहती के आप रोज़ा नहीं रखेंगे, और मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को माहे रमज़ान के सिवा किसी और महीने के मुकम्मल रोज़े रखते हुए नहीं देखा, और मैंने आप को शाबान के अलावा किसी और माह में ज़्यादा रोज़े रखते हुए नहीं देखा| एक दूसरी रिवायत में है आप बयान करती हैं, आप ﷺ पूरा शाबान रोज़े रखा करते थे और आप शाबान में ज़्यादा रोज़े रखा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1969) و مسلم (175176 / 1156)، (2717 و 2721)

٢٠٣٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ شَقِيقٍ قَالَ: قُلْتُ لِعَائِشَةَ: أَكَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُوم شهرا كُله؟ قَالَ: مَا عَلِمْتُهُ صَامَ شَهْرًا كُلَّهُ إِلَّا رَمَضَانَ وَلَا أَفْطَرَهُ كُلَّهُ حَتَّى يَصُومَ مِنْهُ حَتَّى مضى لسبيله. رَوَاهُ مُسلم

2037. अब्दुल्लाह बिन शकिक बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से कहा क्या नबी ﷺ पूरा महीने रोज़े रखा करते थे, उन्होंने ने फ़रमाया: में आप के बारे में नहीं जानती के आप ने रमज़ान के अलावा किसी माह के पुरे रोज़े रखे हो, और ऐसे भी नहीं के आप ने किसी माह में कोई रोज़ा न रखा हो बल्कि आप हर माह कुछ रोज़े रखते थे हत्ता कि आप वफात पा गए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (173 / 1156)، (2718)

٢٠٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ سَأَلَهُ أَوْ سَأَلَ رَجُلًا وَعِمْرَانُ يَسْمَعُ فَقَالَ: «يَا أَبَا فُلَانٍ أَمَا صُمْتَ مِنْ سَرَرِ شَعْبَانَ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَإِذَا أَفْطَرْتَ فَصُمْ يَوْمَيْنِ»

2038. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने इस (यानी मुझ) से या किसी आदमी से दरियाफ्त किया जबकि इमरान सुन रहा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू फलां क्या तुम ने शाबान के आख़िर के रोज़े नहीं रखे? उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम (रमज़ान के) रोज़े रखना छोड़ दो तो फिर दो दिन के रोज़े रख लेना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1983) و مسلم (199 / 1161)، (2751)

٢٠٣٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الصِّيَامِ ص:٦٣ بَعْدَ رَمَضَانَ شَهْرُ اللَّهِ الْمُحَرَّمِ وَأَفْضَلُ الصَّلَاةِ بَعْدَ الْفَرِيضَةِ صَلَاةُ اللَّيْلِ» . رَوَاهُ مُسلم

2039. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रमज़ान के बाद अल्लाह के महीने मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) का रोज़ा बेहतरीन रोज़ा है और फ़र्ज़ नमाज़ के बाद रात की नमाज़ यानी तहज्जुद बेहतरीन नमाज़ है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (202 / 1163)، (2755)

٢٠٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: مَا رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَحَرَّى صِيَامَ يَوْمٍ فَضَّلَهُ عَلَى غَيْرِهِ إِلَّا هَذَا الْيَوْمَ: يَوْمَ عَاشُورَاءَ وَهَذَا الشَّهْرُ يَعْنِي شَهْرَ رَمَضَان

2040. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को इस दिन यौम ए आशुराह और इस माह यानी माहे रमज़ान के रोज़ो के सिवा किसी और दिन और किसी और माह के रोज़े का इह्तेमाम करते हुए नहीं देखा और आप ने इस (आशुरा के) दिन को बाकी अय्याम पर फ़ज़ीलत दी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2006) و مسلم (131 / 1132)، (2662)

٢٠٤١ - (صَحِيح) وَعَن ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: حِينَ صَامَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ عَاشُورَاءَ وَأَمَرَ بِصِيَامِهِ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ يَوْمٌ يُعَظِّمُهُ الْيَهُودُ وَالنَّصَارَى. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَئِنْ بَقِيتُ إِلَى قَابِلٍ لأصومن التَّاسِع» . رَوَاهُ مُسلم

2041. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने आशुराह का रोज़ा रखने का हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह तो वह दिन है के यहूद व नसारा उसकी ताज़ीम करते हैं,

तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर में आइन्दा साल तक जिंदा रहा तो मैं नववी मुहर्रम का भी रोज़ा रखूँगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (133134 / 1134)، (2666)

٢٠٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ الْفَضْلِ بِنْتِ الْحَارِثِ: أَنَّ نَاسًا تَمَارَوْا عِنْدَهَا يَوْمَ عَرَفَةَ فِي صِيَامِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ بَعْضُهُمْ: هُوَ صَائِمٌ وَقَالَ بَعْضُهُمْ: لَيْسَ بِصَائِمٍ فَأَرْسَلْتُ إِلَيْهِ بقدح لبن وَهُوَ وَاقِف عل بعيره بِعَرَفَة فشربه

2042. उम्म फ़ज़ल बिन्ते हारिस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के कुछ लोगों ने अरफा के दिन उन के वहां रसूलुल्लाह ﷺ के रोज़े के बारे में इख्तिलाफ किया, तो कुछ ने कहा आप रोज़े से हैं और कुछ ने कहा के आप रोज़े से नहीं है, मैंने दूध का प्याला आप की खिदमत में भेजा आप मैदान ए अरफात में अपने ऊंट पर सवार थे तो आप ने इसे नोश फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1988) و مسلم (110 / 1123)، (2632)

٢٠٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: مَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَائِما فِي الْعشْر قطّ. رَوَاهُ مُسلم

2043. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को (ज़िल हिज्जा के) अशरा में कभी रोज़े से नहीं देखा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 1176)، (2789)

٢٠٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ: أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ كَيْفَ تَصُومُ فَغَضِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ قَوْله. فَلَمَّا رأى عمر رَضِي الله عَنْهُم غَضَبَهُ قَالَ رَضِينَا بِاللَّهِ رَبًّا وَبِالْإِسْلَامِ دِينًا وَبِمُحَمَّدٍ نَبِيًّا نَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ غَضَبِ اللَّهِ وَغَضب رَسُوله فَجعل عمر رَضِي الله عَنْهُم يُرَدِّدُ هَذَا الْكَلَامَ حَتَّى سَكَنَ غَضَبُهُ فَقَالَ عمر يَا رَسُول الله كَيفَ بِمن يَصُومُ الدَّهْرَ كُلَّهُ قَالَ: «لَا صَامَ وَلَا أَفْطَرَ» . أَوْ قَالَ: «لَمْ يَصُمْ وَلَمْ يُفْطِرْ» . قَالَ كَيْفَ مَنْ يَصُومُ يَوْمَيْنِ وَيُفْطِرُ يَوْمًا قَالَ: «وَيُطِيقُ ص:٦٣ ذَلِكَ أَحَدٌ» . قَالَ كَيْفَ مَنْ يَصُوم يَوْمًا وَيفْطر يَوْمًا قَالَ: «ذَاك صَوْم دَاوُد عَلَيْهِ السَّلَام» قَالَ كَيْفَ مَنْ يَصُومُ يَوْمًا وَيُفْطِرُ يَوْمَيْنِ قَالَ: «وَدِدْتُ أَنِّي طُوِّقْتُ ذَلِكَ» . ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاث مِنْ كُلِّ شَهْرٍ وَرَمَضَانُ إِلَى رَمَضَانَ فَهَذَا صِيَامُ الدَّهْرِ كُلِّهِ صِيَامُ يَوْمِ عَرَفَةَ أَحْتَسِبُ عَلَى اللَّهِ أَنْ يُكَفِّرَ السَّنَةَ الَّتِي قَبْلَهُ وَالسَّنَةَ الَّتِي بَعْدَهُ وَصِيَامُ يَوْمِ عَاشُورَاءَ أَحْتَسِبُ عَلَى اللَّهِ أَنْ يُكَفِّرَ السَّنَةَ الَّتِي قَبْلَهُ» . رَوَاهُ مُسلم

2044. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने दरियाफ्त किया आप रोज़ा कैसे रखते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ उसकी बात से नाराज़ हुए, जब उमर रदियल्लाहु अन्हु ने आप की नाराज़ी देखी तो कहा, हम अल्लाह के रब होने, इस्लाम के दीन होने और मुहम्मद ﷺ के नबी

होने पर राज़ी हैं, हम अल्लाह और उस के रसूल ﷺ की नाराज़ी से अल्लाह की पनाह चाहते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु बार बार यह बात दोहराते रहे, हत्ता कि आप ﷺ का गुस्से जाता रहा तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स की क्या हालत है जो हमेशा रोज़े रखता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस ने रोज़ा रखा न इफ्तार किया", फिर उन्होंने अर्ज़ किया, इस शख़्स का क्या हाल है जो दो दिन रोज़ा रखता है और एक दिन नहीं रखता, आप ﷺ ने फ़रमाया: "कोई उसकी ताकत रखता है" फिर उन्होंने अर्ज़ किया, उस का क्या हाल है जो एक दिन रोज़ा रखता है और एक दिन नहीं रखता, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये तो दाउद (अ) का रोज़ा है" और फिर उन्होंने अर्ज़ किया, इस शख़्स का क्या हाल है जो एक दिन रोज़ा रखता है और दो दिन नहीं रखता, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं चाहता हूँ कि मुझे उसकी ताकत मिल जाए, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर माह (अय्यामे बिज के) तीन रोज़े और रमज़ान के रोज़े रखना यह हमेशा रोज़ा रखने के बराबर है, जबकि यौम ए अरफा (9 ज़िल हिज्जा) के रोज़े के बारे में अल्लाह से उम्मीद करता हूँ कि वह पिछले और आइन्दा साल के गुनाह मिटा देगा और यौम ए आशुराह के रोज़ा के बारे में में अल्लाह से उम्मीद करता हूँ कि वह पिछले साल के गुनाह मिटा देगा"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (196 / 1162)، (2746)

٢٠٤٥ - (صَحِيح) وَعَن أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ صَوْمِ الِاثْنَيْنِ فَقَالَ: «فِيهِ وُلِدْتُ وَفِيهِ أُنْزِلَ عَلَيَّ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2045. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से पीर के रोज़ा के बारे में दरियाफ्त किया गया तो आप ने फ़रमाया: "यही मेरा यौम ए पैदाइश है और हमें यौम ए नबूवत यानी इसी रोज़ मुझ पर वही नाज़िल की गई"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (198 / 1162)، (2750)

٢٠٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ مُعَاذَةَ الْعَدَوِيَّةِ أَنَّهَا سَأَلَتْ عَائِشَةَ: أَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ مِنْ كُلِّ شَهْرٍ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ؟ قَالَتْ: نَعَمْ فَقُلْتُ لَهَا: مِنْ أَيِّ أَيَّامِ الشَّهْرِ كَانَ يَصُومُ؟ قَالَتْ: لَمْ يَكُنْ يُبَالِي مِنْ أَيِّ أَيَّام الشَّهْر يَصُوم. رَوَاهُ مُسلم

2046. मुआज़ अद्विय्या रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरियाफ्त किया क्या रसूलुल्लाह ﷺ हर माह तीन दिन रोज़ा रखा करते थे, उन्होंने ने फ़रमाया: हां, फिर मैंने उन से पूछा आप महीने के कौन से अय्याम रोज़ा रखा करते थे, उन्होंने ने फ़रमाया: आप इस बात की परवाह नहीं किया करते थे की आप महीने के किन अय्याम में रोज़ा रखेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (194 / 1160)، (2744)

٢٠٤٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي أَيُّوبَ الْأَنْصَارِيِّ أَنَّهُ حَدَّثَهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ صَامَ رَمَضَانَ ثُمَّ أَتْبَعَهُ سِتًّا مِنْ شَوَّال كَانَ كصيام الدَّهْر» . رَوَاهُ مُسلم

2047. अबू अय्यूब अंसारी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स रमज़ान के रोज़े रखे, फिर उस के बाद शव्वाल के छे रोज़े रखा तो गोया उस ने ज़माने भर के मुसलसल रोज़े रखे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (204 / 1164)، (2758)

٢٠٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ صَوْمِ يَوْمِ الْفِطْرِ وَالنَّحْرِ

2048. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ईद उल फ़ित्र और ईद उल अदहा के दिन रोज़ा रखने से मना फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1991) و مسلم (141 / 827)، (2674)

٢٠٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا صَوْم فِي يَوْمَيْنِ: الْفطر وَالضُّحَى "

2049. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ईद उल फ़ित्र और ईद उल अदहा के दो अय्याम में रोज़ा रखना जाईज़ नहीं"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1197) و مسلم (140 / 827)، (2673)

٢٠٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ نُبَيْشَةَ الْهُذَلِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيَّامُ التَّشْرِيقِ أَيَّامُ أكل وَشرب وَذكر الله» . رَوَاهُ مُسلم

2050. नुबैशा अल हुज़ली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अय्याम तशरिक (11 12 13 ज़िल हिज्जा) खाने पीने और अल्लाह का ज़िक्र करने के दिन है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (144 / 1141)، (2677)

٢٠٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَصُومُ أَحَدُكُمْ يَوْمَ الْجُمُعَةِ إِلَّا أَن يَصُوم قبله أَو يَصُوم بعده»

2051. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई सिर्फ जुमा के दिन रोज़ा न रखे, इल्ला यह कि वह उस से पहले या उस के बाद रोज़ा रखे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1985) و مسلم (147 / 1144)، (2683)

٢٠٥٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَخْتَصُّوا لَيْلَةَ الْجُمُعَةِ بِقِيَامٍ مِنْ بَيْنِ اللَّيَالِي وَلَا تَخْتَصُّوا يَوْمَ الْجُمُعَةِ بِصِيَامٍ مِنْ بَيْنِ الْأَيَّامِ إِلَّا أَنْ يَكُونَ فِي صَوْمٍ يَصُومهُ أحدكُم» . رَوَاهُ مُسلم

2052. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम रातो में से सिर्फ शबे जुमा को कयाम के लिए खास करो न दिनों में से जुमा के दिन को रोज़ा के लिए खास करो, इल्ला यह कि वह जुमा का दिन तुम में से किसी के रोज़ा रखने के अय्याम में जाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (148 / 1144)، (2684)

٢٠٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَامَ يَوْمًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ بَعَّدَ اللَّهُ وَجْهَهُ عَنِ النَّارِ سَبْعِينَ خَرِيفًا»

2053. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स दौरान ए जिहाद एक दिन रोज़ा रखता है तो अल्लाह इस शख़्स को सत्तर साल की मुसाफ़त के बराबर जहन्नम से दूर कर देता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2840) و مسلم (168 / 1153)، (2711)

٢٠٥٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَبْدَ اللَّهِ أَلَمْ أُخْبَرْ أَنَّكَ تَصُومُ النَّهَارَ وَتَقُومُ اللَّيْلَ؟» فَقُلْتُ: بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ. قَالَ: «فَلَا تَفْعَلْ صُمْ وَأَفْطِرْ وَقُمْ وَنَمْ فَإِنَّ لِجَسَدِكَ عَلَيْكَ حَقًّا وَإِنَّ لِعَيْنِكَ عَلَيْكَ حَقًّا وَإِنَّ لِزَوْجِكَ عَلَيْكَ حَقًّا وَإِنَّ لِزَوْرِكَ عَلَيْكَ حَقًّا. لَا صَامَ مَنْ صَامَ الدَّهْرَ. صَوْمُ ثَلَاثَةِ أَيَّامٍ مِنْ كُلِّ شَهْرٍ صَوْمُ الدَّهْرِ كُلِّهِ. صُمْ كُلَّ شَهْرٍ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَاقْرَأِ الْقُرْآنَ فِي كُلِّ شَهْرٍ» . قُلْتُ: إِنِّي أُطِيقُ أَكْثَرَ مِنْ ذَلِكَ. قَالَ: " صُمْ أَفْضَلَ الصَّوْمِ صَوْمَ دَاوُدَ: صِيَامُ يَوْمٍ وَإِفْطَارُ يَوْمٍ. وَاقْرَأْ فِي كُلِّ سَبْعِ لَيَالٍ مَرَّةً وَلَا تَزِدْ عَلَى ذَلِكَ "

2054. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अब्दुल्लाह मुझे बताया गया है के तुम दिन को रोज़ा रखते हो और रात को कयाम करते हो” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! अल्लाह के रसूल, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसे न किया कर रोज़ा रखा कर और कभी न भी रखा कर, रात को कयाम भी किया कर और सोया भी कर, क्योंकि तेरे जिस्म का तुझ पर हक़ है, तेरी आँख का तुझ पर हक़ है, तेरी अहलिया का तुझ पर हक़ है और तेरे महमान का तुझ पर हक़ है, मुसलसल रोज़े रखने वाले का कोई रोज़ा नहीं, हर माह तीन दिन रोज़े रखना ज़माने भर के रोज़े रखने के बराबर है, हर महीने तीन रोज़े रखा कर और

हर माह कुरान मजीद मुकम्मल किया कर", मैंने अर्ज़ किया: में उस से ज़्यादा की ताकत रखता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बेहतरीन रोज़े रख, दाउद (अ) के रोज़े एक दिन रोज़ा और एक दिन इफ्तार, सात दिन में कुरान मजीद मुकम्मल कर और उस पर इज़ाफा न कर"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1975) و مسلم (181182 ، 187 ، 193 / 1159)، (2730 و 2743)

नफ्ल रोज़ो का बयान • باب صيام التطوع

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٠٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيس. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2055. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ पीर और जुमेरात के दिन रोज़ा रखा करते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (745 وقال : حسن غريب) و النسائى (4 / 203 ح 2363)

٢٠٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تُعْرَضُ الْأَعْمَالُ يَوْمَ الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيسِ فَأُحِبُّ أَنْ يُعْرَضَ عَمَلِي وَأَنَا صَائِمٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

2056. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "पीर और जुमेरात के रोज़ आमाल पेश किए जाते हैं लिहाज़ा में पसंद करता हूँ कि मेरा अमल इस हाल में पेश किया जाए की मैं रोज़े से होऊँ"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (747 حسن غريب) [و اصله عند مسلم : 2565، (2747)]

٢٠٥٧ - وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا ذَرٍّ إِذَا صُمْتَ مِنَ الشَّهْرِ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَصُمْ ثَلَاثَ عَشْرَةَ وَأَرْبَعَ عَشْرَةَ وَخَمْسَ عَشْرَةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2057. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ए अबू ज़र जब तुम महीने में तीन रोज़े रखो तो तेरह चौदाह और पन्द्रह का रोज़ा रखो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (761 وقال : حسن) و النسائى (4 / 222 ح 2425) [و صححه ابن خزيمة (2128) و ابن حبان (943944)]

٢٠٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ مِنْ غُرَّةِ كُلِّ شَهْرٍ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَقَلَّمَا كَانَ يفْطر يَوْم الْجُمُعَةَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ إِلَى ثَلَاثَة أَيَّام

2120. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना ،” कुरान पढ़ा करो क्योंकि वह रोज़ ए कियामत अपने पढ़ने वालो के लिए सिफारिशी बनकर आएगा, सुरह बकरह और सुरह आले इमरान दो चमकती हुई रोशन सूरतो को पढ़ो, क्योंकि वह कियामत के दिन इस हाल में आएगी, गोया के वह दो बादल है या दो साइबान है या परिंदों के गोल है, जो सफे बांधे हुए अपने पढ़ने वालो के हक़ में बहस व मुबाहसा करेंगे, सुरह बकरह पढ़ा करो, क्योंकि इसे हासिल कर लेना बाईस ए बरकत और इसे तर्क कर देना बाईस हसरत है, और जादूगर इसे हासिल नहीं कर सकते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (252 / 804)، (1874)

٢١٢١ - (صَحِيح) وَعَن النواس بن سمْعَان قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يُؤْتَى بِالْقُرْآنِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَهْلِهِ الَّذِينَ كَانُوا يَعْمَلُونَ بِهِ تَقْدُمُهُ سُورَةُ الْبَقَرَةِ وَآلُ عِمْرَانَ كَأَنَّهُمَا غَمَامَتَانِ أَوْ ظُلَّتَانِ سَوْدَاوَانِ بَيْنَهُمَا شَرْقٌ أَوْ كَأَنَّهُمَا فِرْقَانِ مِنْ طَيْرٍ صَوَافَّ تحاجان عَن صَاحبهمَا» . رَوَاهُ مُسلم

2121. नव्वास बिन समआन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कुरान और उस पर अमल करने वालो को रोज़ ए कियामत लाया जाएगा, सुरह बकरह और सुरह आले इमरान इस कुरान की सूरतो के आगे होगी, गोया वह सियाह बादल है, या दो साइबान है उन के दरमियान रोशनी है या वह परिंदों के दो गोल है, जो सफे बांधे हुए अपने पढ़ने वालो की तरफ से झगड़ा करेगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (253 / 805)، (1876)

٢١٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا الْمُنْذِرِ أَتَدْرِي أَيُّ آيَةٍ مِنْ كِتَابِ اللَّهِ مَعَك أعظم؟» . قَالَ: قُلْتُ اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ قَالَ: «يَا أَبَا الْمُنْذِرِ أَتَدْرِي أَيُّ آيَةٍ مِنْ كِتَابِ اللَّهِ مَعَك أعظم؟» . قَالَ: قُلْتُ [ص:٦٥ (اللَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ الْحَيُّ القيوم)»» قَالَ فَضرب فِي صَدْرِي وَقَالَ: «وَالله لِيَهنك الْعلم أَبَا الْمُنْذر» . رَوَاهُ مُسلم

2122. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अबू मुन्ज़र क्या तुम जानते हो के तुम्हें कुरआन ए करीम की कौन सी सबसे अज़ीम आयत याद है” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फिर फ़रमाया: “अबू मुन्ज़र क्या तुम जानते हो के तुम्हें कुरआन ए करीम की कौन सी सबसे अज़ीम आयत याद है” मैंने अर्ज़ किया: (الله لا اله الا هو الحى القيوم) उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आप ﷺ ने मेरे सिने पर हाथ मारा और फ़रमाया: “अबू मुन्ज़र तुम्हें इल्म मुबारक हो”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (258 / 810)، (1885)

٢١٢٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: وَكَّلَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِحِفْظِ زَكَاةِ رَمَضَانَ فَأَتَانِي آتٍ فَجَعَلَ يَحْثُو من الطَّعَام فَأَخَذته وَقلت وَالله لَأَرْفَعَنَّكَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ إِنِّي مُحْتَاجٌ وَعَلَيَّ عِيَالٌ وَلِي حَاجَةٌ شَدِيدَةٌ قَالَ فَخَلَّيْتُ عَنْهُ فَأَصْبَحْتُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا هُرَيْرَة مَا فعل أسيرك البارحة» . قَالَ قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ شَكَا حَاجَةً شَدِيدَةً وَعِيَالًا فَرَحِمْتُهُ فَخَلَّيْتُ سَبِيلَهُ قَالَ: «أَمَا إِنَّهُ قَدْ كَذَبَكَ وَسَيَعُودُ» . فَعَرَفْتُ أَنَّهُ سَيَعُودُ لِقَوْلِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَّهُ سيعود» . فَرَصَدْتُهُ فَجَاءَ يَحْثُو مِنَ الطَّعَامِ فَأَخَذْتُهُ فَقُلْتُ: لَأَرْفَعَنَّكَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ دَعْنِي فَإِنِّي مُحْتَاجٌ وَعَلَيَّ عِيَالٌ لَا أَعُودُ فَرَحِمْتُهُ فَخَلَّيْتُ سَبِيلَهُ فَأَصْبَحْتُ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا هُرَيْرَةَ مَا فَعَلَ أَسِيرُكَ؟» قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ شَكَا حَاجَةً شَدِيدَةً وَعِيَالًا فَرَحِمْتُهُ فَخَلَّيْتُ سَبِيلَهُ قَالَ: «أَمَا إِنَّهُ قَدْ كَذبك وَسَيَعُودُ» . فرصدته الثَّالِثَة فَجَاءَ يَحْثُو مِنَ الطَّعَامِ فَأَخَذْتُهُ فَقُلْتُ لَأَرْفَعَنَّكَ إِلَى رَسُول الله وَهَذَا آخِرُ ثَلَاثِ مَرَّاتٍ إِنَّكَ تَزْعُمُ لَا تَعُودُ ثُمَّ تَعُودُ قَالَ دَعْنِي أُعَلِّمُكَ كَلِمَاتٍ ينفعك الله بهَا قلت مَا هُوَ قَالَ إِذَا أَوَيْتَ إِلَى فِرَاشِكَ فَاقْرَأْ آيَةَ الْكُرْسِيِّ (اللَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّومُ)»» حَتَّى تَخْتِمَ الْآيَةَ فَإِنَّكَ لَنْ يَزَالَ عَلَيْكَ من الله حَافظ وَلَا يقربنك شَيْطَانٌ حَتَّى تُصْبِحَ فَخَلَّيْتُ سَبِيلَهُ فَأَصْبَحْتُ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا فَعَلَ أَسِيرُكَ؟» قُلْتُ: زَعَمَ أَنَّهُ [ص:٦٥ يُعَلِّمُنِي كَلِمَات يَنْفَعنِي الله بهَا فخليت سبيلهقال النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «أما إِنَّه قد صدقك وَهُوَ كذوب تعلم من تخاطب مُنْذُ ثَلَاث لَيَال» . يَا أَبَا هُرَيْرَة قَالَ لَا قَالَ: «ذَاكَ شَيْطَان» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2123. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे सदका ए फितर की हिफाज़त करने पर मामूर फ़रमाया है पस एक शख़्स मेरे पास आया और गल्ले से लप भरने लगा, मैंने इसे पकड़ लिया और कहा में तुम है रसूलुल्लाह ﷺ के पास लेकर जाऊंगा, उस ने कहा में मुहताज हूँ मेरे बच्चे है और मैं बहोत ज़रूरत मंद हूँ, रावी बयान करते हैं, मैंने इसे छोड़ दिया सुबह हुई तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अबू हुरैरा गुज़िश्ता रात तेरे कैदी ने क्या किया ?” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उस ने सख्त ज़रूरत और बच्चो की शिकायत की तो मुझे उस पर रहम गया और मैंने इसे छोड़ दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ने तुम्हारे साथ गलत बयानी की और वह फिर आएगा”, मैंने जान लिया के रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान के मुताबिक वह फिर आएगा, लिहाज़ा में उसकी ताक में बैठ गया, वह आया और गल्ला भरने लगा तो मैंने इसे पकड़ लिया और मैंने कहा में तुम्हें ज़रूर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश करूँगा, उस ने कहा में ज़रूरत मंद और अयाल दार हूँ, मैं फिर नहीं आऊंगा मैंने उस पर तरस खाते हुए इसे छोड़ दिया, सुबह हुई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझ से पूछा: “अबू हुरैरा तुम्हारे कैदी का क्या हुआ ?” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उस ने सख्त ज़रूरत और बच्चो की शिकायत की तो मैंने उस पर रहम खाते हुए इसे छोड़ दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस ने तो तुम से गलत बयानी की और वह फिर आएगा”, मैंने जान लिया के रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान के मुताबिक वह ज़रूर आएगा में उसकी ताक में बैठ गया वह आया

और गल्ला भरने लगा तो मैंने इसे पकड़ लिया और कहा में तुम्हें ज़रूर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश करूँगा और यह तीसरी और आखिरी मर्तबा है, तुम कहते हो में फिर नहीं आऊंगा लेकिन फिर आ जाते हो, उस ने कहा मुझे छोड़ दो में तुम्हें चंद कलिमात सिखाऊंगा, जिन के ज़रिए अल्लाह तुम्हें फ़ायदा पहुंचाएगा, जब तुम सोने के लिए अपने बिस्तर पर आओ, मुकम्मल आयतुल कुर्सी पढ़ो इस तरह अल्लाह की तरफ से तुम पर एक मुहाफ़िज़ मुकर्रर हो जाएगा और शैतान तुम्हारे करीब नहीं आएगा, हत्ता कि सुबह हो जाएगी, मैंने इसे छोड़ दिया, सुबह हुई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "तुम्हारे कैदी ने क्या किया ?" मैंने अर्ज़ किया: उस ने कहा के वह मुझे चंद कलिमात सिखाएगा जिन के ज़रिए अल्लाह मुझे फ़ायदा पहुंचाएगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस ने तुम से सच कहा हालाँकि वह झूठा है, क्या तुम जानते हो की तुम तीन रोज़ से किसी के साथ बाते करते रहे हो", मैंने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो शैतान था"| (बुखारी)

رواه البخارى (2311)

٢١٢٤ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: بَيْنَمَا جِبْرِيلُ قَاعِدٌ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَمِعَ نَقِيضًا مِنْ فَوْقِهِ فَرَفَعَ رَأْسَهُ فَقَالَ: «هَذَا بَابٌ مِنَ السَّمَاءِ فُتِحَ الْيَوْمَ لَمْ يُفْتَحْ قَطُّ إِلَّا الْيَوْمَ فَنَزَلَ مِنْهُ مَلَكٌ فَقَالَ هَذَا مَلَكٌ نَزَلَ إِلَى الْأَرْضِ لَمْ يَنْزِلْ قَطُّ إِلَّا الْيَوْمَ فَسَلَّمَ وَقَالَ أَبْشِرْ بِنُورَيْنِ أُوتِيتَهُمَا لَمْ يُؤْتَهُمَا نَبِيٌّ قَبْلَكَ فَاتِحَةُ الْكِتَابِ وَخَوَاتِيمُ سُورَةِ الْبَقَرَةِ لَنْ تَقْرَأَ بِحَرْفٍ مِنْهُمَا إِلَّا أَعْطيته» . رَوَاهُ مُسلم

2124. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, इस दौरान के जिब्राइल अलैहिस्सलाम नबी ﷺ के पास बैठें हुए थे की उन्होंने अपने सर के ऊपर से ज़ोर दार आवाज़ सुनी तो उन्होंने अपना सर उठाया और फ़रमाया: "ये आसमान से पहली मर्तबा एक दरवाज़ा खुला और उन से एक फ़रिश्ता नाज़िल हुआ है, जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: यह जो फ़रिश्ता ज़मीन की तरफ नाज़िल हुआ है, उन से पहले कभी नाज़िल नहीं हुआ है, उस ने सलाम अर्ज़ किया, तो कहा आप को दो नूरो की खुशखबरी हो, वह आप ही को अता किए गए है, आप से पहले किसी नबी को नहीं दिए गए सुरह फातिहा और सुरह बकरह की आखिरी तीन आयात आप और आप के मुत्तबीइन इन दोनों में से जो हरफ दुआ पढेंगे वह आप को अता कर दिया जाएगा"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (254 / 806)، (1877)

٢١٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْآيَتَانِ مِنْ آخَرِ سُورَة الْبَقَرَة من قَرَأَ بهما فِي لَيْلَة كفتاه»

2125. अबू मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सुरह बकरह की आखिरी दो आयते ऐसी है की जो शख़्स रात के वक़्त उन्हें पढ़ ले तो वह उस के लिए काफी हो जाती है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4008) و مسلم (255 / 807)، (1878)

٢١٢٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَفِظَ عشر آيَات من أول سُورَة الْكَهْف عصم من فتْنَة الدَّجَّال» . رَوَاهُ مُسلم

2126. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स सुरह काहफ़ की इब्तिदाई दस आयात याद कर ले तो इसे फितने दज्जाल से बचा लिया जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (257 / 809)، (1883)

٢١٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيَعْجَزُ أَحَدُكُمْ أَنْ يَقْرَأَ فِي لَيْلَةٍ ثُلُثَ الْقُرْآنِ؟» قَالُوا: وَكَيْفَ يَقْرَأُ ثُلُثَ الْقُرْآنِ؟ قَالَ: «قُلْ هُوَ الله أحد» يعدل ثلث الْقُرْآن ". رَوَاهُ مُسلم

2127. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम में से कोई रात में तिहाई कुरान पढ़ने से आजिज़ है”, सहाबा ने अर्ज़ किया, तिहाई कुरान कैसे पढ़ा जा सकता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुरह इखलास तिहाई कुरान के बराबर है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (259 / 811)، (1886)

٢١٢٨ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ البُخَارِيّ عَن أبي سعيد

2128. इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने इसे अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (बुखारी)

رواه البخارى (7374)

٢١٢٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ رَجُلًا عَلَى سَرِيَّةٍ وَكَانَ يَقْرَأُ لأَصْحَابه فِي صلَاتهم فيختم ب (قل هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ)»» فَلَمَّا رَجَعُوا ذَكَرُوا ذَلِكَ [ص:٦٥] لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «سَلُوهُ لِأَيِّ شَيْءٍ يَصْنَعُ ذَلِكَ» فَسَأَلُوهُ فَقَالَ لِأَنَّهَا صفة الرَّحْمَن وَأَنا أحب أَن أَقرَأ بِهَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَخْبِرُوهُ أَن الله يُحِبهُ»

2129. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी को किसी लश्कर का अमीर बना कर भेजा, वह अपने साथियो को नमाज़ पढ़ाते तो किराअत के आख़िर में सुरह इखलास पढ़ता, जब वह वापस आए तो उन्होंने नबी ﷺ से उस का तज़किरह किया, तो आप ने फ़रमाया: “उस से पूछो के वह ऐसे क्यों करता था ?” उन्होंने उस से पूछा तो उस ने कहा क्योंकि वह रहमान की सिफत है और मैं उसे पढ़ना पसंद करता हूँ, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे बता दो की अल्लाह इसे पसंद फरमाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7375) و مسلم (263 / 813)، (1890)

٢١٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أُحِبُّ هَذِهِ السُّورَةَ: (قُلْ هُوَ الله أحد)»» قَالَ: إِنَّ حُبَّكَ إِيَّاهَا أَدْخَلَكَ الْجَنَّةَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وروى البُخَارِيّ مَعْنَاهُ

2130. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में सुरह इखलास से मुहब्बत करता हूँ आप ने फ़रमाया: "बेशक तुम्हारी उस से मुहब्बत ही तुम्हें जन्नत में ले जाएगी"| तिरमिज़ी, और इमाम बुखारी ने उस का मफ्हुम बयान किया है| (बुखारी तिरमिज़ी)

رواه البخارى (2774) و الترمذى (2901)

٢١٣١ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَلَمْ تَرَ آيَاتٍ أُنْزِلَتِ اللَّيْلَةَ لَمْ يُرَ مِثْلُهُنَّ قَطُّ (قل أعوذ بِرَبّ الفلق)»» و (قل أعوذ بِرَبّ النَّاس)»» رَوَاهُ مُسلم

2131. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क्या तुम्हें मालुम नहीं के आज रात ऐसी आयात नाज़िल हुई के उन जैसी पहले नहीं देखी गई, सूरत अल फलक और सूरत अल नास"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (264 / 814)، (1891)

٢١٣٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَوَى إِلَى فِرَاشِهِ كُلَّ لَيْلَةٍ جَمَعَ كَفَّيْهِ ثُمَّ نَفَثَ فِيهِمَا فَقَرَأَ فيهمَا (قل هُوَ الله أحد)»» و (قل أعوذ بِرَبّ الفلق)»» و (قل أَعُوذُ بِرَبِّ النَّاسِ)»» ثُمَّ يَمْسَحُ بِهِمَا مَا اسْتَطَاعَ مِنْ جَسَدِهِ يَبْدَأُ بِهِمَا عَلَى رَأْسِهِ وَوَجْهِهِ وَمَا أَقْبَلَ مِنْ جَسَدِهِ يَفْعَلُ ذَلِكَ ثَلَاث مَرَّات ""»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيث ابْنِ مَسْعُودٍ: لَمَّا أُسْرِيَ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَابِ الْمِعْرَاج إِن شَاءَ الله تَعَالَى

2132. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि जब नबी ﷺ अपने बिस्तर पर आराम करते तो आप हर रात अपने दोनों हाथ इकठ्ठे करते, फिर सुरह इखलास, सुरह फलक और सुरह नास पढ़ कर हाथो पर फूंक मारते, फिर जहाँ तक मुमकिन होता उन्हें अपने जिस्म पर फिराते, आप ﷺ अपने सर चेहरे और अपने जिस्म के अगले हिस्से पर हाथ फिराते और आप तीन मर्तबा ऐसा करते| # रसूलुल्लाह ﷺ के मेअराज से मुतल्लिक इब्ने मसउद (र) से मरवी हदीस हम इंशाअल्लाह तआला बाब अल मेअराज में ज़िक्र करेंगे| (मुत्तफ़क़ अलैह:)

متفق عليه ، رواه البخارى (5017) و مسلم (لم اجده) 0 حديث ابن مسعود ياتى (5865)

फ़ज़ाइल ए कुरान का बयान • كتاب فَضَائِل الْقُرْآن

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢١٣٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ تَحْتَ الْعَرْشِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ الْقُرْآنُ يُحَاجُّ الْعِبَادَ لَهُ ظَهْرٌ وَبَطْنٌ وَالْأَمَانَةُ وَالرَّحِمُ تُنَادِي: أَلَا مَنْ وَصَلَنِي وَصَلَهُ اللَّهُ وَمَنْ قَطَعَنِي قَطَعَهُ اللَّهُ ". رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2133. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तीन चीज़े रोज़ ए कियामत अर्श के नीचे होगी कुरान बंदो की तरफ से झगड़ा करेगा उस का ज़ाहिर भी है और बातिन भी और अमानत भी जबकि रहम आवाज़ देगा, सुन लो, जिस ने मुझे मिलाया अल्लाह इसे मिलाए और जिस ने मुझे कतअ किया अल्लाह इसे कतअ करे”, इमाम बगवी रहिमहुल्लाह ने इसे शरह सुन्ना में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 2223 ح 3433) * فيه كثير بن عبدالله اليشكرى لم يوثقه غير ابن حبان (7 / 354) و اورده العقيلى فى الضعفاء و الحسن بن عبد الرحمن بن عوف : لم يوثقه غير ابن حبان ، فهو مجهول الحال

٢١٣٤ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يُقَالُ لِصَاحِبِ الْقُرْآنِ: اقْرَأْ وَارْتَقِ وَرَتِّلْ كَمَا كُنْتَ تُرَتِّلُ فِي الدُّنْيَا فَإِنَّ مَنْزِلَكَ عِنْدَ آخِرِ آيَةٍ تقرؤها ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

2134. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हामिल आमिल कुरान से कहा जाएगा पढ़ता जा और चढ़ता जा और वैसे तरतील से पढ़ो जैसी तो दुनिया में तरतील के साथ पढ़ा करता था और तो जहाँ आखिरी आयत पढ़ेगा वही तेरी मंजिल होगी”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 192 ح 6799) و الترمذى (2914 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (1464) و النسائى (فى الكبرىٰ 5 / 22 ح 8056 ، فضائل القرآن : 81) [و صححه ابن حبان (1790) و الذهبى فى تلخيص المستدرک (1 / 553)]

٢١٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الَّذِي لَيْسَ فِي جَوْفِهِ شَيْءٌ مِنَ الْقُرْآنِ كَالْبَيْتِ الْخَرِبِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيح

2135. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के पेट (दिल) में कुरान का कुछ हिस्सा न हो वह बे आबाद घर की तरह है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2913) و الدارمى (2 / 429 ح 3309) * قابوس : فيه لين

٢١٣٦ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ الرَّبُّ تَبَارَكَ وَتَعَالَى: مَنْ شَغَلَهُ الْقُرْآنُ عَنْ ذِكْرِي وَمَسْأَلَتِي أَعْطَيْتُهُ أَفْضَلَ مَا أُعْطِي السَّائِلِينَ. وَفَضْلُ كَلَامِ اللَّهِ عَلَى سَائِرِ الْكَلَامِ كَفَضْلِ اللَّهِ عَلَى خَلْقِهِ ". رَوَاهُ [ص:٦٥] التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2136. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रब तबारक व तआला फरमाता है, कुरान ने जिस शख़्स को मेरे ज़िक्र और मुझ से सवाल करने से मशगुल रखा हो में उसे उस से बेहतर अता करता हूँ जो सवाल करने वालो को दिया जाता है, और अल्लाह के कलाम को दीगर कलामो पर ऐसे ही बढ़त हासिल है जैसे अल्लाह को अपने मखलूक पर बढ़त हासिल है”| तिरमिज़ी, दारमी बयहकी की शौबुल ईमान और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2926) و الدارمى (2 / 441 ح 3359) و البيهقى فى شعب الايمان (2 / 353 ح 2015) * محمد بن الحسن بن ابى يزيد : ضعيف و للحديث شواهد

٢١٣٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَرَأَ حَرْفًا مِنْ كِتَابِ اللَّهِ فَلَهُ بِهِ حَسَنَةٌ وَالْحَسَنَةُ بِعَشْرِ أَمْثَالِهَا لَا أَقُولُ: آلم حَرْفٌ. أَلِفٌ حَرْفٌ وَلَامٌ حَرْفٌ وَمِيمٌ حَرْفٌ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب إِسْنَادًا

2137. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कुरआन ए करीम का एक हरफ पढ़ता है तो इसे उस के बदले में एक नेकी मिलती है और नेकी दस गुना बढ़ जाती है, मैं नहीं होता के (الم) एक हरफ है. बल्कि अलिफ़ एक हरफ है. लाम एक हरफ है. میم(मीम) एक हरफ है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है, सनद के लिहाज़ से ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2910) و الدارمى (2 / 429 ح 3311 موقوف على ابن مسعود رضى الله عنه

٢١٣٨ - (ضَعِيف جدا) وَعَنِ الْحَارِثِ الْأَعْوَرِ قَالَ: مَرَرْتُ فِي الْمَسْجِدِ فَإِذَا النَّاسُ يَخُوضُونَ فِي الْأَحَادِيثِ فَدَخَلْتُ عَلَى عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ فَأَخْبَرْتُهُ قَالَ: أَوَقَدْ فَعَلُوهَا؟ قلت نعم قَالَ: أما إِنِّي قَدْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «أَلا إِنَّهَا سَتَكُون فتْنَة» . فَقلت مَا الْمَخْرَجُ مِنْهَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «كتاب الله فِيهِ نبأ مَا كَانَ قبلكُمْ وَخبر مَا بعدكم وَحكم مَا بَيْنكُم وَهُوَ الْفَصْلُ لَيْسَ بِالْهَزْلِ مَنْ تَرَكَهُ مِنْ جَبَّارٍ قَصَمَهُ اللَّهُ وَمَنِ ابْتَغَى الْهُدَى فِي غَيْرِهِ أَضَلَّهُ اللَّهُ وَهُوَ حَبْلُ اللَّهِ الْمَتِينُ وَهُوَ الذِّكْرُ الْحَكِيمُ وَهُوَ الصِّرَاطُ الْمُسْتَقِيمُ هُوَ الَّذِي لَا تَزِيغُ بِهِ الْأَهْوَاءُ وَلَا تَلْتَبِسُ بِهِ الْأَلْسِنَةُ وَلَا يَشْبَعُ مِنْهُ الْعُلَمَاءُ وَلَا يَخْلِقُ على كَثْرَةِ الرَّدِّ وَلَا يَنْقَضِي عَجَائِبُهُ هُوَ الَّذِي لَمْ تَنْتَهِ الْجِنُّ إِذْ سَمِعَتْهُ حَتَّى قَالُوا (إِنَّا سَمِعْنَا قُرْآنًا عَجَبًا يَهْدِي إِلَى الرُّشْدِ فَآمَنا بِهِ)»» مَنْ قَالَ بِهِ صَدَقَ وَمَنْ عَمِلَ بِهِ أُجِرَ وَمَنْ حَكَمَ بِهِ عَدَلَ وَمَنْ دَعَا إِلَيْهِ هُدِيَ إِلَى صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ» . رَوَاهُ [ص:٦٦] التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ إِسْنَادُهُ مَجْهُولٌ وَفِي الْحَارِث مقَال

2138. हारिस अअवर रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं मस्जिद से गुज़रा तो लोग बातो में मशगुल थे, मैं अली रदियल्लाहु अन्हु के पास गया और उन्हें बताया तो उन्होंने ने फ़रमाया: क्या उन्होंने ऐसे किया है? मैंने कहा जी हां! उन्होंने ने फ़रमाया: सुन लो! बेशक मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “सुन लो! अनकरीब फितने

पैदा होंगे", मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उन से बचने का क्या तरकीब है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह की किताब उस में पिछले कोमो के अहवाल और मुस्तकबिल के अखबार और तुम्हारे मसाइल का हल है, वह फैसलाकुन है, बे फ़ायदा नहीं, जिस ने अज़राह तकब्बुरसे तर्क कर दिया, अल्लाह ने इसे हलाक कर डाला, जिस ने उस के अलावा किसी और चीज़ से हिदायत तलाश करने की कोशिश की तो अल्लाह ने इसे गुमराह कर दिया, वह अल्लाह की मज़बूत रस्सी यानी वसीला है, वह ज़िक्र हकिम और सिरातुल मुस्तकीम है, उसकी वजह से न ख्वाइश टेढ़ी होती है न ज़बाने इख्तिलात वल तिबास का शिकार होती है और न उलेमा उन से सैर होते हैं, कसरते तकरीर से न वह पुरानी होती है और ना ही उस के अजाइब ख़तम होते हैं, वह ऐसी किताब है के जिसे सुन कर जिन्न बेसाख्ता पुकार उठे के " हम ने अजीब कुरान सुना है जो रश्द भलाई की तरफ रहनुमाई करती हैं लिहाज़ा हम उस पर ईमान ले आए", जिस ने उस के हवाले से कहा उस ने सच कहा जिस ने उस के मुताबिक अमल किया यह अज़र पा गया, जिस ने उस के मुताबिक फैसला किया उस ने अदल किया, और जिस ने उसकी तरफ बुलाया वह सिरातुल मुस्तकीम की तरफ हिदायत पा गया ", तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: इस हदीस की सनद मजहूल है और हारिस पर कलाम किया गया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2906) و الدارمى (2 / 435 ح 3334 ، 3335) * الحارث الاعور : ضعيف جدًا

٢١٣٩ - (ضَعِيف) وَعَن معَاذ الْجُهَنِيّ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قَرَأَ الْقُرْآنَ وَعَمِلَ بِمَا فِيهِ أُلْبِسَ وَالِدَاهُ تَاجًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ ضَوْءُهُ أَحْسَنُ مِنْ ضَوْءِ الشَّمْسِ فِي بُيُوتِ الدُّنْيَا لَوْ كَانَتْ فِيكُمْ فَمَا ظَنُّكُمْ بِالَّذِي عَمِلَ بِهَذَا؟» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

2139. मुआज़ जुहनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने कुरान पढ़ा और उस के मुताबिक अमल किया तो रोज़ ए कियामत उस के वालिदेन को एक ताज पहनाया जाएगा, जिस की रोशनी तुम्हारे दुनिया के घरो में चमकने वाले सूरज की रोशनी से ज़्यादा अच्छी होगी, तुम्हारा इस शख़्स के बारे में क्या ख़याल है जिस ने उस के मुताबिक अमल किया तो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 440 ح 15730) و ابوداؤد (1453) * زبان ضعيف و صححه الحاكم (1 / 567568) فتعقبه الذهبى بقوله :''زبان ليس بالقوى '' و روى الحاكم (1 / 567 ح 2086) عن بريدة قال قال رسول الله صلى الله عليه و آله وسلم من قرا القرآن و تعلمه و عمل به البس يوم القيامة تاجًا من نور ضوؤه مثل ضوء الشمس و بكسى و الدايه حلتلان لا يقوم بهما الدنيا فيقولان : بما كسينا فيقال باخذ ولد كما القرآن '' و صححه الحاكم على شرط مسلم و وافقه الذهبى و سنده حسن و رواه احمد (5 / 348 ح 22950) و البغوى فى شرح السنة (4 / 454 ح 1190) مطولاً و قال البغوى : حسن غريب

٢١٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَوْ جُعِلَ الْقُرْآنُ فِي إِهَابٍ ثُمَّ أُلْقِيَ فِي النَّار مَا احْتَرَقَ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2140. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अगर कुरान को चमड़े में रख कर आग में डाल दिया जाए तो वह जलेगा नहीं"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمى (2 / 430 ح 3313) * ابن لهيعة صرح بالسماع و حدث به قبل اختلاطه و الحمدلله

٢١٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيِّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَرَأَ الْقُرْآنَ فَاسْتَظْهَرَهُ فَأَحَلَّ حَلَالَهُ وَحَرَّمَ حَرَامَهُ أَدْخَلَهُ اللَّهُ بِهِ الْجَنَّةَ وَشَفَّعَهُ فِي عَشَرَةٍ مِنْ أَهْلِ بَيْتِهِ كُلِّهِمْ قَدْ وَجَبَتْ لَهُ النَّارُ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب وَحَفْص بن سُلَيْمَان الرَّاوِي لَيْسَ هُوَ بِالْقَوِيِّ يَضْعُفُ فِي الْحَدِيثِ

2141. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने कुरान पढ़ा इसे याद किया और उस के हलाल को हलाल और उस के हराम को हराम जाना तो अल्लाह इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा और उस के अहले खाना के उन दस लोगों के बारे में उसकी सिफारिश कबूल फरमाएगा जिन पर जहन्नम वाजिब हो चुकी थी”, अहमद तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और हफ्स बिन सुलेमान रावी क़वी नहीं| वह हदीस में जईफ समझा जाता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه [عبدالله بن] احمد (1 / 148149 ح 1278) و الترمذى (2905) و ابن ماجه (216) و الدارمى (لم اجده) * حفص بن سليمان : متروک الحديث مع امامته فى القراءة (ضعفه الجمهور) و كثير بن زاذان : مجهول

٢١٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ لِأُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ: «كَيْفَ تَقْرَأُ فِي الصَّلَاةِ؟» فَقَرَأَ أُمَّ الْقُرْآنِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ مَا أنزلت فِي التَّوْرَاة وَلَا فِي الْإِنْجِيل وَلَا فِي الزبُور وَلَا فِي الْفرْقَان مِثْلهَا وَإِنَّهَا سَبْعٌ مِنَ الْمَثَانِي وَالْقُرْآنُ الْعَظِيمُ الَّذِي أُعْطِيتُهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَرَوَى الدَّارِمِيُّ مِنْ قَوْلِهِ: «مَا أُنْزِلَتْ» وَلَمْ يَذْكُرْ أُبَيُّ بْنُ كَعْبٍ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2142. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “तुम नमाज़ में कैसे किराअत करते हो?” उन्होंने सुरह फातिहा पढ़ी तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! इस जैसी सूरत ना तौरात व इन्जील में उतरी है न ज़बूर व कुरान (यानी बाकी कुरान) में वह सबअ मसानी और कुरान अज़ीम है जो मुझे दिया गया है”, तिरमिज़ी और इमाम दारमी ने (ماانزلت) के अल्फाज़ से हदीस बयान की है और उन्होंने उबई बिन काब का ज़िक्र नहीं किया और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (2875) و الدارمى (2 / 446 ح 3376) [و صححه ابن خزيمة : 500501 ، 861) و ابن حبان (1714) و الحاكم على شرط مسلم (2 / 258 ، 1 / 557) و وافقه الذهبيوله لون آخر عند ابن حبان (1714) و الحاكم (1 / 557)]

٢١٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَعَلَّمُوا الْقُرْآنَ فَاقْرَءُوهُ فَإِن مثل الْقُرْآن لمن تعلم وَقَامَ بِهِ كمثل جراب محشو مسكا يفوح رِيحُهُ كُلَّ مَكَانٍ وَمَثَلُ مَنْ تَعَلَّمَهُ فَرَقَدَ وَهُوَ فِي جَوْفِهِ كَمَثَلِ جِرَابٍ أُوكِئَ عَلَى مسك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

2143. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुरान सीखो और इसे पढ़ो क्योंकि कुरान सिखने वाला इसे पढ़ने और उस का इह्तेमाम करने वाला कस्तूरी से भरी हुई थेली की तरह है, जिस की खुशबू हर जगह फ़ैल जाती है और जिस ने इसे सिखा लेकिन सोया रहा, हालाँकि वह हाफिज़ है तो वह

कस्तूरी की बंद थेली की तरह है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2876) و النسائى (فى الكبرىٰ 5 / 228 ح 8749) و ابن ماجه (217) [و صححه ابن خزيمة (1509 ، 2540) و ابن حبان (1789) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 443) و وافقه الذهبى]

٢١٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَنْ قَرَأَ (حم)»» الْمُؤْمِنَ إِلَى (إِلَيْهِ الْمَصِيرُ)»» وَآيَةَ الْكُرْسِيِّ حِينَ يُصْبِحُ حُفِظَ بِهِمَا حَتَّى يُمْسِيَ. وَمَنْ قَرَأَ بِهِمَا حِينَ يُمْسِي حُفِظَ بهما حَتَّى يصبح ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدرامي وَقَالَ التِّرْمِذِيّ هَذَا حَدِيث غَرِيب

2144. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स सुरह मोमिन की पहली आयात (اليه المصير) तक और आयतुल कुर्सी सुबह के वक़्त पढ़ता है तो वह उन के सबब शाम तक महफ़ूज़ रहेगा और जो शख़्स शाम के वक़्त उन्हें पढ़ेगा तो वह उनकी वजह से सुबह होने तक महफ़ूज़ रहेगा"| तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2879) و الدارمى (2 / 449 ح 3389) * عبد الرحمن المليكى : ضعيف

٢١٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ كتب كتابا قبل أَن يخلق السَّمَوَات وَالْأَرْضَ بِأَلْفَيْ عَامٍ أَنْزَلَ مِنْهُ آيَتَيْنِ خَتَمَ بِهِمَا سُورَةَ الْبَقَرَةِ وَلَا تُقْرَآنِ فِي دَارٍ ثَلَاثَ لَيَالٍ فَيَقْرَبَهَا الشَّيْطَانُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2145. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह ने ज़मीन व आसमान की तखलीक से दो हज़ार साल पहले एक किताब लिखी उस से दो आयते उतार कर सुरह बकरह को मुकम्मल किया गया और जिस घर में उन्हें तीन रात पढ़ा जाए तो शैतान इस घर के करीब नहीं आता"| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2882) و الدارمى (2 / 449 ح 3390) [و صححه ابن حبان (1726) و الحاكم (1 / 562 ، 2 / 260) و وافقه الذهبى]

٢١٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي الدَّرْدَاء قَالَ ك قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَرَأَ ثَلَاثَ آيَاتٍ مِنْ أَوَّلِ الْكَهْفِ عُصِمَ مِنْ فِتْنَةِ الدَّجَّالِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2146. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स सुरह काहफ़ की पहली तीन आयते पढ़ता है वह फितने दज्जाल से महफ़ूज़ रहेगा"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (2886) * هذا شاذ ، اختلف الرواة فى قولهم : فى اول سورة الكهف اوفى آخر السورة ، وهو الراجح

٢١٤٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لِكُلِّ شَيْءٍ قَلْبًا وَقَلْبُ الْقُرْآنِ (يس)»» وَمَنْ قَرَأَ (يس)»» كَتَبَ اللَّهُ لَهُ بِقِرَاءَتِهَا قِرَاءَةَ الْقُرْآنِ عَشْرَ مَرَّاتٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2147. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर चिज़ का दिल होता है और कुरान का दिल सुरह यासीन है, जो शख़्स एक मर्तबा सुरह यासीन पढ़ता है तो उसकी किराअत की वजह से अल्लाह तआला उस के लिए दस मर्तबा कुरान पढ़ने का सवाब लिख देता है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2887) و الدارمى (2 / 456 ح 3419) * هارون ابو محمد : مجهول

٢١٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى قَرَأَ (طه)»» و (يس)»» قبل أَن يخلق السَّمَوَات وَالْأَرْض بِأَلْفِ عَامٍ فَلَمَّا سَمِعَتِ الْمَلَائِكَةُ الْقُرْآنَ قَالَتْ طُوبَى لِأُمَّةٍ يَنْزِلُ هَذَا عَلَيْهَا وَطُوبَى لِأَجْوَافٍ تَحْمِلُ هَذَا وَطُوبَى لِأَلْسِنَةٍ تَتَكَلَّمُ بِهَذَا» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2148. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला ने ज़मीन व आसमान की तखलीक से हज़ार बरस पहले सुरह ताहा (طه) और सुरह यासीन की तिलावत फरमाई जब फरिश्तो ने कुरान सुना तो उन्होंने कहा: इस उम्मत के लिए खुशखबरी हो जिस पर यह उतारा जाएगा, उन मुबारक दिलों के लिए खुशखबरी हो जो इसे याद करेंगे और इसे पढ़ने वाली ज़ुबान के लिए खुशखबरी हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا موضوع ، رواه الدارمى (2 / 456 ح 3417) [و ابن حبان فى المجروحين (1 / 108) و ابن الجوزى فى الموضوعات (1 / 110) * ابراهيم بن مهاجر بن مسمار : ضعيف و عمر بن حفص بن ذكوان متروک

٢١٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَرَأَ (حم)»» الدُّخَانِ فِي لَيْلَةٍ أَصْبَحَ يَسْتَغْفِرُ لَهُ سَبْعُونَ أَلْفَ مَلَكٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب وَعمر بن أبي خَثْعَمٍ الرَّاوِي يُضَعَّفُ وَقَالَ مُحَمَّدٌ يَعْنِي الْبُخَارِيَّ هُوَ مُنكر الحَدِيث

2149. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स रात के वक़्त सूरत हा मीम अल दुखान की तिलावत करता है तो सत्तर हज़ार फ़रिश्ते उस के लिए मगफिरत तलब करते हैं”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, उमर बिन अबी खसअम रावी को जईफ करार दिया गया है और मुहम्मद यानी इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: वह मुनकर उल हदीस है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه الترمذى (2888) * عمر بن ابى خثعم : منكر الحديث كما نقل الترمذى عن البخارى رحمهما الله

٢١٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَرَأَ (حم)»»

الدُّخَانِ فِي لَيْلَةِ الْجُمُعَةِ غُفِرَ لَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَهِشَام أَبُو الْمِقْدَام الرَّاوِي يضعف

2150. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स शबे जुमा को सुरह दुखान की तिलावत करता है तो उसे बख्श दिया जाता है"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, निज़ हिश्शाम अबिल मिक्दाम रावी को जईफ करार दिया गया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2889) * هشام بن زياد ابو المقدام : متروک

٢١٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْعِرْبَاضِ بْنِ سَارِيَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقْرَأُ الْمُسَبِّحَاتِ قَبْلَ أَنْ يَرْقُدَ يَقُولُ: «إِنَّ فِيهِنَّ آيَةٌ خَيْرٌ مِنْ أَلْفِ آيَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2151. इरबाज़ बिन सारीया रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ सोने से पहले मुसब्बिहात (सुरह अल इसराअ, अल हदीद, अल हशर, अल सफ्फा, अल जुमा, अल तगाबीन और अल आला) की तिलावत किया करते थे, आप ﷺ फ़रमाया करते थे: "उन में एक आयत है जो के हज़ार आयात से बेहतर है"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (2921 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (5057) [و احمد (4 / 128) و البيهقى فى شعب الايمان (2503)]

٢١٥٢ - وَرَوَاهُ الدَّارِمِيُّ عَنْ خَالِدِ بْنِ مَعْدَانَ مُرْسَلًا»» وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2152. इमाम दारमी रहिमहुल्लाह ने खालिद बिन मअदान से इसे मुरसल रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الدارمى (2 / 458 ح 3427) [و النسائى فى الكبرىٰ (10551)] * السند مرسل وله شواهد منها الحديث السابق (2151)

٢١٥٣ - (حَسَنٍ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ سُورَةً فِي الْقُرْآنِ ثَلَاثُونَ آيَةً شَفَعَتْ لِرَجُلٍ حَتَّى غُفِرَ لَهُ وَهِيَ: (تَبَارَكَ الَّذِي [ص:٦٦ بِيَدِهِ الْمُلْكُ)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

2153. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कुरान में तीस आयात की एक सूरत है उस ने एक आदमी के बारे में सिफारिश की हत्ता कि इसे बख्श दिया गया और वह सूरत अल मुल्क है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 299 ح 7962) و الترمذى (2891 وقال : حسن) و ابوداؤد (1400) و النسائى (فى الكبرىٰ 11612) و ابن ماجه (3786) [و صححه ابن حبان (1766) و الحاكم (2 / 497498) و وافقه الذهبى]

٢١٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: ضَرَبَ بَعْضِ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خِبَاءَهُ عَلَى قَبْرٍ وَهُوَ لَا يَحْسَبُ أَنَّهُ قَبْرٌ فَإِذَا فِيهِ إِنْسَان يَقْرَأُ سُورَةَ (تَبَارَكَ الَّذِي بِيَدِهِ الْمُلْكُ)»» حَتَّى خَتَمَهَا فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هِيَ الْمَانِعَةُ هِيَ الْمُنْجِيَةُ تُنْجِيهِ مِنْ عَذَابِ الْقَبْر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

2154. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ के एक सहाबी ने किसी कब्र की जगह पर अपना खैमा नसब किया, जबकि उन्हें पता नहीं था वह कब्र है, उस में एक इंसान सूरत अल मुल्क पढ़ रहा था, हत्ता कि उस ने इसे मुकम्मल किया, पस वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप को उस के मुतल्लिक बताया, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये मानेह ” और “ मुन्जी” है उसे अल्लाह के अज़ाब से बचाएगी”, तिरमिज़ी और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2890) * قال البيهقى :’’ تفرد به يحيى بن عمرو بن مالک وهو ضعيف ‘‘ (اثبات عذاب القبر : 146 بتحقيقى)

٢١٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ لَا يَنَامُ حَتَّى يَقْرَأَ: (آلم تَنْزِيل)»» و (تَبَارَكَ الَّذِي بِيَدِهِ الْمُلْكُ)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ»» وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيحٌ. وَكَذَا فِي شرح السّنة. وَفِي المصابيح

2155. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ सूरत-उल सज़दा और सूरत अल मुल्क पढ़े बगैर नहीं होते थे अहमद तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है, शरह सुन्ना मैं भी इसी तरह है, जबकि मसाबिह में है के यह ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 340 ح 14714) و الترمذى (2892) و الدارمى (2 / 455 ح 3414) و البغوى فى شرح السنة (4 / 472 ح 1207) و ذكره فى مصابيح السنة (2 / 123 ح 1554) * ابو الزبير مدلس و عنعن

٢١٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس وَأنس بن مَالك رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (إِذا زلزلت)»» تعدل نصف الْقُرْآن (قل هُوَ الله أحد)»» تعدل ثلث الْقُرْآن و (قل يَا أَيُّهَا الْكَافِرُونَ)»» تَعْدِلُ رُبْعَ الْقُرْآنِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2156. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा और अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सूरत अल ज़ुलज़ला आधे कुरान के बराबर है, सूरत अल इखलास तिहाई कुरान के बराबर है और सूरत अल काफिरून चोथाई कुरान के बराबर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2894 وقال : غريب) * يمان بن المغيرة : ضعيف ، وقال الذهبى فى تلخيص المستدرک (1 / 566) : ضعفوه

٢١٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَعْقِلِ بْنِ يَسَارٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ قَالَ حِينَ يُصْبِحُ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ:

أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ فَقَرَأَ ثَلَاثَ [ص:٦٦ آيَاتٍ مِنْ آخِرِ سُورَةِ (الْحَشْرِ)»» وَكَّلَ اللَّهُ بِهِ سَبْعِينَ أَلْفَ مَلَكٍ يُصَلُّونَ عَلَيْهِ حَتَّى يُمْسِيَ وَإِنْ مَاتَ فِي ذَلِكَ الْيَوْمِ مَاتَ شَهِيدًا. وَمَنْ قَالَهَا حِينَ يُمْسِي كَانَ بِتِلْكَ الْمَنْزِلَةِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

2157. मुअकिल बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स सुबह के वक़्त तीन मर्तबा (أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ) और सूरतुल खशर की आखिरी तीन आयात पढ़ता है तो अल्लाह उस के ले सत्तर हज़ार फ़रिश्ते मुकर्रर फरमा देता है, जो शाम तक उस के लिए दुआएं रहमत करते रहते है, और अगर वह इसी रोज़ फौत हो जाए तो वह शहादत की मौत मरता है और जो शख़्स शाम के वक़्त उन्हें पढ़ता है तो इसे भी हमें मंज़िलत व फ़ज़ीलत हासिल हो जाती है"| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2922) و الدارمى (2 / 458 ح 3428) * خالد بن طهمان : ضعيف من جهة حفظه و لم يثبت بانه حدث بهذا الحديث قبل اختلاطه

٢١٥٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قَرَأَ كُلَّ يَوْمٍ مِائَتَيْ مَرَّةٍ (قُلْ هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ)»» مُحِيَ عَنْهُ ذُنُوبُ خَمْسِينَ سَنَةً إِلَّا أَنْ يَكُونَ عَلَيْهِ دَيْنٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَتِهِ «خَمْسِينَ مَرَّةٍ» وَلَمْ يَذْكُرْ «إِلَّا أَنْ يَكُونَ عَلَيْهِ دين»

2158. अनस रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स हर रोज़ दो सौ मर्तबा सुरह इखलास पढ़ता है, तो क़र्ज़ के सिवा उस के पचास साल के गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं"| तिरमिज़ी, दारमी और उनकी रिवायत में पचास मर्तबा का ज़िक्र है और उन्होंने (إِلَّا أَنْ يَكُونَ عَلَيْهِ دين) के अल्फाज़ ज़िक्र नहीं है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2898) و الدارمى (2 / 461 ح 3441) * حاتم بن ميمون : ضعيف

٢١٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مِنْ أَرَادَ أَنْ يَنَامَ عَلَى فِرَاشِهِ فَنَامَ عَلَى يَمِينِهِ ثُمَّ قَرَأَ مِائَةَ مَرَّةٍ (قل هُوَ الله أحد)»» إِذا كَانَ يَوْم الْقِيَامَةِ يَقُولُ لَهُ الرَّبُّ: يَا عَبْدِي ادْخُلْ عَلَى يَمِينِكَ الْجَنَّةَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2159. अनस रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं,: "जो शख़्स अपने बिस्तर पर सोने का इरादा करे और अपने दाएँ पहलु पर लेट कर सौ मर्तबा सुरह इखलास पढ़ कर सो जाए, तो रोज़ ए कियामत रब इसे फरमाएगा मेरे बंदे अपने दाएँ जानिब से जन्नत में दाखिल हो जाओ", तिरमिज़ी और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2898 وقال : غريب) * حاتم بن ميمون ضعيف كما تقدم (2158)

٢١٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَمِعَ رَجُلًا يَقْرَأُ (قُلْ هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ)»» فَقَالَ: «وَجَبَتْ» قُلْتُ: وَمَا وَجَبَتْ؟ قَالَ: «الْجنَّة» . رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2160. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी को सुरह इखलास पढ़ते हुए सूना तो फ़रमाया: "वाजिब हो गई", मैंने अर्ज़ किया: क्या वाजिब हो गई? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जन्नत"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (1 / 208 ح 487) و الترمذی (2897 وقال : حسن صحيح غريب) و النسائی (2 / 171 ح 995) [و صححه الحاكم (1 / 566) و وافقه الذهبی]

٢١٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ فَرْوَةَ بْنِ نَوْفَلٍ عَنْ أَبِيهِ: أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ عَلِّمْنِي شَيْئًا أَقُولُهُ إِذَا أَوَيْتُ إِلَى فِرَاشِي. فَقَالَ: «اقْرَأْ (قُلْ يَا أَيُّهَا الْكَافِرُونَ)»» فَإِنَّهَا بَرَاءَةٌ مِنَ الشِّرْكِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

2161. फर्वत बिन नौफल रहिमहुल्लाह अपने वालिद से रिवायत करते हैं की उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे कोई ऐसी चीज़ सिखाईए की जब में बिस्तर पर लेटू तो उसे पढ़ लिया करू, आप ﷺ ने फ़रमाया: "सूरत अल काफिरून पढ़ा करो क्योंकि वह शिर्क से बराअत और तोहिद का एलान है"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3403) و ابوداؤد (5055) و الدارمی (2 / 459 ح 3430)

٢١٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: بَيْنَا أَنَا سير مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَ الْجُحْفَةِ وَالْأَبْوَاءِ إِذْ غَشِيَتْنَا رِيحٌ وَظُلْمَةٌ شَدِيدَةٌ فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعَوِّذُ ب (أعوذ بِرَبّ الفلق)»» و (أعوذ بِرَبِّ النَّاسِ)»» وَيَقُولُ: «يَا عُقْبَةُ تَعَوَّذْ بِهِمَا فَمَا تَعَوَّذَ مُتَعَوِّذٌ بِمِثْلِهِمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2162. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं जुह्फा और अबवाअ के दरमियान रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र कर रहा था के अचानक आंधी और शदीद तारीकी हम पर छा गई तो रसूलुल्लाह ﷺ सूरत अल फलक और सूरत अल नास के ज़रिए पनाह तलब करने लगे और आप ﷺ फरमाने लगे: "उक्बा इन दोनों सूरतो के ज़रिए पनाह तलब करो किसी पनाह तलब करने वाले ने इन दोनों जैसी पनाह नहीं पाई"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1463) * ابن اسحاق مدلس و عنعن و حديث ابی داود (1462) يغنی عنه

٢١٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ خُبَيبٍ قَالَ: خَرَجْنَا فِي لَيْلَةِ مَطَرٍ وَظُلْمَةٍ شَدِيدَةٍ نَطْلُبُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَدْرَكْنَاهُ فَقَالَ: «قُلْ» . قُلْتُ مَا أَقُولُ؟ قَالَ: « (قُلْ هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ)»» وَالْمُعَوِّذَتَيْنِ حِينَ تُصْبِحُ وَحِينَ تُمْسِي ثَلَاثَ مَرَّاتٍ تَكْفِيكَ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

2163. अब्दुल्लाह बिन खुबैब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम बरसात में एक शदीद तारिक रात में रसूलुल्लाह ﷺ की तलाश में निकले तो हमने आप को पा लिया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "कहो", मैंने अर्ज़ किया:

में क्या कहूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम सुबह व शाम तीन मर्तबा सुरह इखलास और सूरत अल फलक और सूरत अल नास पढ़ा करो वह तुम्हें हर चीज़ के लिए काफी हो जाएगी"| (हसन)

اسناده حسن : رواه الترمذى (3575 وقال : حسن صحيح غريب) و ابوداؤد (5082) و النسائى (8 / 251 ح 54325433)

٢١٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَقْرَأُ سُورَةَ (هُودٍ)»» أَوْ سُورَةَ (يُوسُفَ)»» ؟ قَالَ: " لَنْ تَقْرَأَ شَيْئًا أَبْلَغَ عِنْدَ اللَّهِ مِنْ (قُلْ أَعُوذُ بِرَبِّ الْفَلَقِ)»» رَوَاهُ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

2164. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या मैं सुरह हूद पढ़ु या सुरह युसूफ आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम अल्लाह के यहाँ सूरत अल फलक से बुलुगतर कोई चीज़ नहीं पढ़ सकोगे"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 149 ح 17474) و النسائى (2 / 158 ح 954) و الدارمى (2 / 461462 ح 3442) [و صححه ابن حبان (17761777) و الحاكم (2 / 540) و وافقه الذهبى]

फ़ज़ाइल ए कुरान का बयान • كتاب فَضَائِل الْقُرْآن

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢١٦٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْرِبُوا الْقُرْآنَ وَاتَّبِعُوا غَرَائِبَهُ وَغَرَائِبُهُ فَرَائِضُهُ وَحُدُودُهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

2165. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कुरान के मानी बयान करो और उस के "ग़राएब" की इत्तेबा करो उस के "ग़राएब" उस के फ़राइज़ व हुदूद हैं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2293 ، نسخة محققة : 2095) * فيه معارك بن عباد : ضعيف ، عن عبدالله بن سعيد بن ابى سعيد المقبرى : متروک

٢١٦٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «قِرَاءَةُ الْقُرْآنِ فِي الصَّلَاةِ أَفْضَلُ مِنْ قِرَاءَةِ الْقُرْآنِ فِي غَيْرِ الصَّلَاةِ وَقِرَاءَةُ الْقُرْآنِ فِي غَيْرِ الصَّلَاةِ أَفْضَلُ مِنَ التَّسْبِيحِ وَالتَّكْبِيرِ وَالتَّسْبِيحُ أَفْضَلُ مِنَ الصَّدَقَةِ وَالصَّدَقَةُ أَفْضَلُ مِنَ الصَّوْمِ وَالصَّوْمُ جُنَّةٌ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2166. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "दौरान ए नमाज़ किराअत कुरान, नमाज़ के अलावा किराअत कुरान से अफज़ल है, और नमाज़ के अलावा किराअत कुरान, तस्बीह व तकबीर से

अफज़ल है, और तस्बीह (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहना सदका से अफज़ल है, सदका रोज़े से अफज़ल है, जबकि रोज़ा जहन्नम से ढाल है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2243 ، نسخة محققة : 2049) * فيه فضيل بن سليمان النميرى : ضعيف فى غير الصحيحين و ضعفه الجمهور عن رجل من بنى مخزوم : مجهول ، عن ابيه عن جده عن عائشة الخ

٢١٦٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُثْمَانَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَوْسٍ الثَّقَفِيِّ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قِرَاءَةُ الرَّجُلِ الْقُرْآنَ فِي غَيْرِ الْمُصْحَفِ أَلْفُ دَرَجَةٍ وَقِرَاءَتُهُ فِي الْمُصحف تضعف عل ذَلِك إِلَى ألفي دَرَجَة» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

2167. उस्मान बिन अब्दुल्लाह बिन औस सक्फी अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदमी का ज़बानी कुरान पढ़ना हज़ार दरजे रखता है, जबकि उस का कुरआन ए करीम से देख कर पढ़ना ज़बानी पढ़ने से दो हज़ार दरजे रखता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2218 ، نسخة محققة : 2026) [و ابن عدى فى الكامل (7 / 2754] * فيه عثمان بن عبدالله بن اوس : روى عنه جماعة و وثقه ابن حبان و قال الذهبى :'' محله الصدق و لكن فى ادراكه جد نظر '' (!) و ابو سعيد بن عوذ : رجاء بن الحارث المكى المكتب : ضعيف ضعيفه ابن معين و الجمهور

٢١٦٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ هَذِهِ الْقُلُوبَ تَصْدَأُ كَمَا يَصْدَأُ الْحَدِيدُ إِذَا أَصَابَهُ الْمَاءُ» . قِيلَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا جِلَاؤُهَا؟ قَالَ: «كَثْرَةُ ذِكْرِ الْمَوْتِ وَتِلَاوَةِ الْقُرْآنِ» . رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَحَادِيثَ الْأَرْبَعَةَ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2168. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ये दिल जंग आलूद हो जाते हैं, जिस तरह लोहा पानी लगने से जंग आलूद हो जाता है", अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल, उनकी चमक किस तरह आती है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "मौत को कसरत से याद करना और कुरान की तिलावत करना", बयहकी ने चारो अहादीस को शौबुल ईमान में ज़िक्र किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2014) * له سندان ، فى احدهما عبد الرحيم بن هارون : كذاب ، و فى الثانى عبدالله بن عبدالعزيز بن ابى داود : ضعيف جداً

٢١٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبْفَعَ بْنِ عَبْدٍ الْكَلَاعِيِّ قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ سُورَةِ الْقُرْآنِ أَعْظَمُ؟ قَالَ: (قُلْ هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ)»» قَالَ: فَأَيُّ آيَةٍ فِي الْقُرْآنِ أَعْظَمُ؟ قَالَ: آيَةُ الْكُرْسِيِّ (اللَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّومُ)»» قَالَ: فَأَيُّ آيَةٍ يَا نَبِيَّ اللَّهِ تُحِبُّ أَنْ تُصِيبَكَ وَأُمَّتَكَ؟ قَالَ: «خَاتِمَةُ سُورَةِ الْبَقَرَةِ فَإِنَّهَا مِنْ خَزَائِنِ رَحْمَةِ اللَّهِ تَعَالَى مِنْ تَحْتِ عَرْشِهِ أَعْطَاهَا هَذِهِ الْأُمَّةَ لَمْ تترك خيرا من يخر الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ إِلَّا اشْتَمَلَتْ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

2169. अय्फा बिन अब्दुल कला ईय्यी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के

रसूल! कुरान में सबसे अज़ीम सूरत कौन सी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सूरत अल इखलास”, उन्होंने अर्ज़ किया, तो फिर कुरान में सबसे अज़ीम आयत कौन सी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “आयतुल कुर्सी”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! आप कौन सी आयत पसंद फरमाते हैं के वह आप को और आप की उम्मत को मिल जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुरह बकरह का आखिरी हिस्सा क्योंकि वह अल्लाह तआला के अर्श के नीचे उसकी रहमत के खज़ानो में से है जो उस ने इस उम्मत को दी है और वह दुनिया व आखिरत की तमाम भलाइयो पर मुश्तमिल है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 447 ح 3383) * ايفع : تابعى صغير كما فى الاصابة (1 / 135) فالسند منقطع

٢١٧٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ الْمَلِكِ بْنِ عُمَيْرٍ مُرْسَلًا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فِي فَاتِحَةِ الْكِتَابِ شِفَاءٌ مِنْ كُلِّ دَاءٍ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ وَالْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

2170. अब्दुल मलक बिन उमैर मुरसल रिवायत बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सूरह फातिहा में हर बीमारी से शिफा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 445 ح 3373) و البيهقى فى شعب الايمان (2370) * سفيان بن عيينة مدلس و عنعن و الخبر مرسل

٢١٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَنْ قَرَأَ آخِرَ آلِ عِمْرَانَ فِي لَيْلَة كتب لَهُ قيام لَيْلَة. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2171. उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जो शख़्स रात के किसी हिस्सा में सुरह आले इमरान का आखिरी हिस्सा पढ़ता है, उस के लिए रात के कयाम का सवाब लिख दिया जाता है,| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 452 ح 3399) * سفيان بن عيينة مدلس و عنعن و الخبر مرسل

٢١٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَكْحُولٍ قَالَ: مَنْ قَرَأَ سُورَةَ آلِ عِمْرَانَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ صَلَّتْ عَلَيْهِ الْمَلَائِكَةُ إِلَى اللَّيْل. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2172. मकहुल बयान करते हैं, जो शख़्स जुमा के रोज़ सुरह आले इमरान पढ़ता है तो रात तक फ़रिश्ते उस के लिए रहमत की दुआए करते रहते है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الدارمى (2 / 452 ح 3400 ، نسخة محققة : 3440)

٢١٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جُبَير بن نفير رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ خَتَمَ سُورَةَ

الْبَقَرَةِ بِآيَتَيْنِ أُعْطِيتُهُمَا مِنْ كَنْزِهِ الَّذِي تَحْتَ الْعَرْشِ فَتَعَلَّمُوهُنَّ وَعَلِّمُوهُنَّ نِسَاءَكُمْ فَإِنَّهَا صَلَاةٌ وقربان وَدُعَاء» . رَوَاهُ الدِّرَامِي مُرْسلا

2173. जुबेर बिन नुफैर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ने सुरह बकरह का इख्तिताम दो आयातों से फ़रमाया है, वह मुझे अर्श के नीचे इस खज़ाने से अता की गई हैं, पस उन्हें सीखो और उन्हें अपनी औरतों को सिखाओ, क्योंकि वह बाईसे रहमत बाईस तकर्रुब और दुआ है”, इसे दारमी ने मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 450 ح 3393 ، نسخة محققة : 3433) [و ابوداؤد فى المراسيل (91) و الحاكم (1 / 562 ح 2067) من حديث جبير بن نفير رحمه الله به] * السند مرسل وله لون آخر عند الحاكم (1 / 562 ح 2066) و سنده ضعيف من اجل عبدالله بن صالح المصرى

٢١٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن كَعْب رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «اقرؤوا سُورَة هود يَوْم الْجُمُعَة» . رَوَاهُ الدِّرَامِي مُرْسلا

2174. काब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जुमा के रोज़ सुरह हूद पढ़ा करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 454 ح 3407 ، نسخة محققة : 3447) [و ابوداؤد فى المراسيل (59) و البيهقى فى شعب الايمان (2438)] * سنده صحيح الى كعب الاحبار رحمه الله و لكنه ضعيف لا رساله

٢١٧٥ - (حَسَن) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «من قَرَأَ سُورَة الْكَهْف فِي يَوْم الْجُمُعَة أَضَاء لَهُ النُّور مَا بَيْنَ الْجُمْعَتَيْنِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِير

2175. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स जुमा के रोज़ सूरत अल काह्फ़ पढ़ता है तो उस के लिए दो जुमो की दरमियानी मुद्दत के लिए नूर चमकता रहता है”| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (لم اجده ، و فى السنن الكبرى 3 / 249 و سند حسن لذاته) [و صححه الحاكم (2 / 368) فرد عليه الذهبى و اخطا ، و الصواب فى نعيم بن حماد بانه : حسن الحديث و للحديث شاهد موقوف عند الدارمى (3410) و سنده صحيح]

٢٢٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ طَاوُوسٍ مُرْسَلًا قَالَ: سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ النَّاسِ أَحْسَنُ صَوْتًا لِلْقُرْآنِ؟ وَأَحْسَنُ قِرَاءَةً؟ قَالَ: «مَنْ إِذَا سَمِعْتَهُ يقْرَأ أَرَأَيْت أَنَّهُ يَخْشَى اللَّهَ» . قَالَ طَاوُوسٌ: وَكَانَ طَلْقٌ كَذَلِك. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2209. ताउस रहिमहुल्लाह रिवायत करते हैं, नबी ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौन लोग अच्छी आवाज़ और अच्छी किराअत से कुरान पढ़ते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिसे तुम कुरान पढ़ते सुनो और उस पर खशियत ए इलाही ज़ाहिर हो", ताउस बयान करते हैं, तलक रहिमहुल्लाह इसी तरह थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (2 / 471 ح 3492 ، نسخة محققة : 3532) * فيه عبد الكريم بن ابى المخارق : ضعيف و الخبر مرسل و للحديث شواهد ضعيفة

٢٢١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُبَيْدَةَ الْمُلَيْكِيِّ وَكَانَتْ لَهُ صُحْبَةٌ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَهْلَ الْقُرْآنِ لَا تَتَوَسَّدُوا الْقُرْآنَ وَاتْلُوهُ حَقَّ تِلَاوَتِهِ مِنْ آنَاءِ اللَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَأَفْشُوهُ وَتَغَنُّوهُ وَتَدَبَّرُوا مَا فِيهِ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُونَ وَلَا تَعْجَلُوا ثَوَابَهُ فَإِنَّ لَهُ ثَوَابًا» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

2210. उबैदतुल मुलय्की रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अहल ए कुरान, कुरान के मुआमले में सुस्ती तग़ाफ़ुल (गफलत बरतना) न बरतो जैसे उसकी तिलावत का हक़ है, वैसे सुबह व शाम उसकी तिलावत करो इस (की तालीमात) को आम करो उस के अलावा दूसरी चीजों से बेनियाज़ हो जाओ, उस पर तदब्बुर करो ताकि तुम फलाह पा जाओ दुनिया में उस का सवाब हासिल करने की कोशिश न करो क्योंकि आखिरत में उस का सवाब बहोत ज़्यादा हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2007 ، نسخة محققة : 1852 ، 1854) * فيه ابوبكر بن ابى مريم : ضعيف ، و علل أخرى ، ولاصل الحديث شواهد

• بَاب اخْتِلَاف الْقرَاءَات وَجمع الْقُرْآن
कुरान की किराअत और जमा करने में इख्तिलाफ का बयान

• الْفَصْل الأول
पहली फस्ल

٢٢١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ هِشَامَ بْنَ حَكِيمِ بْنِ حِزَامٍ يقْرَأ سُورَة الْفرْقَان على غير مَا أقرؤوها. وَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْرَأَنِيهَا فَكِدْتُ أَنْ أَعْجَلَ عَلَيْهِ ثُمَّ أَمْهَلْتُهُ حَتَّى انْصَرَفَ ثُمَّ لَبَّبْتُهُ بِرِدَائِهِ فَجِئْتُ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. فَقلت يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي سَمِعْتُ هَذَا يَقْرَأُ سُورَةَ الْفُرْقَانِ عَلَى غَيْرِ مَا أَقْرَأْتَنِيهَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَرْسِلْهُ اقْرَأ " فَقَرَأت الْقِرَاءَةَ الَّتِي سَمِعْتُهُ يَقْرَأُ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَكَذَا أُنْزِلَتْ» . ثُمَّ قَالَ لي: «اقْرَأ» . فَقَرَأت. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَكَذَا أنزلت إِن الْقُرْآنَ أُنْزِلَ عَلَى سَبْعَةِ أَحْرُفٍ فَاقْرَءُوا مَا تيَسّر مِنْهُ» . مُتَّفق عَلَيْهِ. وَاللَّفْظ لمُسلم

2211. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने हिश्शाम बिन हकिम बिन हिज़ाम रदियल्लाहु अन्हु को सूरतुल फुरकान इस अंदाज़ से हट कर पढ़ते हुए सुना जिस अंदाज़ से में उसे पढ़ता था, और जिस तरह रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे सिखाया था, करीब था की मैं फ़ौरन उस से तर्ज़ इनकार करता, लेकिन मैंने इसे मुहलत दि हत्ता कि वह (कीराअत से) फारिग़ हो गया, फिर मैंने उसकी गर्दन में उसकी चादर डाली और इसे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में ला कर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने इसे इस अंदाज़ से हट कर सूरतुल फुरकान पढ़ते हुए सुना है जिस अंदाज़ से आप ने इसे मुझे पढ़ाया है? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे छोड़ दो (और इसे फ़रमाया) पढ़ो”, उस ने इसी किराअत से पढ़ा जो मैंने उससे सुनी थी, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसी तरह नाज़िल की गई है”, फिर मुझे फ़रमाया: “पढ़ो”, मैंने पढ़ा तो फ़रमाया: “इसी तरह नाज़िल की गई है, क्योंकि कुरान

सात लहजो में मुझ पर उतारा गया है, उनमें से जिस लहजे में आसानी से पढ़ सको पढ़ो”, बुखारी, मुस्लिम, और अल्फाज़ हदीस मुस्लिम के है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2419) و مسلم (27 / 818)، (1899)

٢٢١٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَجُلًا قَرَأَ وَسَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَأُ خِلَافَهَا فَجِئْتُ بِهِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرْتُهُ فَعَرَفْتُ فِي وَجهه الْكَرَاهِيَة فَقَالَ: «كِلَاكُمَا مُحْسِنٌ فَلَا تَخْتَلِفُوا فَإِنَّ مَنْ كَانَ قبلكُمْ اخْتلفُوا فهلكوا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2212. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने एक आदमी को कुरान पढ़ते हुए सुना, जबकि मैंने नबी ﷺ को उस से मुख्तलिफ पढ़ते हुए सुना था, मैं उसे नबी ﷺ की खिदमत में ले आया और आप को बताया तो मैंने आप के चेहरा मुबारक पर नागवारी के असरात देखे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम दोनों ठीक हो, बाहम इख्तिलाफ न करो क्योंकि जो लोग तुम से पहले थे उन्होंने इख्तिलाफ किया तो वह हलाक हो गए”| (बुखारी)

رواه البخارى (2410)

٢٢١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ قَالَ: كُنْتُ فِي الْمَسْجِدِ فَدَخَلَ رَجُلٌ يُصَلِّي فَقَرَأَ قِرَاءَةً أَنْكَرْتُهَا عَلَيْهِ ثُمَّ دَخَلَ آخَرُ فَقَرَأَ قِرَاءَةً سِوَى قِرَاءَةِ صَاحِبِهِ فَلَمَّا قَضَيْنَا الصَّلَاةَ دَخَلْنَا جَمِيعًا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ إِنَّ هَذَا قَرَأَ قِرَاءَةً أَنْكَرْتُهَا عَلَيْهِ وَدخل آخر فَقَرَأَ سوى قِرَاءَة صَاحبه فَأَمَرَهُمَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَرَآ فَحَسَّنَ شَأْنَهُمَا فَسَقَطَ فِي نَفْسِي مِنَ التَّكْذِيبِ وَلَا إِذْ كُنْتُ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَلَمَّا رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا قَدْ غَشِيَنِي ضَرَبَ فِي صَدْرِي فَفِضْت عَرَقًا وكأنما أنظر إِلَى الله عز وَجل فَرَقًا فَقَالَ لِي: «يَا أُبَيُّ أُرْسِلَ إِلَيَّ أَن اقْرَأ الْقُرْآنَ عَلَى حَرْفٍ فَرَدَدْتُ إِلَيْهِ أَنْ هَوِّنْ عَلَى أُمَّتِي فَرَدَّ إِلَيَّ الثَّانِيَةَ اقْرَأْهُ عَلَى حَرْفَيْنِ فَرَدَّدْتُ إِلَيْهِ أَنْ هَوِّنْ عَلَى أُمَّتِي فَرَدَّ إِلَيَّ الثَّالِثَةَ اقْرَأْهُ عَلَى سَبْعَةِ أَحْرُفٍ وَلَكَ بِكُلِّ رَدَّةٍ رَدَدْتُكَهَا مَسْأَلَةٌ تَسْأَلُنِيهَا فَقُلْتُ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِأُمَّتِي اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِأُمَّتِي وَأَخَّرْتُ الثَّالِثَةَ لِيَوْمٍ يَرْغَبُ إِلَيَّ الْخَلْقُ كُلُّهُمْ حَتَّى إِبْرَاهِيم صلى الله عَلَيْهِ وَسلم» . رَوَاهُ مُسلم

2213. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं मस्जिद मैं था, के एक आदमी आया और नमाज़ पढ़ने लगा, उस ने इस अंदाज़ से किराअत की के मैंने इस किराअत को गैर मारुफ़ और अजनबी सा महसूस किया, फिर दूसरा आदमी आया तो उस ने अपने साथी की किराअत के अलावा, एक दूसरे अंदाज़ में किराअत की जब हमने नमाज़ पढ़ ली, तो हम सब रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो मैंने अर्ज़ किया: इस शख़्स ने किराअत की तो मैंने उस का इनकार किया, फिर दूसरा शख़्स आया तो उस ने अपने साथी की किराअत के अलावा दूसरे अंदाज़ में किराअत की, नबी ﷺ ने इन दोनों को (पढ़ने का) हुक्म फ़रमाया तो इन दोनों ने किराअत की तो आप ने उनकी हालत (कीराअत) को सराहा, तो मेरा दिल में तकज़ीब का ऐसा शुबा पैदा हो गया जो के मेरे दौरे जाहिलियत मैं भी नहीं था, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझ पर तारी कैफियत देखी तो आप ﷺ ने मेरे सिने पर हाथ मारा तो मैं पसीने से शराबोर हो गया और मुझ पर ऐसा खौफ तारी हुआ की गोया में अल्लाह को देख रहा हूँ, आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “उबई मुझे पैग़ाम भेजा गया कि मैं एक लहजे पर कुरान पढ़ू, लेकिन मैंने इस (कासिद) को अल्लाह तआला की तरफ वापस भेजा के मेरी उम्मत पर आसानी की जाए, दूसरी मर्तबा यह पैग़ाम आया

की में उसे दो लहजो में पढ़ु मैंने फिर इसे वापस भेजा के मेरी उम्मत पर आसानी की जाए तीसरी मर्तबा यह पैग़ाम आया की में उसे सात लहजो में पढ़ु और आप के हर बार लौटाने के बदले एक मकबूल दुआ है, लिहाज़ा आप दुआ करे मैंने अर्ज़ किया: ऐ अल्लाह! मेरी उम्मत को बख्श दे, ऐ अल्लाह! मेरी उम्मत को बख्श दे, और मैंने तीसरी मर्तबा को इस रोज़ के लिए मोअख़्ख़र कर लिया जिस रोज़ तमाम लोग हत्ता कि इब्राहीम अलैहिस्सलाम मेरी तरफ रगबत व रुजू करेंगे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (273 / 820)، (1904)

٢٢١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَقْرَأَنِي جِبْرِيل على حرف فَرَاجعه فَلم أزل استزيده ويزيدني حَتَّى انْتهى إِلَى سَبْعَةِ أَحْرُفٍ» . قَالَ ابْنُ شِهَابٍ: بَلَغَنِي أَنَّ تِلْكَ السَّبْعَةَ الْأَحْرُفَ إِنَّمَا هِيَ فِي الْأَمْرِ تَكُونُ وَاحِدًا لَا تَخْتَلِفُ فِي حَلَالٍ وَلَا حرَام

2214. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने मुझे एक लहजे (किरात) पर पढ़ाई, तो मैंने इसे वापस भेजा, मैं उन से मज़ीद लहजो (किरात) की दरख्वास्त करता रहा और वह मुझे मज़ीद लहजे (किरात) अता फरमाते रहे, हत्ता कि सात लहजे मुकम्मल हुए", इब्ने शैबा बयान करते हैं, मुझे यह बात पहुंची के वह सात लहजे (किरात) दिन के मुआमले में एक ही है, वह हलाल व हराम में मुख्तलिफ नहीं| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4991) و مسلم (272 / 819)، (1902)

• بَاب اخْتِلَاف الْقرَاءَات وَجمع الْقُرْآن
कुरान की किराअत और जमा करने में इख्तिलाफ का बयान

• الْفَصْل الثَّانِي
दूसरी फस्ल

٢٢١٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: لَقِيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جِبْرِيلَ فَقَالَ: " يَا جِبْرِيلُ إِنِّي بُعِثْتُ إِلَى أُمَّةٍ أُمِّيِّينَ مِنْهُمُ الْعَجُوزُ وَالشَّيْخُ الْكَبِيرُ وَالْغُلَامُ وَالْجَارِيَةُ وَالرَّجُلُ الَّذِي لَمْ يَقْرَأْ كِتَابًا قَطُّ قَالَ: يَا مُحَمَّد إِن الْقُرْآن أونزل عَلَى سَبْعَةِ أَحْرُفٍ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لِأَحْمَدَ وَأَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «لَيْسَ مِنْهَا إِلَّا شَافٍ كَافٍ» . وَفِي رِوَايَةٍ لِلنَّسَائِيِّ قَالَ: " إِنَّ جِبْرِيلَ وَمِيكَائِيلَ أَتَيَانِي فَقَعَدَ جِبْرِيلُ عَنْ يَمِينِي وَمِيكَائِيلُ عَنْ يَسَارِي فَقَالَ جِبْرِيلُ: اقْرَأِ الْقُرْآنَ عَلَى حَرْفٍ قَالَ مِيكَائِيلُ: اسْتَزِدْهُ حَتَّى بَلَغَ سَبْعَة أحرف فَكل حرف شاف كَاف "

2215. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जिब्राइल अलैहिस्सलाम से मिले फ़रमाया: "जिब्राइल मुझे एक अनपढ़ उम्मत की तरफ मबउस किया गया है, उनमें से कुछ बूढ़ी औरते है, कुछ बूढ़े आदमी है, छोटे बच्चे और बच्चिया है, और ऐसे आदमी भी है, जिन्होंने कभी कोई किताब नहीं पढ़ी", उन्होंने

ने फ़रमाया: "मुहम्मद ﷺ)! कुरान सात लहजो पर उतारा गया है| तिरमिज़ी, अहमद और अबू दावुद की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: "उन में से हर एक लहजा शाफी व काफी है"| और नसई की रिवायत है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिब्राइल व मिकाइल मेरे पास आए तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम मेरे दाएँ जबकि मिकाइल अलैहिस्सलाम मेरे बाएँ तरफ बैठ गए, तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: कुरान को एक लहजे पर पढ़ो, मिकाइल अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: उन से ज़्यादा तलब करे हत्ता कि वह सात लहजो पर पहुंचे और हर लहजा शाफी व काफी है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2944 وقال : حسن صحيح) و احمد (5 / 51 ح 20788 ، 5 / 41 ، 114 ، 122) و ابوداؤد (1477) و النسائى (2 / 154 ح 942) * رواية ابى داود :'' ليس منها الا شاف كاف '' لها شاهد عند احمد (5 / 122 ح 21450) و سنده صحيح

٢٢١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّهُ مَرَّ عَلَى قَاصٍّ يَقْرَأُ ثُمَّ يَسْأَلُ. فَاسْتَرْجَعَ ثُمَّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قَرَأَ الْقُرْآنَ فليسأل الله بِهِ فَإِنَّهُ سَيَجِيءُ أَقوام يقرؤون الْقُرْآنَ يَسْأَلُونَ بِهِ النَّاسَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ

2216. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह एक वाइज़ के पास से गुज़रे जो के कुरान पढ़ता, फिर कुछ तलब करता, उस पर उन्होंने (إِنَّا لِلَّهِ وَإِنَّا إِلَيْهِ رَاجِعُونَ) पढ़ा, फिर कहा मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स कुरान पढ़े तो वह अल्लाह से तलब करे, क्योंकि ऐसे लोग भी आएँगे जो कुरान पढेंगे और उस के अवज़ लोगों से सवाल करेंगे"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 432433 ح 21026) و الترمذى (2917 وقال : حسن) * سليمان الاعمش و الحسن البصرى مدلسان و عنعنا

कुरान की किराअत और जमा करने में इख्तिलाफ का बयान

- بَاب اخْتِلَاف الْقرَاءَات وَجمع الْقُرْآن
- الْفَصْل الثَّالِث

तीसरी फस्ल

٢٢١٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن بُرَيْدَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَرَأَ الْقُرْآنَ يَتَأَكَّلُ بِهِ النَّاسَ جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَوَجْهُهُ عظم لَيْسَ عَلَيْهِ لحم» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

2217. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स कुरान पढ़ता है और उस के ज़रिए लोगों से माल खाता है तो वह रोज़ ए कियामत आएगा तो उस का चेहरा हड्डियों का ढांचा होगा, उस पर गोश्त नहीं होगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2625 ، نسخة محققة : 2384) [و ابن حبان فى المجروحين (1 / 148)] * احمد بن ميثم : يروى المناكير ، و سفيان الثورى مدلس و عنعنان صح السند اليه

٢٢١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَعْرِفُ فَصْلَ السُّورَةِ حَتَّى يَنْزِلَ عَلَيْهِ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2218. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) के नाज़िल होने के बाद सूरत के फर्क का पता चलता था| (के पहली सूरत मुकम्मल हो गई है) (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (788)

٢٢١٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلْقَمَةَ قَالَ: كُنَّا بِحِمْصَ فَقَرَأَ ابْنُ مَسْعُودٍ سُورَةَ يُوسُفَ فَقَالَ رَجُلٌ: مَا هَكَذَا أُنْزِلَتْ. فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ: وَاللَّهِ لَقَرَأْتُهَا عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَحْسَنْتَ» فَبَيْنَا هُوَ يُكَلِّمُهُ إِذْ وَجَدَ مِنْهُ رِيحَ الْخَمْرِ فَقَالَ: أَتَشْرَبُ الْخَمْرَ وَتُكَذِّبُ بِالْكِتَابِ؟ فَضَرَبَهُ الْحَد

2219. अल्कमा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम हम्स (मुल्के शाम) में थे, तो इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने सुरह युसूफ तिलावत फरमाई किसी आदमी ने कहा इस तरह तो नाज़िल नहीं हुई, तो अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! मैंने इसे रसूलुल्लाह ﷺ की मौजूदगी में पढ़ा था, तो आप ﷺ ने फ़रमाया था: “तुमने बहोत खूब पढ़ा”, इस असना में के वह शख़्स उन से बाते कर रहा था तो उन्होंने उन से शराब की बू महसूस की तो उन्होंने ने फ़रमाया: क्या तुम शराब पीते हो और कुरान की तकज़ीब करते हो, पस उन्होंने उस पर हद काइम की| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5001) و مسلم (249 / 801)، (1870)

٢٢٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ قَالَ: أَرْسَلَ إِلَيَّ أَبُو بَكْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ مَقْتَلَ أَهْلِ الْيَمَامَةِ. فَإِذَا عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ عِنْدَهُ. قَالَ أَبُو بَكْرٍ إِنَّ عُمَرَ أَتَانِي فَقَالَ إِنَّ الْقَتْلَ قَدِ اسْتَحَرَّ يَوْمَ الْيَمَامَةِ بِقُرَّاءِ الْقُرْآنِ وَإِنِّي أَخْشَى أَنِ اسْتَحَرَّ الْقَتْلُ بِالْقُرَّاءِ بِالْمَوَاطِنِ فَيَذْهَبَ كَثِيرٌ مِنَ الْقُرْآنِ وَإِنِّي أَرَى أَنْ تَأْمُرَ بِجَمْعِ الْقُرْآنِ [ص:٦٨] قُلْتُ لِعُمَرَ كَيْفَ تَفْعَلُ شَيْئًا لَمْ يَفْعَلْهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَ عُمَرُ هَذَا وَاللَّهِ خَيْرٌ فلم يزل عمر يراجعني فِيهِ حَتَّى شرح الله صَدْرِي لذَلِك وَرَأَيْت الَّذِي رَأَى عُمَرُ قَالَ زَيْدٌ قَالَ أَبُو بَكْرٍ إِنَّكَ رَجُلٌ شَابٌّ عَاقِلٌ لَا نَتَّهِمُكَ وَقَدْ كُنْتَ تَكْتُبُ الْوَحْيَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَتَبَّعِ الْقُرْآنَ فَاجْمَعْهُ فَوَاللَّهِ لَوْ كَلَّفُونِي نَقْلَ جَبَلٍ مِنَ الْجِبَالِ مَا كَانَ أَثْقَلَ عَلَيَّ مِمَّا أَمَرَنِي بِهِ مِنْ جمع الْقُرْآن قَالَ: قلت كَيفَ تَفْعَلُونَ شَيْئا لم يَفْعَله النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. قَالَ هُوَ وَاللَّهِ خير فَلم أزل أراجعه حَتَّى شرح الله صَدْرِي لِلَّذي شرح الله لَهُ صدر أبي بكر وَعمر. فَقُمْت فَتَتَبَّعْتُ الْقُرْآنَ أَجْمَعُهُ مِنَ الْعُسُبِ وَاللِّخَافِ وَصُدُورِ الرِّجَال حَتَّى وجدت من سُورَة التَّوْبَة آيَتَيْنِ مَعَ أَبِي خُزَيْمَةَ الْأَنْصَارِيِّ لَمْ أَجِدْهَا مَعَ أَحَدٍ غَيْرِهِ (لَقَدْ جَاءَكُمْ رَسُولٌ مِنْ أَنْفُسِكُمْ)»» حَتَّى خَاتِمَةِ بَرَاءَةَ. فَكَانَتِ الصُّحُفُ عِنْدَ أَبِي بَكْرٍ حَتَّى تَوَفَّاهُ اللَّهُ ثُمَّ عِنْدَ عُمَرَ حَيَاته ثمَّ عِنْد حَفْصَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2220. ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, लड़ाई यमाम के बाद अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने मेरी तरफ पैग़ाम भेजा, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु उन के पास मौजूद थे, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उमर मेरे पास आए तो उन्होंने ने फ़रमाया: लड़ाई यमाम में बहोत से कारी शहीद हो गए और मुझे अंदेशा हुआ की अगर किसी और लड़ाई में कारी शहीद हो गए तो इस तरह कुरान का बहोत सा हिस्सा जाता

रहेगा, और मैं समझता हूँ कि आप जमा कुरान का हुक्म फरमाइए, लेकिन मैंने उमर रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया आप वह काम कैसे करेंगे जो रसूलुल्लाह ﷺ ने नहीं किया? तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! यह (जमा कुरान) बेहतर है, उमर रदियल्लाहु अन्हु मुसलसल मुझे कहते रहे, हत्ता कि अल्लाह ने इस काम के लिए मेरा सीना खोल दिया और अब उस में मेरा वही मोक्किफ है जो उमर रदियल्लाहु अन्हु का है, ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: आप अकलमंद नोजवान है और आप पर किसी किस्म का कोई इलज़ाम नहीं, और आप रसूलुल्लाह ﷺ की वही लिखा करते थे, आप कुरान इकट्ठा करे और इसे एक जगह जमा करे, अल्लाह की क़सम! अगर वह मुझे किसी पहाड़ को मुन्तकिल करने पर मामूर फरमाते तो वह मुझ पर इस जमा कुरान के हुक्म से ज़्यादा आसान था, वह (ज़ैद (र)) बयान करते हैं, मैंने कहा तुम वह काम कैसे करते हो जिसे रसूलुल्लाह ﷺ ने नहीं किया? तो उन्होंने (अबू बक्र (र)) ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! वह बेहतर है, पस अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु मुसलसल मुझे कहते रहे हत्ता कि अल्लाह ने इस काम के लिए मेरा सीना खोल दिया, जिसके लिए उस ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु उमर रदियल्लाहु अन्हु का सीना खोल दिया था, मैंने कुरान तलाश करना शुरू किया और मैंने खजूर की शाखों, पत्थर की सिल्लो और लोगों के सीनों (हाफिज़ो) से कुरान इकट्ठा किया हत्ता कि मैंने सूरतुल तौबा का आखिरी हिस्सा (لَقَدْ جَاءَكُمْ رَسُولٌ مِنْ أَنْفُسِكُمْ) आख़िर तक सिर्फ अबू खुजैमा अंसारी रदियल्लाहु अन्हु के यहाँ पाया, वह सहिफा कुरान करीम का नुस्खा अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु के पास रहा हत्ता कि अल्लाह ने उन्हें फौत कर दिया, फिर उमर रदियल्लाहु अन्हु की जिंदगी में उन के पास रहा और फिर उमर रदियल्लाहु अन्हु की बेटी हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा के पास| (बुखारी)

رواه البخارى (4986)

٢٢٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ حُذَيْفَةَ بْنَ الْيَمَانِ قَدِمَ عَلَى عُثْمَانَ وَكَانَ يُغَازِي أَهْلَ الشَّامِ فِي فَتْحِ أَرْمِينِيَّةَ وَأَذْرَبِيجَانَ مَعَ أَهْلِ الْعِرَاقِ فَأَفْزَعَ حُذَيْفَةَ اخْتِلَافُهُمْ فِي الْقِرَاءَةِ فَقَالَ حُذَيْفَةُ لِعُثْمَانَ يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ أَدْرِكْ هَذِهِ الْأُمَّةَ قَبْلَ أَنْ يَخْتَلِفُوا فِي الْكِتَابِ اخْتِلَافَ الْيَهُودِ وَالنَّصَارَى فَأَرْسَلَ عُثْمَانُ إِلَى [ص:٦٨] حَفْصَةَ أَنْ أَرْسِلِي إِلَيْنَا بِالصُّحُفِ نَنْسَخُهَا فِي الْمَصَاحِفِ ثُمَّ نَرُدُّهَا إِلَيْكِ فَأَرْسَلَتْ بِهَا حَفْصَةُ إِلَى عُثْمَانَ فَأَمَرَ زَيْدَ بْنَ ثَابِتٍ وَعَبْدَ اللَّهِ بْنَ الزبير وَسَعِيد بن الْعَاصِ وَعبد الرَّحْمَن بْنَ الْحَارِثِ بْنِ هِشَامٍ فَنَسَخُوهَا فِي الْمَصَاحِفِ وَقَالَ عُثْمَانُ لِلرَّهْطِ الْقُرَشِيِّينَ الثَّلَاثِ إِذَا اخْتَلَفْتُمْ فِي شَيْءٍ مِنَ الْقُرْآنِ فَاكْتُبُوهُ بِلِسَانِ قُرَيْشٍ فَإِنَّمَا نَزَلَ بِلِسَانِهِمْ فَفَعَلُوا حَتَّى إِذَا نَسَخُوا الصُّحُفَ فِي الْمَصَاحِفِ رَدَّ عُثْمَانُ الصُّحُفَ إِلَى حَفْصَةَ وَأَرْسَلَ إِلَى كُلِّ أُفُقٍ بِمُصْحَفٍ مِمَّا نَسَخُوا وَأَمَرَ بِمَا سِوَاهُ مِنَ الْقُرْآنِ فِي كُلِّ صَحِيفَةٍ أَوْ مُصْحَفٍ أَنْ يُحْرَقَ قَالَ ابْن شهَاب وَأَخْبرنِي خَارِجَة بن زيد بن ثَابت سَمِعَ زَيْدَ بْنَ ثَابِتٍ قَالَ فَقَدْتُ آيَةً مِنَ الْأَحْزَابِ حِينَ نَسَخْنَا الْمُصْحَفَ قَدْ كُنْتُ أَسْمَعُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَأُ بِهَا فَالْتَمَسْنَاهَا فَوَجَدْنَاهَا مَعَ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ الْأَنْصَارِيِّ (مِنَ الْمُؤْمِنِينَ رِجَالٌ صَدَقُوا مَا عَاهَدُوا الله عَلَيْهِ)»» فَأَلْحَقْنَاهَا فِي سُورَتِهَا فِي الْمُصْحَفِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2221. अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हुज़ैफ़ा बिन यमान रदियल्लाहु अन्हु उस्मान रदियल्लाहु अन्हु के पास आए जबकि वह (हज़रत उस्मान (र)) आरमीनिया और अज़रबैजान से लड़ाई और फतह के सिलसिला में अहले शाम और अहल ईराक को तैयार कर रहे थे हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु उन (अहले शाम व ईराक) के इख्तिलाफ किराअत की वजह से परेशान थे हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु ने उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से कहा अमीरुल मोमिनीन उन से पहले के यह उम्मत यहूद व नसारा की तरह कुरआन ए करीम के बारे में

इख्तिलाफ का शिकार हो जाए, आप उस का तदराक फरमा लें, उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा की तरफ पैग़ाम भेजा के वह हमें मुसहफ़ भेजे हम उसकी नकले तैयार कर के वापस दे देंगे, हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा ने वह नुस्खा उस्मान रदियल्लाहु अन्हु के पास भेज दिया तो, उन्होंने ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु अब्दुल्लाह बिन जुबैर रदियल्लाहु अन्हु सईद बिन अल आस रदियल्लाहु अन्हु और अब्दुल्लाह बिन हारिस बिन हिश्शाम रदियल्लाहु अन्हु को मामूर फ़रमाया तो उन्होंने उसकी नकले तैयार की और उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने तीनो कुरैशीयो से फ़रमाया, जब कुरान की किसी चीज़ के बारे में तुम्हारे और ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु के बिच में कोई इख्तिलाफ हो जाए, तो उसे ज़ुबान कुरैश के मुताबिक लिखना, क्योंकि कुरान उनकी ज़ुबान में उतरा है, उन्होंने ऐसे ही किया हत्ता कि जब उन्होंने मुसहफ़ से नकले तैयार कर ली तो उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने वह मुसहफ़ हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा को वापस कर दिया और तमाम इलाको में वह नकले भेज दें और हुक्म जारी कर दिया के उस के अलावा किसी के पास कुरान का जो नुस्खा है, उसे जला दिया जाए| इब्ने शैबा बयान करते हैं, ख़ारिजह बिन ज़ैद बिन साबित ने मुझे बताया की ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु ने बताया की जब हमने मुसहफ़ की नकल तैयार की तो सुरह अहज़ाब की वह आयत जो मैं रसूलुल्लाह ﷺ से सुना करता था न मिली तो हमने इसे तलाश किया तो हमने इसे खुजैमा बिन साबित अंसारी रदियल्लाहु अन्हु के यहाँ पाया वह आयत यह थी (لِمَنَ الْمُؤْمِنِينَ رِجَالٌ صَدَقُوا مَا عَاهَدُوا الله عَلَيْهِ) पस हमने इसे मुसहफ़ में उसकी सूरत (अल अहज़ाब) में मिला दिया | (बुखारी)

رواه البخارى (49874988)

٢٢٢٢ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: قلت لعُثْمَان بن عَفَّان مَا حملكم أَنْ عَمَدْتُمْ إِلَى الْأَنْفَالِ وَهِيَ مِنَ الْمَثَانِي وَإِلَى بَرَاءَةٍ وَهِيَ مِنَ الْمَئِينِ فَقَرَنْتُمْ بَيْنَهُمَا وَلم تكْتبُوا بَينهمَا سَطْرَ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ وَوَضَعْتُمُوهَا فِي السَّبع الطول مَا حملكم على ذَلِك فَقَالَ عُثْمَانُ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِمَّا يَأْتِي عَلَيْهِ الزَّمَان وَهُوَ تنزل عَلَيْهِ السُّور ذَوَات الْعدَد فَكَانَ إِذا نزل عَلَيْهِ الشَّيْء دَعَا بعض من [ص:٦٨ كَانَ يَكْتُبُ فَيَقُولُ: «ضَعُوا هَؤُلَاءِ الْآيَاتِ فِي السُّورَةِ الَّتِي يُذْكَرُ فِيهَا كَذَا وَكَذَا» فَإِذَا نَزَلَتْ عَلَيْهِ الْآيَةُ فَيَقُولُ: «ضَعُوا هَذِهِ الْآيَةَ فِي السُّورَةِ الَّتِي يُذْكَرُ فِيهَا كَذَا وَكَذَا» . وَكَانَتِ الْأَنْفَالُ مِنْ أَوَائِلِ مَا نَزَلَتْ بِالْمَدِينَةِ وَكَانَتْ بَرَاءَة من آخر الْقُرْآن وَكَانَت قصَّتهَا شَبيهَة بِقِصَّتِهَا فَظَنَنْت أَنَّهَا مِنْهَا فَقُبِضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَمْ يبين لنا أَنَّهَا مِنْهَا فَمِنْ أَجْلِ ذَلِكَ قَرَنْتُ بَيْنَهُمَا وَلِمَ أكتب بَينهمَا سَطْرَ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ وَوَضَعْتُهَا فِي السَّبْعِ الطُّوَلِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2222. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से कहा: तुम्हें किसी चीज़ ने अमादा किया है की तुमने सुरह अन्फाल का क़सद किया जबकि वह मसानी (सूरतो में से) है और सुरह बराअत (तौबा) का कसद क्या जबकि वह मीन (दो सौ आयतों वाली सूरतो) में से है और तुमने इन दोनों सूरतो को मिलाया और तुमने उन के दरमियान (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) भी नहीं लिखी और तुमने इसे सात लम्बी सूरतो में रख दीया ऐसा करने पर किस चीज़ ने तुम्हें उभारा उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ की यह सूरते हाल थी के कभी तवील वक़्त गुज़र जाता और आप पर कोई सूरत नाज़िल न होती और मूतअद्दद आयात वाली सूरते नाज़िल होती और जब आप पर कुछ हिस्सा नाज़िल होता तो आप किसी कातिब वही को बुलाते और इसे फरमाते: “उन आयात को फलां सूरत में जहाँ फलां फलां तज़किरह है, शामिल कर दो”, सुरह अन्फाल वह सूरत है जो कयाम मदीना के इब्तिदाई दौर में नाज़िल हुई थी, जबकि सुरह बराअत (तौबा) नुज़ूल

के लिहाज़ से नुज़ूल कुरान के आखिरी दौर में नाज़िल हुई और वैसे मज़मून दोनों एक दूसरे के मुशाबह (अनुरूप) थी, रसूलुल्लाह ﷺ वफात पा गए और आप ने वज़ाहत न फरमाई के वह सुरह तौबा इस सुरह अन्फाल में से है इसीलिए मैंने इन दोनों को मीला लिया और (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) न लिखी और मैंने इसे सात लम्बी सूरतो में शामिल किया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (1 / 57 ح 399) و الترمذی (3086 وقال : حسن) و ابوداؤد (786) * یزید الفارسی و ثقه ابن حبان و الترمذی و غیرهما فهو حسن الحدیث و اخطا من ضعف هذا الحدیث